सूर्योदय : 6:47
सूर्यास्त : 5:15
अधिकतम तापमान : 23.0
न्यूनतम : 6.0


RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-179 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 20 दिसम्बर 2024
17 जमादिउस्सानी 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com

संसद परिसर में 'धक्का-मुक्की' मामले में दिल्ली पुलिस का बड़ा एक्शन

# राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

- प्रताप सारंगी को टांके लगाने पड़े
- बेहोश हो गए थे मुकेश राजपूत



**नई दिल्ली।** संसद भवन परिसर में धक्कामुक्की मामले में राहुल गांधी के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। वहीं कांग्रेस द्वारा की गई शिकायत पर पुलिस अभी विचार कर रही है।

यह मामला भाजपा की सांसद बांसुरी स्वराज, हेमंग जोशी और अनुराग ठाकुर की शिकायत पर संसद मार्ग थाने में दर्ज किया गया है। बता दें कि बाबासाहेब आंबेडकर से जुड़े मुद्दे पर विपक्ष और सत्तापक्ष के सांसदों ने गुरुवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया। इस दौरान उनके बीच धक्का-मुक्की भी हुई। संसद मार्ग पुलिस स्टेशन में बीएनएस की धारा 117 (स्वेच्छा से गंभीर चोट पहुंचाना), 115 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), 125 (दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने का कार्य), 131 (आपराधिक बल का प्रयोग), 351 (आपराधिक धमकी) और 3(5) (सामान्य इरादा) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। राम मनोहर लोहिया अस्पताल की तरफ से दी गई जानकारी में बताया गया कि घायल होकर अस्पताल आए प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत को स्थिर करने की कोशिश कर रहे हैं। साथ ही जरूरत के आधार पर जांच भी की जा रही है। जांच के लिए नर्सिंग होम की टीम बनाई गई है। सिर में चोट लगने के कारण एतिहात के तौर पर आईसीयू में भर्ती कराया गया है। प्रताप सारंगी को बहुत ज्यादा रक्तस्राव हो रहा था और उन्हें गहरा घाव भी हुआ था। इसलिए उन्हें टांके लगाने पड़े। उनका मूल्यांकन किया जा रहा है। मुकेश राजपूत बेहोश हो गए थे।

### बीजेपी की सोच एंटी आंबेडकर : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** संसद परिसर में गुरुवार को सत्ता पक्ष और विपक्ष नेता आंबेडकर मुद्दे पर आमने-सामने आ गए। सांसदों के बीच धक्कामुक्की हुई। राहुल ने बीजेपी के आरोपों को झूठा बताया है। प्रियंका गांधी ने भी राहुल का बचाव किया है। गुरुवार को संसद में हुए धक्कामुक्की कांड पर भाजपा द्वारा लगाए गए आरोपों पर राहुल गांधी ने सफाई दी। राहुल गांधी ने कहा कि मुख्य मुद्दे की शुरुआत तब हुई जब गौतम अदाणी मामले सामने आया था। बीजेपी ने इस मामले को दबाने की कोशिश की। उसके बाद अमित शाह ने आंबेडकर को लेकर बयान दिया। हम शुरुआत से कहते आए हैं कि बीजेपी की सोच एंटी आंबेडकर है। सीधे तौर पर गृह मंत्री ने अपनी सोच जाहिर कर दी। हमारी मांग है कि अमित शाह अपने बयान के लिए माफी मांगे अपने पद से इस्तीफा दें। आज जब हम संसद भवन में जा रहे थे तो बीजेपी के सांसद ने हमें रोकने की कोशिश की और धक्कामुक्की दी। जो असल मुद्दा है कि नरेंद्र मोदी के मित्र गौतम अदाणी के खिलाफ केस दर्ज है और अदाणी को पीएम मोदी देश बेच रहे हैं। पीएम मोदी अमित शाह को बर्खास्त करें। हमारे ऊपर हमला किया गया। हमें मकर द्वार पर रोका गया।

# सुशासन का प्रतीक माने जाते हैं अटल जी : योगी

- मुख्यमंत्री योगी ने सुशासन सप्ताह का किया शुभारंभ



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अटल जी सुशासन का प्रतीक माने जाते हैं। राजनीतिक अस्थिरता को स्थिरता में बदलना, सुशासन के लक्ष्यों को प्राप्त करना, देश के अंदर अंत्योदय की योजना, हर गरीब-वंचित को अधिकार मिले, अंत्योदय कार्ड-राशन उपलब्ध कराने की कार्रवाई हो, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, अनुसूचित जाति-जनजाति या पिछड़े वर्ग को उनका अधिकार दिलाने के साथ ही स्वर्णिम चतुर्भुज, विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर व हाईवे अटल जी की देन है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को संगीत नाटक अकादमी में सुशासन सप्ताह का शुभारंभ किया। सीएम ने अटल जी के व्यक्तित्व, कृतित्व पर लगाई गई प्रदर्शनी का शुभारंभ व अवलोकन किया। अटल जी के जन्मदिवस की 100वीं वर्षगांठ पर 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत मां के महान सपूत, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी का यह जन्म शताब्दी वर्ष है। पीएम मोदी की प्रेरणा से आज से पूरे देश-प्रदेश में सुशासन सप्ताह का शुभारंभ हो रहा है। अटल जी की पैतृक जन्मभूमि उत्तर प्रदेश है। उन्होंने अपनी कर्मभूमि के रूप में भी उत्तर प्रदेश को ही चुना। बलरामपुर व लखनऊ से कई बार उन्होंने संसद में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया।

## न्यूज डायरी

### अब्बास अंसारी की याचिका खारिज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज मुकदमे में अब्बास अंसारी की जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा कि मामले की विवेचना अभी जारी है और साक्ष्य भी एकत्रित किए जा रहे हैं। ऐसे में याची को जमानत देने से अपराध की पुनरावृत्ति, साक्ष्यों और गवाहों के साथ छेड़छाड़ होने की पूरी संभावना है। याची का लंबा आपराधिक इतिहास है। उसके खिलाफ वर्तमान मामले सहित कुल 11 मामले दर्ज हैं। यह मामले धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत अपराध सहित विभिन्न प्रकृति के हैं।



### सुप्रीम कोर्ट में नहीं हुई सुनवाई

**लखनऊ।** 69000 शिक्षक भर्ती में बृहस्पतिवार को भी सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई नहीं हुई। इससे आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को निराशा हाथ लगी है। इस मामले की अब जनवरी के पहले सप्ताह में सुनवाई प्रस्तावित है। आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल ने कहा कि पिछले कई बार से तारीख लग रही है लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। इससे अभ्यर्थियों में काफी निराशा है। उम्मीद है कि जल्द हमें न्याय मिलेगा। विधान परिषद में अशासकीय सहायता प्राप्त (एडेड) माध्यमिक विद्यालयों में शेष बचे 900 तदर्थ शिक्षकों के नियमितीकरण को लेकर बृहस्पतिवार को तीखी तकरार हुई।




### इस्राइल का हवाई हमला, नौ शहीद

**नई दिल्ली।** दुनिया में कई मोर्चे पर युद्ध लड़ रहे इस्राइल के निशाने पर अब यमन है, जिस पर उसकी तरफ से हवाई हमला किया गया है। जानकारी के मुताबिक, इस्राइली सेना ने इन हमलों में सना में बिजली घर और होदेइदाह प्रांत में बंदरगाहों और तेल टर्मिनल समेत बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया है। वहीं इन हमलों में 9 लोगों के मारे जाने की खबर है। इस्राइली जेट विमानों ने यमन में हूती ठिकानों पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए हैं, जिसमें बंदरगाह शहर होदेइदाह में कम से कम नौ लोग मारे गए हैं। दर्जनों लड़ाकू विमानों के साथ-साथ खुफिया विमानों ने भी इस हमले में हिस्सा लिया। पहले से ही ऐसी खबरें थीं कि इस्राइल, पिछले हफ़्ते दो हमलों समेत इस्राइल के खिलाफ हूती हमलों में हाल ही में हुई बढ़ोतरी के बाद यमन पर हमला करने की योजना बना रहा था।

# सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में पेड़ों की गणना का दिया आदेश

**सीईसी की मंजूरी के बिना नहीं काटे जाएंगे पेड़**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि दिल्ली में पेड़ों की गणना की जाएगी और 50 या उससे अधिक पेड़ों को काटने के किसी भी अनुरोध को केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति (सीईसी) मंजूरी देगी। न्यायमूर्ति ए एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने दिल्ली वृक्ष प्राधिकरण से कहा कि वह गणना के लिए वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआई) और विशेषज्ञों की सहायता ले।



पीठ ने कहा, ''पेड़ हमारे पर्यावरण का बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। एहतियाती सिद्धांत के तहत सरकार को पर्यावरण क्षरण के कारणों का पूर्वानुमान लगाना, उन्हें रोकना और उनका उन्मूलन करना चाहिए, जिसमें उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करना भी शामिल है।'' निर्देश में कहा गया कि वृक्ष अधिकारी द्वारा 50 या उससे अधिक पेड़ों को काटने की अनुमति दिए जाने के बाद सीईसी द्वारा अनुमोदन किए बिना उस पर कार्रवाई नहीं की जाएगी। पेड़ों की गणना तीन विशेषज्ञों-सेवानिवृत्त आईएफएस अधिकारी ईश्वर सिंह और सुनील लिमये के अलावा वृक्ष विशेषज्ञ प्रदीप सिंह की सहायता से की जाएगी। पीठ ने सीईसी को निर्देश दिया कि वह पेड़ों की कटाई के दस्तावेजों पर विचार करे और निर्णय ले कि अनुमति दी जाए या कोई संशोधन आवश्यक है। उच्चतम न्यायालय ने 18 दिसंबर को कहा था कि पेड़ों पर कानून उन्हें बचाने के लिए हैं, काटने के लिए नहीं। न्यायालय ने पेड़ों की गणना और उन्हें बचाने के लिए कदम उठाने के संबंध में आदेश पारित करने के संकेत दिए थे।

# पटाखों की बिक्री पर बैन

## दिल्ली की तरह यूपी-हरियाणा भी पटाखों की बिक्री पर लगाएं बैन, सुप्रीम कोर्ट ने दिए निर्देश

- पटाखों पर बैन प्रभावी तभी होगा, जब एनसीआर के अन्य शहरों में भी लागू हो : सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली।** दिल्ली एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एनसीआर में आने वाले यूपी और हरियाणा में भी पटाखों की बिक्री पर बैन लगाने का आदेश दिया है। कोर्ट ने अगले आदेश तक दोनों राज्यों में पटाखों की बिक्री पर रोक लगा दी है। दरअसल गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली के साथ-साथ अन्य शहरों में भी बढ़ते प्रदूषण को लेकर सुनवाई हुई। इस दौरान दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि राजधानी में पूरे साल पटाखों के स्टॉक और बिक्री पर रोक लगा दी गई है। इस पर कोर्ट ने कहा कि इसका असर तभी होगा, जब हृष्ट्रक्रके दूसरे शहरों में भी ऐसी ही रोक हो। इसलिए यूपी और हरियाणा भी ऐसा करें। लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार कोर्ट ने कहा, हमारा मानना है कि यह प्रतिबंध तभी प्रभावी होगा, जब एनसीआर क्षेत्र का हिस्सा बनने वाले अन्य राज्य भी इसी तरह के उपाय लागू करेंगे। यहां तक कि राजस्थान राज्य ने भी राजस्थान के उस हिस्से में इसी तरह का प्रतिबंध लगाया है, जो एनसीआर क्षेत्रों में आता है। फिलहाल हम उत्तर प्रदेश और हरियाणा राज्यों को उसी तरह का प्रतिबंध लगाने का निर्देश देते हैं, जैसा कि दिल्ली राज्य ने 19 दिसंबर 2024 के आदेश के तहत लगाया है।

### राहुल गांधी पर आग बबूला हुए शिवराज सिंह चौहान

# राहुल गांधी ने संसद में गुंडागर्दी की : शिवराज



**नई दिल्ली।** बाबा साहेब आंबेडकर के अपमान से संबंधित मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आद संसद भवन परिसर में धक्का-मुक्की हो गई। इस दौरान भाजपा सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। भाजपा ने इस धक्का-मुक्की के लिए राहुल गांधी को जिम्मेदार ठहराया। इसके साथ ही पार्टी के सांसद बांसुरी स्वराज और अनुराग ठाकुर संसद मार्ग थाने में राहुल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। हालांकि, इसके जवाब में कांग्रेस सांसद संसद मार्ग थाने पहुंचें। उन्होंने भाजपा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। इस बीच केंद्रीय मंत्री शिवराज चौहान ने इस मामले पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कांग्रेस पर सदन के भीतर अस्भयता करने का आरोप लगाया। भाजपा नेता ने बताया कि राहुल गांधी जानबूझकर सांसदों के पास गए। वे गुंडे जैसा व्यवहार कर रहे थे। उन्होंने बताया कि इस मामले में भाजपा उचित कार्रवाई करेगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष बनने के लायक नहीं हैं। कांग्रेस के आरोपों पर केंद्रीय मंत्री शिवराज चौहान ने कहा, मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने अभी प्रेस कॉन्फ्रेंस की। हमें लगा कि वे आज जो कुछ भी किया उसके लिए माफी मांगेंगे। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। मुझे समझ नहीं आया कि उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस क्यों की? उनकी प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनका अहंकार झलक रहा था। मैं उनका व्यवहार देख रहा था।






# कांग्रेसियों से हुई गहन पूछताछ, दफ्तर का कमरा सील, अजय राय से होंगे सवाल

### कांग्रेस कार्यकर्ता की मौत का मामला

- कांग्रेस दफ्तर में लगे सीसीटीवी खंगाले गये



**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदर्शन में आए युवा कार्यकर्ता गोरखपुर के सहजनवां निवासी प्रभात पांडेय की मौत के मामले में पुलिस ने छानबीन तेज कर दी है। बृहस्पतिवार को पुलिस टीम कांग्रेस दफ्तर पहुंची। वहां के केयरटेकर व अन्य कार्यकर्ताओं से पूछताछ की और बयान दर्ज किए।

डीसीपी मध्य रवीना त्यागी के मुताबिक कांग्रेस दफ्तर में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। फुटेज कब्जे में लेकर पड़ताल की जाएगी। पुलिस ने कांग्रेस दफ्तर के उस कमरे को सील कर दिया है, जहां प्रभात बेहोश पड़े थे। डीसीपी ने बताया कि प्रदर्शन बुलाने वाले कांग्रेस नेताओं से भी पूछताछ की जाएगी। प्रभात के फोन को कब्जे में लेकर पुलिस कॉल डिटेल निकलवा रही है। पता लगाया जा रहा है कि आखिरी बार कब व किससे बात हुई थी। उनके चाचा गोमतीनगर के विज्ञान खंड निवासी मनीष ने पांडेय ने भी पुलिस को बताया था कि भतीजा कांग्रेस दफ्तर कैसे पहुंचा, इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। मनीष को कॉल कर घटना बताने वाले शख्स से भी पुलिस पूछताछ करेगी। मनीष ने अज्ञात के खिलाफ हुसैनगंज थाने में हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें लिखा गया है कि दो घंटे से प्रभात कांग्रेस दफ्तर में बेहोश पड़े थे।

### कपड़े सुरक्षित किए, फोरेंसिक टीम करेगी जांच

डीसीपी के मुताबिक प्रभात के कपड़े सुरक्षित कर लिए गए हैं। कपड़ों को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा। प्रभात के शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। ऐसे में हार्ट व विसरा को विधि विज्ञान प्रयोगशाला जांच के लिए भेजा जाएगा। ये है मामल प्रदर्शन में आए प्रभात बुधवार शाम को कांग्रेस दफ्तर में बेहोश मिले थे। सिविल अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था।

अब सवाल ये है कि केयरटेकर या अन्य कार्यकर्ता उन्हें अस्पताल क्यों नहीं ले गए। मनीष ने परिचित संदीप को वहां भेजा तब तक प्रभात के हाथ-पैर ठंडे हो चुके थे।

# महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन उप्र शासन संकल्पित : डॉ. संतराम

अवधनामा संवाददाता



**लखीमपुर खीरी।** शासन के निर्देशानुसार ज्येष्ठ मूल्यांकन अधिकारी, मूल्यांकन प्रभाग, नियोजन विभाग डॉ संतराम अपने निर्धारित तीन दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार जनपद खीरी पहुंचे, जहां उन्होंने मिशन शक्ति अभियान की उपयोगिता, प्रभाव एवं क्रियाशीलता के बारे में विचार विमर्श हेतु जिलाधिकारी से शिष्टाचार भेंट की इसके बाद ज्येष्ठ मूल्यांकन अधिकारी डॉ संतराम ने कलेक्ट्रेट सभागार में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जनपद में वर्ष 2020-21 से वर्तमान समय तक किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक ली। बैठक में मूल्यांकन के उद्देश्यों के बारे में प्रदान करते हुए ज्येष्ठ मूल्यांकन अधिकारी डॉ. संतराम ने बताया कि प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु संचालित यूपी मिशन शक्ति अभियान के मूल्यांकन के लिए प्रदेश में रेंडम पद्धति के आधार पर अभियान की प्रगति का मूल्यांकन किया जा रहा है, जिसके तहत जनपद झांसी में यह मूल्यांकन दिनांक 18 दिसंबर 2024 से 21 दिसंबर 2024 तक किया जाना है मूल्यांकन कार्य हेतु यूपी मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत संपादित कार्यों की प्रकृति उपयोगिता तथा प्रभाव के संबंध में स्थलीय निरीक्षण के साथ-साथ लाभार्थियों से साक्षात्कार एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों से विचार विमर्श कर तथ्य संकलित कर शासन को आख्या उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को मूल्यांकन अधिकारी को निर्देश दिए कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं को शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता के अवसरों के माध्यम से सशक्त बनाते हुए राज्य में महिलाओं की सुरक्षा एवं संरक्षण को सुनिश्चित करना है, महिलाओं के रहने और काम करने के लिए उनके कार्य स्थलों पर उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति अभियान के तहत संबंधित विभागों के अधिकारी विगत 05 वर्षों की प्रगति रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध कराएं। इसके साथ ही विभाग में संचालित योजनाओं का लाभ महिलाओं को प्राथमिकता पर दिलाएं। उत्तर प्रदेश शासन महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु पूर्ण रूप से संकल्पित है। बैठक में उपस्थित अधिकारियों द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए मीटिंग में डीपीओ लवकुश भार्गव, डीपीओ बाल विकास भारत प्रसाद, श्रम अधिकारी, सहायक मूल्याकन अधिकारी पंकज वर्मा, अश्विनी मिश्रा उपस्थित रहे।

## संविधान की प्रतियां जलाने पर भीम आर्मी जयभीम संगठन ने जताया विरोध

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** महाराष्ट्र में संविधान की प्रतियां जलाने के विरोध में आज भीम आर्मी जय भीम संगठन के जिलाध्यक्ष सन्नी गौतम के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने धरना दिया। भीम आर्मी जय भीम संगठन के जिलाध्यक्ष सन्नी गौतम के नेतृत्व में सभी कार्यकर्ता एकत्र होकर हकीकत नगर स्थित धरना स्थल पर पहुंचे और अपनी समस्याओं को लेकर धरना दिया। इसके पश्चात पैदल मार्च निकालते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और संविधान के प्रति दी जा रही गलत भाषण बाजी पर भी रोष व्यक्त किया। जिलाध्यक्ष सन्नी गौतम, जिला प्रवक्ता एडवोकेट सागर गौतम ने कहा कि लगातार संविधान को दरकिनार कर देश मे संविधान के विपरीत कार्य किये जा रहे है। केन्द्र सरकार व राज्य सरकार मुंह में दही जमाये बैठी है।

# पलियाकलां नगर पालिका अध्यक्ष के उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी लक्ष्मी देवी गुप्ता ने जीत दर्ज की

अवधनामा संवाददाता



**लखीमपुर खीरी।** पलियाकलां नगर पालिका अध्यक्ष के उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी लक्ष्मी देवी गुप्ता ने जीत दर्ज की है। उपचुनाव की मतगणना पलिया मंडी समिति में बृहस्पतिवार को सुबह 8:00 बजे से शुरू हुई। दोपहर करीब 1: 00 बजे के बाद नतीजे घोषित किए गए। स्वर्गीय केबी गुप्ता की पत्नी लक्ष्मी देवी गुप्ता ने 126 मतों से जीत हासिल कर नगर पालिका अध्यक्ष पद की कुर्सी पर कब्जा जमाया है। दूसरे नंबर पर सपा प्रत्याशी महमूद हुसैन खान रहे पलिया मंडी में कड़ी सुरक्षा के बीच मतगणना कराई गई। तीन जगह पर चेकिंग के बाद मतदान कर्मियों और अभिकर्ताओं को अंदर घुसने दिया गया। यहां तक कि दो जगह पर मीडिया को भी चेक करने के बाद मतगणना स्थल पर प्रवेश दिया गया। दोपहर 1: 00 बजे के बाद उपचुनाव का परिणाम घोषित कर दिया गया भाजपा प्रत्याशी लक्ष्मी देवी गुप्ता ने 6330 मत पाकर जीत दर्ज की। दूसरे नंबर पर रहे महमूद हुसैन खान को 6204 मतों से संतोष करना पड़ा। तीसरे नंबर पर निर्दलीय प्रत्याशी आलोक मिश्रा रहे जिनको 5594 मत मिले। कांग्रेस के मोइन अहमद जावेदी को 314, निर्दलीय प्रत्याशी अली जान को 224, कुंता अग्रवाल को 89, ज्ञान प्रकाश को 24 मतों से संतोष करना पड़ा। 12 मत नोटा पर पड़े। कुल 19085 मतों में 18791 मत वैध निकले और बाकी अवैध घोषित किए गए। अवैध मतों की संख्या 294 रही।

## वांछित अभियुक्त का भेजा गया चालान

**लखीमपुर-खीरी।** थाना गोला पर पंजीकृत मु0अ0स0 694/2024 धारा 109/115(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त युवराज पुत्र स्व0 मिश्रीलाल नि0 किशुनुआपुर थाना गोला जनपद खीरी का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है।

# संपादकों के संगठन ने विभिन्न मांगों को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा

अवधनामा संवाददाता



**लखीमपुर खीरी।** पिछले सप्ताह संपादको के एसोसिएशन की एक बैठक मिश्राना मे अध्यक्ष डा. राकेश शर्मा की अध्यक्षता मे हुई थी जिसमें सर्व सम्मती से प्रस्ताव पारित किया गया था कि विभिन्न मांगों को लेकर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल को ज्ञापन सोपा जाए तय कार्यक्रम के तहत सभी संपादकों ने अध्यक्ष डॉ राकेश शर्मा के नेतृत्व में गुरुवार को ज्ञापन सोपा ज्ञापन में मांग की गई है कि शासन और प्रशासन के सभी कार्यक्रमों की जानकारी संपादकों को दी जाएं कभी-कभी कुछ विभाग विशेष अखबारों को सूचना देकर कार्यक्रम की इति श्री कर लेते हैं जिस पर रोक लगाई जा सभी को बराबर हक मिलना चाहिए सभी संपादकों को स्थानीय स्तर पर जिलाधिकारी द्वारा एक पहचान पत्र निर्गत किया जा मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा आयुष्मान कार्ड सभी संपादकों को निर्गत कराया जाएं इसके अलावा संपादकों ने यह भी मांग रखी की प्रयागराज कुंभ के लिए लखीमपुर की जनता सुगमता से यात्रा कर सके इसलिए डीएम उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग के साथ-साथ रेलवे मंत्रालय से चिट्ठी लिखकर ट्रेन एवं बस की व्यवस्था कराएं, कम से कम आधा दर्जन रोडवेज की बसें लखीमपुर से प्रयागराज के लिए संचालित कराई जाए।इस मौके पर एसो.के अध्यक्ष डा.राकेश शर्मा,संरक्षक रमेश मिश्र,महामंत्री राजेंद्र सिंह,उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह,कोषाध्यक्ष शबाब खान,संयुक्त मंत्री सुरेश चंद्र शुक्ला , प्रसार मंत्री हरिशंकर मिश्र, उपाध्यक्ष राजेंद्र श्रीवास्तव ,जे पी मिश्र और रमाशंकर मिश्र व सत्यदेव श्रीवास्तव उपस्थित रहे।जिलाधिकारी ने सभी मांगो पर गंभीरता से वार्ता करते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

## ढमोला नदी में गोबर बहाने पर डेयरी पर 57 हजार जुर्माना

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** नगर निगम ने आज नदी-नालों में गोबर बहाने वालों के खिलाफ अभियान चलाया। गिल कॉलोनी में ढमोले के किनारे पशु डेयरी चलाने वाले एक डेयरी संचालक से 57 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। भविष्य में न सुधरने पर पशुओं को जब्त करने तथा जुर्माना व एफआईआर की चेतावनी दी गयी। नगर निगम ने आज नाले-नालियों व नदियों में गंदगी बहाने वाले डेयरी संचालकों के खिलाफ अभियान चलाया। निगम के पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा के नेतृत्व में निगम के अधिकारियों ने आज बेरीबाग, दिल्ली रोड व गिल कॉलोनी की करीब आधा दर्जन डेयरियों का निरीक्षण किया। निगम अधिकारियों ने पाया कि गिल कॉलोनी में ढमोले की जमीन पर अवैध कब्जा कर डेयरी चला रहे एक संचालक द्वारा भैंसों का गोबर सीधे ढमोला नदी में बहाया जा रहा है।

# डीएम व एसएसपी ने नकुड़ के टाबर गांव का किया औचक निरीक्षण

- अवैध खनन में संलिप्त वाहन होंगे सीज, मालिकों के विरुद्ध होगी विधिक कार्यवाही
- अवैध खनन रोकने के लिए की गई सुरक्षा व्यवस्था का लिया जाएजा

अवधनामा संवाददाता



**सहारनपुर।** जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण ने तहसील नकुड़ के टाबर गांव का खनन के दृष्टिगत औचक निरीक्षण किया और निर्देश दिये कि दूसरे प्रदेश के खननकर्ता इस मार्ग का प्रयोग न करें। इस संबंध में सभी व्यवस्थाएं ठीक कर ली जाएं। डीएम व एसएसपी ने निरीक्षण के दौरान हरियाणा व जनपद के टाबर गांव के मध्य रास्ते से अवैध खनन रोकने के लिए सुरक्षात्मक उपायों को देखा। उन्होने एसएसपी के साथ इस संबंध में विचार-विमर्श किया। मनीष बंसल ने निर्देश देते हुए कहा कि दूसरे प्रदेश के खननकर्ता इस मार्ग का प्रयोग न करें। इस संबंध में सभी व्यवस्थाएं ठीक कर ली जाएं। इसके तहत उन्होने मार्ग में की गई सुरक्षा व्यवस्था गड्ढे एवं लोहे के खम्भों को भी देखा। उन्होने सख्त लहजे में कहा कि इस मार्ग का उपयोग अवैध खनन के लिए करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इसमें संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होने संबंधित अधिकारियों को निरंतर निगरानी रखने के लिए कहा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अवैध खनन में संलिप्त वाहन सीज करते हुए वाहन मालिकों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जाए। जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि पभारी से युमना की पटरी को होते हुए तथा पभारी से मंधौर की तरफ से यूपी की सीमा में आने वाले दोनो रास्तों को गहरे गड्ढे खुदवाकर पहले ही बन्द करवा दिया गया।

## स्कूली बच्चों को तुलसी पूजन की बतायी महत्वता

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** श्री योग वेदांत सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित तुलसी पूजन कार्यक्रम में स्कूली बच्चो को तुलसी पूजन की महत्वता बताते हुए अपने-अपने घरो में तुलसी का एक पौधा रोपित करने की बात कही गयी। लेबर कॉलोनी स्थित बीडीएम पब्लिक स्कूल में समिति द्वारा आयोजित तुलसी पूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.अशोक मलिक ने कहा कि तुलसी पूजन भारतीय संस्कृति सभ्यता का सुरक्षा कवच है, हमें अपने देश में भारतीय संस्कृति सभ्यता को बचाना है। उन्होंने कहा कि तुलसी आम पौधा नहीं है। यह भगवान स्वरूप है। भगवान विष्णु जी भी तुलसी की पूजा करते थे। तुलसी के पत्ते इस्तेमाल करने से शरीर की सैकड़ों बीमारियां दूर हो जाती है। हर व्यक्ति को अपने घर में तुलसी, गाय व माता-पिता का पूजन करना चाहिए।

# एसएएम इंटर कॉलेज में किया तहसील स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**सहारनपुर।** भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस पर तहसील स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें राष्ट्र निर्माण में अटल जी की भूमिका विषय पर निबंध लेखन एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। भाषण प्रतियोगिता में सुएमा व निबन्ध लेखन प्रतियोगिता में अलविना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि काव्य पाठ प्रतियोगिता में अशरा प्रवीन ने बाजी मारी। एसएएम इंटर कॉलेज के स्मार्ट कक्ष सभागार में अटल जी के जीवन पर आधारित प्रश्नोत्तरी व एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इन प्रतियोगिताओं में तहसील सदर के माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा 8 से 12 तक के विभिन्न छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। भाषण प्रतियोगिता में सुएमा आरिफ इंडस्ट्रियल मुस्लिम गर्ल्स इंटर कालेज ने प्रथम, लायबा राजकीय कन्या इंटर कॉलेज देवला ने द्वितीय एवं शिफा मिर्जा राजकीय कन्या इंटर कॉलेज गागलहेडी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। काव्य पाठ प्रतियोगिता में अशरा प्रवीन जेबीएस हिन्दू कन्या इंटर कॉलेज सहारनपुर ने प्रथम, मानिया एसएएम इंटर कॉलेज ने द्वितीय एवं जिया प्रवेज़ इंडस्ट्रियल मुस्लिम गर्ल्स इंटर कॉलेज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में आयुष एसएएम इंटर कॉलेज ने प्रथम, निदा नूर श्री दिगंबर जैन कन्या इंटर कॉलेज ने द्वितीय एवं सना राजकीय इंटर कॉलेज देवला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि निबंध लेखन प्रतियोगिता में अलविना जेबीएस हिन्दू कन्या इंटर कॉलेज ने प्रथम, काव्या शर्मा एसएएम इंटर कॉलेज ने द्वितीय एवं नंदनी राजकीय कन्या इंटर कॉलेज देवला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विषयों पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। ये सभी जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

निर्णायक मंडल के सदस्य अनेक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं से सम्मानित एवं सेवानिवृत्त हिंदी शिक्षक एमएस कॉलेज विजेंद्र पाल शर्मा ने संदर्भिक विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी की कविताएं ओज से परिपूर्ण थी जो हमें जीवन में उत्साहित जीवन जीने की प्रेरणा देती है।निर्णायक मंडल के सदस्य प्रखर वक्ता एवं सेवानिवृत्त प्रवक्ता डॉ सादाराम ने अटल जी के व्यक्तित्व प्रकाश डालते हुए उनसे प्रेरणा लेने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर आयोजक विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ अजय कुमार गुप्ता ने निर्णायकों एवं सभी आगंतुकों का भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के संदर्भ में आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग के लिए आभार व्यक्त किया तथा प्रतियोगी छात्र छात्राओं को अटल जी के व्यक्तित्व से शिक्षा लेने को प्रेरित किया।

## चोरी की बाईक समेत दो शातिर वाहन चोर दबोचे

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** थाना कोतवाली सदर बाजार पुलिस ने बाईक चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की बाईक बरामद की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया है।

कोतवाली सदर बाजार प्रभारी सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 18 दिसम्बर को वादी अर्जुन सिंह पुत्र नफे सिंह निवासी कबीरपुर थाना रामपुर मनिहारान की तहरीर पर अज्ञात चोर वादी की बाईक चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना सदर बाजार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। श्री सिंह ने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक रामकुमार गौतम, शहरोज आलम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर काशीराम बस अड्डे से दो वाहन चोरों अजय कुमार पुत्र नानू व अंशुल सैनी अर्फ अमित पुत्र राजकुमार सैनी निवासीगण ग्राम मनोहरपुर थाना सदर बाजार को गिरफ्तार कर लिया।

# विशेषज्ञ चिकित्सकों ने शिविर में किया बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**सहारनपुर।** पायस एजुकेशनल ग्रुप के तत्वावधान में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 900 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें रोग से बचाव की जानकारी दी गई तथा उन्हें हरी सब्जियों का सेवन करने तथा जंग फूड से परहेज रखने की सलाह दी गयी। गागलहेडी स्थित पायस एजुकेशनल ग्रुप की दोनों संस्थाएं पीजीपायस इंटर कॉलेज एवं मोंटफोर्ट स्कूल में बृहस्पतिवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 900 छात्रों का परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया व दवाइयां वितरित की। कार्यक्रम का उद्घाटन वरिष्ठ चिकित्सा एवं समाजसेवी डॉ. करण सिंह सैनी प्रबंधक पंकज गर्ग, डॉ.राजेश शर्मा, ओमपाल सैनी, ऋषिपाल सैनी, डॉ.हिमांशु गुप्ता ने किया। नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. सफ़ीना तबस्सुम, डॉ. उमंग गुप्ता ने छात्रों के नेत्रों की कंप्यूटराइज मशीनों द्वारा चैक किया तथा छात्रों को हरी सब्जिया खाने व नेत्र मे आइ ड्रॉप डालने के लिए दी। दंत रोग विशेषज्ञ डा. हिमांशु गुप्ता, व डॉक्टर चारु सिंघल ने बच्चों को दांतों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखने का निर्देश देते हुए बच्चों को जंग फूड खाने से मना कियां उन्होंने कहा कि आज कल जंग फूड ज्यादा खाने से बच्चों के दांतों मे कैविटी का खतरा बनता है। फिजिशियन मनीष गुप्ता व सुबोध राठी ने कहा कि बच्चों के समग्र विकास मे शरीरिक विकास बहुत जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि बच्चों की इम्युनिटी कमजोर होने के कारण मौसमी बीमारियां और इन्फेक्शन उन्हें आसानी से अपना शिकार बना लेती है। उन्हें पौष्टिक आहार ग्रहण करने पर विशेष ध्यान देना चाहिए। प्रबंधक पंकज गर्ग, प्रधानाचार्य मनोज यादव व कोऑर्डिनेटर पारुल सचदेवा ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। चिकित्सा शिविर में आईक्यू हॉस्पिटल व करण सिंह चैरिटेबल हॉस्पिटल चमारी खेड़ा का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर अभिषेक राय, कुलदीप कुमार, रोहन यादव, उदित धीमान, मुकुल धीमान, छवि, सारिका शर्मा, विभा शर्मा, आकांक्षा शर्मा, डोली यादव, नेहा वर्मा, रुचि कौशिक, सुनीता चौहान व फ़रीन आदि उपस्थित रहे।

# किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू पथिक ने सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**सहारनपुर।** भारतीय किसान यूनियन पथिक की बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की गई और बाद में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपते हुए समस्याओं का निस्तारण करने की मांग की।

भाकियू पथिक से जुड़े किसान आज एकत्र होकर कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे और जहां उन्होंने अपनी मांगों के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद की। बैठक के पश्चात किसान प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज चौधरी ने कहा कि जनपद की सहकारी समितियां में लगभग 100 अवैध नियुक्तियां कर एक सदस्य से 20 लाख रुपए लिए गए। इस हिसाब से 20 करोड़ रुपए का बड़ा घोटाला किया गया और अब जनपद की सभी सहकारी समितियों में किसानों के नये लोन बंद कर दिए गए हैं जबकि जनपद शामली मुजफ्फरनगर आदि जनपदों में किसानों को नए लोन मिल रहे हैं इसकी जांच करा कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाए। सहकारी समितियों में किसानों को जो लोन 3 प्रतिशत ब्याज पर मिलता था उसे 7 प्रतिशत कर दिया गया है, इसकी भी जांच की जाए। जनपद में अवैध खनन व ओवरलोड वाहनों से रोज हादसे हो रहे है। ऐसे वाहनों पर रोक लगाई जाए। गन्ना लागत को देखते हुए गन्ने का भाव रूपये 500 प्रति कुंतल घोषित किया जाए। एमएसपी न्यूनतम समर्थन मूल्य लिखित में लागू किया जाए। आवारा पशुओं को पकड़कर गौशाला में भिजवाया जाए। इसके पश्चात सभी किसानों ने रेलवे रोड जिला सहकारी बैंक महाप्रबंधक कुलदीप चौधरी का घेराव किया और किसानों को नये लोन देने की मांग की। महाप्रबंधक ने रामपुर मनिहारान बैंक मैनेजर को नये लोन देने के लिए फोन किया, तब जाकर भाकियू पथिक ने धरना समाप्त किया। धरना देने मे सोमवीर राणा जिलाध्यक्ष, धीरेन्द्र कुमार, शेर सिंह, बिट्टू चौधरी, पिरथी सिंह, सत्यवीर, प्रमोद, नासिर, मनोज रावल, योगेश छोकर, मोनित, राकेश, मदन चौधरी, राजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

## निगम ने किये तम्बाकू गुटका बेचने वाले नौ लोगों के चालान

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** नगरायुक्त संजय चौहान के निर्देश पर नगर निगम द्वारा बीड़ी-सिगरेट एवं तम्बाकू बेचने वाले नौ लोगों का चालान कर उनसे दो-दो सौ रुपये जुर्माना वसूला गया। निगम द्वारा यह अभियान युद्ध स्तर पर शुरु किया गया है। नगरायुक्त ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी ए एस मलिक को अभियान का नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ए एस मलिक द्वारा सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद( विज्ञापन का प्रतिषेद और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पादन, प्रदाय और वितरण का विनिमय - अधिनियम 2003) की धारा-5 के प्रावधानों के तहत आज स्टेशन के आस पास तम्बाकू गुटका व सिगरेट बेचने वाले नौ दुकानदारों पर दो-दो सौ रुपये के चालान किये। सहारनपुर निगम द्वारा ये कार्रवाई पहली बार की गयी है। डॉ. मलिक ने बताया कि अभियान लगातार जारी रहेगा।

# उप्र किक बॉक्सिंग कप में मेरठ की टीम बनी ओवर ऑल विजेता

अवधनामा संवाददाता



**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश किक बॉक्सिंग कप का पुरुस्कार वितरण समारोह के साथ समापन हो गया। प्रतियोगिता मे सर्वाधिक पदकों पर कब्जाकर मेरठ की टीम ओवरऑल विजेता रही, तो शामली की टीम ने उपविजेता बनाने का खिताब हासिल किया। इस दौरान विजेता खिलाड़ियो को अतिथियों द्वारा मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया। डॉ.भीमराव अंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित वाको उत्तर प्रदेश किक बॉक्सिंग कप 2024 में 19 जिलों से खिलाड़ियो ने प्रतिभाग कर अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता मे सर्वाधिक पदकों पर कब्जाकर मेरठ की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर ओवरऑल विजेता व शामली की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर उपविजेता बनाने का खिताब अपने नाम किया, जबकि गाजीपुर की टीम ने तृतीय स्थान व वाराणसी की टीम चतुर्थ स्थान पर रही। प्रतियोगिता के पुरुकार वितरण समारोह मे किकबॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के महासचिव अरविन्द शेरवालिया, कोषाध्यक्ष व प्रतियोगिता के तकनीकी निदेशक सुशील कौशिक, खेल शिक्षक अमित चौधरी, लाल धर्मेन्द्र प्रताप, मनोज प्रजापति, इंटरनेशनल रेफरी सोनू सैनी, आदित्य मकोरवाल, मुस्तकीम अंसारी, अभिषेक चौधरी आदि ने विजेता खिलाड़ियो को मैडल पहनाकर सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। महासचिव अरविन्द शेरवालिया ने विजेता खिलाडियो को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज किक बॉक्सिंग खेल विश्व के कई देशो मे मान्यता प्राप्त संघो के तत्वावधान मे खेला जाता है। उन्होंने आगामी होने वाली किक बॉक्सिंग प्रतियोगिताओ के बारे में भी जानकारी दी। किक बॉक्सिंग कप में तकनीकी निदेशक की भूमिका सुशील कौशिक, सहायक निर्देशक की भूमिका आदित्य मकोरवाल, मुख्य रेफरी की भूमिका सोनू सैनी, अमित कुमार सिंह व रेफरी की भूमिका उदयवीर सैनी, नीरज शर्मा, आकाश कुमार, राहुल कुमार, शुभम निवाल, अंश मकोरवाल, आदित्य भाल, सौरभ नेन, मुनसरिन, नीलेश यादव ने निभाई। प्रतियोगिता का संचालन सुशील कौशिक व आदित्य मकोरवाल ने किया। प्रतियोगिता के दौरान तबरेज अहमद, मनोज प्रजापति, लाल धर्मेन्द्र प्रताप, आदेश कुमार, मुस्तकीम अंसारी आदि मौजूद रहे।

# दाह संस्कार के दौरान कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ताओं में जमकर नोंकझोंक

**एक दूसरे पर लगाया हत्या करने का आरोप**

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** गुरुवार को गीडा थाना क्षेत्र के कालेसर मोक्ष धाम पर प्रभात पांडेय के दाह संस्कार के दौरान शव पर सियासत शुरू हो गई। दाह संस्कार के दौरान भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ता एक दूसरे पर हत्या का आरोप लगाते हुए आपस में भिड़ गए और जमकर नारेबाजी करने लगे।

इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का रास्ता भी रोक दिया। लेकिन कांग्रेसियों ने दूसरे रास्ते से शव को पहुंचा दिया। इस दौरान दोनों पार्टी के कार्यकर्ताओं में जमकर धक्का मुक्की भी हुई। पुलिस ने किसी तरह से बीच में आकर मामले को बढ़ने से रोकने में सफल हुई। गीडा थाना क्षेत्र के देईपार निवासी 28 वर्षी प्रभात पांडे बुधवार को लखनऊ में कांग्रेस के धरना प्रदर्शन में शामिल होने गए थे। इस दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में अस्पताल में उनको मृत घोषित कर दिया गया। प्रभात पांडे की मौत पर कांग्रेस और भाजपा के बीच राजनीतिक गरमा गई। कांग्रेस के लोगों ने हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग करने लगे। गुरुवार को मृतक प्रभात पांडे का शव दाह संस्कार के लिए कालेश्वर के मोक्षधाम पर लाया गया, जहां शव पहुंचते ही अधिक संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता भी पहुंच गए। भाजपा कार्यकर्ताओं को देखकर कांग्रेसी भड़क गए और आमने-सामने होकर एक दूसरे पर हत्या का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी करने लगे। नारेबाजी के दौरान दोनों पार्टी के कार्यकर्ताओं में धक्का मुक्की होने लगी। इस दौरान कांग्रेस के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष अजय राय भी पहुंच गए। अजय राय को देखते ही भाजपा के कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए और नारेबाजी करते हुए वापस जाओ का नारा लगाने लगे। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता भी भाजपाइयों से भिड़ गए और मामला बढ़ते देख पुलिस दोनों के बीच में आकर समझने की कोशिश करने लगी लेकिन तभी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने दूसरे रास्ते से प्रदेश अध्यक्ष को शव के पास श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंचा दिया। फिर से दोनों कार्यकर्ताओं में धक्का मुक्की होने लगी लेकिन पुलिस ने किसी तरह से मामले को संभालते हुए दोनों पक्षों को शांत कराया। दाह संस्कार के दौरान मोक्ष धाम पर काफी गहमा गहमी रही और अधिक संख्या में पुलिस के जवान मौजूद रहे।

## सपाइयों ने अंबेडकर प्रतिमा के पास प्रदर्शन किया

अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** फर्रुखाबाद के कस्बा नवाबगंज के सिरमौरा बांगर, में कल केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा लोकसभा में डॉ भीमराव अंबेडकर पर दिए बयान पर जिला समाजवादी पार्टी फर्रुखाबाद के पदाधिकारीयों ने इसका जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर डॉक्टर नवरंग सिंह यादव, अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष साजिद अली खान अनुसूचित प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अमित कठेरिया के साथ सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने नवाबगंज के ग्राम सिरमौरा बांगर में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। समाजवादी पार्टी के बाबा साहब वाहिनी के जिला अध्यक्ष अमन सूर्यवंशी एवं नगर अध्यक्ष अश्वनी यादव को पुलिस ने उनके ही नवाबगंज स्थित गेस्ट हाउस में नजर बंद कर लिया। जिला प्रवक्ता विवेक सिंह यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश भर में बाबा साहब पर दिए गए बयान पर लोगों में जबरदस्त रोष है।

# गोरखनाथ मेडिकल कॉलेज को मिलेगा एम्स भोपाल और गोरखपुर का साथ

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भोपाल के निदेशक एवं एम्स गोरखपुर के कार्यवाहक निदेशक प्रो. अजय सिंह ने गुरुवार को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, आरोग्यधाम गोरखपुर का भ्रमण एवं निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने खास तौर पर गुरु गोरक्षनाथ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (गोरखनाथ मेडिकल कॉलेज) की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और उपलब्ध सुविधाओं को उत्कृष्ट बताया। प्रो. अजय सिंह ने कहा कि एम्स भोपाल और गोरखपुर इस मेडिकल कॉलेज के साथ मिलकर पूर्वांचल के मरीजों को बेहतरीन चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे। एम्स भोपाल के निदेशक महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के परिसर और कार्य संस्कृति को देखकर काफी प्रभावित हुए और मुक्त कंठ से इसकी सराहना की। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय के साथ मिलकर काम करना नई उपलब्धियों को प्राप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। उन्होंने कहा कि एम्स भोपाल और गोरखपुर के द्वारा गोरखनाथ मेडिकल कॉलेज को लाइव आईसीयू सेवाएं दी जाएंगी। गोरखनाथ मेडिकल कॉलेज के हॉस्पिटल में अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं को देखकर प्रो. सिंह ने खुशी जताते हुए कहा कि एम्स भोपाल, गोरखपुर और इस मेडिकल कॉलेज के हॉस्पिटल के साझा प्रयास से मरीजों को और भी उत्कृष्ट सुविधाएं दी जा सकती हैं। प्रो. सिंह ने कहा कि आने वाले समय में एम्स भोपाल व गोरखपुर गोरखनाथ मेडिकल कॉलेज के मेडिकल, नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टाफ व विद्यार्थियों को नई तकनीकों का प्रशिक्षण उपलब्ध कराएंगे। प्रशिक्षण के बाद इसका लाभ सीधे तौर ओर मरीजों को मिलेगा। एम्स निदेशक के निरीक्षण के दौरान महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सुरिंदर सिंह ने उन्हें बताया कि लाइव आईसीयू सेवा के लिए मेदांता हॉस्पिटल भी गोरखनाथ मेडिकल कॉलेज से जुड़ चुका है। मेडिकल कालेज में क्रिटिकल मरीजों के उपचार प्रारंभ है। साथ ही 24 घंटे सर्जरी इमरजेंसी भी संचालित है।

# निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए शाही रफत को किया सम्मानित



**नजीबाबाद अवधनामा संवाददाता।** नगर में सैफी वैलफेयर सोसाइटी रजि.के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में सैफी बिरादरी सहित अन्य बिरादरियो के मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने शिक्षा को समाज का दर्पण बताते हुए बच्चों का भविष्य संवारने की सलाह दी। कार्यक्रम में युवा पत्रकार शाही अराफात सैफी को भी बिरादरी का नाम रोशन करने पर सोसायटी की ओर से प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। नजीबाबाद के अम्दु खां चौक स्थित पूर्व मेंबर शकील सैफी की कोठी पर आयोजित सैफ़ी वेलफेयर सोसायटी रजि. की ओर से सम्मान समारोह का आगाज़ हाफिज अब्दुल रहमान सैफी की तिलावते कलाम पाक से किया गया। कार्यक्रम में वर्ष 2023-24 में हाइस्कूल के 27, इंटर के 14, ग्रेजुएशन के 16, पोस्ट ग्रेजुएशन के 07 के साथ सैफी बिरादरी और सात इंटर कॉलेज 2024 के अन्य बिरादरी से टॉपर कुल 75 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सैफी वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष मौहम्मद खालिद सैफी ने कहा कि पढ़ने के साथ साथ डॉक्टर बने, इंजीनियर बने, शिक्षक बने लेकिन उसके साथ साथ हमे एक अच्छा नागरिक भी बनना चाहिए, उन्होंने मेधावी छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए आगे बढ़ने और कामयाबी की मंजिल तक पहुचने पर जोर दिया।

## सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर राजेपुर विकासखंड कार्यालय पर संपन्न हुआ

**फर्रुखाबाद।** दिनाँक 19-12-2024 को प्रातः 10-30 बजे से सुशासन सप्ताह - प्रशासन गाँव की ओर दिवस का आयोजन खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार जायसवाल विकास खण्ड राजेपुर के सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें खण्ड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी (पं0) / कृषि, सॉख्यिकी, अवर अभि0ल0सि0 अति0कार्यकम अधिकारी गनरेगा तथा समस्त सनिय व लगभग 185 किसानों की उपस्थिति में सम्पन्न किया गया। एमनाया गया। सुशासन दिवस में 03 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 03 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया। जोकि निम्नवत है– श्री इन्द्रपाल सिंह पुत्र श्री नत्थू सिंह गो0नं0 7897661447 ग्राम पंचायत वीरपुर हरिपुर के द्वारा हैण्डपम्प रिबोर की माँग की गई थी। सम्बन्धित सचिव द्वारा मौके पर शिकायत का निस्तारण किया गया शिकायतकर्ता संतुष्ट हो गया। प्रमोद कुमार पुत्र श्री अशोक ग्राम पंचायत अम्बरपुर मो0नं0 9140567642 मनरेगा मजदूरी न मिलने की शिकायत की गई थी।

# स्टिक मौके पर संगीतकारों ने दिखाया अपना हुनर



अवधनामा संवाददाता

**नजीबाबाद।** सन शाइन पब्लिक स्कूल में स्पिक मैके की ओर से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे देश के बेहतरीन संगीतकारों में से एक सरोद वादक पार्थो सारथी और तबला वादक आशीष पाल ने विद्यार्थियों को संगीतमय यात्रा ही नहीं कराई बल्कि भारतीय शास्त्रीय संगीता में निहित खूबसूरती से भी परिचय कराया। इस दौरान दोनों कलाकारों ने विद्यार्थियों से संगीत पर चर्चा की।

कोतवाली रोड़ फ़ज़ल पुर तबेला स्थित सन शाइन पब्लिक स्कूल में नई पीढ़ी को भारतीय शास्त्रीय संगीत से जोड़ने के लिए स्पिक मैके की ओर से आयोजित संस्कृतिक कार्यक्रम में देश के नामचीन संगीतकार सरोद वादक पार्थो सारथी और तबला वादक आशीष पाल ने स्कूल के विद्यार्थियों के समझ एक से बढ़कर एक संगीत और तबले से अपनी प्रस्तुति दी। संगीतकार पार्थो सरोद विद्यार्थियों के बीच पहुंचे और तबले व संगीत की जुगलबंदी से विद्यार्थियों को रोमांचित किया। इस मौके पर संगीतकार सरोद वादक पार्थो सारथी ने संगीत और सुरों की जानकारी देने के साथ ही बताया कि नई पीढ़ी को संस्कृति से जुड़कर इसे संरक्षित रखते हुए आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के पढ़ाई के साथ अच्छे संस्कार, भारतीय संगीत, संस्कृति, वाद्य संगीत यानी गायन, वादन, नृत्य में से किसी एक को अपने जीवन शैली में जरूर शामिल करें। उन्होंने आगे कि संगीत एक औषधि है जिससे दिमाग अच्छे विचारों व सकारात्मक कार्यो में लगता है। दोनों कलाकारों ने महान तबलावादक उस्ताद जाकिर हुसैन को श्रद्धांजलि दी। स्कूल के प्रबंधक विनोद मित्तल ने दोनो कलाकारों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में स्पिक मैके कार्यक्रम की कॉर्डिनेटर अनुराधा माथुर, एके मित्तल, नीरज जैन, विनय कौशिक, डॉक्टर सीपी सिंह, दीपक मित्तल, वंश मित्तल और शिक्षिकाएं पिंकी शर्मा, प्रिंशी आर्य, अन्नू, मोनिका, नीलम रेणु, नैना, सुरभि, हिमानी, रिया, निधि, तनु आदि स्टाफ मौजूद रहा।

# परिवार न्यायालय ने तीन दंपतियों में कराया आपसी सुलह-समझौता

अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय अलीगढ़ रणधीर सिंह की अदालत में वादी ने पत्नी को बुलाने का धारा 9 एचएम एक्ट का वाद प्रस्तुत किया। पत्नी पत्रावली पर उपस्थित हुई। शादी 2020 में हुई है। पत्रावली सुनवाई के लिए अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय चतुर्थ श्रीमती ललिता गुप्ता की अदालत में प्रस्तुत हुई। कोर्ट ने पत्रावली काउंसलिंग के लिए भेजी कई तारीख काउंसलिंग के पश्चात पति-पत्नी मय पुत्री के साथ-साथ रहने को सहमत हुए और हंसी खुशी कोर्ट से साथ-साथ चले गए। दूसरा मामला अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय प्रथम श्रीमति नुपुर की अदालत में पत्रावली सुनवाई के लिए प्रस्तुत हुई वादियां की उम्र करीब 32 वर्ष एवं अकरावाद क्षेत्र की निवासी है विपक्षि पति की उम्र करीब 35 वर्ष थाना सासनी गेट क्षेत्र का निवासी है। शादी 2020 में हुई है भरण पोषण का बाद वादिया ने प्रस्तुत किया। कोर्ट ने पत्रावली काउंसलिंग के लिए भेजी कई तारीख काउंसलिंग के पश्चात दो नाबालिक दो पुत्रों के साथ कोर्ट से हंसी-खुशी साथ-साथ जीवन यापन करने के लिए चले गए। तीसरा मामले में वादियां ने अपना व अपने दो पुत्रों के भरण पोषण का वाद दायर किया। वादिया की उम्र 22 वर्ष है, चंडौस क्षेत्र की निवासी है। विपक्षी पति की उम्र 23 वर्ष है शिकारपुर बुलंदशहर का निवासी है। शादी 2021 में हुई है। पत्रावली सुनवाई के लिए अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय प्रथम श्रीमती नूपुर की अदालत में प्रस्तुत हुई विपक्षी हाजिर आया कोर्ट ने पत्रावली काउंसलिंग के लिए भेजी कई तारीख काउंसलिंग के पश्चात पति-पत्नी दोनों पुत्रों के सहित साथ रहने को राजी हुए और हंसी-खुशी कोर्ट से विदा हुए वादिया ने अपना बाद वापस ले लिया है। उक्त जानकारी काउंसलर एडवोकेट योगेश सारस्वत ने दी है।

## विराट रोटरी शरद मेला 24 दिसम्बर से




**पीलीभीत अवधनामा संवाददाता।** रोटरी क्लब का पीलीभीत द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित विराट रोटरी शरद मेला इस बार ड्रामड राजकीय इंटर कॉलेज में 24, 25, 26, 27, 28 दिसंबर 2024 को लगाया जाएगा। मेला मीडिया प्रभारी रोटेरियन डॉक्टर अनिल सक्सेना ने बताया कि इस वर्ष मेले का उद्घाटन 24 दिसंबर साइम 4 बजे जिलाधिकारी पीलीभीत श्री संजय कुमार द्वारा किया जाएगा तथा समापन 28 तारीख को राज्य मंत्री संजय गंगवार द्वारा होगा। आज विराट रोटरी शरद मेला के व्यापक विचार व प्रचार हेतु एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन स्थानीय सिल्वर लीफ होटल में हुआ, प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए क्लब अध्यक्ष श्री पंकज महातिया ने मेले के बारे में विस्तृत जानकारी पत्रकारों को दी,, मेला अध्यक्ष एडवोकेट राहुल अग्रवाल ने बताया की मेले में इस बार विशेष करके 25 तारीख को अलीशा नाइट तथा 27 दिसंबर को पंजाबी नाइट रंजीत रंधावा के द्वारा आयोजित की जा रही है। रोटरी क्लब के सचिव डॉक्टर प्रांजल अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष मेले में एकल नृत्य प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, गिफ्ट पैकिंग प्रतियोगिता, एकल गायन प्रतियोगिता, पेंसिल स्केच प्रतियोगिता, वायरलेस कुकिंग प्रतियोगिता, हास्य कवि सम्मेलन, जादूगर, फैशन शो, वायरलेस कुकिंग, फैंसी ड्रेस, बेस्ट पेंटिंग प्रतियोगिता, ग्रुप डांस प्रतियोगिता, बेबी हेल्थ शो, म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट प्रतियोगिता, नेल आर्ट प्रतियोगिता कबाड़ से धमाल प्रतियोगिता आदि अनेकों कार्यक्रम बच्चों से लेकर बड़ों तक के रखे गए हैं।

# फूड विभाग के टीम की छापेमारी के दौरान मिले एक्सपायरी मसाले

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** आम जनमानस को शुद्ध खाद्य पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य मुख्यमंत्री के आदेश पर सहायक आयुक्त खाद्य (द्वितीय) डॉ सुधीर कुमार सिंह के निर्देशन व मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी हितेंद्र मोहन त्रिपाठी के नेतृत्व में फूड विभाग की टीम ने आज लक्ष्मीपुर साकेत एनक्लेव ग्रीन इन रेस्टोरेंट पर छापेमारी के दौरान 20 किलो से अधिक मसाले, टॉपिंग आदि एक्सपायरी मिले। टीम ने तीन नमूने भरकर रेस्टोरेंट संचालक को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है टीम ने ग्रीन इन रेस्टोरेंट से पनीर सॉस चटनी के नमूने भरे गए हैं।

सहायक आयुक्त खाद्य (द्वितीय) डॉ सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि मुख्य सुरक्षा अधिकारी हितेंद्र मोहन त्रिपाठी के नेतृत्व में आज टीम ने लच्छीपुर साकेत एंक्लेव ग्रील इन रेस्टोरेंट पर छापेमारी की गई तो वहां से एक्सपायरी डेट के मसले मिले हैं टीम ने वहां से तीन नमूने संग्रहित कर प्रयोगशाला हेतु जांच के लिए भेजा गया है। रेस्टोरेंट संचालक द्वारा मांसाहारी और शाकाहारी पदार्थ एक ही फीजर में पाया गया जिस तेल में छाने जा रहे थे उसे कई बार इस्तेमाल किया गया था। उन्होंने आगे बताया कि सहजनवा क्षेत्र में आटा फैक्ट्री में जांच की तो पाया कि कई कंपनियों की पैकिंग की आटे तैयार किया जा रहे थे। टीम ने वहां से नमूने भरकर प्रयोगशाला हेतु जांच के लिए भेजा गया है और कंपनी के निर्माण कार्य को रोकने का आदेश जारी किया गया है, उन्होंने बताया कि नमूने संग्रहित किए गए हैं जांच रिपोर्ट आने के बाद खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 के तहत कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी नागेंद्र, कमल नारायण, आभा ,प्रतिमा, नरेंद्र आदि शामिल रहे।

# अटल जी एवं सुशासन विषय पर भाषण प्रतियोगिता

**भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस पर**

अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में आज दिनांक 19 दिसंबर 2024 को धर्म समाज महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना एवं मिशन शक्ति अभियान के संयुक्त तत्वाधान में भाषण प्रतियोगिता करायी गयी।

राय बद्री प्रसाद भवन के कमरा संख्या 33 में अटल जी एवं सुशासन विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 38 स्वयंसेवकों व सेविकाओं ने प्रतिभाग किया। जिनमें से भव्य अग्रवाल बीएससी तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान, उर्वशी लवानिया बीएससी तृतीय वर्ष ने द्वितीय स्थान व गौरव कुमार एल एल बी प्रथम वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता का मूल्यांकन डॉ राजीव कुमार शर्मा व डॉ कृष्ण कुमार ने किया। आज के कार्यक्रम में विधि विभाग के प्रो हरीश शर्मा जी, रम्प्यूटा अध्यक्ष भी उपस्थित रहे। जिन्होंने सभी प्रतिभागियों को अटल बिहारी वाजपेई के सुशासन एवं कृतित्व विषय पर सभी प्रतिभागियों को विस्तार से बताया। कार्यक्रम का संचालन ड़ॉ रेखा तौमर ने किया। प्रतिभाग करने वालों में राज सिंह राणा, नेहा, आस्था,आदित्य, जितेंद्र, सुहानी, मोहिनी सैनी, आरती, अंकित, ऋचा, देश दीपक, तनीषा, शीतल, पूनम, माधुरी, ईशा, रितिका ,उर्वशी, वैश्नवनी, भव्या, मेघा गौतम, प्रियंका, शिवानी, पवन कुमार, सौरभ, विश्व जीत, रोहित, अमित, अर्जुन, गौरव कुमार, गौरव सिंह, स्नेह लता, राहुल कुमार, अर्जुन आदि उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो मुकेश कुमार भारद्वाज ने सभी प्रतिभागियों को बधाई तथा शुभकामनाएं दीं।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** भारतीय जनता पार्टी बुंदेलखंड क्षेत्र के सर्वमान्य नेता पूर्व कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार प्रेरणापुंज स्व दादा बाबूराम एम कॉम जी की नौवी पुण्यतिथि के अवसर पर वृद्धाश्रम राठ रोड उरई में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं श्रद्धांजलि का आयोजन किया गया। स्व बाबूराम दादा जी के जीवन चरित्र के विषय में सभी स्नेहीजनों एवं वक्ताओं ने विस्तार से प्रकाश डाला। ओर कहा कि दादा जैसा इस बुंदेलखंड क्षेत्र में कोई नेता नहीं था। अवध शर्मा बब्बा जी उनके स्मरण को याद कर कुछ समय के लिए भावुक भी हो गए बस उनकी यादें रह गई हैं हम सभी के दिलों में। कार्यक्रम संयोजक श्री राकेश गुप्ता जी सह संयोजक व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष श्री संतोष गुप्ता जी ओर श्री अमित गुप्ता जी ने वृद्धाश्रम में उपस्थित सभी वृद्धजनों ओर स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित डॉक्टरों को अंगवस्त्र पहनाकर पुण्यतिथि को यादगार बनाया आयोजक मंडल ने आए हुए सभी बंधुओ को घंटाघर उरई स्थित प्राचीन श्री लक्ष्मीनारायण जी की फोटो को स्मृति के रूप में भेट की।

## विनोद दूसरी बार मनोनीत हुए सुलह अधिकारी

**गोरखपुर।** सहजनवा तहसील में कार्य देख रहे विनोद कुमार मिश्र एड्रोकेट को शासन के निर्देश पर दूसरी बार सुलह अधिकारी मनोनीत किया गया है। जिसका नियुक्ति पत्र जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने ने सौंपा है। सुलह अधिकारी नियुक्ति होने पर सांसद रवि किशन, विधायक प्रदीप शुक्ल, जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, डा आरडी सिंह, समरेंद्र प्रताप सिंह, अश्वनी त्रिपाठी, उदयभान सिंह,नरेंद्र शुक्ल, इंद्रेश प्रसाद, जयंत सिंह, गोपाल गुप्ता सहित अनेक लोगों ने बधाई दिया है।

**NOTICE**

I hitherto known as Amit Srivastava alias Sumit kumar S/O Late Shri Ramdas. residing at Village jahangirpur, Post bilahana, Thana basai mohammadpur, Distt Firozabad, have changed my name and shall here after be known as Sumit kumar. It is certified that I have complied with other legal requirements in this correction.

## भाजपा सांसद मुकेश राजपूत के घायल होने पर भाजपाइयों ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** दिनांक 19 दिसंबर 2024 दिन बृहस्पतिवार को दिल्ली में संसद सत्र की कार्यवाही के दौरान भाजपा सांसद मुकेश राजपूत नवीन संसद भवन जा रहे थे इस दौरान किसी बात को लेकर धक्का मुक्की के दौरान नेता प्रतिपक्ष सांसद राहुल गांधी द्वारा सांसद मुकेश राजपूत को धक्का दिए जाने से उनके गंभीर रूप से घायल होने की सूचना प्राप्त होते ही जनपद फर्रुखाबाद में भाजपा कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी के द्वारा किए गए इस हिंसक कार्य को लेकर भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता के नेतृत्व में फतेहगढ़ स्थित कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन किया एवं महामहिम राज्यपाल को प्रेषित ज्ञापन जिला अधिकारी को देखकर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के द्वारा किए गए आचरण के लिए उनकी लोकसभा सदस्यता को समाप्त करने व वैधानिक कार्यवाही करने की मांग की। कलेक्ट्रेट में आयोजित विरोध प्रदर्शन में भाजपा कार्यकर्ताओं व नेताओं ने कांग्रेस पार्टी मुर्दाबाद राहुल गांधी मुर्दाबाद प्रियंका गांधी मुर्दाबाद के नारे लगाए। इस विरोध प्रदर्शन में दुग्ध संघ अध्यक्ष सत्यपाल सिंह ने कहा बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान में कहीं भी हिंसा को स्थान नहीं दिया गया है लेकिन कांग्रेस पार्टी ने लोकतंत्र की मर्यादा को तार तार करते हुए संसदीय इतिहास में हिंसक और अमर्यादित कार्य किया है।

# अंतर्राष्ट्रीय अरबी भाषा दिवस : नेपाल में अरबी भाषा-आध्यात्मिक संबंध से राष्ट्रीय पहचान तक

यशोदा श्रीवास्तव

**लखनऊ।** हर साल 18 दिसंबर को पूरी दुनिया में अरबी भाषा का अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है। यह दिन दुनिया की सबसे पुरानी और समृद्ध भाषाओं में से एक, अरबी भाषा की महत्ता को उजागर करने के लिए समर्पित है। 1973 में संयुक्त राष्ट्र ने अरबी को अपनी आधिकारिक भाषाओं में शामिल किया, जिससे इसे वैश्विक स्तर पर मान्यता मिली। यह दिन केवल एक उत्सव नहीं है, बल्कि इस भाषा को सांस्कृतिक और बौद्धिक धरोहर के रूप में उभारने का अवसर भी है।

### वैश्विक स्तर पर अरबी भाषा का महत्व

अरबी भाषा न केवल अरब देशों के लोगों के बीच संवाद का साधन है, बल्कि यह मानवता को प्राचीन ज्ञान और संस्कृतियों से जोड़ने का माध्यम भी है। यह कुरान की भाषा है, जो दुनिया भर के डेढ़ अरब से अधिक मुसलमानों के दिलों में बसती है, और इसे विशेष धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व प्रदान करती है।

**नेपाल में अरबी भाषा- आध्यात्मिकता, पहचान और जन आंदोलन का परिणाम**

नेपाल, एक गैर-अरब देश होते हुए भी, अरबी भाषा और मुसलमानों के बीच गहरे संबंध का एक अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत करता है। नेपाल के मुसलमान अरबी भाषा को धर्म और उपासना की भाषा के रूप में उपयोग करते हैं। यह भाषा उनकी धार्मिक गतिविधियों जैसे नमाज़, कुरान पाठ, शरीयत शिक्षा और दुआओं में महत्वपूर्ण स्थान रखती है। नेपाल में अरबी भाषा को जो सम्मान मिला है, उसमें राष्ट्रीय मदरसा संघ नेपाल का बड़ा योगदान है। इस संगठन के अध्यक्ष डॉ. अब्दुल गनी अल-कूफी और महासचिव मौलाना मशहूद खान नेपाली ने जनगणना के दौरान एक व्यापक आंदोलन चलाया। इस आंदोलन का उद्देश्य अरबी भाषा को नेपाल के मुसलमानों की जीवंत परंपरा के रूप में मान्यता दिलाना और इसे आधिकारिक रूप से दर्ज कराना था। उनकी इस पहल से अरबी भाषा को नेपाल की भाषाओं में शामिल किया गया, भले ही अरबी बोलने वालों की संख्या सीमित थी। लेकिन हालिया जनगणना में अरबी को विदेशी भाषा मानते हुए इसे सूची से हटा दिया गया, जबकि संस्कृत को स्थान दिया गया है। फिर भी, अरबी को उसका सही स्थान दिलाने के लिए यह आंदोलन जारी रहेगा।

**शिक्षा व्यवस्था और अरबी भाषा का प्रचार-प्रसार**

नेपाल में अरबी भाषा के प्रचार में इस्लामी मदरसे महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। ये मदरसे अरबी व्याकरण, साहित्य और वाक्पटुता के साथ-साथ इस्लामी शिक्षा को भी मूल अरबी स्रोतों से पढ़ाते हैं। जामिया सिराजुल उलूम अस-सलफिया, झंडानगर नेपाल के प्रमुख शिक्षण संस्थानों में से एक है, जो अरबी भाषा और इस्लामी ज्ञान की सेवा कर रहा है। 109 साल पहले स्थापित यह संस्था मुसलमानों की शिक्षा और प्रशिक्षण का एक प्रमुख केंद्र रही है। यहां से पढ़े कई विद्वानों ने अरबी और उर्दू में अनुवाद, शोध और लेखन के माध्यम से अमूल्य योगदान दिया है।

**अरबी और स्थानीय भाषाओं के बीच सेतु का कार्य**

नेपाल के मुसलमान अरबी भाषा की सेवा में अनुवाद कार्य के क्षेत्र में भी सक्रिय हैं। कई इस्लामी ग्रंथों का अरबी से नेपाली में और नेपाली से अरबी में अनुवाद किया गया है। यह प्रयास अरबी भाषा के प्रचार-प्रसार और इस्लामी संस्कृति को नेपाली समाज में प्रस्तुत करने में मददगार है।

**नेपाल में अरबी भाषा: एक जीवंत परंपरा**

नेपाल में अरबी भाषा की उपस्थिति सीमित होने के बावजूद, यह मस्जिदों, मदरसों और धार्मिक आयोजनों में प्रमुखता से देखी जाती है। मुसलमानों की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान का एक अभिन्न हिस्सा होने के कारण, अरबी भाषा नेपाली समाज में एक विशेष स्थान रखती है। अरब देशों के दूतावासों के खुलने के बाद, नेपाल में अरबी भाषा के प्रचार-प्रसार और विकास की संभावनाओं को बल मिलेगा। **अरबी भाषा के लिए संकल्प**-अंतर्राष्ट्रीय अरबी भाषा दिवस के अवसर पर, नेपाल के मुसलमान पूरी मुस्लिम उम्मत को बधाई देते हैं और इस भाषा की सेवा और विकास के लिए अपने संकल्प को दोहराते हैं। यह कुरान की भाषा है और इसके संरक्षण और प्रचार के लिए सभी मुसलमानों के सहयोग की आवश्यकता है।

### विकास और प्रयासों का आह्वान

अरबी भाषा का यह दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि एक अवसर है कि हम इस भाषा को सामने आने वाली चुनौतियों पर विचार करें और इसके विकास के लिए कदम उठाएं। नेपाल में, शैक्षणिक संस्थान, राष्ट्रीय मदरसा संघ और अन्य संगठन यह सुनिश्चित करते हैं कि वे नई पीढ़ी के बीच अरबी भाषा के प्रचार और इसके बौद्धिक व व्यावहारिक उपयोग को बढ़ावा दें। यह दिवस हमें याद दिलाता है कि अरबी भाषा मानवता की एक महान सांस्कृतिक और बौद्धिक धरोहर है। नेपाल और दुनिया के हर हिस्से में यह मुसलमानों के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक जीवन का केंद्र है, और इसकी उन्नति और प्रचार हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

# आर्यावर्त बैंक में हुई चोरी का खुलासा

**पुलिस ने दो शातिर चोरो को किया गिरफ्तार, सामान बरामद**

अवधनामा संवाददाता



**कोठी-बाराबंकी।** थाना कोठी क्षेत्र में लगभग एक माह पूर्व में रात्रि में आर्यावर्त ग्रामीण बैंक में हुई चोरी का स्वाट, सर्विलांस तथा कोठी थाने की सयुक्त पुलिस टीम द्वारा खुलासा करते हुवे दो शातिर चोरों को गिरफ्तार करते हुए चोरों के कब्जे से रुपये गिनने की मशीन, तमंचा, सम्बल आदि सामान बरामद कर पुलिस ने सुसंगत धाराओ में मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है। गुरुवार को पुलिस लाइन सभागार में घटना की जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अखिलेश नारायण सिंह ने बताया कि दिनाक 09-11-2024 को आर्यावर्त ग्रामीण बैंक कैसरगंज शाखा प्रबंधक आशीष संचान ने कोठी थाने पर सूचना दिया गया कि दिनाक 08-11-2024 की रात्रि करीब 02ः20 बजे अज्ञात चोरों द्वारा सेंधमारी कर बैंक में चोरी की गई है। उक्त सूचना के आधार पर मुकदमा दर्ज कर डॉग स्क्रायड और फोरेंसिक टीम द्वारा साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने घटना को गंभीरता से लेते हुए स्वाट, सर्विलांस व थाना कोठी की संयुक्त टीम को घटना के खुलासे व चोरों को गिरफ्तार करने की जिम्मेदारी सौंपी। मामले की जांच में लगी पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेंस की मदद से दिनांक 18-12-2024 को घटना का खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों रोहित कोरी पुत्र जगन्नाथ कोरी व दीपक पुत्र रामचन्दर निवासी ग्राम ससारा बाना हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे में एक नोट गिनने की मशीन, 220 वर्क आर्यवर्त बैंक जमा पर्ची, 2 जोडी पायल,1अदद तमंचा, 2 ज़िंदा कारतूस बरामद किया। अभियुक्तों द्वारा कोठी क्षेत्र में एक अन्य चोरी की घटना कारित करने की बात स्वीकार किया गया है। एएसपी श्री सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त दीपक के भाई राहुल को थाना लोनीकटरा पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है एवं रोहित का भाई नितिन जेल में है, जिनके साथ दोनों चोरी की वारदातों को अंजाम देने के लिए जाते थे। आर्यवर्त ग्रामीण बैंक में घटना कारित करने से पूर्व दोनों ने रेकी की थी, जिसमें दीपक द्वारा बैंक के अन्दर जाकर सेंध काटने के स्थान आदि को चिन्हित किया गया था। उन्होंने ये भी बताया कि आर्यावर्त ग्रामीण बैंक में रात्रि को सेंध काटकर रोहित अन्दर गया एवं दीपक बाहर ही खड़ा रहकर निगरानी करता रहा। अन्दर जाकर रोहित ने कैश काउण्टर चेक किया, किन्तु कोई नकदी न मिलने पर उसने नोट गिनने की मशीन चोरी कर लिया था। फिलहाल पुलिस ने दोनों शातिर चोरो के खिलाफ मुकदमा।दर्ज करते हुवे जेल भेज दिया है।

# चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल के बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**पूर्व उपशिक्षा निदेशक ने किया शुभारंभ**

**बाराबंकी।** बनीकोडर ब्लॉक के ग्राम छन्दवल में बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा निःशुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल के छात्र छात्राओं का लोहिया अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ0 गौरव सिंह द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार किया गया। स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ पूर्व उप शिक्षा निदेशक श्रीमती वसुमति अग्निहोत्री ने किया और बच्चों को स्वस्थ्य रहने के लिए आशीर्वाद दिया। स्कूल में लगभग एक दर्जन बच्चे मम्स(गलसुआ) की समस्या से पीड़ित पाए गए जिन्हें आवश्यक उपचार के साथ ही एक सप्ताह के लिए आइसोलेशन में रहने की सलाह दी गई। डॉ गौरव सिंह ने बताया किमम्स (गलसुआ) रोग संक्रमित रोगी की स्वांस से फैलता है, इसकी रोकथाम के लिए एमएमआर का टीका अवश्य लगवाना चाहिए। संक्रमित व्यक्ति व रोगी को आइसोलेशन में रहना चाहिए। यह समस्या बच्चों में प्रायः सर्दियों की शुरुआत में बढ़ती है।बच्चों को सर्दियों में पूरे कपड़े पहनाएं, उन्हें सायं काल में नहलाना नही चाहिए। संस्था के अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने बच्चों को स्वस्थ्य रहने के लिए स्वास्थ्य नियमो का पालन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य विनोद कुमार, शिक्षिका वन्दना वर्मा, शारदा रावत, पूनम रत्नाकर, सरिता यादव, प्रिया मौर्य, शिक्षणेत्तर कर्मचारी सरोज, सरस्वती, जियालाल सहित 150 बच्चे उपस्थित रहे।

## युवक का शव लटकने की घटना में हुआ हत्या का केस दर्ज

**निचलौल (महराजगंज)।** ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मीपुर खुर्द गांव के एक घर में नई नवेली दुल्हन का मेहंदी का रंग छुटने से पहले ही मांग उजड़ गया। बहूभोज के अगले ही दिन गुरुवार को रात नौ बजे आम के पेड़ से पति का लटकता शव बरामद हुआ। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर पीएम के लिए भेज दिया। मृतक अवधेश के भाई देवेंद्र पुत्र विक्रम ने कोतवाली पुलिस द्वारा उचित कार्यवाही न होने को लेकर 12 दिसंबर को एसपी के जनता दर्शन में पहुंच न्याय की गुहार लगाई। जहां एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने आरोपित हरिशंकर पुत्र राम राज, उदयराज पुत्र जयकरन निवासी लक्ष्मीपुर खुर्द व अखिलेश यादव निवासी बोदना थाना ठूठीबारी पर हत्या का केस दर्ज करवाई शुरू कर दी है। बताते चले कि कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मीपुर खुर्द गांव में 28 दिसंबर दिन गुरुवार की रात करीब साढ़े नौ बजे समय माता मंदिर के समीप स्थित आम के पेड़ पर एक युवक का शव लटकता हुआ मिला जिससे पूरे गांव में सनसनी मच गई। मृतक युवक की पहचान अवधेश यादव पुत्र विक्रम यादव उम्र 33 वर्ष निवासी लक्ष्मीपुर खुर्द बताया गया।

# भारतीय युवा परिषद ने काकोरी कांड के महानायको दी श्रदांजलि



अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** भारतीय युवा परिषद के कार्यकर्ताओं ने शहीद दिवस के अवसर पर माल गोदाम पर स्थित काकोरी कांड के महानायको की प्रतिमा पर साफ सफाई करने उपरांत माल्यापर्ण कर श्रदांजलि अर्पित की।प्रदेश अध्यक्ष राम जी अवस्थी ने कहा कि काकोरी कांड के महानायक सदियों मे कभी ही पैदा होते है लेकिन शाहजहांपुर की क्रांतिकारी धरती पर इतनी संख्या मे महानायको का पैदा होना हमारे लिए बड़ी पहचान है।

इसलिए ये हमारी जिम्मेदारी भी है कि जनपद के युवा साथी सही रास्तो पर चलकर जनपद और देश का नाम रोशन करे।जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अतुल मौर्य ने कहा कि शहीदों की चिताओ पर हर वर्ष मेले लगते है लेकिन हमे उनसे और अधिक सीखने की भी जरूरत है। युवा नेता दीपांश राजपूत ने कहा कि हमे गर्व है कि हम शहीदों की नगरी शाहजहांपुर मे रहते है और हम सभी युवा साथी क्रांतिकारी धरती को ऐसे ही हमेशा ही गुलजार रखेंगे।इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रदेश महासचिव हितेश बघेल, पूर्व जिलाध्यक्ष सोभित मिश्रा, जिलाध्यक्ष प्रदीप शर्मा, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष ब्रजेश वर्मा, जिला उपाध्यक्ष सागर गुप्ता, जिला महासचिव सुधांशु मिश्रा, शिवओम मिश्रा, जिला प्रवक्ता अवनीश शुक्ला, अभय शंकर, शिवम पंडित, असलम खान, अंकुर दीक्षित, आलोक शर्मा एड, वकार खान, अमित त्रिपाठी, शुभम मिश्रा, विपिन सिंह, अर्जुन यादव, अमित मिश्रा, फैजान खान, राहुल वर्मा, सिद्धार्थ अवस्थी, रमित त्रिवेदी, मोहित यादव, जितेंद्र पाल, अनुराग मिश्रा, मोनू पांडेय आदि लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध शराब समेत तस्कर गिरफ्तार

**जैदपुर बाराबंकी।** गश्त के दौरान जैदपुर पुलिस ने व्यक्ति को गिरफ्तार किया। जिसके पास एक पिपिया में दस लीटर अवैध? कच्ची शराब बरामद की गयी। बताते चलें कि कांशीराम कालोनी के तरफ गस्त करते हुये कस्बा इंचार्ज विनय कुमार व सहयोगी पुलिस के जवान जा रहे थे तभी एक व्यक्ति अपने हाथ में सफेद पिपिया लिए कांशीराम कॉलोनी के तरफ से आता हुआ दिखाई दिया और पुलिस को देखकर मुड़कर भागना चाहा जिसे घेरा बंदी कर गिरफ्तार किया पूछे जाने पर अपना नाम राम अधार पुत्र अयोध्या प्रसाद उम्र 47 वर्ष अकनपुर नई बस्ती कोठी बताया जिसके विरुध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की गयी।

### आरोपियों की गिरफ्तारी पर अड़े परिजनों को समझाने पर हुआ अंतिम संस्कार




**निचलौल (महराजगंज)।** बीते बुधवार को ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा बोदना के टोला नौडियहवा स्थित पोखरे में उतराता शव मिलने के बाद गुरुवार को एक बार परिजनों और ग्रामीण फिर आक्रोशित हो गए। परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। प्रशासनिक अधिकारियों के समझाने के बाद परिजन माने और अंतिम संस्कार को राजी हो गए। जानकारी के अनुसार मृतका पूनम साहनी का शव पोस्टमार्टम कर गुरुवार को ज्यों गांव पहुंचा। परिजन सहित गांव के लोग आक्रोशित हो गए। मृतिका के पति आरोपियों की गिरफ्तारी करने की मांग करने लगे। सूचना पाकर एसडीम शैलेन्द्र कुमार व सीईओ अनुज कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और आरोपितों पर मुकदमा दर्ज कर जल्द से जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। उसके बाद परिजन शव का दाह संस्कार दोमुहान नदी के घाट पर किए। गांव में तनावपूर्ण स्थिति तो देखते हुए काफी संख्या में पुलिस प्रशासन मुस्तैद थे।

### पीसीएस परीक्षा की तैयारियों का डीएम ने लिया जायजा



**महराजगंज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित पीसीएस परीक्षा की तैयारियों के सम्बन्ध में गुरुवार को जिलाधिकारी अनुनय झा और पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने डीएवी नारंग इंटर कॉलेज घुघली और श्रीशिव जपत सिंह जनता इण्टर कॉलेज भिटौली बाजार एवं राजकीय पॉलटेक्निक कालेज पुरैना का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने इन कालेजों में परीक्षा की तैयारियों के मद्देनजर सुरक्षा के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरे और मेडिकल सुविधा के बारे में जनकारी ली। जिलाधिकारी द्वारा कालेजों के खिड़की-दरवाजे सही कराने और लाइट-पानी की सुबिधा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के बारे में निर्देश दिया गया। उन्होंने स्कूल प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि लोक सेवा आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। आयोग द्वारा प्रतिबन्धित सामग्री कोई भी अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र के अन्दर लेकर न जाने पाये। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन और कर्मचारी उपस्थित रहें।

### मुख्यमंत्री आगमन को लेकर अधिकारियों ने विभिन्न स्थलों का किया निरीक्षण



**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के मद्देनजर मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह सहित अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ अयोध्या के विभिन्न स्थलों का भौतिक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों को मुख्यमंत्री की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण में अपर जिलाधिकारी नगर सलिल कुमार पटेल, पुलिस के वरिष्ठ अधिकारीगण और नगर निगम सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।मुख्यमंत्री का कार्यक्रम अनुसार, 20 दिसंबर को सुबह लगभग 11 बजे राम कथा पार्क के हेलीपैड पर मुख्यमंत्री का आगमन होगा। इसके बाद, वह श्री हनुमानगढ़ी और श्रीरामलला के दर्शन पूजन करेंगे। तत्पश्चात, वह अशर्फी भवन के पास पंचनारायण महायज्ञ अष्टेत्तर शत श्रीमद्भागवत कथा में शामिल होंगे।

### नियमित साफ-सफाई को लेकर किया निरीक्षण

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के विभिन्न भवनों की साफ-सफाई के लिए अधिकारी द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। विवि की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देश पर उपकुलसचिव दिनेश कुमार मौर्य ने परिसर के प्रचेता, दीक्षा भवन व अन्य भवनों की नियमित साफ-सफाई का जायजा लिया। उन्होंने सर्वप्रथम उन भवनों के तीनों तल का साफ-सफाई को लेकर मुआयना किया। कुछ स्थलों पर नियमित साफ-सफाई न होने पर स्वच्छता कर्मी को दिखाते हुए नियमित सफाई करते रहने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उप कुलसचिव ने स्वच्छता कर्मियों को हिदायत दी और कहा कि जहां नियुक्त है। वहां के विभागों व भवनों में नियमित साफ-सफाई होनी चाहिए। सभी स्वच्छता कर्मी विभागों में प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक मौजूद रहे। किसी भी समय अधिकारी द्वारा औचक निरीक्षण किया जा सकता है।

# एकमुश्त समाधान योजना का लाभ लेने के लिए कैंप में उमड़ी उपभोक्ताओं की भीड़



**गोसाईगंज-अयोध्या।** गुरुवार को गोसाईगंज नगर पंचायत के जलकर परिसर में पावर कॉरपोरेशन द्वारा लगाए गए कैंप में एक मुस्त समाधान योजना का लाभ पाने के लिए उपभोक्ताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। तीन चरणों में चलने वाली योजना की शुरुआत 15 दिसंबर से हो चुकी है, जिसके तहत बकाएदार उपभोक्ता बकाए का 30 प्रतिशत जमा करके योजना का लाभ उठा सकते हैं।गोसाईगंज उपखंड अधिकारी अभिषेक गौतम ने बताया कि प्रथम चरण 15 दिसंबर से 31 दिसंबर तक एकमुश्त भुगतान करके शत-प्रतिशत,जबकि किश्तों में भुगतान करने पर 75 प्रतिशत, दूसरे चरण अथवा एक जनवरी से 15 जनवरी तक एकमुश्त भुगतान में 80 प्रतिशत तथा किश्तों में 65 प्रतिशत एवं तृतीय चरण अथवा 16 जनवरी से 30 जनवरी तक एकमुश्त भुगतान में 70 प्रतिशत तथा किश्तों में भुगतान करने पर 55 प्रतिशत बकाया अधिभार में छूट प्राप्त कर सकते हैं। एसडीओ श्री गौतम ने बताया कि घरेलू उपभोक्ता सितंबर माह तक मूल बकाया अथवा पांच हजार रुपए तक एक मुश्त में बकाया अधिभार में शत-प्रतिशत व 10 किश्तों में बकाया अधिभार पर 75 प्रतिशत,पांच हजार से अधिक के बकाएदार एकमुश्त भुगतान पर अधिभार का 70 प्रतिशत व 10 किश्तों में भुगतान करने पर अधिभार में 60 प्रतिशत का लाभ उठा सकते हैं। बीते 5 दिनों में उपखंड अधीन गोसाईगंज ग्रामीण फीडर पर साढ़े 7 सौ, बाकरगंज फीडर पर साढ़े 5 सौ, टंडौली फीडर पर ढाई सौ,गोसाईगंज टाऊन फीडर पर सवा 4 सौ एवं दिलासीगंज फीडर पर साढ़े 4 सौ उपभोक्ताओं ने अभी तक रजिस्ट्रेशन करा लिया है। गोसाईगंज फीडर के अवर अभियंता विकास पटेल ने बकाएदारों से विभागीय कठोर कार्रवाई से बचने के लिए समस्त विद्युत उपभोक्ताओं को योजना का लाभ उठाने की अपील की है। कैंप में लिपिक समर श्रीवास्तव,लवकुश, बब्बन बाबा, अजीत, प्रमोद श्रीवास्तव, रमा कांत मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी: पीयूष पाल

**अयोध्या।** पुलिस क्षेत्राधिकारी पीयूष पाल बीकापुर ने एक भेंट वार्ता के दौरान कहा की आगामी समय में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में किसी भी असामाजिक कार्य को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इसके लिए तारुन, हैदरगंज और बीकापुर तीनों जगह की प्रभारी अधिकारियों को बुलाकर बैठक की गई। बैठक में उन्हें बताया गया कि सरकार की मंशा के अनुरूप अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

क्षेत्राधिकारी ने यह भी कहा कि किसी भी अपराधी और अपराध को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, जिससे लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास में कोई कमी न आए। पुलिस की चौकसी क्षेत्र में बनी रहेगी, और चोरियों की घटनाओं को गंभीरता से लिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, ग्राम सुरक्षा समिति और चौकीदारों को भी इन मुद्दों पर समझाया गया है, ताकि यदि असामाजिक तत्व कहीं भी दिखाई दें या वे कानून के खिलाफ काम करने की योजना बना रहे हों, तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस तक पहुंचाई जाए।

# संविधान बचाने के लिये कांग्रेस देश भर में लड़ाई लड़ रही: पुनिया



अवधनामा संवाददाता

**बाराबंकी।** भाजपा सरकार के कुशासन, जंगलराज, महंगाई के खिलाफ और बाबा साहब के संविधान को बचाने की लड़ाई कांग्रेस पार्टी देश भर में लड़ रही हैं। इसी लड़ाई में 18 दिसम्बर को प्रदेश की राजधानी लखनऊ में भाजपा सरकार की निरंकुश पुलिस ने युवक कांग्रेस के उत्साही कार्यकर्ता प्रभात पाण्डेय की तथा असम राज्य के गुवाहाटी में कांग्रेस कार्यकर्ता मृदल इस्लाम की अन्याय, जुल्म तथा बर्बरता से जान ले ली। हम कांग्रेस परिवार के साथ भाजपा शासित उत्तर प्रदेश के लखनऊ एवं असम के कार्यकर्ता की असमय हुई मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उनके शोकाकुल परिवारजनों के प्रति गहरी शोक संवेदनाऐं व्यक्त करते हैं और सरकार से यह मांग करते हैं कि योगी सरकार मृतक प्रभात पाण्डेय के परिवार को 1 करोड़ रूपये की आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दें। उक्त आशय की मांग आज अपने ओबरी आवास पर पूर्व सांसद पी.एल.पुनिया ने सत्याग्रह में पुलिस की बर्बरता से अपनी जान गवां बैठे जनपद गोरखपुर के सहजनवा निवासी प्रभात पाण्डेय तथा असम राज्य के गुवाहाटी में कांग्रेस कार्यकर्ता मृदल इस्लाम के चित्र पर कांग्रेस परिवार के साथ श्रद्धासुमन अर्पित करने के पश्चात् की। कांग्रेस सत्याग्रह में अपनी जान गंवा बैठे कांग्रेस कार्यकर्ता स्व. प्रभात पाण्डेय तथा मृदल इस्लाम के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से कांग्रेस अध्यक्ष मो. मोहसिन, राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला, सरजू शर्मा, अमरनाथ मिश्रा, अजीत वर्मा, इरफान कुरैशी, केसी श्रीवास्तव, अखिलेश वर्मा, रामहरख रावत, सिकंदर अब्बास रिजवी सहित दर्जनों की संख्या में कांग्रेसजन थें।

## साइकिल रैली को कुलपति ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय आवासीय परिसर में 10/65 कपंनी एनसीसी के कैडेटस द्वारा 1857 की क्रांति को जन तक पहुँचाने के लिए साइकिल रैली निकाली गई। इस रैली का आरंभ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रैली आवासीय परिसर के विवेकानंद प्रेक्षागृह से शुरू होकर नाका बाईपास तक चलाई गई। जिसमें लगभग 35 कैडेट्स ने हिस्सा लिया। कुलपति ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम 1857 की क्रांति की वीर गाथा जनज न तक पहुँचनी चाहिए जिससे भारतीय अपने पूर्वजों पर गर्व हो। कंपनी कमांडर कैप्टन प्रो0 शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने क्रांति में शामिल महान विभूतियों को याद किया और उनसे प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में प्रो. हिमांशु शेखर सिंह, प्रो0 नीलम पाठक, डॉ0 महेंद्र पाल सिंह, डॉ0 अंशुमान पाठक, डॉ0 त्रिलोकी यादव, डॉ0 राकेश कुमार, डॉ0 शैलेन वर्मा, सीनियर अंडर ऑफिसर आकाश कुमार पांडेय, सीनियर अंडर ऑफिसर प्रसिद्ध यादव, सुनैना यादव सहित अन्य कैडेट्स मौजूद रहे।


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/फ्रेट, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/उ0रे0 |
|---|---|
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | MSS-LKO-PRG-THDPK-92-24-3 (Misc-Static-Services-Travel Help Desk/ Travelers Information and Promotional Kiosk) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 28.12.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 28.12.2024 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | MSS-LKO-PFM-THDPK-93-24-2 (Misc-Static-Services-Travel Help Desk/ Travelers Information and Promotional Kiosk) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 28.12.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 28.12.2024 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | MSS-LKO-PFM-PSKsK-91-24-2 (Misc-Static-Services-Pooja Samagri Kiosk) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 28.12.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 28.12.2024 समय 10:50 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | MSS-LKO-PRG-PSKsK-90-24-1 (Misc-Static-Services-Pooja Samagri Kiosk) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 28.12.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 28.12.2024 समय 11:00 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहॉं पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

3885/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**भारत सरकार रेल मंत्रालय**

**अनुसंधान अभिकल्प और मानक संगठन,मानक नगर, लखनऊ-226011**

**ई–निविदा सूचना**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि दि. 18.12.2024 को प्रकाशित निम्नलिखित निविदा को जिन्हें भारत संघ के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए संयुक्त निदेशक/सिविल अ.अ.मा.सं. लखनऊ द्वारा निम्नांकित कार्य हेतु आनलाइन खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्र. सं. | खुली निविदा सूचना संख्या एवं कार्य का नाम | अनुमानित मूल्य (रू0) | निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0) | बयाना राशि (रू0) | कार्य समापन अवधि | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | निविदा सूचना सं. डब्ल्यू.के.एस. 1445 डीसी दिनांक 18.12.2024 अधिकारी चैम्बर्स में विभाजन, शौवालय, वाल पैनलिग फर्श का प्राविधान और स्टोर निदेशालय, इंजन विकास प्रयोगशाला एवं ओल्ड फटिंग प्रयोगशाला में शेड का प्रावधान, आरसीसी ओएच टैंक का पुर्नवास, दरवाजे, खिडकी विभाजन दीवार, फालसीलिंग आदि सुधार कार्य इत्यादि। आरडीएसओ कालोनी मे टाईप-। और ।।। के कर्मचारी क्वार्टरों में क्षतिग्रस्त फर्श और अन्य विविध कार्यो आदि का प्रस्थापन। | 3,65,60,852.00 | 0.00 | 3,32,800.00 | 06 (छः) माह | 13.01.2025 |

उपरोक्त विस्तृत ई-निविदा प्रपत्र को भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा दिनाँक 13.01.2025 के 15:00 बजे तक मूल/संशोधित निविदा को सम्मलित किया जा सकता है। दिनाँक 13.01.2025 को ही 15:00 बजे उपरोक्त ई-निविदा संयुक्त निदेशक/सिविल कार्यालय अ.अ.मा.सं. लखनऊ में खोली जायेगी।

**संयुक्त निदेशक/ सिविल**

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से



**कार्यालय नगर पालिका परिषद-सीतापुर**

दूरभाष संख्या-05862244858 1253 ई-मेल - nodelnpp2011@gmail.com

वेबसाइट- www.nagarpalikaparishadsitapur.org.in/

पत्रांक- 1253/स्वा0अनु0/न0पा0परि0सी0/2024-25 दिनांक - 19 दिसम्बर, 2024

**सार्वजनिक सूचना**

1- एतद्दद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोई व्यक्ति/फर्म मकानो/दुकानो को निर्माण व विध्वंस मलबा (C&D Waste) नगर पालिका सीमान्तर्गत सड़को, गलियो, खाली जमीन डालते हुए पाया जाता है तो जुर्माना स्वरूप 1000.00 - 5000.00 तक वसूला जाएगा। आप लोग मकानों/दुकानो का निर्माण व विध्वंस मलबा (C&D Waste) उठवाये जाने हेतु हेल्पलाइन न0-05862-244858 अथवा 1533 पर सम्पर्क कर सकते है।

2- स्वच्छता मिशन के क्रियान्वयन हेतु फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंणन के अंतर्गत सीतापुर शहर में समस्त प्राईवेट सेप्टिक टैंक ड-स्लजिंग मशीन संचालक जिनके द्वारा विभिन्न क्षेत्रों के सोक - पिट/सेप्टिक टैंक/अन्य स्थलों के मल/मलवा निकाला जाता है, को सूचित किया जाता है कि अपनी डी-स्लजिंग मशीनो की संख्या के आधार पर नगर पालिका परिषद सीतापुर आकर निर्धारित फार्म पर रजिस्ट्रेशन शुल्क रू0 1000. 00 प्रति मशीन जमा कर अपना-अपना रजिस्ट्रेशन 1 सप्ताह में करना सुनिश्चित करें अन्यथा बिना रजिस्ट्रेशन के कोई भी प्राईवेट डी स्लजिंग मशीन परिचालित अव्यवथा में पायी जाती है तो उसी दौरान अर्थदण्ड वसूल किया जायेगा तथा अर्थदण्ड के साथ-साथ वाहन जब्ती की कार्यवाही भी की जा सकती है।

3- समस्त प्राईवेट सेप्टिक टैंक डी-स्लजिंग मशीन संचालकों के साथ ही यह भी सूचित किया जाना है कि भविष्य में आप द्वारा निकाले गए मल/मलवा को किसी भी सार्वजनिक स्थल/नाले/नालियों में न डालकर नगर पलिका परिषद सीतापुर स्थित FSTP प्लांट के मुख्य इनलेट में ही निस्तारित करें अन्यथा उक्त के अतिरिक्त किसी भी नाली, नाले, सीवर, नदी या खुले में मल/मला का निस्तारण करते हुए पाए जाने पर उनका पंजीकरण निरस्त करते हुए रू0 5000.00 का अर्थदण्ड लगाया जाएगा, जिसके लिए संबंधित निजी संचालक स्वये उत्तरदायी होगें। उक्त के संबंध में नगरवासियों द्वारा कन्ट्रोल रूम हेल्पलाईन नं0 05862-244858 व 1533 पर सूचित किय जा सकता है।

नगर पालिक परिषद सीतापुर सीमान्तर्गत निर्मित सेप्टिक टैंकों से निकलने वाली गंदगी (FEACAL SLUDGE) को साफ करने हेतु सेक्शन मशीन उपलब्ध है। जिसके लिए बड़ी सेक्शन मशीन रू0 1000.00 प्रति फेरा एवं छोटी सक्शन मशीन रू0 - 500.00 प्रति फेरा निर्धारित है। इच्छुक व्यक्ति/प्रतिष्ठान निर्धारित शुल्क जमा कराते हुए सेप्टिक टैंक की सफाई कराने हेतु हेल्पलाइन न0-05862-244858 अथवा 1533 पर सम्पर्क कर सकते है। यदि कोई व्यक्ति/प्रतिष्ठान किसी प्राइवेट व्यक्ति से सेप्टिक टैंक की सफाई करवाता है और सफाई के दौरान कोई दुर्घटना होती है तो इसके लिए सम्बन्धित नियोक्ता स्वयं जिम्मेदार होगे और ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध मैनुअल स्केवेंजर अधिनयम 2013 की धाराओ में मामला पंजीकृत कराया जायेगा।

3- एतद्द्वारा सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, सीतापुर सीमान्तर्गत खुले मे मूत्र त्याग करना पूर्णतया प्रतिबंधित है । यदि कोई व्यक्ति सड़क किनारे, पार्क, गली अथवा प्लाट में मूत्र त्याग/खुले में शौच करते हुये पकड़ा जाता है तो प्रथम बार में जुर्माना स्वरूप रू0-100.00 वसूला जायेगा। पुनः पकड़े जाने पर रू-500.00 प्रत्येक बार की दर से जुर्माना वसूला जायेगा।

4- एतद्द्वारा सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, सीतापुर सीमान्तर्गत कूड़ा जलाया जाना पूर्णतया प्रतिबंधित है। यदि कोई कूड़ा जलाते हुये पकड़ा जाता है तो जुर्माना स्वरूप रू0 - 500.00 वसूला जायेगा।

**(वैभव त्रिपाठी)**
**अधिशासी अधिकारी श्रेणी-1**
**नगर पालिका परिषद, सीतापुर।**

**(नेहा अवस्थी)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, सीतापुर।**

## खंड स्तरीय ग्रामीण खेल लीग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

# एसडीएम व ईओ ने विजई प्रतिभागी खिलाड़ियों को प्रशस्त पत्र व मेडल देकर किया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**युवा कल्याण एवं प्रादेशिक दल विभाग द्वारा आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में जुटे जूनियर व सीनियर वर्ग के खिलाड़ी**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम अंतर्गत युवा कल्याण एवं प्रादेशिक दल विभाग द्वारा आयोजित खंड स्तरीय सब जूनियर, जूनियर, सीनियर ग्रामीण खेल लीग प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार को राजकीय कन्या इंटर कॉलेज डुमरियागंज के मैदान पर किया गया। जिसमें तमाम युवा खिलाड़ियों ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में विजई प्रतिभागी खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रसस्त पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया।

जानकारी के मुताबिक एक दिवसीय ग्रामीण खेल लीग प्रतियोगिता में कबड्डी पुरुष सीनियर वर्ग में बैदौला को प्रथम स्थान, हल्लौर को द्वितीय स्थान, वॉलीबॉल प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग सीनियर में बसडिलिया को प्रथम स्थान व हल्लौर दूसरा स्थान मिला। इसके अलावा 800 मी दौड़ पुरुष सीनियर वर्ग में मोनू को प्रथम, प्रमोद को द्वितीय व बिलाल को तृतीय स्थान मिला। इसी प्रकार चक्र फेंक महिला वर्ग जूनियर में अंकिता को प्रथम, इशा द्वितीय, मीनाक्षी को तृतीय स्थान मिला। कबड्डी महिला वर्ग में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज डुमरियागंज को प्रथम स्थान, कंपोजिट विद्यालय बैदौलागढ़ को द्वितीय स्थान, वॉलीबॉल प्रतियोगिता महिला वर्ग में कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय डुमरियागंज को प्रथम, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज डुमरियागंज को द्वितीय स्थान मिला। अन्य खेल प्रतियोगिताओं में 800 मीटर दौड़ महिला जूनियर वर्ग में काजल को प्रथम, चंद्रावती को द्वितीय, अर्पिता को तृतीय स्थान मिला। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद उप जिलाधिकारी डुमरियागंज डॉ संजीव दीक्षित व विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद अधिशासी अधिकारी डुमरियागंज महेश प्रताप श्रीवास्तव ने विजई प्रतिभागी खिलाड़ियों को प्रशस्त पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी डॉ संजीव दीक्षित ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी तमाम खेल प्रतिभाएं हैं जिन्हें आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि खेलों से शारीरिक व मानसिक विकास होता है समय-समय पर ऐसे खेलों का आयोजन होते रहना चाहिए। इस मौके पर व्यायाम शिक्षक रामविलास यादव, गुलाम हुसैन रिजवी, हसन ताक़ीब रिजवी, ग्राम प्रधान जहीर फारुकी, संतोष सिंघानिया, अजीजुर रहमान, सुशील श्रीवास्तव, आशा गुप्ता वार्डेन, अकमल फारूकी, अमृतलाल, मोहम्मद शारिक आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## गाँव में चौपाल लगाकर होगा समस्याओ का निदान

**अंबेडकरनगर।** मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला ने बताया कि शासन द्वारा जनपद के प्रत्येक विकासखंड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल (गांव की समस्या, गांव में समाधान) का आयोजन किए जाने संबंधी प्राप्त निर्देश के क्रम में दिसंबर माह में 20 दिसंबर 2024 को विकास खंड टांडा के ग्राम पंचायत बड्डूपुर में तथा 27 दिसंबर 2024 को विकासखंड बसखारी के ग्राम पंचायत दायमपुर एवं डोडो एदिलपुर में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान संचालित योजनाओं का निरीक्षण एवं लाभार्थी परख योजनाओं क्रमशः मनरेगा के कार्य, मजदूरी भुगतान, महिला मेट, समूह की गतिविधियां यथा समूह गठन, बी0ओ0 सी0एल0एफ0, बी0सी0सखी, विद्युत सखी, लखपती महिला, टी0एच0आर0 प्लान्ट, पंचायत विभाग द्वारा वित्त आयोग की धनराशि से कराये गये समस्त कार्य, ग्राम पंचायत में लगायी गयी लाईटों, स्कूल संचालन, एमडीएम, सिंचाई व्यवस्था (नहर/नलकूप), संचारी रोग, टीकाकरण, राशन वितरण, उज्जवला गैस कनेक्शन, हर घर नल से जल, ऑगनबाड़ी एवं ए0एन0एम0 सेन्टर का निरीक्षण, वृद्धा, विधवा एवं विकलांग पेंशन तथा छात्रवृत्ति का सत्यापन आदि किया जायेगा।

## बैदौला चौराहे पर योगा पृथ्वी मुद्रा के फाउंडेशन का कार्य शुरू



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** प्रधानमंत्री के प्रेरणा से नगर पंचायत डुमरियागंज के बैदौला चौराहे पर योगा पृथ्वी मुद्रा की स्टेच्यू लगाए जाने के कार्य का अधिशासी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव द्वारा निरीक्षण किया गया। विगत दिनों चौराहे के दोनों तरफ रोड एवं नाले के बीच में लगभग दो फिट सी.सी. पटरी का निर्माण कराया गया था, जिससे सड़क की चौड़ाई और बढ़ गयी तथा इससे आवागमन वाहनों को मुड़ने में काफी आसानी होगी। अब बैदौला चौराहे पर गोल्डेन कलर में योगा पृथ्वी मुद्रा की स्टेच्यू लगाने हेतु फाउंडेशन का कार्य शुरू करा दिया गया है। अधिशासी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव द्वारा संबंधित ठेकेदार को कार्य मानक और गुणवत्ता पूर्वक कराने के लिए कड़े निर्देश दिए गए।

## बीडीओ व सहायक विकास अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया निरीक्षण



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास खण्ड लोटन क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत एकडेगवा मे बृहस्पतिवार की शाम को संयुक्त रूप से सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण किया गया जिसमें खण्ड विकास अधिकारी ओमप्रकाश गुप्ता व सहायक विकास अधिकारी दिलीप पटेल द्वारा किया गया। सामुदायिक शौचालय पर केयर टेकर इसरावती देवी मौजूद रही खण्ड विकास अधिकारी द्वारा कहा गया की सामुदायिक शौचालय पर हर समय मौजूद दे और साफ सफाई पर भी ध्यान रहे कोई शिकायत नही मिलना चाहिए।

## भगवान भक्तों के साथ अपने स्नेह रिश्ते को निभाने के लिए अवतार लेते हैं : आचार्य श्रीकृष्ण शास्त्री

अवधनामा संवाददाता

**धनोहरी में वामन अवतर व श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनाई**



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के धनोहरी में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन बुधवार की रात कथा वाचक आचार्य श्रीकृष्ण शास्त्री ने बताया कि भगवान भक्तों के साथ अपने स्नेह रिश्ते को निभाने के लिए अवतार लेते हैं। भगवान की वस्तुओं को भगवान को समर्पित कर जीवन मुक्ति को प्राप्त होता है। भगवान सदा भक्ति के अधीन होते हैं जहां भक्त की निष्ठा हो जाए भगवान वहीं आ जाते हैं जैसे भक्त श्री पहलाद जी की निष्ठा खंबे में थी भगवान खंबे से प्रकट हो गए नरसिंह भगवान। कथा को आगे बढाते हुए श्रीकृष्ण शास्त्री ने प्रभु के वामन अवतार के वृतांत का विस्तार पूर्वक वर्णन भक्तों को करवाया एवं कृष्ण जन्मोत्सव को बड़ी धूमधाम से मनाया।आचार्य शास्त्री ने बताया कि भगवान के धरती पर आने का कारण है कि जब पृथ्वी लोक पर पाप बढ़ जाते हैं, तब भगवान धर्म और धरती की रक्षा व युगों-युगों से भक्तों के साथ अपने स्नेह रिश्ते को निभाने के लिए अवतार लेते है। इस दौरान मुनेश्वर चौधरी, सावित्री, राज, विजय, ज्ञान प्रकाश आदि उपस्थित रहे।

## धान क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया

अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने मण्डी परिसर में स्थित भारतीय खाद्य निगम एवं मंडी समिति धान क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने पाया कि भारतीय खाद्य निगम केंद्र पर तौल हो रही है, नमी मापक यंत्र एवं कांटे सही से कार्य कर रहे है। उन्होने तौले जा रहे धान का नमी परीक्षण करवाया, जो 13 प्रतिशत पाया, वो मानक 17 प्रतिशत के अंतर्गत है तथा वहॉ उपस्थित कृषकों से उन्होने तौल के बारे में पूछा जाने पर कृषको ने बताया कि कोई समस्या नहीं है। मंडी समिति वाले केंद्र पर उन्होने पाया कि कोई तौल नहीं हो रही है तथा मंडी समिति द्वारा मिल को धान प्रेषण भी बहुत कम अर्थात 22 प्रतिशत ही है। उन्होने वहॉ उपस्थित संबंधित अधिकारी से कारण पूछा, तो बताया गया कि पिछली तौल कल हुई है तथा अनुबंध विलम्ब से हुआ है। इस स्थिति पर जिलाधिकारी ने क्रय केंद्र की वर्तमान कार्य उपलब्धि पर असंतोष व्यक्त किया।

## दोस्त का अपहरण कर मांगी सात लाख की फिरौती

अवधनामा संवाददाता



**अंबेडकनगर।** सात लाख रुपये की फिरौती के लिए दोस्त ने ही युवक का अपहरण कर लिया। पुलिस ने 24 घंटे के भीतर घटना का पर्दाफाश करते हुए मुख्य आरोपी व उसके पांच सहयोगियों को गिरफ्तार कर लिया। युवक को सकुशल परिजनों को सौंपने के साथ ही पुलिस ने घटना में प्रयुक्त चार पहिया वाहन व तीन मोबाइल भी बरामद किए हैं। आरोपियों में कई के खिलाफ कई थानों में मुकदमे दर्ज हैं। बसखारी थाना क्षेत्र के भिटौरा उत्तर गांव का निवासी शैलेश कुमार (30) मंगलवार दिन में बसखारी बाजार गया था। यहां अयोध्या जनपद के तारुन थाना अंतर्गत रामपुर भगन निवासी उसका दोस्त अमित सोनी बाइक से मिलने पहुंचा। कुछ देर बाद उसने अपने अलग-अलग दोस्तों को एक चार पहिया वाहन से बसखारी बुला लिया। इसके बाद चार पहिया वाहन पर शैलेश को लेकर अमित व अन्य लोग वहां से एक गांव चले गए। मंगलवार को ही इसके बाद शैलेश के घर फोन कर फिरौती मांगी। कहा कि रकम न देने पर युवक की हत्या कर दी जाएगी। पुलिस के अनुसार बदमाशों ने रकम बढ़ाते-बढ़ाते सात लाख रुपये की मांग की। युवक के परिजनों ने डायल 112 को देर रात मामले की जानकारी दी। सवा दस बजे करीब बसखारी थाने की पुलिस युवक के घर पहुंची। पुलिस अधिकारियों को पूरे मामले से अवगत कराया गया। रात में ही बसखारी पुलिस के अलावा स्वॉट टीम के अफसर भी जांच-पड़ताल में जुटे।

## कबड्डी बालिका वर्ग में द वंडर यूथ क्लब की टीम ने ट्राफी पर बनाया कब्जा



अवधनामा संवाददाता

**युवा कल्याण विभाग ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में छिपी प्रतिभा निखारने का कर रही काम**

**कुदरहा, बस्ती।** कुदरहा ब्लाक के राघव रामबचन शिवा सरस्वती विद्यापीठ के परिसर में युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के तहत खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख अनिल दुबे व विशिष्ट अतिथि भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष ब्रह्मदेव यादव देव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। ब्लाक प्रमुख अनिल दुबे ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा कल्याण विभाग ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में छिपी प्रतिभा निखारने का काम कर रही है। इसके लिए प्रदेश सरकार गांव में युवक मंगल दल का गठन कर बच्चों को खेल के प्रति जागरूक कर रही है। इस द्वाबा क्षेत्र के बच्चे ब्लाक व जनपद का नाम रोशन करेंगी। विशिष्ट अतिथि भाजपा पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष ने कहा कि पढाई के साथ ही साथ खेल अवश्य खेलना चाहिए। स्वस्थ्य शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। खेल जगत में भी बच्चों का कैरियर सवर रहा है। 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में राजेश यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर दौड़ में संगीता प्राथम स्थान प्राप्त कर बाजी मारी। लंबी कूद बालिका वर्ग में रिया व ऊंची कूद में खुशी ने जीत हासिल की। कबड्डी बालिका वर्ग में द वंडर यूथ क्लब की टीम जीत दर्ज कर ट्राफी पर कब्जा बनाया। कार्यक्रम आयोजन क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी राधा गुप्ता ने आए हुए अतिथियों का स्वागत कर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में एडीओ आईएसबी देवेंद्र प्रसाद यादव, एडीओं समाज कल्याण कुलदीप यादव, अभिनव, चौकी इंचार्ज कुदरहा राम अशोक यादव, रामशंकर, अवनीश, आदित्य, रामअवध, दिलीप,रामप्रीत, बजरंगी लाल, पवन कुमार, हरिगोविंद सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## ठेकेदार की मनमानी का स्थानीय लोगों ने लगाया आरोप



**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जनपद के अकबरपुर-बसखारी मार्ग पर बन रहे दो पुलों में घटिया सामग्री के इस्तेमाल को लेकर स्थानीय लोग नाराज हैं। बरियावन और पलई रामनगर के बीच हो रहे पुल निर्माण में ठेकेदार द्वारा घटिया बालू और मोरंग का इस्तेमाल किया जा रहा है। यह खबर प्रशासन की भ्रष्टाचार मुक्त अभियान पर सवाल उठा रही है। अकबरपुर-बसखारी मार्ग के चौड़ीकरण के दौरान पुलिया का निर्माण किया जा रहा है, लेकिन यहां कार्यदायी संस्था द्वारा गुणवत्ता विहीन सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। दीवार निर्माण के लिए घटिया किस्म का मोरंग और बालू प्रयोग किए जाने की जानकारी सामने आई है। इससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर प्रश्नचिह्न लग रहा है स्थानीय लोगों का आरोप है कि ठेकेदार खुलेआम घटिया सामग्री का प्रयोग कर रहे हैं, जिससे पुलों की मजबूती और सुरक्षा पर संकट उत्पन्न हो सकता है। प्रशासन के भ्रष्टाचार मुक्त अभियान पर इस घटिया सामग्री के इस्तेमाल से सवाल उठ रहे हैं।वहीं, निर्माण खंड के अधिशाषी अभियंता अश्वनी कुमार ने इस पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने बताया कि पुल निर्माण में घटिया मोरंग के इस्तेमाल की जानकारी मिलने पर उन्होंने मौके पर पहुंचकर निर्माण का निरीक्षण किया और मोरंग हटाने के निर्देश दे दिए हैं।

## दुकान का ताला तोड़कर करीब एक लाख की चोरी

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गीडा थाना क्षेत्र के साथीपार निवासी एक दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने उसमें रखा नकदी और सामान चुरा ले गए है। पीड़ित के शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से गीडा थाना क्षेत्र के साथीपार निवासी शिवकुमार विश्वकर्मा पुत्र स्व रामदरश जिसका केवला सुंदरा में दुकान है। 4 दिसंबर की रात्रि में चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर उसमें रखा 10 हजार रुपया, हेलमेट, हीटर वर्तन, कपूर भीम सेनी, इकीस हजार पांच सौ का सादा कपूर है सादा गत्ता करीब 15 हजार का चुरा कर फरार हो गए। पीड़ित के तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## फिट इंडिया कार्यक्रम से उत्साहित हैं बच्चे

**बस्ती।** फिट इंडिया कार्यक्रम के तहत गौर विकास क्षेत्र के पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय मुसहा में रोजाना शारीरिक गतिविधियां सचालित की जा रही हैं। बच्चों को खेल की विभिन्न विधाओं से परिचित कराने के साथ साथ उनकी रूचि के अनुसार खेलों में उन्हे निपुण बनाया जा रहा है। इसमे खेल की जिम्मेदारी संभाल रहे अध्यापक व अन्य स्टाफ पूरे मनोयोग से लगे हैं।

प्रधानाध्यापक रामसजन यादव ने बताया कि फिट इंडिया कार्यक्रम के तहत आयोजित की जा रही गतिविधियों को लेकर बच्चों में अच्छा खासा उत्साह देखा जा रहा है। फिट इंडिया निश्चित रूप से ग्रामीण प्रतिभाओं को शिखर तक पहुचाने की प्राथमिक सीढ़ी सिद्ध होगी। इस अवसर पर स्कूल परिसर में खो खो, कबड्डी, कूद, दौड़, रिले रेस, रस्सी कूद, रस्साकसी, योगा आदि का विधिवत अभ्यास कराया कराया जा रहा है। गुरूवार को विद्यालय परिसर में आयोजित अभ्यास के दौरान जगदीश कुमार, दशरथनाथ पांडे, विजय कुमार श्रीवास्तव, शंकराचार्य, खेल अनुदेशक रमेश चंद, फूलचंद यादव, विमला देवी, कुमकुम लता श्रीवास्तव आदि की मौजूदगी रही।

## महामाया राजकीय मेडिकल कालेज के निर्माणाधीन परियोजनाओ का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

दानिश मेहदी



**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने महामाया राजकीय मेडिकल कालेज सद्दरपुर, के परिसर में निर्माणाधीन परियोजनाओं का मौके पर पहुॅच कर औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के क्रम में सर्वप्रथम कार्यदायी संस्था उप्र स्टेट कॉन्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट कॉरपोरेशन लि अम्बेडकरनगर द्वारा निर्मित कराये जा रहे राजकीय मेडिकल कालेज, अम्बेडकरनगर की सड़कों के रेनोवेशन कार्य का निरीक्षण किया गया।

निर्माण इकाई के सहायक अभियन्ता अतुल कुमार श्रीवास्तव द्वारा अवगत कराया गया कि सड़कों के रेनोवेशन का कार्य 4800 मीटर, 50 एम0एम0 डी0वी0एम0 कार्य पूर्ण है, शेष कार्य प्रगति पर है। सड़क के दोनों तरफ इन्टरलाकिंग कार्य 1385 मीटर पूर्ण है, शेष कार्य प्रगति पर है। नाली मरम्मत का कार्य 1160 मीटर पूर्ण है, शेष कार्य प्रगति पर है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी का रूख बहुत सख्त रहा। मौके पर उपस्थित तकनीकी अधिकारी अधिशासी अभियन्ता-ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के माध्यम से दो स्थानों से निर्मित सड़क की खुदाई कराकर जिलाधिकारी ने अपने सामने ही सैम्पल एवं सड़क की मोटाई की पुष्टि किया तथा अधिशासी अभियन्ता-ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग को सड़क में प्रयुक्त हुई सामग्री की गुणवत्ता जॉच कराकर रिपोर्ट मॅगाने के निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त निर्माण इकाई उ0प्र0 स्टेट कॉन्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट कॉरपोरेशन लि0 द्वारा मेडिकल कालेज परिसर में ही दूसरी परियोजना 50 शैय्या क्रिटिकल केयर ब्लाक का निर्माण कार्य जिसकी स्वीकृत लागत रू0 16.62 करोड़ है का भी मौके पर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय निर्माण इकाई के सहायक अभियन्ता द्वारा बताया गया कि यह परियोजना वर्ष 2023 में स्वीकृत है। कार्य पूर्ण किये जाने की लक्षित तिथि मार्च-2025 है। निरीक्षण के समय बताया गया कि 47 मजदूर मौके पर कार्य कर रहे है।

## नर्सिंग छात्रों ने लैम्प लाइटिंग सेरेमनी में मरीज़ों की सेवा का लिया संकल्प



अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** कॉलेज आफ नर्सिंग गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अंबेडकरनगर मे शुक्रवार को लैंप लाइटिंग का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें नर्सिंग कॉलेज के स्टूडेंट्स ने मरीजों की हमेशा सेवा करने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मेडिकल कॉलेज अंबेडकर नगर के प्रिंसिपल डॉक्टर आभास कुमार सिंह एवं उप प्रधानाचार्य डॉ उमेश वर्मा एवं कॉलेज आफ नर्सिंग गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अंबेडकर नगर के प्रधानाचार्य डॉक्टर इलकवाना भास्कर राज एवं को उप प्रधानाचार्य डॉक्टर सुमित कुमार शर्मा जी उपस्थित रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रियंका वर्मा ने बहुत ही सुचारू रूप से किया। लैंप लाइटिंग समारोह में बीएससी नर्सिंग के तीसरे बैच में शपथ ग्रहण समारोह भी किया तथा संकल्प लिया की कभी किसी मरीज को कोई भी क्षति नहीं पहुंचाएंगे और सदैव मानवता की सेवा और मरीजों की देखभाल करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में सभी स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए डॉ. आभास कुमार सिंह ने कहा कि आपलोग अपने स्वास्थ्य के क्षेत्र में पूरी ईमानदारी व लगन से कार्य करें। पूरी निष्ठा से रोगी की इलाज करना चाहिये। और कहा कि देश के कोई कोने में जाएं, सेवा भावना से काम करें एवं कॉलेज ऑफ नर्सिंग प्रिंसिपल डॉ ई भास्कर राज ने कहा कि फलोरिंस नाइटिंगेल को लेडी विद द लैंप के नाम से पुकारा जाता है। इन्होंने ही नर्सिंग पेशे को सम्मानित दर्जा दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

## मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह ने आयुक्त सभागार में मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक को सम्बोधित करते हुए परियोजना निदेशक एनएचआई को निर्देशित किया कि एन.एच. 28 पर हर्रैया एवं छावनी के मध्य अंधे मोड होने के कारण दुर्घटना की सम्भावना को कम करने हेतु पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था एवं बड़े संकेतक चिन्ह लगाये जाये। उन्होने पटेल चौक, हर्रैया, नवीन मण्डी के पास गड्ढे को ठीक कराने का भी निर्देश दिया है। उन्होने गति सीमा संकेतक भी लगाये जाने का निर्देश दिया है। उन्होने एन.एच.आई. पर स्थित वैध तथा अवैध कटो पर सर्वेक्षण कर आख्या उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। उन्होने ब्लैक स्पॉट एवं दुर्घटना क्षेत्र की पहचान कर सुधारात्मक उपाय करने के निर्देश दिये है। उन्होने यातायात नियमों का पालन ना करने वाले वाहन स्वामियों पर प्रवर्तन कार्यवाही किए जाने का निर्देश एआरटीओ पंकज कुमार को दिया है।

## मौलाना आज़ाद गर्ल्स कालेज के संस्थापक की 11वीं पुण्यतिथि मनायी

अवधनामा संवाददाता




**जलालपुर अंबेडकरनगर।** मौलाना आजाद गर्ल्स इण्टर कॉलेज के संस्थापक स्वर्गीय मौलाना शफीक अहमद कासमी की 11वीं पुण्यतिथि मौलाना आजाद गर्ल्स इण्टर कॉलेज में श्रद्धापूर्वक मनाई गई।

मौलाना आजाद गर्ल्स इण्टर कॉलेज के संस्थापक, जलालपुर नगर की प्रसिद्ध एवं बहुचर्चित उर्दू बाजार के जनक, महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अपना संपूर्ण जीवन न्योछावर करने वाले महान शिक्षाविद,समाज सुधारक, उर्दू साहित्य के सुप्रसिद्ध लेखक, रचनाकार,प्रखर वक्ता,गरीबों के मसीहा, असाधारण व्यक्तित्व के धनी, स्वर्गीय मौलाना शफीक का जलालपुर की अदबी और इल्मी जमीन पर 11 साल पहले 19 दिसंबर 2013 को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था।कई शिक्षण संस्थाओं की नींव की ईट,आलिमेदीन,धर्म विशारद मौलाना शफीक अहमद कासमी की पुण्यतिथि पर मौलाना के हाथों कायम किए गए मौलाना आज़ाद गर्ल्स इंटर कॉलेज जलालपुर परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम, कुरान खुवानी,पौधारोपण समेत विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौलाना यूं तो पड़ोसी जनपद आजमगढ़ के राजेपुर गांव में 10 अप्रैल 1949 को पैदा हुए लेकिन उनकी परवरिश जलालपुर में हुई जहां की अदबी और समाजी फिजा ने उन्हें हिंदुस्तान में मशहूर कर दिया। जलालपुर के ÷मदरसा करामतिया दारुल फैज़÷में शिक्षा देते हुए मौलाना ने अपनी 63 वर्षीय वर्षीय जिंदगी में दर्जन भर से अधिक मजहबी किताबें भी लिखी।उनकी लिखी किताबों में ईमानी तकरीरें, हरमैन तक, निजामत और खिताबत सीखिए,चमन नाम की पुस्तकें शामिल हैं।इतना ही नहीं मौलाना शफीक अहमद कासमी की लिखी किताब ÷हमारा दीन÷को कई मदरसों ने अपने कोर्स में भी शामिल कर लिया जो आज तक पढ़ाई जाती है।अपने कारनामों और सामाजिक खिदमात की वजह से वह रहती दुनिया तक याद किए जाते रहेंगे।विद्यालय प्रबंधक मौलाना मोहम्मद खालिद कासमी ने कहा कि कमजोर वर्ग के प्रति उनके मन में गहरी संवेदना थी।उन्हें समाज के विकास की मुख्य धारा में लाने के लिए उन्होंने हमेशा शिक्षा को प्राथमिकता दी।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मौलाना नजीबुल्लाह साहब ने स्वर्गीय मौलाना शफीक अहमद कासमी के जीवन वृतांत पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डालते हुए शिक्षा के प्रचार प्रसार एवं सामाजिक जीवन से जुड़े तमाम संस्मरणों को साझा किया।जनाब मास्टर इसरार अहमद साहब प्रधानाध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय चिलवानियाँ ने स्वर्गीय मौलाना शफीक अहमद कासमी को शिक्षा की अलख जगाने वाला युग पुरुष बताया।

## 'भगदड़' एक सरकारी नाकामी

आज भीड़-प्रबंधन की बात करते हैं, क्योंकि यह व्यापक स्तर पर इनसानी मौतों से जुड़ा मुद्दा है और उसके प्रति लापरवाही का रवैया रहा है। देश के कई हिस्सों में भीड़-प्रबंधन की नाकामी और नालायकी के कारण भगदड़ मचती रही है। अक्सर पुलिस की नाकामी करार दी जाती रही है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने 2014 में 95 पन्नों के दिशा-निर्देश जारी किए थे कि भीड़ को भगदड़ में तबदील होने से कैसे रोका जाए? इसी साल नरेंद्र मोदी पहली बार देश के प्रधानमंत्री चुने गए थे। इन दिशा-निर्देशों के बावजूद भगदड़ें मचती रही हैं। इसी साल जुलाई में हाथरस (उप्र) में एक धार्मिक सत्संग में भीड़ बेकाबू हो गई और भगदड़ में करीब 125 मौतें हो गईं। सिर्फ आयोजकों को जेल में डाल कर घटना की इतिश्री कर दी गई। हाल ही में हैदराबाद में 'पुष्पा-2' फिल्म के प्रीमियर पर भीड़ अनियंत्रित हो गई, कुछ मौतें हो गईं, पुलिस ने अभिनेता अल्लू अर्जुन को गिरफ्तार कर लिया। अदालत ने उन्हें जमानत दे दी। क्या भगदड़ का कारण यही था? दरअसल अंग्रेजी में जिस शब्द का अर्थ 'भगदड़' है, वह घोड़ों और पशुओं की भगदड़ है, जो डर कर या उत्तेजित होकर एक ही दिशा में भागने लगते हैं।

तब भगदड़ मच जाती है। 'इनसानी भगदड़' कुछ और है, उसके कारण भी भिन्न हैं, उनके लिए यह बहाना नहीं बनाया जा सकता कि सरकार ने दिशा-निर्देश जारी नहीं किए अथवा पुलिस, प्रशासन को उचित प्रशिक्षण नहीं दिया गया अथवा सरकार का रवैया संवेदनशील नहीं है। फिल्म 'पुष्पा-2' के संदर्भ में वह भगदड़ नहीं थी, बल्कि भीड़ की कुचलन की स्थिति थी, क्योंकि जिनकी मौतें हुई हैं, उनके शरीरों पर पैरों से कुचलने, रौंदने या चोट के निशान नहीं थे। यानी भीड़ इतनी ज्यादा और अनियंत्रित थी कि लोग सांस लेने में असमर्थ रहे, नतीजतन मौतें हुईं। ऐसी कुचलन की स्थितियां भी पैदा नहीं होनी चाहिए। भारत में पहली भगदड़, देश की आजादी के बाद, 1954 के महाकुंभ के दौरान मची थी, जिसमें करीब 800 लोग मारे गए थे। वह पहली राष्ट्रीय त्रासदी थी। 2019 के आम चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी ने इस त्रासदी को भी चुनावी मुद्दा बनाया और उस कुप्रबंधन के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और कांग्रेस को आरोपित किया, जमकर कोसा। भारत के आधुनिक इतिहास में वह अभी तक की सबसे त्रासद भगदड़ थी। आज हमारे पास दिशा-निर्देश हैं, कम्प्यूटर विजन सिस्टम है, जो भीड़ से उत्पन्न होने वाले जोखिमों के प्रति सचेत करता है, लेकिन सरकारों और पुलिस का रवैया रहा है-'सब चलता है।' राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने खुलासा किया है कि अब भी भगदड़ की नौबत आती रहती है, क्योंकि अधिकतर सरकारों ने दिशा-निर्देश लागू ही नहीं किए हैं। यह बेहद गंभीर लापरवाही है। एक-एक इनसान और नागरिक देश के लिए मूल्यवान है।

उन्हें भगदड़ में कुचला या मारा नहीं जा सकता। इस नालायकी और अनदेखी के लिए राज्य सरकारों को दंडित करने का प्रावधान भी होना चाहिए। संसद में उस प्रावधान को पारित किया जाए, ताकि कोई भी सरकार संघीयवाद के हनन का आरोप न लगा सके। भगदड़ की स्थिति से निपटने के लिए 'मॉक ड्रिल' की जाएं और मजबूत, ठोस संस्थानगत प्रणालियां विकसित की जाएं, ताकि पुलिस और प्रशासन के बूते ही न रहना पड़े। 'मॉक ड्रिल' के साथ-साथ बड़ी भीड़ के प्रबंधन के लिए प्रौद्योगिकी का भी इस्तेमाल किया जाए। अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों का मानना है कि कृत्रिम बौद्धिकता (एआई) और कम्प्यूटर विजन का इस्तेमाल भी किया जाए।

## राष्ट्रीय चरित्र निर्माण और राष्ट्रवाद



संजीव ठाकुर

राष्ट्रीय चरित्र और राष्ट्रवाद शालाओं की बुनियादी शिक्षा कक्षाओं और गुरु और शिष्य के साथ देश के प्रति समर्पण के भाव से प्रस्फुटित होता है। राष्ट्रवाद राष्ट्र की रक्षा, अखंडता एवं सशक्तिकरण के भाग्य को संरक्षित कर सुदृढ़ बनाता है। स्वतंत्रता के बाद विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी के स्वप्न दृष्टा प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने देश के भावी भविष्य को पहचानते हुए बुनियादी कक्षाओं की राष्ट्रवाद के निर्माण में भूमिका को सहजता से पहचान लिया और अमेरिका की तर्ज पर भारत को तकनीकी तौर पर एक शक्तिशाली राष्ट्र बनाने के लिए अमेरिका के एमआईटी की तर्ज पर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान स्थापित करवाया था ।जब खड़कपुर आईआईटी की स्थापना की गई थी तब उन्होंने अतिथि के रूप में अपने भाषण में कहा की भारत को वैज्ञानिक महाशक्ति बनाने का दायित्व इन्हीं आई,आई,टी की कक्षाओं शिक्षकों एवं छात्राओं का होगा, वे राष्ट्र को तकनीकी दिशा में मील का पत्थर बनाने में साबित होंगे। वर्तमान में भारत आज अंतरिक्ष की बड़ी शक्तियों की कतार में शामिल है। इसके पीछे भारत के कई वैज्ञानिक सीवी रमन ,विक्रम साराभाई, सतीश धवन जैसे बड़े वैज्ञानिकों द्वारा विकसित इसरो संस्थान है जिसकी कक्षाओं में मंगल तक भारतीय तिरंगे को लहराया. भाभा एटॉमिक परमाणु शक्ति बन गया है। वैश्विक स्तर पर हर बड़े स्पेस रिसर्च सेंटर पर भारत की इंजीनियर और वैज्ञानिक अपनी सेवाएं दे रहे हैं। आज अमेरिका आर्थिक महाशक्ति बनने के पीछे उसके विश्वविद्यालय, संस्थाएं हैं। हावर्ड बिजनेस स्कूल विश्व स्तरीय व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में से एक माना जाता है। आर्थिक सामाजिक तथा वैज्ञानिक शोध संस्थाओं में अधिकाधिक धनराशि खर्च करके अमेरिका, रूस, ब्रिटेन ,चीन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा ने विश्व में सर्वश्रेष्ठ बुद्धिजीवी दिए हैं। यह तो तय है कि कोई भी देश का भाग्य तभी उन्नत तथा विकसित होगा जब वहां के छात्र शिक्षक एवं आमजन न्याय, समता, प्रबुद्धता के प्रति अपनी अडिग प्रतिबद्धता रखें। आने वाली पीढ़ी यानी कि वर्तमान के बच्चे और भविष्य के नागरिक ही किसी देश का भविष्य निर्माण करते हैं और यह भी तय रहता है कि बुद्धिमान शिक्षक अपने छात्रों के माध्यम से किसी महान राष्ट्र की नींव रखते हैं। किसी भी महान राष्ट्र का निर्माण रातों-रात नहीं होता है इसके लिए पीढीयो का योगदान और श्रेष्ठ शिक्षक एवं छात्रों की लग्न शीलता और मेहनत की प्रतिबद्धता होती है। 1960 और 70 के दशक में चीन में गठित सांस्कृतिक क्रांति कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, खेतों ,कारखानों को एकता में बांधकर सक्रिय नीति का प्रयोग कर सभी को एक सूत्र में बांधा गया था। जापान तो प्राथमिक कक्षाओं से उपजे राष्ट्रवाद, अनुशासन तथा कर्तव्य बोध के लिए सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रहा है, जापान में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पराजय का कड़वा घूंट पीने के पश्चात कमजोर एवं मृतप्राय जापान को एक शक्तिशाली आर्थिक राष्ट्र बना दिया। इसके विपरीत वर्तमान कक्षाएं प्रेम, अनुशासन ,करुणा जैसे पाठ ना सिखा कर ईर्ष्या, कंपटीशन, हिंसा, कटुता जैसे अध्याय सिखा कर राष्ट्र के भविष्य को गर्त में ले जा रही है। देश के अनेक विश्वविद्यालय हड़ताल, हिंसा, जाति भेदभाव, आपत्तिजनक नारों जैसे विसंगतियों का सामना कर रहे हैं। कक्षाओं का नैतिकता, सहिष्णुता ,अनुशासन से कटाव केवल भारत में नहीं पूरे विश्व में इसका फैलाव हो चुका है। अमेरिका तथा यूरोपीय देशों में स्कूलों का कक्षाओं में गोली कांड इसके बड़े विकृत उदाहरण हैं। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपने ट्रीस्ट विद डेस्टिनी के भाषण में भूख, भय, बीमारी, अज्ञान से पूर्णता मुक्ति की बात को भारत की नियति या डेस्टिनी कहा है। वर्तमान में इस बात पर जोर दिया जाना चाहिए की कक्षाओं को चरित्र निर्माण ,अनुशासन ,उत्कृष्ट नवाचार ,लोकतांत्रिक विचार संरचना का केंद्र बनाकर इसकी शिक्षा दीक्षा दी जानी चाहिए। कक्षाओं से बच्चे आर्थिक रूप से प्रौद्योगिकी स्थापित कर स्वयं अपने पैरों पर खड़े होकर आने वाले वर्षों में कई युवाओं को रोजगार देकर संपूर्ण पर्यावरण की रक्षा तथा राष्ट्र के उत्कर्ष को सही दिशा देने का काम करेंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,

**जस्टिस बी. वी. नागरत्ना और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की बेंच ने कहा कि वैवाहिक विवाद से पैदा हुए आपराधिक मामले में परिवार के सदस्यों की सक्रिय भागीदारी को इंगित करने वाले विशिष्ट आरोपों के बिना उनके नाम का जिक्र शुरू में ही रोक दिया जाना चाहिए। देश में महिलाओं को संरक्षण व सुरक्षा देने के लिए हमारे यहां कई कानूनी प्रावधान किए गए हैं। इसमें संदेह नहीं कि ये कानूनी सुरक्षा कवच महिलाओं को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं।**

# दहेज कानून के दुरुपयोग पर प्रभावी रोक की जरूरत



रोहित माहेश्वरी

दहेज प्रथा हमारे समाज की एक पुरानी परंपरा है, जिसने समय के साथ कई रूप धारण किए हैं। पहले, यह एक ऐसी प्रथा थी जिसमें वर पक्ष को विवाह के समय वधू के परिजनों से आर्थिक, भौतिक या अन्य प्रकार की सहायता प्राप्त होती थी। इसे एक सामाजिक कर्तव्य के रूप में देखा जाता था, लेकिन आज यह प्रथा एक गंभीर समस्या बन गई है। आजकल, दहेज कानून का दुरुपयोग महिलाओं के लिए एक बड़ा हथियार बन गया है। यह एक ऐसा विषय है जिसने समाज को दो हिस्सों में बांट दिया है। एक ओर, जहां दहेज के कारण कई महिलाएं अपने जीवन को संकट में डाल देती हैं, वहीं दूसरी ओर, कई पुरुष इस प्रथा के झूठे मामलों में फंसकर अपनी जान तक गंवा देते हैं।

ताजा प्रकरण बेंगलुरु के एआई इंजीनियर अतुल सुभाष की खुदकुशी का है। अतुल की खुदकुशी से सोशल मीडिया पर जबरदस्त आक्रोश है। सुभाष ने पत्नी के कथित उत्पीड़न से आजिज आकर जान दे दी। उनके खिलाफ पत्नी ने दहेज उत्पीड़न, हत्या समेत 9 केस दर्ज करा रखे थे। सुभाष ने खुद को बेगुनाह बताते हुए 24 पन्ने का सुसाइड नोट और 80 मिनट के रिकॉर्डेड वीडियो संदेश में पत्नी के अत्याचारों को बयां किया था। उनका लिखा नोट और वीडियो के क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हैं। संयोग से जिस दिन 11 दिसम्बर को वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हुआ उसी दिन सुप्रीम कोर्ट ने दहेज उत्पीड़न से जुड़े कानून पर चिंता जताते हुए कहा कि ऐसे मामलों की सुनवाई में अदालतों को सावधानी बरतनी चाहिए। पति के सगे-संबंधियों को फंसाने की प्रवृत्ति को देखते हुए निर्दोष परिवार के सदस्यों को अनावश्यक परेशानी से बचाना चाहिए। जस्टिस बी. वी. नागरत्ना और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की बेंच ने कहा कि वैवाहिक विवाद से पैदा हुए आपराधिक मामले में परिवार के सदस्यों की सक्रिय भागीदारी को इंगित करने वाले विशिष्ट आरोपों के बिना उनके नाम का जिक्र शुरू में ही रोक दिया जाना चाहिए। देश में महिलाओं को संरक्षण व सुरक्षा देने के लिए हमारे यहां कई कानूनी प्रावधान किए गए हैं। इसमें संदेह नहीं कि ये कानूनी सुरक्षा कवच महिलाओं को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। लेकिन जब ऐसे ही किसी सुरक्षा कवच का दुरुपयोग होता दिखे तो चिंता होना स्वाभाविक है। बेंगलूरु के एक आईटी पेशेवर की आत्महत्या से जुड़ा मामला इन दिनों चर्चा में है क्योंकि उसने जो सुसाइड नोट छोड़ा है, उसमें अपनी अलग रह रही पत्नी के साथ-साथ ससुराल वालों पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। इस प्रकरण के बीच ही दो दिन पहले सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि अदालतों को दहेज उत्पीड़न् के मामलों में कानून के दुरुपयोग को रोकने के लिए सावधानी बरतनी चाहिए। यह भी देखना चाहिए कि कहीं इसकी



आड़ में पति के रिश्तेदारों को फंसाया तो नहीं जा रहा। शीर्ष अदालत ने साथ ही यह भी जोड़ा कि घरेलू विवाद में कई बार पति के परिवार के सभी सदस्यों को फंसाने की कोशिश की जाती है।

हालांकि दहेज प्रताड़ना को गैर जमानती अपराध बनाने का मकसद प्रताड़ित महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करना रहा है। इसीलिए पूर्ववर्ती आईपीसी की धारा 498-ए (अब भारतीय न्याय संहिता-2023 की धारा 85 और 86) में इस अपराध के लिए सजा का प्रावधान है। लेकिन इस कानूनी प्रावधान के दुरुपयोग को देखते हुए वर्ष 2010 में भी सुप्रीम कोर्ट ने इसमें बदलाव की जरूरत की बात कही थी। दुरुपयोग के बढ़ते मामलों के बीच सच यह भी है कि बड़ी संख्या में दहेज प्रताड़ना की शिकार महिलाओं को कानूनी प्रावधानों की वजह से न केवल न्याय मिला है बल्कि दहेज लोलुपों को सजा भी दी गई है। लेकिन कड़वी सच्चाई यह भी है कि दहेज के झूठे मामलों के कारण कई निर्दोष व्यक्तियों व उनके परिवारों को लंबे समय तक प्रताड्ना व सजा तक झेलनी पड़ती है। वे न केवल मानसिक प्रताड्ना का शिकार होते हैं बल्कि सामाजिक रूप से भी अलग-थलग हो जाते हैं। यों तो दहेज के झूठे मामले दर्ज कराने पर भी सजा का प्रावधान है, लेकिन कई कानूनी अड़चनों के बीच ऐसे मामले भी पीड़ित पक्ष को तोड़कर रख देते हैं।

कानून के जानकार मानते हैं कि सुप्रीम कोर्ट के तमाम जो फैसले आए, उसमें यह कहा गया कि महिलाएं इस कानून का दुरुपयोग कर रही हैं। इस मामले में पति और पति के सारे रिश्तेदारों को जो वहां मौजूद नहीं हैं, उनको भी फंसाया जा रहा है। जिसकी वजह से झूठे मुकदमों का उनको सामना करना पड़ रहा है।

सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे ही एक मामले में टिप्पणी की थी कि जहां शादीशुदा जोड़ा रहता है, वहां अगर परिवार के अन्य सदस्य रहते हैं तो उनके खिलाफ मुकदमा दायर होने से पहले जांच होगी। अगर मुकदमा दायर भी हो गया तो गिरफ्तारी से पहले इसको लेकर संबद्ध संस्थाओं से मंजूरी लेनी पड़ेगी। अदालत भी अब मान रही है कि जो कानून महिलाओं की रक्षा के लिए बना था, उसका अब ज्यादातर इस्तेमाल गलत तरीके से किया जा रहा है। ऐसे में यह कानूनी रूप से ही सही नहीं है बल्कि इसकी वजह से परिवारों का विघटन भी हो रहा है। अब इस कानून में बदलाव की जरूरत है। अगर लिंग तटस्थ कानून (जेंडर न्यूट्रल लॉ) बनता है तो इससे यह फायदा होगा कि इसमें यह साफ हो पाएगा कि हर जगह केवल महिला ही उत्पीड़न की शिकार नहीं हो रही हैं, बल्कि पुरुष भी इसका शिकार हो रहे हैं। अगर जेंडर न्यूट्रल लॉ इसको लेकर बनाएंगे तो समानता का जो अधिकार है, उसका सही से पालन होगा। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट के साथ ही कानून बनाने वालों को भी आगे आना चाहिए ताकि सबके लिए न्याय सुनिश्चित हो सके।

दरअसल, ऐसे मामलों में सबसे मजबूत भूमिका पुलिस जांच व बाद में न्यायपालिका की रहती आई है। लेकिन कुछ ऐसे मामलों में पुलिस और न्यायपालिका तक पर उंगलियां उठने से नहीं चूकती। न्यायपालिका, सरकार और समाज सबको मिलकर इस समस्या के समाधान की राह तलाशनी होगी। यह समझना ही होगा कि कानून का दुरुपयोग निर्दोष लोगों को कष्ट तो देता ही है, वास्तविक पीड़ितों के लिए न्याय की राह भी मुश्किल करने वाला होता है। कानूनों को सही उद्देश्यों की पूर्ति में सक्षम बनाना और पात्र व्यक्ति को न्याय देना ही सबकी प्राथमिकता होनी चाहिए। अब तो सोशल मीडिया पर भी इस तरह के कानून में बदलाव को लेकर बहस छिड़ गई है। वहीं, आम लोग भी इसको लेकर अपनी राय रख रहे हैं और सीधे तौर पर उनकी भी शिकायत यही है कि ऐसे कानून जो केवल एक पक्ष की बातों पर गौर कर फैसले के करीब तक पहुंच जाते हैं, उसमें बदलाव की जरूरत है। ऐसे कानून में बदलाव के लिए इसमें लिंग के आधार पर भेदभाव को समाप्त कर इसे सबके लिए सुलभ बनाना होगा। ताकि सबको समान रूप से इस कानून के तहत न्याय मिले और इसके जरिए स्त्री हो या पुरुष सभी न्याय प्राप्त कर सके। सरकार को इस दिशा में गंभीरता से विचार करने की जरूरत है।

# समर्थ लोग निर्बल लोगों को स्नेह-सहयोग दें

**संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र के निर्माण ने विश्व के लोगों और राष्ट्रों को एक साथ शांति, मानवाधिकारों और सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए आकर्षित किया। संगठन की स्थापना अपने सदस्यों के बीच एकता और सद्भाव के मूल आधार पर की गई थी, जो सामूहिक सुरक्षा की अवधारणा में व्यक्त की गई थी, जो अन्तर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए अपने सदस्यों की एकजुटता पर निर्भर करती है। अन्तर्राष्ट्रीय मानव एकजुटता दिवस सतत विकास एवं समतामूलक विकास के एजेंडा पर आधारित है।**



ललित गर्ग

लोगों के बीच एकजुटता के महत्व को बताने, गरीबी पर अंकुश लगाने, दुनिया भर में गरीबी उन्मूलन के लिए नए रास्तों की तलाश करने, विकासशील देशों में मानव और सामाजिक विकास को बढ़ावा देने, शांति एवं सौहार्दपूर्ण जीवन को संभव बनाने, सरकारों को अन्तर्राष्ट्रीय समझौतों पर अपनी प्रतिबद्धताओं का सम्मान करने की याद दिलाने एवं पूरी दुनिया में, विशेष रूप से विकासशील देशों में सहयोग, शांति, सह-जीवन, समानता और सामाजिक न्याय की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिये अन्तर्राष्ट्रीय मानव एकता दिवस हर साल 20 दिसंबर को मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र ने 22 दिसंबर 2005 को यह दिवस मनाने की घोषणा की थी। इस दिवस को विश्व एकजुटता कोष और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्वारा बढ़ावा दिया जाता है, जो दुनियाभर में गरीबी उन्मूलन के लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने पर केंद्रित हैं। इस दिवस को मनाते हुए हर व्यक्ति शिक्षा में योगदान देकर, गरीबों या शारीरिक या मानसिक रूप से अक्षम लोगों की मदद करके अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस दिवस के माध्यम से सरकारों को सतत विकास लक्ष्य के गरीबी और अन्य सामाजिक बाधाओं का जवाब देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। विविधता में एकता दर्शाने, सतत विकास के लिए लोगों, सरकारों को प्रेरित करने, लोगों को गरीबी, भुखमरी, बीमारियों से बाहर निकालने के लिए इस दिवस का विशेष महत्व है। इसमें भारत अपनी महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस जिम्मेदारी को संभालने का अर्थ है भारत को सशक्त करने के साथ-साथ दुनिया को मानव एकता की दृष्टि से एक नया चिन्तन, नया आर्थिक धरातल, शांति एवं सह-जीवन की संभावनाओं को बल देना।

संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र के निर्माण ने विश्व के लोगों और राष्ट्रों को एक साथ शांति, मानवाधिकारों और सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए आकर्षित किया। संगठन की स्थापना अपने सदस्यों के बीच एकता और सद्भाव के मूल आधार पर की गई थी, जो सामूहिक सुरक्षा की अवधारणा में व्यक्त की गई थी, जो अन्तर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए अपने सदस्यों की एकजुटता पर निर्भर करती है। अन्तर्राष्ट्रीय मानव एकजुटता दिवस सतत विकास एवं समतामूलक विकास के एजेंडा पर आधारित है, जो अपने आप में गरीबी, भूख और बीमारी जैसे कई दुर्बल पहलुओं से लोगों को बाहर निकालने के लिए केंद्रित है। 'मिलेनियम डिक्लेरेशन' को ध्यान में रखते हुए, एकजुटता को 21वीं सदी में अन्तर्राष्ट्रीय संबंधों के मूलभूत मूल्यों में से एक माना जाता है, जिसके तहत कम से कम लाभ उठाने वाले और सबसे अधिक मुश्किलों का सामना करने वाले लोग उन लोगों की मदद के योग्य होते हैं जिन्हें सबसे अधिक



लाभ मिलता है। मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने कहा भी है कि एक व्यक्ति तब तक जीना शुरू नहीं करता जब तक वह अपनी व्यक्तिगत चिंताओं के संकीर्ण दायरे से ऊपर उठकर समस्त मानवता की व्यापक चिंताओं तक नहीं पहुंच जाता।

आज समूची दुनिया में मानवीय एकता एवं चेतना के साथ खिलवाड़ करने वाली त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण परिस्थितियां सर्वत्र परिव्याप्त हैं- जिनमें आतंकवाद सबसे प्रमुख है। जातिवाद, अस्पृश्यता, सांप्रदायिकता, महंगाई, गरीबी, भिखमंगी, विलासिता, अमीरी, अनुशासनहीनता, पदलिप्सा, महत्वाकांक्षा, उत्पीड़न और चरित्रहीनता आदि अनेक परिस्थितियों से मानवता पीड़ित एवं प्रभावित है। उक्त समस्याएं किसी युग में अलग-अलग समय में प्रभावशाली रहीं होंगी, इस युग में इनका आक्रमण समग्रता से हो रहा है। आक्रमण जब समग्रता से होता है तो उसका समाधान भी समग्रता से ही खोजना पड़ता है। हिंसक परिस्थितियां जिस समय प्रबल हों, अहिंसा का मूल्य स्वयं बढ़ जाता है। महात्मा गांधी ने कहा है कि आपको मानवता में विश्वास खोना नहीं चाहिए। मानवता एक महासागर है। यदि महासागर की कुछ बूंदें गंदी हैं, तो भी महासागर गंदा नहीं होता है।' ऐसे ही विश्वास को जागृत करने के लिये ही विश्व मानव एकता दिवस की आयोजना की गई है। गरीबी का कारण हिंसा, आतंक, अप्रामाणिकता, संग्रह, स्वार्थ, शोषण और क्रूरता आदि हैं, इनके दंश मानवता को मूर्च्छित कर रहे हैं एवं मानव एकता की सबसे बड़ी बाधाएं हैं। इस मूर्च्छा को तोड़ने के लिए अहिंसा, सह-जीवन, सौहार्द, शांति और सह-अस्तित्व का मूल्य बढ़ाना होगा तथा सहयोग एवं संवेदना की पृष्ठभूमि पर स्वस्थ समाज-संरचना की परिकल्पना को आकार देना होगा। दूसरों के अस्तित्व के प्रति संवेदनशीलता मानव एकता का आधार तत्व है। जब तक व्यक्ति अपने अस्तित्व की तरह दूसरे के अस्तित्व को अपनी सहमति नहीं देगा, तब तक वह उसके प्रति संवेदनशील नहीं बन पाएगा। जिस देश और संस्कृति में संवेदनशीलता का स्रोत सूख जाता है, वहाँ मानवीय रिश्तों में लिजलिजापन आने लगता है। अपने अंग-प्रत्यंग पर कहीं प्रहार होता है तो आत्मा आहत होती है। किंतु दूसरों के साथ ऐसी घटना घटित होने पर मन का एक कोना भी प्रभावित नहीं होता। यह संवेदनहीनता की निष्पत्ति है। इस संवेदनहीन मन की एक वजह सह-अस्तित्व का अभाव भी है। नेल्सन मंडेला ने कहा है कि हमारी मानवीय करुणा हमें एक दूसरे से जोड़ती है-दया या संरक्षण के भाव से नहीं, बल्कि ऐसे मानव के रूप में जिसने सीख लिया है कि कैसे अपने साझा दुख को भविष्य के लिए आशा में बदला जाए।

आज हम इतने संवेदनशून्य हो गये हैं कि औरों का दुःख-दर्द, अभाव, पीड़ा, औरों की आहें हमें कहीं भी पिघलाती नहीं। देश और दुनिया में निर्दोष लोगों की हत्याएं, युद्ध की विभीषिकाएं, हिंसक वारदातें, आतंकी हमले, अपहरण, जिन्दा जला देने की रक्तरंजित सूचनाएं, महिलाओं के साथ व्यभिचार-बलात्कार की वारदातें पढ़ते-देखते हैं पर मन इतना आदती बन गया कि यूं लगता है कि यह सब तो रोजमर्रा का काम है। न आंखों में आंसू छलकते हैं, न पीड़ित मानवता के साथ सहानुभूति जुड़ती है। न सहयोग की भावना जागती है और न नृशंस क्रूरता पर खून खौलता हैं। हमें सिर्फ स्वयं को बचाने की चिन्ता है। तभी औरों का शोषण करते हुए नहीं सकुचाते। हमें संवेदना को जगाना होगा। तभी जे.के. राउलिंग ने कहा भी है कि हमें दुनिया को बदलने के लिये जादू की आवश्यकता नहीं है। हम बस मानव की सेवा करके ऐसा आसानी से कर सकते हैं।' इसी मानव-सेवा की मूल भावना मानव एकता दिवस का हार्द है। है। यह दिन वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने में दुनिया भर के लोगों की एकता, सहयोग और साझा जिम्मेदारी के महत्व पर जोर देता है। इस दिन को मनाकर मानव को एकजुटता में रखकर एक साथ काम करने और सभी के लिए एक बेहतर दुनिया बनाने का संदेश दिया जाता है।

# लक्ष्य पहुंचना उस सीमा तक जिसके आगे राह नहीं!

**तेलुगू भाषी चालुक्यों की गौरवमीय राजधानी काकीनाडा (गोदावरी तटीय) की घटना है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन (26 दिसंबर 1923) हुआ। यह चालुक्यों के सम्राट पुलकेशिन से जुड़ा था। यहीं वैंकय्या ने कांग्रेस में शरीक होकर राष्ट्रीय ध्वज के प्रारुप पर चर्चा किया था। यह अधिवेशन दो घटनाओं के लिये ऐतिहासिक था। यहीं मौलाना मोहम्मद अली ने कांग्रेस अध्यक्ष के रुप में वन्दे मातरम् गाने पर एतराज किया था। वाक आउट किया। तभी से यह राष्ट्रगान अधूरा हो गया।**




के. विक्रम राव

आपकी खिदमत में एक और रचना। प्रतिष्ठित और मशहूर प्रभात प्रकाशन (आसफ अली रोड, नई दिल्ली-2) द्वारा मुद्रित। यह पुस्तक इसलिए लिखी गई ताकि मुंडका उपनिषद से अपनाया गया राज्यसूत्र सत्यमेव जयते कहीं मिथ्या न हो जाए। साठ लेखों के इस संग्रह में कुछ स्वाभवतः आक्रोश सर्जाएंगे। उनका उल्लेख खास है। कुछ लेख तो दबाये गए, छिपाए गए, बिसराए गए तथ्यों को उजागर करते हैं। शोध पर आधारित है। नई पीढ़ी को अचरज भी हो।

हर घर तिरंगा के पावन दिन पर एक सियासी दुखांतिका है, राष्ट्रीय त्रासदी भी घटी है। जिन्हें नाज है हिन्द पर वे सभी जान ले। राष्ट्रध्वज के रुपरेखाकार पिंगली वैंकय्या एक तेलुगुभाषी निर्धन स्कूल मास्टर थे। वे कंगाली में जन्में (2 अगस्त 1876 : सागरतटीय मछलीपत्तनम, आंध्र) तथा अभाव में पले। इस विप्र के शवदाह में पर्याप्त ईधन नहीं मिला। उनका अधूरा ख्वाब था कि तिरंगे में लपेटकर उनकी लाश ले जाया जाये। हर साल (10 अगस्त) मीडिया और नरेन्द्र मोदी से लेकर सभी उनकी स्मृति में श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। वैंकय्या ने जीवन में कई ज्वारभाटा देखे। मेधावी छात्र थे। लाहौर के वैदिक महाविद्यालय में उर्दू और जापानी के अध्यापक रहे। कैंब्रिज विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री ली। मगर भारत लौटकर आये तो निजी रेलवे कंपनी में जीविका पायी। लखनऊ में भी एक शासकीय नौकरी की। उनके रोजगार में विविधता रही। भूविज्ञान तथा कृषि क्षेत्र में निष्णात रहे। खदानों के जानकार रहे। फिर आयी उनके जीवन की विलक्षण बेला। ब्रिटिश सेना का दक्षिण अफ्रीका में बोयर युद्ध हुआ। भारतीय लोग भी वहीं गये। सर्वाधिक महत्वपूर्ण सैनिक था मोहनदास कर्मचन्द गांधी। वे चिकित्सक (स्वयं सेवक) की भूमिका में थे। तभी वैंकय्या भी ब्रिटिश सैनिक के रोल में गये। गांधीजी से भेंट हुयी, परिचय हुआ। फिर भारत में राष्ट्रीय कांग्रेस अधिवेशन में दोनों में प्रगाढ़ता उपजी।

तभी का एक किस्सा है। तेलुगू भाषी चालुक्यों की गौरवमीय राजधानी काकीनाडा (गोदावरी तटीय) की घटना है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन (26 दिसंबर 1923) हुआ। यह चालुक्यों के सम्राट पुलकेशिन से जुड़ा था। यहीं वैंकय्या ने कांग्रेस में शरीक होकर राष्ट्रीय ध्वज के प्रारुप पर चर्चा किया था। यह अधिवेशन दो घटनाओं के लिये ऐतिहासिक था। यहीं मौलाना मोहम्मद अली ने कांग्रेस अध्यक्ष के रुप में वन्दे मातरम् गाने पर एतराज किया था। वाक आउट किया। तभी




से यह राष्ट्रगान अधूरा हो गया। इसी अधिवेशन में ही राष्ट्रीय कांग्रेस ने तय किया था कि स्वतंत्रता के बाद भारत का भाषा के आधार पर पुनर्गठन किया जायेगा। आंध्र प्रदेश पहला भाषावार प्रदेश बना।

काकीनाडा अधिवेशन में ही वैंकय्या ने कांग्रेस के लिए राष्ट्रध्वज की आवश्यकता पर बल दिया था। उनका यह विचार गांधीजी को बहुत पसन्द आया। गांधीजी ने उन्हें राष्ट्रीय ध्वज का प्रारूप तैयार करने का सुझाव दिया। पिंगली वैंकय्या ने पाँच सालों तक तीस विभिन्न देशों के राष्ट्रीय ध्वजों पर शोध किया और अंत में तिरंगे के लिए सोचा। अन्य लेखों में एक लेख है ज्योतिष पर। भले ही इंदिरा गांधी की अपने गुरु धीरेंद्र ब्रह्मचारी के ज्योतिषीय कथनों पर अगाध और अटूट आस्था रही हो, पर उनके पिता पंडित जवाहरलाल नेहरू इस प्राचीन वैदिक विज्ञान वाले पूर्वानुमेय तथा भविष्य कथन को प्रवंचना और छल मात्र करार देते रहे। वे आमजन को इससे सरोकार रखने से सदा सावधान करते रहे।

कुछ दस्तावेजी प्रमाण पेश है जो यह सिद्ध करते हैं कि नेहरू पूरा विश्वास ज्योतिष पर करते थे। उनकी पुस्तक "Letters to Sister" (बहन को पत्र) में पत्र संख्या 74 (29 अगस्त 1944) में अहमदनगर जिला जेल से लिखा था कि किसी योग्य व्यक्ति से इंदिरा के नवजात प्रथम पुत्र की जन्मकुंडली बनवाएं और नाम रखे राजीव लोचन। इसी तथ्य को डॉ संपूर्णानंद (यूपी के द्वितीय मुख्यमंत्री और बाद में राजस्थान के राज्यपाल) ने भी तस्दीक किया था। जवाहरलाल नेहरू की बहन कृष्णा हथीसिंह ने पुस्तक हम नेहरू लोग के पृष्ठ 10 पर जिक्र किया कि नेहरू ने यहां तक लिखा था की कुंडली बनाते वक्त ध्यान रहे कि युद्ध काल में घड़ी की सुई एक घंटा आगे कर दी गई थी। स्वयं कमला नेहरू ने भी अपने पति की ज्योतिष में आस्था पर लिखा है। कमला और जवाहरलाल का विवाह उम्र का लंबा फासला होने के बावजूद भी किया गया था। अपनी पुस्तक फ्राम कर्जन टू नेहरू एंड आफ्टर में संपादक दुर्गा दास ने लिखा था कि उनके काबीना मंत्री और भारत साधु समाज के संस्थापक गुलजारीलाल नंदा ने लिखा था कि प्रधानमंत्री ज्योतिषों की राय मांगते थे। उनके पिता मोतीलाल के सगे भ्राता पंडित बंशीधर नेहरू स्वयं जाने-माने ज्योतिषी तथा संस्कृतज्ञ थे।

इटावा में (11 सितंबर 1915) जन्मी पुपुल मेहता जयकर जो प्रधानमंत्री की सांस्कृतिक सलाहकार थी ने इंदिरा गांधी : एक जीवन चरित्र (पेंगुइन, रेंडम हाउस 1992) के पृष्ठ 9 पर लिखा कि मोतीलाल नेहरू ने सादी कश्मीरी ब्राह्मण लड़की कमला को चुना क्योंकि उसके वंशजों का सत्ता सुख लंबी अवधि तक वाला था। कितना सही था। गौर करें कमला नेहरू 1936 में दिवंगत हुई थीं। ग्यारह वर्ष बाद उनके पति देश के प्रथम प्रधानमंत्री बने। कुल 15 वर्ष तक उनकी पुत्री इंदिरा प्रधानमंत्री बनीं। फिर नाती राजीव गांधी 1980 में पांच वर्ष तक पदासीन रहें। अर्थात नेहरू वंश 37 वर्ष तक चला। उनके नाती की पत्नी सोनिया गांधी भी अप्रत्क्ष्य रूप से दस वर्ष तक मनमोहन सिंह के समय सत्तासीन रहीं। कृष्णा हथीसिंह लिखती हैं कि बहन विजयलक्ष्मी और रंजीत पंडित का विवाह मुहूर्त (10 मई 1921) भी शास्त्रानुसार तय किया गया था। जवाहरलाल ने विवाह की व्यवस्था की थी। प्रस्तुत पुस्तक में ऐसे उपेक्षित ऐतिहासिक तथ्य पढ़िये।

# कृषि और दुग्ध उत्पादन में नवाचार पर केंद्रित दो दिवसीय विशेषज्ञ व्याख्यान का समापन

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। प्रयागराज मेम सोसाइटी ऑफ बायोलॉजिकल साइंस एंड रूरल डेवलपमेंट द्वारा दो दिवसीय विशेषज्ञ व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती प्रार्थना से हुई, जिसमें उपस्थित अतिथियों और प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वागत समारोह में डॉ. डी. स्वरूप ने मुख्य वक्ताओं डॉ. अमित कुमार मौर्य और डॉ. डॉखम जेम्स सिंह, सहायक प्रोफेसर, तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद का स्वागत किया।



मशरूम उत्पादन पर व्याख्यान पहले दिन के सत्र में, डॉ. अमित कुमार मौर्य ने ÷मशरूम उत्पादन की नवीनतम तकनीक और रखरखाव÷ विषय पर अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने किसानों और शोधार्थियों को मशरूम उत्पादन की उन्नत और सरल तकनीकों के बारे में बताया। उन्होंने समझाया कि मशरूम उत्पादन के लिए जलवायु नियंत्रित कमरे, सिंचाई के सरल उपकरण और साफ-सफाई के उपाय अपनाकर किसान अपनी उपज को बढ़ा सकते हैं। वर्टिकल फार्मिंग और बेहतर बीज (स्पॉन) के उपयोग से कम जगह में अधिक उत्पादन करना संभव है।

डॉ. मौर्य ने यह भी बताया कि छोटे किसानों के लिए ये तकनीकें किफायती और लाभदायक हैं। इनसे फसल की गुणवत्ता बेहतर होती है, उत्पादन रोगमुक्त रहता है, और बाजार में मशरूम की बढ़ती मांग को पूरा करने में मदद मिलती है। उन्होंने प्रतिभागियों को सस्ती तकनीकों का उपयोग कर अपनी आय बढ़ाने के तरीकों पर भी प्रकाश डाला।

स्वच्छ दूध उत्पादन पर व्याख्यान

दूसरे दिन के सत्र में डॉ. डॉखम जेम्स सिंह ने ÷पशुओं में स्वच्छ दूध उत्पादन और दुहने के सही तरीके÷ विषय पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि दूध कैल्शियम और फॉस्फोरस का प्रमुख स्रोत है, जो मजबूत हड्डियों और दांतों के विकास में सहायक है। इसके नियमित सेवन से ऑस्टियोपोरोसिस और हड्डी टूटने के जोखिम को भी कम किया जा सकता है। डॉ. सिंह ने स्वच्छ दूध उत्पादन के लिए आवश्यक सावधानियों पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि दूध दुहने की प्रक्रिया साफ-सुथरे, सूखे हाथों और सही तकनीकों के साथ की जानी चाहिए। दुहने की शुरुआत पिछली थनों से की जानी चाहिए, ताकि दूध की गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने स्वच्छता और आधुनिक उपकरणों के उपयोग को दुग्ध उत्पादन में सफलता का मुख्य कारक बताया।

दो दिवसीय कार्यक्रम का समापन डॉ. हेमलता पंत ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया। उन्होंने वक्ताओं और प्रतिभागियों को उनके सक्रिय योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम किसानों, शोधार्थियों और वैज्ञानिकों को नई तकनीकों और ज्ञान को साझा करने का एक बेहतरीन मंच प्रदान करते हैं।

## प्रभात पांडेय को मोमबत्ती जलाकर दी विनम्र श्रद्धांजलि

प्रयागराज। भाजपा के कुशासन के विरोध में कल 18 दिसंबर को उत्तर प्रदेश कांग्रेस ने लखनऊ में विधानसभा का बृहद घेराव किया। उसी दौरान एक दुःखद घटना हो गई। उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व सचिव प्रभात कुमार पाण्डेय का पुलिसिया उत्पीड़न से दम घुटने के कारण मृत्यु हो गई। कांग्रेस पार्टी स्व0 प्रभात कुमार पाण्डेय का बलिदान बेकार नहीं जाने देगी। आज महानगर कांग्रेस के कैंप कार्यालय नैनी में महानगर अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन की अध्यक्षता में शोकसभा एवं मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी गई। वहीं दूसरी दुखद घटना प्रयागराज में हुई जहां महानगर कांग्रेस कमेटी प्रयागराज के महानगर सचिव पण्डित वीरेंद्र शर्मा का हृदयगति रुकने के कारण निधन हो गया। इनके आत्मा की शांति के लिए नैनी के कैंप कार्यालय में शोक सभा कर श्रद्धांजलि दी गई। इसमें प्रमुख रूप से प्रदीप कुमार मिश्र अंशुमन, नयन कुशवाहा, जितेंद्र तिवारी, विवेक पांडे, राकेश श्रीवास्तव, अंजुम नाज, विनय पांडेय, प्रवीण सिंह भोले, प्रांजल, अभिषेक शर्मा, शहजाद उल हक, प्रियम मिश्रा, ऋषभ शुक्ला आदि रहे।

# भाजपा को लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास नहीं रह गया : प्रमोद तिवारी

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर के अपमान को लेकर उनसे फौरन देश से सार्वजनिक तौर पर क्षमायाचना और त्याग पत्र की मांग की है। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा है कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने भाषण में डॉ. आम्बेडकर के प्रति पूर्वाग्रह एवं अपमान का पूरी तरह से अनैतिक प्रदर्शन किया है। उन्होनें कहा कि गृह मंत्री का भाषण संसद की कार्रवाई के रिकार्ड पर है ऐसे में देश जानना चाहेगा कि डॉ. आम्बेडकर के प्रति अपमान प्रदर्शित करने के बावजूद गृह मंत्री अभी तक अपने पद पर कैसे बनें हुए हैं। उन्होने पीएम पर निशाना साधा कि वह संवैधानिक संस्थाओ को लगातार कमजोर बना रहे हैं। उन्होने कहा कि संविधान और इसके निर्माताओं के अपमान पर विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए मोदी सरकार हर जगह तथा हर फोरम पर भय व दहशत का माहौल बनाया करती है। राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा है कि भाजपा को लोकतांत्रिक मूल्यों मे विश्वास नही रह गया है।

उन्होने कहा कि सत्तारूढ़ भाजपा संसद मे भी अंदर तथा बाहर संसदीय परम्पराओं व स्वस्थ लोकतंत्र पर आघात पहुंचाने से बाज नही आ रही है। उन्होनें कहा कि भाजपा का चार सौ पार के संसद में बहुमत लेने का एजेण्डा भी वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर पर्दाफाश हो उठा है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा संविधान संशोधन के जरिए अपने खतरनाक मंसूबे के तहत वन नेशन वन इलेक्शन की जगह वन नेशन वन लीडर का रख रही है। उन्होने कहा कि संसद के किसी भी सदन में संविधान संशोधन के लिए बहुमत न होने के बावजूद उसका यह शिगूफा देश की जनता का मुददो से ध्यान हटाने का गैरजिम्मेदाराना पन है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री और भाजपा सिर्फ नेहरू फोबिया के अवसाद में राष्ट्रीय हितों के प्रति बेपरवाह बने हुए है। उन्होने कहा कि मोदी सरकार में चैपट हो रही अर्थव्यवस्था के चलते डॉलर के मुकाबले रूपये का रोज कमजोर पड़ना आम आदमी पर महंगाई की तेज मार साबित हो रही है। यूपी में धार्मिक स्थलों के सर्वे को लेकर प्रतिक्रिया में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने सरकार को सुझाव दिया कि वह केन्द्र स्तर पर एक अलग मंत्रालय का सृजन करे। उन्होने कहा कि देश भर में देखभाल के अभाव में मंदिरो और मस्जिदो तथा गुरूद्वारों को चिन्हित कर सरकार ऐसे मंत्रालय के जरिए सरकारी खर्च पर इनके संरक्षण व रखरखाव का दायित्व निभाये।

# टीएमयू फार्माबिज में टीम डोपामाइन विजेता



अवधनामा संवाददाता

मुरादाबाद। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के तीर्थंकर महावीर मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में इंडियन सोसाइटी ऑफ रेशनल फार्माकोथेरेप्यूटिक्स- आईएसआरपीटी के तत्वावधान में फार्माकोलॉजी विभाग की ओर से 7वीं फार्माकोलॉजी प्रश्नोत्तरी- फार्माबिज 2024 में आयुष श्रीवास्तव एंड गुनिका की टीम डोपामाइन विजेता रही। स्टुडेंट्स आरव जैन एंड पीहू चौधरी की टीम ब्रैडीकिनिन ने दूसरा, जबकि हंसिका एंड वंशिका की टीम एड्रेनालाइन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। क्विज़ में पांच राउंड- कुछ तो बोलो, पहचान कौन, कर भला तो हो बुरा, क्या करें क्या न करें और टोटल धमाल हुए। अंतिम राउंड- टोटल धमाल टीम ब्रैडीकिनिन और डोपामाइन के बीच रैपिड फायर राउंड हुआ। टीम डोपामाइन 2 मिनट में अधिकतम प्रश्नों के उत्तर देकर विजेता रही। प्रतियोगिता के सभी विजेतओं और प्रतिभागियों को पैथोलॉजी की एचओडी प्रो. सीमा अवस्थी, फिजियोलॉजी के एचओडी प्रो. जेबी कुमार, बायोकेमिस्ट्री के एचओडी प्रो. पी. उषाकिरन, डॉ. आशुतोष कुमार और डॉ. रीना सिंह ने प्रमाण प्रत्र देकर सम्मानित किया।

# युवा पीढ़ी विश्व समाज का नया स्वरूप गढ़ने को उत्सुक

## इण्टरनेशनल स्पोर्टस, आर्टस एण्ड म्यूजिक प्रतियोगिता 'सैम-2024' का भव्य उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता





लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, इन्दिरा नगर द्वितीय कैम्पस एवं अयोध्या रोड कैम्पस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पाँच दिवसीय इण्टरनेशनल स्पोर्टस, आर्टस एण्ड म्यूजिक प्रतियोगिता (सैम-2024) का भव्य उद्घाटन आज सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि डा. रतन कुमार, डीन एवं प्रिन्सिपल, कालेज ऑफ आर्ट एण्ड क्राफ्ट, लखनऊ यूनिवर्सिटी ने दीप प्रज्वलित कर सैम-2024 का विधिवत् शुभारम्भ किया। इस अवसर पर सी.एम.एस. छात्रों ने देश-विदेश से पधारे छात्रों व टीम लीडरों के सम्मान में रंगारंग शिक्षात्मक साँस्कृतिक कार्यक्रमों की इन्द्रधनुषी छटा प्रदर्शित की। विदित हो कि सैम-2024 का आयोजन 19 से 23 दिसम्बर तक सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में किया जा रहा है, जिसमें नेपाल, श्रीलंका एवं भारत के विभिन्न प्रान्तों से प्रतिष्ठित विद्यालयों की छात्र टीमें प्रतिभाग कर रही हैं।

उद्घाटन समारोह में बोलते हुए मुख्य अतिथि डा. रतन कुमार ने कहा कि विश्व आज एक वैचारिक क्रान्ति के दौर से गुजर रहा है, ग्लोबलाइजेशन हो रहा है और नये-नये विचारों का आदान-प्रदान हो रहा है। ऐसे में, यही वह समय है जब हमें इस नयी पीढ़ी को रचनात्मक विकास हेतु प्रोत्साहित करना है। डा. कुमार ने कहा कि इसमें कोई दो राय नहीं कि आज की युवा पीढ़ी विश्व समाज का नया स्वरूप गढ़ने को उत्सुक है। इस अवसर पर सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने मुख्य अतिथि समेत उपस्थित गणमान्य अतिथियों, छात्रों व शिक्षकों का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि यह अन्तर्राष्ट्रीय समारोह न सिर्फ बच्चों की नैसर्गिक प्रतिभा को नया आयाम देगा अपितु उन्हें एक वैश्विक सोच भी प्रदान करेगा। इससे पहले, सी.एम.एस.. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में आयोजित एक प्रेस कान्फ्रेन्स में विभिन्न देशों से पधारे प्रतिभागी छात्रों व टीम लीडरों ने इस अन्तर्राष्ट्रीय समारोह पर दिल खोलकर पत्रकारों से चर्चा की। आनन्दा कालेज, श्रीलंका से पधारे छात्रों का कहना था कि इस अन्तर्राष्ट्रीय समारोह में हम पूरे उत्साह से प्रतिभाग करेंगे और अपने ज्ञान का विकास करेंगे। इन छात्रों ने कहा कि एक ही मंच पर कला, संगीत व खेलकूद का संगम अपने आप में अनूठा है। सिद्धिबाबा एकेडमी, नेपाल से पधारे छात्र भी सैम-2024 में प्रतिभाग हेतु अत्यन्त उत्साहित दिखे। इन छात्रों का कहना था कि प्रतियोगिताओं में भाग लेने के साथ ही नये दोस्त बनायेंगे। इसी प्रकार, देश के विभिन्न प्रान्तों से पधारे प्रतिभागी छात्रों ने भी अपने विचार व्यक्त किये। सैम-2024 की संयोजिका एवं सी.एम.एस. इन्दिरा नगर द्वितीय कैम्पस की प्रधानाचार्या सुश्री कोमल वलेचा ने इस अवसर पर कहा कि इस अन्तर्राष्ट्रीय समारोह का उद्देश्य छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा को अन्तर्राष्ट्रीय मंच प्रदान करने के साथ ही उनमें एकता व सामन्जस्य की भावना का विकास करना है।

## परेड ब्वॉयज और नाइट राइडर्स क्वार्टर फाइनल में

प्रयागराज। संगम सिटी फुटबाल क्लब के तत्वावधान में आयोजित प्रथम एमएम हैकेट स्मृति फुटबाल प्रतियोगिता में परेड ब्वॉयज और नाइट राइडर्स ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। त्रिवेणीपुरम झूंसी मैदान पर गुरुवार को खेले गये पहले मैच में परेड ब्वॉयज ने एटीके जूनियर को 2-0 से हराया। विजेता टीम के लिए अमन और संजीव सिंह ने गोल किये। अमन को जोंटी यादव ने मैन ऑफ दि मैच का पुरस्कार दिया। दूसरे मैच में नाइट राइडर्स ने ऑल स्टार क्लब को टाईब्रेकर में 2-0 से हराया। निर्धारित समय तक दोनों टीमें एक-एक गोल की बराबरी पर रहीं। नाइट राइडर्स के प्रदीप और ऑल स्टार के अंश ने गोल किया। मैच के निर्णय के लिए टाइब्रेकर हुआ जिसमें नाइटराइडर्स के प्रदीप और अखिलेश ने गोल करके अपनी टीम को जीत दिला दी। पराजित टीम कोई गोल न कर सकी। अंश को मैन ऑफ दि मैच चुना गया। आयोजन सचिव बृजेश कुमार सिंह के अनुसार शनिवार को पहला क्वार्टर फाइनल एमीगोज व एयू ब्वॉयज के बीच दोपहर ढाई बजे से और दूसरा क्वार्टर फाइनल इलाहाबाद स्पोर्टिंग अकादमी व टी. टैबलेट क्लब के बीच अपरान्ह साढ़े तीन बजे से खेला जायेगा।

# पीपीपी मॉडल को अभिलंब निरस्त किया जाए : उपभोक्ता परिषद

अवधनामा संवाददाता

■ पीपीपी मॉडल में दोनों बिजली कंपनियों को सरकार 9061 करोड़ की सब्सिडी देगी

लखनऊ। पावर कॉरपोरेशन व मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली एंपावर्ड कमेटी ने बडी चालाकी से पीपीपी मॉडल हेतु बनने वाली नई पांच बिजली कंपनियां के लिए पावर परचेज एग्रीमेंट (पीपीए) का अलॉटमेंट का जो तरीका अपनाया है उसे निजी घरानों की बनने वाली पांच नई कंपनियों को बड़ा लाभ देने की योजना बनाई गई है। मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली एंपावर्ड कमेटी ने स्पष्ट अपने प्रस्ताव में लिखा है की उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड नई पांचो कंपनियों को 2 वर्षों के लिए विद्युत नियामक आयोग द्वारा निर्धारित बल्क सप्लाई टैरिफ (बी0एस0टी) पर बिजली देगा यानी प्रदेश की नई बनने वाली निजी घरानों की कंपनियां जहां लगभग 9061 करोड सब्सिडी भी पाएंगे वहीं सबसे सस्ती बिजली एलॉटमेंट का लाभ भी आसानी से पा जाएंगे यानी की बड़ा लाभ कमाएगी। जिसका खुलासा उपभोक्ता परिषद आज करने जा रहा है और उत्तर प्रदेश सरकार से मांग करता है कि इस पूरे पीपीपी मॉडल को अभिलंब निरस्त किया जाए।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा वर्ष 2024 -25 की बात की जाए और यह आकलन किया जाए कि इस वित्तीय वर्ष में यदि नई बिजली कंपनियों का गठन हो जाता है तो उन्हें किस प्रकार से लाभ मिलेगा उपभोक्ता परिषद ने कहा कि सभी बिजली कंपनियों के लिए पावर कॉरपोरेशन अलग-अलग पावर परचेज एग्रीमेंट के तहत बिजली की खरीद करता है प्रदेश की पांचो बिजली कंपनियों के लिए अलग-अलग बल्क सप्लाई टैरिफ (बी0एस0टी )की दरें निर्धारित है वर्ष 2024 -25 पर पावर कॉरपोरेशन डिस्काम छोर पर जो बिजली की खरीद करेगा वह लगभग 141245 मिलियन यूनिट है जिसकी कुल लागत लगभग रुपया 77315 करोड होगी जहाँ पूर्वांचल व दक्षिणांचल जिसको पीपीपी मॉडल में दिया जा रहा है पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम की जो पीपीए आधारित बी0एस0टी कि दर है वह रुपया 5.21 प्रति यूनिट है और वही बात की जाए दक्षिणांचल की तो उसकी बी0एस0टी की दर है वह रुपया 5.45 प्रति यूनिट है इस प्रकार दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम जहां 15910 करोड की बिजली खरीदेगा वही पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम 17652 करोड की बिजली खरीदेगा वही पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम जिसकी बीएसटी की दर रुपया 5.65 प्रति यूनिट है और वह 24357 करोड की बिजली खरीदेगा।

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में रणनीति को दिया जाएगा अंतिम रूप

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन ने आज सर्वसम्मत से निर्णय लिया है कि कल पूरे प्रदेश के सभी बिजली कंपनियों के दलित व पिछड़े वर्ग के अभियंताओं से ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अब तक के कार्यक्रम की समीक्षा की जाएगी और आगे कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जाएगा पूरे प्रदेश में सभी दलित व पिछड़े वर्ग के अभियंताओं को अवगत करा दिया गया है वह सभी ऑनलाइन संगठन के साथ जुडकर आंदोलन को आगे कैसे व्यापक बनाया जाय अपनी राय दें।

उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा महासचिव अनिल कुमार सचिव आरपीकेन संगठन सचिव बिंदा प्रसाद सुशील कुमार वर्मा अजय कुमार एक प्रभाकर ने कहा जिस प्रकार से दलित व पिछड़े वर्ग के अभियंताओं के साथ उनका हक लगातार छीना जा रहा है।

# 'आज की शाम भारतीय जीवन बीमा के नाम'

अवधनामा संवाददाता



दस दिवसीय उत्तराखण्ड महोत्सव

लखनऊ। उत्तराखण्ड महोत्सव के प्रायोजक भारतीय स्टेट बैंक तथा सह प्रायोजक के रूप भारतीय जीवन बीमा निगम का विशेष सहयोग रहा है। जिसमें एक शाम भारतीय जीवन बीमा निगम के नाम रहा। कलाकारों ने भारतीय जीवन बीमा निगम के नाम से पारम्परिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य प्रदर्शन किया। मेहमान कलाकारों ने अपनी का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अतिथियों एवं दर्शको को मंत्र मुग्ध कर दिया। उत्तराखण्ड महोत्सव में आयोजक मण्डल की ओर से उत्तराखण्ड महोत्सव में उपस्थित श्री डी.एन. पाण्डेय, मार्केटिंग मैनेजर भारतीय जीवन बीमा निगम एवं श्री अजय कुमार प्रोडक्ट मैनेजर भारतीय जीवन बीमा निगम ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का सुभारम्भ किया। महापरिषद के पदाधिकारियों ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर डा0 बलकार सिंह वरि0 आईएएस अधिकारी, आयुक्त आवास एवं विकास परिषद लखनऊ की गौरवमयी उपस्थित रही। इस अवसर पर भारतीय जीवन बीमा निगम के मार्केटिंग मैनेजर श्री डी एन पाण्डेय ने भारतीय जीवन बीमा निगम की योजनाओं का विस्त्रत जानकारी देते हुए कहा कि जीवन के साथ भी जीवन के बाद भी परिवारों को सहयोग करती आ रही है। इस अवसर पर डांस उत्तराखण्ड डांस एवं नाचेगा भारत प्रतिभागी कलाकारों ने भारतीय लोक संस्कृति के विभिन्न रंग गोमा किनारे बिखेरे। उत्तराखण्ड के प्रसिद्ध गायक राकेश खनवाल ने क्रीम पौडरा, हिमुली थोकदारे की चेलि हिमुली तथा अन्य कुमाऊँनी गानों से धमाल मचाया तथा दर्शको को नाचने पर मजबूर कर दिया।

## वेदांता इंटरनेशनल स्कूल ने राष्ट्रीय स्तर पर लहराया परचम

आजमगढ़। जी.एल.ए. विश्वविद्यालय मथुरा में आयोजित राष्ट्रीय कराटे चौंपियनशिप (रायल चौलेंजर्स कप) में वेदांता इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ियों ने उत्तर प्रदेश टीम की तरफ से खेलते हुए शानदार प्रदर्शन किया। रघुराज प्रताप सिंह, सक्षम सिंह और रुद्र प्रताप सिंह ने अपनी बेहतरीन मेहनत और कौशल के बल पर कास्य पदक हासिल कर विद्यालय, जनपद और उत्तर प्रदेश का नाम रोशन किया। इन विजेता खिलाड़ियों की सफ्लता से न केवल उनके परिवार गर्व महसूस कर रहे हैं, बल्कि पूरे विद्यालय परिवार को भी गर्व महसूस हो रहा है। वेदांता इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्या डॉली शर्मा ने सभी छात्रों और प्रशिक्षक को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने इस अवसर पर रॉबर्ट फ्रॉस्ट की प्रसिद्ध कविता का उद्धरण देते हुए कहा, ष्मुझे इस अवसर पर रॉबर्ट फ्रॉस्ट की प्रसिद्ध कविता श्डपसमे जव हव इमवितम प् ेसममचश् याद आती है। जो हमें जीवन में निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है।ष् ष्हमारे विद्यालय का विजन यही है कि हम सबसे बेहतरीन हैं, और हमेशा अगला कदम और भी बेहतर उठाएंगे। स्कूल के प्रबंध निदेशक शिव गोविंद सिंह ने भी सभी छात्रों और प्रशिक्षक आलोक चतुर्वेदी को बधाई दी और कहा, ष्आजमगढ़ के प्रतिष्ठित विद्यालय के रूप में हम भविष्य में और भी ऊंचाइयों को छुएंगे। इस सफ्लता ने हमारे विद्यालय के नाम को और भी ऊंचा किया है।

# किसानों, बुनकरों वा प्रदेश वासियों के जनहित के मुद्दे को विधान परिषद में उठाया

अवधनामा संवाददाता



आजमगढ़। शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन विधानपरिषद में नियम 105 के तहत शाह आलम गुड्डू जमाली एमएलसी समाजवादी पार्टी पूर्व विधायक मुबारकपुर ने बिजली निजीकरण के मुद्दे एवं किसानों,बुनकरों वा प्रदेश वासियों के जनहित के मुद्दों पर सदन कहा कि मेरी जानकारी के मुताबिक हमारे इस प्रदेश में पांच डिस्काउन है और जानकारी के मुताबिक उसमें से दो पूर्वांचल और दक्षिणांचल को निजी हाथों में देने की बात हो रही है ये कोई पहली बार नहीं हो रहा है पहले भी इस तरह की बातें आई थी तो इसको लेकर बहुत आंदोलन भी हुआ था। धरना प्रदर्शन भी हुआ हमारे जो बिजली कर्मचारी भाई हैं वह सड़कों पर आ गए थे उस वक्त के तत्कालीन मिनिस्टर साहब श्रीकांत जी के साथ एक बैठक भी हुई उसके बाद समझौता हुआ लिखित हुआ कि जो हमारी इस वक्त की व्यवस्था है उसमें सुधार किया जाएगा और इसका निजीकरण नहीं किया जाएगा। उसेके बाद 6,10,2020 को हमारी कैबिनेट ने एक सब कमेटी बनाई जिसकी अध्यक्षता माननीय खन्ना साहब फइनेंस मिनिस्टर करते है उसमें भी दोनों पक्षों ने विस्तार से बात रखा कंकुलिडिंग बात यह थी कि बगैर बिजली कर्मचारियों के कॉन्फिडेंस में लिए और सारे इससे जुड़े पहलू है उसको बिना समझे हुए इसका निजीकरण नहीं किया जाएगा। अब दिक्कत यह है कि उसके बाद फ़िर दोबारा बात होने लगी कि हम पूर्वांचल को दक्षिणांचल को निजीकरण करेंगे मैं सरकार से यह आगरा करना चाहता हूं कि बिना कर्मचारियों को और किसानों को कॉन्फिडेंस से लिए हुए बुनकर भाइयों को और इससे जुड़े सभी लोगों को हम नहीं लेंगे तो इसको बहुत गंभीरता से समझने की जरूरत है यह एक बहुत बड़ा आंदोलन खड़ा हो जाएगा क्योंकि हम हमें चिंता है हम पूर्वांचल से हैं किस हमारे देश और प्रदेश की रीड की हड्डी है मैं बुनकरों की बात करते हुए उन्होंने कहा कि मैं मुबारकपुर से 10 साल से विधायक रहा हूं वहां एक लाख बुनकर की आबादी है एक-एक घर को जानता हूं ऐसे परिवार को भी जानता हूं की गरीबी के कारण सुसाइड भी कर लिए हैं इससे पहले मुलायम सिंह जी की सरकार थी तो 65 रुपए में बिजली सब्सिडी मिलती थी अब वह खत्म हो गई सरकार से यह कहना चाहता हूं कि यह बहुत बड़ा मामला है इसको बहुत गंभीरता से हर पहलू पर विचार करना पड़ेगा। अगर आप प्राइवेट को देंगे तो उसे सब्सिडीज का क्या होगा उसके लिए बिजली चोरी हो रही है उसको रोका जाए बिजली का मामला प्रदेश की जनता से जुड़ा हुआ मामला है किसने और बुनकरों का मामला है मैं बुनकरों की बात इसलिए बार-बार कहता हूं कि मैं उनकी भुखमरी और गरीबी को बहुत करीब से देखा है बनारस बनारसी साड़ी से जाना जाता है जो की मुबारकपुर में बनती है तैयार होती है।

## शताब्दी वर्ष समारोह के आयोजन की तैयारियां ज़ोरों पर : डा. गिरीश

लखनऊ। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी आगामी 26 दिसंबर को अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश करने जा रही है। पूरे देश में शताब्दी वर्ष को भव्य से भव्य बनाने की तैयारियां ज़ोरों पर हैं। भाकपा ने इस संबंध में काफी समय पहले ही निर्णय ले लिया था और आयोजनों की व्यापक कार्य योजना तैयार की गई थी। इसी माह के प्रारंभ में संपन्न हुयी राष्ट्रीय परिषद की बैठक के बीच पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मंडल के सदस्यों द्वारा शताब्दी वर्ष समारोह के लिये एक 'लोगो' जारी किया गया। पार्टी के शताब्दी वर्ष समारोहों का शुभारंभ कानपुर में 26 दिसंबर को एक भव्य समारोह के साथ होगा। सभी जानते हैं कि कानपुर में ही 25, 26 एवं 27 दिसंबर को पार्टी की स्थापना कांग्रेस हुयी थी। अतएव कानपुर को इस मौके के लिये खासतौर पर चुना गया है। वहां इसके आयोजन की जोरदार तैयारियां चल रही हैं। कानपुर ही नहीं अधिकतर राज्यों की राजधानियों में उस दिन भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे।

# 'प्रभु येशु मसीह का जन्म लोगों के उद्धार के लिए हुआ था'

अवधनामा संवाददाता



■ बिशप डॉ. आर.सी.शेत ने कैथुलिया रहीमाबाद में आयोजित क्रिसमस मीटिंग में दिया संदेश

लखनऊ। बेतहसदा फैलोशिप ट्रस्ट की ओर से क्रिसमस सेलिब्रेशन वीक का आयोजन 16 से 22 दिसम्बर तक किया जा रहा है। इसके तहत गुरुवार 19 दिसम्बर को कैथुलिया रहीमाबाद में किया गया। बिशप डॉ.आर.सी.शेत ने इस अवसर पर बताया कि प्रभु यीशु मसीह का जन्म लोगों के उद्धार के लिए हुआ था। इस क्रम में शुक्रवार 20 दिसम्बर को क्रिसमस मीटिंग का आयोजन घूरामऊ मोहन में किया जाएगा।

रहीमाबाद स्थित दया के घर चर्च में हुए भव्य आयोजन में बड़ी संख्या में अनुयायियों ने भाग लिया। इस क्रिसमस मीटिंग्स के लिए विशेष रूप से पास्टर रवि किरन को आमंत्रित किया गया था। इस अवसर पर संगीत दल ने मनभावन यीशु मसीह के गीत सुनाए और परमेश्वर के नाम की महिमा का गुणगान भी किया। मसीही गीत आया है यीशु आया है, मुक्त ले साथ आया, शोर दुनिया में ये हो गया आज पैदा मसीह हो गया का आनंद अनुयायियों ने सबसे ज्यादा लिया। बिशप डॉ.आर.सी.शेत ने पवित्र बाइबिल का पाठ करते हुए एक प्रसंग के बारे में बताया कि तब स्वर्गदूत ने उनसे कहा, मत डरो, क्योंकि देखो, मैं तुम्हें बड़े आनन्द का सुसमाचार सुनाता हूँ जो सब लोगों के लिये होगा, कि आज दाऊद के नगर में तुम्हारे लिये एक उद्धारकर्ता जन्मा है, और यही मसीह प्रभु है। इस अवसर पर भाई नरेश, पास्टर सुंदर, सुमन, पास्टर अजय, पास्टर राजेश, पास्टर विनोद, पास्टर रामचंद्र, पास्टर मयंक डेविड ने भी यीशु मसीह के जीवन पर प्रकाश डाला।

# आगुंतक कृपया ध्यान दें, वृंदावन धर्म नगरी है पर्यटन स्थल नहीं

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** विश्व प्रसिद्ध ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में देश विदेश के कोने से हर दिन अपने आराध्य के दर्शन करने के लिए लाखों की संख्या में श्रद्धालु मथुरा-वृंदावन पहुंचते हैं लेकिन अब बांके बिहारी मंदिर में अमर्यादित कपड़े पहनकर आने से मना करने की अपील मंदिर प्रबंधन द्वारा श्रद्धालुओं से आने जाने वाले मार्ग पर बैनर के माध्यम से की गई है विगत दिनों वृंदावन के कई मंदिरों सहित बरसाना के राधा रानी मंदिर में भी बाहर से आने वाले वाले श्रद्धालुओं द्वारा अमर्यादित कपड़ों पर प्रतिबंध लगाया गया था। इसी क्रम में अब बांके बिहारी मंदिर में भी अमर्यादित वस्त्र पहनकर ना आने की श्रद्धालुओं से अपील की गई है। विश्व प्रसिद्ध ठाकुर बांके बिहारी जी मंदिर में हर दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु अपने आराध्य की झलक पाने के लिए आते हैं लेकिन कई बार देखा गया है कि श्रद्धालु मंदिर परिसर में अमर्यादित कपड़े पहनकर प्रवेश करते हैं जिससे मंदिर की प्रतिष्ठा पर फर्क पड़ता है बांके बिहारी आने जाने वाले मार्गो पर बैनर लगाकर श्रद्धालुओं से मर्यादित कपड़े ही पहनकर मंदिर में प्रवेश करने की अपील की गई है इसके साथ ही मंदिर में छोटे कपड़े, हॉफ पैंट, मिनी स्कर्ट, नाइट सूट, कटी-फटी जींस पहनकर न आने की अपील की गई है वहीं मंदिर में साड़ी, सूट, पैंट-शर्ट जैसे मर्यादित कपड़े पहनकर ही आएं ऐसा मंदिर प्रबंधन की तरफ से कहा गया है। अपील के बैनर पोस्टर लगने के बाद मंदिर के सेवायत मयंक गोस्वामी ने कहा कि मन्दिर प्रबंधन की अपील बहुत जरूरी है,क्योंकि जिस तरह से कुछ लोग मंदिर में अमर्यादित कपड़े पहनकर आते है जैसे वो भगवान के दर्शन नहीं बल्कि पिकनिक बनाने को आए है।

## घर के बाहर बैठे लोगों पर की ट्रैक्टर चढाने की कोशिश

**मथुरा।** मथुरा दरवाजा चौकी क्षेत्र स्थित गोरा नगर कॉलोनी में पुरानी रंजिश के चलते युवक द्वारा घर के बाहर आग जलाकर हाथ ताप रहे लोगों पर टैक्टर चढ़ाने का प्रयास करने का मामला सामने आया है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें टैक्टर सवार युवक घर के बाहर बैठे लोगों पर जबरन टैक्टर चढ़ाने का प्रयास करता दिखाई दे रहा है। इस दौरान कुछ महिला व पुरुष टैक्टर चालक को रोकने का प्रयास भी कर रहे है, लेकिन वह ट्रैक्टर को रोकने बजाय रौंदने की कोशिश कर रहा है। कोतवाली पहुंची घायल पंडित अमृत लाल की पत्नी आशा देवी ने बताया कि इन लोगों का क्षेत्र में भारी आतंक है। पूर्व में भी ये लोग डीजे बंद कराने को लेकर क्षेत्र के लोगों के साथ मारपीट कर चुके है। जिसका मुकदमा वृंदावन कोतवाली में दर्ज है युवक ने पुरानी रंजिश के चलते उसके पति को ट्रैक्टर से कुचलने का प्रयास किया है। घटना में उसके पति के साथ एक बच्चा भी टैक्टर की चपेट में आने से घायल हुआ है। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना को लेकर क्षेत्रीय लोगों में भी भारी आक्रोश है। घायल हुए लोगो के समर्थन में कोतवाली पहुंचे दर्जनों क्षेत्रवासियों ने कोतवाली प्रभारी से युवक के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। पीड़ित महिला ने बॉबी पुत्र अजमेरी के खिलाफ तहरीर दी है।

# विश्व दिव्यांग दिवस पखवाड़ा अंतर्गत

- समावेशी व सतत भविष्य निर्माण को लेकर कार्यक्रम आयोजित

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** विश्व दिव्यांग दिवास के अवसर पर समावेशी एवं सतत भविष्य निर्माण हेतु कार्य शाळा संपन्न हुई आज एच. बी. एम् अस्पताल में एक्स्सेबिलिटी इनिशेटिव प्रोजेक्ट के अंतर्गत विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर समावेशी एवं सतत भविष्य निर्माण हेतु दिव्यांग जन नेतृत्व शमता को बढाने हेतु विश्व दिव्यांग दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे सभी अतिथियों का स्वागत व उपस्थित सभी दिव्यांग अतिथि महिला पुरुष और बच्चों का स्वागत प्रोजेक्ट ऑफिसर श्री प्रदीप मसीह जी के द्वारा किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि श्री. शुभान्शु सोनकर जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी ने दिव्यांग दिवस कि महत्वता को वा उसकी उपयोगिता को बताया और उस पर प्रकाश डाला। इसी क्रम में श्री अमित ब्लूम फील्ड जी ने एच बी एम् अस्पताल में उपस्थित सेवाओं के बारे में बताया और उपलब्ध सेवाओं पर विस्तार से चर्चा कि। तत्पश्चात हरेन्द्र रिछारिया परियोजना प्रबंधक द्वारा सोसाइटी फॉर प्रगति भारत द्वारा सम्पूर्ण जिले में चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जैसे- एच.आई. वी. एड्स जागरुकता , बाल विवाह एवं महिला शक्तिकरण पर प्रकाश डाला।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ( 2ho ) के डोक्टर एजिलरासन ने टी. बी. बिमारी के संक्रमित मरीजों और टी.बी. कि रोकथाम के बारे में चर्चा की। साई ज्योति संस्था से श्रीवास्तव जी ने दिव्यांग जनों कि जानकारी करना वा उनको संस्था के द्वारा सहयोग प्रदान करना वा उनको सहयोग करना। इसी क्रम में गूँज संस्था के द्वारा जो दिव्यांग जनों को उपकरण सहयोग दिए गए हैं वा आगे के लिए और भी सहयोग वा स्वस्थ्य सेवाओं का लाभ वा ग्रामों में विकास के कार्य में टीम गूँज के प्रबंधक सुशील कुमार यादव ने सहयोग करने पर बल दिया।

इस विश्व दिव्यांग दिवास के अवसर पर समावेशी एवं सतत भविष्य निर्माण हेतु कार्य शाळा में श्री प्रदीप जी एक्स्सेबिलिटी इनिशेटिव प्रोजेक्ट ऑफिसर ने कहा कि आगे को भी अपने जखोरा ब्लोक के 15 ग्रामों में से 12 ग्रामों के आये हुये दिव्यंगों को सरकारी स्कीमों और योजनाओं से जोड़ेंगे और उनको और योजनाओं द्वारा लाभ प्रदान कराएँगे। इस कार्य क्रम में उपस्थित दिव्यंगों कि सोसाइटी फॉर प्रगति भारत ने एच. आई. वी. एड्स कि संस्था ने निशुल्क जांच कि और विभिन्न ग्रामों आये दिव्यंगों को संस्था कि और से पुरस्कृत किया। और इस अवसर पर आये हुये सभी लोगो के सहयोग हेतु आभार

# स्वयम-एनपीटीईएल जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में कुलपति प्रो0 एनबी सिंह के कुशल मार्गदर्शन में स्वयम-एनपीटीईएल जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन स्वयम-एनपीटीईएल के लोकल चैप्टर (आईडी LC 6845 ) एवं विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। ऑनलाइन मोड में आयोजित कार्यशाला में सभी मेंटर शिक्षकों की सहभागिता रही। कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन के रूप डॉ रुचिता सुजय चौधरी ने विस्तार से स्वयम-एनपीटीईएल पोर्टल के उपयोग एवं महत्ता की चर्चा की। उन्होंने बताया कि लोकल चैप्टर के स्थापित होने से स्वयम-एनपीटीईएल पाठ्यक्रम और प्रमाणन परीक्षा शामिल होने की प्रक्रिया को और अधिक आसान करेगा। उन्होंने शिक्षकों को जागरूक करते हुए विद्यार्थियों को स्वयं कोर्सेज के प्रति सेंसिटाइज करने का आवाहन करते हुए 40 प्रतिशत तक ऑनलाइन कोर्स करने के प्रति जागरूक किया साथ ही अधिक से अधिक स्वयम-एनपीटीईएल पोर्टल का इस्तेमाल करने की अपील की। स्वयम-एनपीटीईएल की नोडल अधिकारी डॉ रुचिता सुजय चौधरी ने इस पोर्टल के माध्यम से MOOCS कोर्स की सुविधा और क्रेडिट स्कोर अर्जित करने की बात कही। यदि किसी को पोर्टल पर उपलब्ध कोर्स करने में कोई असुविधा आती है तो संबंधित व्यक्ति नोडल अधिकारी से संपर्क कर सकता है। कार्यशाला में डीन, अकादमिक प्रो0 सौबान सईद, प्रो0 चंदना डे, प्रो0 हैदर अली, डॉ काज़िम रिज़वी, डॉ मज़हर ख़ालिक़, डॉ रज़ा हैदरी समेत सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

# बुन्देलखण्ड में नहीं चला पीडीए का जादू

- झांसी के बाद ललितपुर पहुंचे सपा प्रदेश अध्यक्ष
- मूल सपा नेता रहे कार्यक्रम से नदारत

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** पूरे प्रदेश में पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक समुदाय को एकजुट करने के लिए समाजवादी पार्टी ने पीडीए अभियान संचालित कर रखा है। इसी क्रम में गुरूवार को सपा के प्रदेश अध्यक्ष झांसी के बाद ललितपुर पहुंचे, जहां उनका गर्मजोशी के साथ विभिन्न फ्रण्टलों द्वारा स्वागत किया गया।

वहीं दूसरी ओर कार्यक्रम स्थल जो भी तय किया गया था, वहां तक पहुंचने में प्रदेश अध्यक्ष को काफी समय लगा। वहीं झांसी में पत्रकारों से समाजवादी पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा की गयी बदसलूखी के चलते ललितपुर में भी मीडिया से दूरी देखने को मिली।

वर्ष 2017 में सरकार जाने के बाद से जमीनी मुद्दों पर नदारत समाजवादी पार्टी जमीन तलाशती नजर आ रही है। जिला स्तर पर चाहे किसानों के मुद्दे हो, व्यापारियों के मुद्दे हों, अधिवक्ताओं के मुद्दे हों या फिर किसी कार्यकर्ता के साथ हुये किसी भी घटनाक्रम का मामला हो, चंद लोगों के बीच सिमटे ललितपुर के पदाधिकारी व कार्यकर्ता लोगों के बीच अपनी पहुंच नहीं बना पा रहे हैं। ललितपुर पहुंचे सपा प्रदेश अध्यक्ष के कार्यक्रम स्थल पर भी सपा के वरिष्ठ नेताओं में विधानसभा प्रत्याशी रहीं ज्योति सिंह लोधी, पूर्व जिलाध्यक्ष महेन्द्र सिंह यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष आल्हा प्रसाद निरंजन, पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजेश यादव, पूर्व महासचिव लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा, महरौनी विधानसभा के नेता गिन्नी राजा सहित तमाम स्थानीय व क्षेत्रीय दिग्गजों की अनुपस्थिति भी देखने को मिली। तो वहीं दूसरी ओर पीडीए पंचायत के नाम पर किये गये इस कार्यक्रम को महज एक मैरिज गार्डन तक ही सीमित कर दिया गया।

### पूर्व सांसद की अनुपस्थिति रही चर्चाओं का विषय

वर्ष 1992 में जब समाजवादी पार्टी का गठन किया गया, तत्समय पार्टी के नवजात पांव बुन्देलखण्ड की सरजमीं पर जमाने में अपना अभूतपूर्व योगदान देने वाले समाजवादी पार्टी से ही सांसद रहे डा.चन्द्रपाल सिंह यादव की झांसी और ललितपुर में आयोजित कार्यक्रमों में अनुपस्थिति देखी गयी, जो कि कार्यकर्ताओं में एक चर्चा का विषय बनी रही। समाजवादी पार्टी का कद बुन्देलखण्ड में बढ़ाने वाले डा.चन्द्रपाल सिंह यादव की अनुपस्थिति के चलते पार्टी से जुड़े झांसी व ललितपुर के दिग्गज नेता पीडीए पंचायत कार्यक्रम से किनारा कर गये। पूर्व सांसद की अनुपस्थिति अपने पीछे कई नये सवालों को जन्म दे गये हैं, जिनका उत्तर पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और आमजन के बीच आना काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### यूथ बिग्रेड ने प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत

समाजवादी पार्टी के मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड जिलाध्यक्ष इंजी.हृदेश यादव मुखिया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सपा के प्रदेश अध्यक्ष का तालबेहट के आगे हाई-वे पर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष को फूलमालायें पहनाईं। इस दौरान राम प्रताप सिंह, शत्रुघ्न यादव, पूजा यादव, शाकिर अली, परवेज पठान, पंकज श्रीवास, विजय यादव, विशाल पाल, चारु सतभैया, शरीफ, यादवेंद्र, महेंद्र टिकैत, बिटटू यादव, इंदर यादव, रमेश यादव, स्वामी प्रसाद, जावेद, शैलेन्द्र यादव, शाकिब अली के अलावा अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हाइकोर्ट की अवहेलना करना हरदोई बीएसए को पड़ा भारी

**संभल।** बेसिक शिक्षा अधिकारी वीपी सिंह को मनमानी भारी पड़ गई है, उनके द्वारा निलंबित शिक्षक को टर्मिनेट करने और उसके देयकों के भुगतान के बारे में उच्च न्यायालय के दो निर्देशों की अवहेलना की गाज जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विजय प्रताप सिंह पर गिरी है। दरअसल हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के जस्टिस अब्दुल मुईन ने बीएसए वीपी सिंह को निलंबित करने का शासन को आदेश दिया है। मामला बावन ब्लॉक के सधई बेहटा परिषदीय विद्यालय में तैनात रहे अध्यापक राजीव कुमार मिश्रा से जुड़ा है।

जानकारी के अनुसार राजीव को विभाग ने निलंबित और बाद में बर्खास्त कर दिया था। राजीव विभाग की कार्यवाही और देयकों आदि के भुगतान नहीं होने का मामला उच्च न्यायालय लखनऊ ले गए थे। बताते हैं, देयकों के भुगतान को लेकर हाई कोर्ट ने दो मर्तबा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विजय प्रताप सिंह को दिशा निर्देश जारी किए थे। लेकिन, वीपी सिंह ने हाई कोर्ट के निर्देश पर अमल नहीं किया। न्यायालय की अवमानना से क्षुब्ध जस्टिस अब्दुल मुईन ने हरदोई बीएसए को निलंबित करने का आदेश शासन को दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस अधीक्षक ने संभल मे गशत करके सुरक्षा व्यवस्था का जा़यजा लिया

**संभल।** पुलिस अधीक्षक सम्भल द्वारा कस्बा सम्भल में पैदल गस्त की गयी। कृष्ण कुमार द्वारा पुलिस बल के साथ जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने के दृष्टिगत कस्बा सम्भल में बाजारों, मुख्य मार्गो, भीड-भाड वाले स्थान आदि पर पैदल गस्त कर आमजन/बच्चों से संवाद स्थापित कर जनता में सुरक्षा की भावना जागृत की गयी व बच्चों को पढ़ाई हेतु प्रेरित किया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय (उत्तरी) श्री श्रीश्चन्द्र, क्षेत्राधिकारी महोदय सम्भल श्री अनुज चौधरी, क्षेत्राधिकारी महोदय असमोली श्री आलोक सिद्धू आदि अधिकारीगण मौजूद रहे।

### अधिवक्ताओ ने विरोध दिवस मनाया अधिवक्ता उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौपा

**संभल।** बहजोई कोतवाली क्षेत्र के जनपद मुख्यालय के निकट दिन दहाडे बुधवार को गोली मार कर हुई अधिवक्ता की हत्या विरोध में अधिवक्ताओ ने विरोध दिवस मनाया। बुधवार को अधिवक्ता सतपाल सिह राणा की बहजोई मे जिला मुख्यालय के करीब गोली मारकर हत्या कर दी थी गॉव कनेटा निवासी अधिवक्ता की हत्या के विरोध में आज विरोध दिवस मनाया गया तथा कामकाज नही किया। अधिवक्ताओ ने मुख्यमंत्री के लिए उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया जिसमें अधिवक्ता के हत्या करने वाले को गिरफ्तार करने की मांग की गयी है।

# एमवीडीए की कार्यवाही का किया विरोध, पुलिस ने खदेड़ा

- शहर के बाहरी हिस्से में विकसित की जा रहीं चार अवैध कॉलोनियां पर की कार्यवाही

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** कृषि भूमि को खरीदकर उसमें प्लाटिंग कर लोगों को उंचे दामों में बेचने का धंधा जोरों पर है। दूसरी ओर एमवीडीए द्वारा इक्का दुक्का कार्यवाही की जा रही है। एमवीडीए की टीम को को इस दौरान विरोध का सामाना भी करना पड रहा है। पुलिस बल की मौजूदगी में की गई इसी प्रकार की कार्यवाही के दौरान लोगों ने विरोध किया तो पुलिस ने उन्हें खदेड दिया।

प्रभात कुमार चतुर्वेदी द्वारा आराध्य स्टेट के पीछे मौजा वाकलपुर गणेशरा में लगभग 2000 वर्ग मीटर में दाऊदयाल पुत्र ओम प्रकाश द्वारा देवीपुरा गणेशरा रोड अंडर फ्लाई ओवर के पास लगभग 1010 वर्ग मीटर भूमि पर, सीता राम ग्राम वाकल पुर वाले नगला मोरा की ओर हरे कृष्णा ऑर्किड के पास रजवाहे मथुरा में लगभग एक बीघा भूमि पर, होती सिंह पुत्र फूल चंद द्वारा देवी पुरा बाज़ना रोड पर देवी पुरा मथुरा पर लगभग 2.5 बीघा भूमि पर बिना मानचित्र स्वीकृति कराए अवैध कॉलोनियों के अन्तर्गत सड़क नाली व चारदीवारी गेट एवं निर्माणाधीन भवन डीपीसी आदि का विकास कार्य करते हुए भूखंडों का विक्रय किए जाने पर प्राधिकरण द्वारा नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए निर्माण कर्ता को विकास कार्य बंद करते हुए अपना पक्ष रखने के लिए नोटिस जारी किए गए। निर्धारित अवधि में निर्माणकर्ता के उपस्थित न होने पर समस्त वादों में सक्षम प्राधिकारी द्वारा ध्वस्तीकरण आदेश पारित किए गए। सक्षम प्राधिकारी द्वारा पारित ध्वस्तीकरण आदेश के अनुपालन में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों को जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा तैनात मजिस्ट्रेट प्रीति जैन, सहायक अभियंता अशोक चौधरी, अवर अभियंता सुनील राजौरिया, प्रवर्तन दल एवं थाना हाइवे पुलिस बल की उपस्थिति में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई में स्थानीय लोगों द्वारा विरोध किए जाने पर पुलिस द्वारा भीड़ को स्थल से बलपूर्वक हटाया गया।

# कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस प्रशासन की प्राथमिकताः डीएम

- जिलाधिकारी ने कहा अवैध नशा कारोबारियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करें

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यो तथा नेकॉर्ड के संबंध में समीक्षा बैठक हुई संपन्न। जिलाधिकारी ने सबसे पहले सभी जिला अभियोजन पदाधिकारी, सहायक अभियोजन पदाधिकारी, लोक अभियोजक और अपर लोक अभियोजक को संबंधित मामलों के निष्पादन में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने एक्साइज एक्ट, पॉक्सो एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, एससी एसटी एक्ट, हत्या, डकैती, बलात्कार, शस्त्र अधिनियम से संबंधित महत्वपूर्ण एवं गंभीर मामलों को चिह्नित करते हुए उसके निष्पादन के लिए ससमय कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक में शामिल लोक अभियोजन अधिकारियों से प्राप्त जानकारी पर पुलिस को दूसरे जिले में पदस्थापित सरकारी गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए एस.पी कार्यालय से समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। प्रतिवेदन की प्राप्ति के लिए ससमय संपर्क करें। उन्होंने कहा कि न्यायालय में लंबित मामलों के निष्पादन के लिए सभी संबंधित पक्षों में समन्वय का होना आवश्यक है। इसलिए जरूरी है कि सभी पक्ष आवश्यक कागजात या प्रतिवेदन की प्राप्ति के लिए समयंतर्गत संपर्क करें। इसी क्रम में नार्को समन्वय समिति की जिलास्तरीय बैठक में मद्य निषेध के मुद्दे पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने नशा मुक्ति केंद्रों के सत्यापन के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर के द्वारा नशा मुक्ति केंद्रों का नियमित सत्यापन व निरीक्षण के उपरांत उक्त रिपोर्ट को उनके समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि नशा मुक्ति केंद्र समस्त मानकों का अनुपालन करे।

# राम राजगद्दी समारोह जश्न में डूबा बिलग्राम

- रामलीला में हुआ आयोजन
- सजाया गया भव्य दरबार,तिलक करने जुटे हजारो लोग
- मनमोहक झांकियों से मंत्रमुग्ध हुये लोग

अवधनामा संवाददाता



**बिलग्राम।** बिलग्राम में रामलीला महोत्सव के तहत राम राज तिलक समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेशभर से आए कलाकारों ने सांस्कृतिक और भक्तिमय झांकियां पेश की। भगवान श्री राम का राजतिलक करने के लिए क्षेत्र के हजारों की संख्या गणमान्य लोग पहुचे।बुधवार शाम को रामलीला में प्रदर्शनी समिति की ओर से भव्य राम दरबार सजाया गया। जिसमें सर्वप्रथम कमेटी के महामंत्री रामसेवक यादव ,प्रबंधक नीरज सिंह, अध्यक्ष धर्मेन्द्र यादव,वरिष्ठ उपाध्यक्ष, बबलू गुप्ता,पारुल गुप्ता विजय गुप्ता ,उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव, हरिनाम कुशवाहा, अनुज यादव, शिवम यादव, राजीव, ने भगवान श्री राम का राजतिलक किया। समारोह में संयोजक धर्मेंद्र यादव और प्रबंधक नीरज सिंह ने कहा की बिलग्राम रामलीला महोत्सव हिंदू मुस्लिम एकता को मजबूत करता है। सभी समुदाय के लोग जब एक मंच पर भगवान श्री राम का राजतिलक करते हैं तो सामाजिक समरसता की बयार पूरे साल बहती है।जो सालो साल समाज को नया संदेश देती है। आयोजन में धीरू सिंह महोलिया ,गुड्डू खान, चांद,सह प्रबंधक ,शिवम कटियार, मनोज यादव,लीला मंचन प्रभारी परमाई लाल यादव ,हरनाम कुशवाहा ,सह संयोजक, शैलेंद्र सिंह, ,राजीव गौतम,बीपी सिंह, अमर सिंह राजपूत सहित तमाम लोगों ने हिस्सा लिया।

**झांकियों ने बांध दिया समा-** बिलग्राम। देर रात तक सांस्कृतिक और भक्तिमय झांकियां हुई। रमन ग्रुप और कानपुर लखनऊ, बरेली से आए कलाकारों ने ब्रज की होली, राधा कृष्ण की लीलाओं का मंचन किया इसके अलावा मनोरंजन के तहत हास्य और सांस्कृतिक नृत्य का भी आयोजन किया गया। ताल म्यूजिकल ग्रुप ने भी समा बांधा।

**किया गया सम्मान-** रामलीला महोत्सव में आतिशबाजी , लल्लू प्रथम लालू दूसरे स्थान पर रहे। बैंड बाजा प्रतियोगिता में महाराजा बैंड के अनीस ने सर्वोच्च स्थान पाया। अवनी टेंट हाउस के पंकज कुशवाहा, ऋषि कांत हर्ष डीजे,संदीप ढोल,और आजाद बरेली को सम्मान से नवाजा गया।

# प्रत्येक ब्लॉक में बनाये जाएं गो समाधि स्थल, प्रशासन गोचर भूमि को मुक्त कराये

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** ब्रज वृन्दावन देवालय समिति की एक बैठक बरसाना में अध्यक्ष आलोक गोस्वामी एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोस्वामी कृष्णानन्द भट्ट के नेतृत्व में आयोजित की गई। ब्रज के विभिन्न क्षेत्र से पधारे गोस्वामी गण, आचार्य एवं देवालयों के पुजारी इस महत्वपूर्ण बैठक के हिस्सा रहे। वृन्दावन के बीच धोरेरा के जंगलों में मृत गौवंश के मिलने पर आंदोलनकारी गौ रक्षकों पर पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही की निंदा की गयी। वक्ताओं ने कहा कि ब्रज में भगवान श्री कृष्ण बलराम अपने सखाओं के साथ गौचारण करते थे। समिति ने प्रशासन से मांग की कि गौरक्षकों पर लगाए गए सभी धाराओं में दर्ज मुकदमे वापस लिए जायें। वक्ताओं ने मांग की कि ब्रज को गौ संवर्धन का सर्वोत्तम केंद्र बनना चाहिए, जिससे विश्व में गौ संवर्धन का एक उदाहरण पेश किया जा सके। उन्होंने माँग की कि सभी गौशालाओं में सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था होनी चाहिए, जिससे कि कभी जांच हो तो पता चल सके कि गौ माताओं को ठीक से भोजन आदि मिल रहा है कि नहीं, गौ भक्तों को गौशालाओं का भ्रमण करने की अनुमति मिलनी चाहिए। गौवंश के स्वास्थ्य रक्षा के लिए गौ मेडिकल वैन सेवा आरम्भ की जाए, जो कि आधुनिक उपकरणों से लैस हो। उसमें एक्सरे मशीन, अल्ट्रासाउंड, पैथोलॉजी की व्यवस्था भी हों। गौवंशो को हमेशा वेटनरी कॉलेज ले जाना संभव नहीं है। गौचर भूमि के अभाव से घरों में एवं गौशालाओं में गौवंशो को हमेशा एक ही स्थान पर बांध कर रखा जाता है जो कि उनके लिए एक कारागार से कम नहीं है। उन्होंने सम्पूर्ण ब्रज में गौचर भूमि मुक्त कराने की मांग की। सभी ग्राम, ब्लॉक, नगर आदि में गौचर भूमि चिह्ननित हो एवं उस स्थान पर बाउंड्री बनाया जाए। गौवंश के मृत्यु होने पर उन्हें ससम्मान समाधि देने की व्यवस्था हो। इसके लिए प्रत्येक ब्लॉक में गौ समाधि स्थल बनाया जाए। समिति के सभी सदस्यों ने कहा कि गौवंश संरक्षण एवं जिले के गौचर भूमि मुक्त कराने हेतु शासन के उच्च स्तरीय अधिकारियो एवं नेताओं से मिला जाएगा एवं आवश्यकता पड़ने पर न्यायालय का शरण लिया जाएगा। गौ संवर्धन, गौचर भूमियों का संरक्षण, ब्रज में पहाड़ों एवं कुण्ड संरक्षण के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुयी एवं इसके लिए आगे की कार्यवाही तय की गयी। बैठक को सर्वश्री आलोक गोस्वामी, गोस्वामी श्रीकृष्णनंद भट्ट, यज्ञ पुरुष गोस्वामी, कृष्ण मुरारी गोस्वामी, गोपाल कृष्ण गोस्वामी, दीपक गोस्वामी, सिद्धार्थ शुक्ला, हरिश्चन्द्र गोस्वामी, रजत शर्मा, ब्रजेश शुक्ला, मनीष पारीख़, भगवत स्वरुप शर्मा, नकुल गोस्वामी आदि ने सम्बोधित किया।

# भीषण ठंड में देर रात गली-गली घूमकर असहाय व्यक्तियों को दे रहे सहारा

अवधनामा संवाददाता

- शीतलहर से बचाव हेतु जनपद में खुलवाए 14 शेल्टर होम, सार्वजनिक स्थलों पर जल रहे अलाव
- यात्रियों व राहगीरों के ठहरने हेतु 100 बिस्तर वाला सर्वसुविधायुक्त शेल्टर होम भी तैयार
- शेल्टर होम्स में महिला और पुरुषों के लिए अलग-अलग व्यवस्था, सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम
- जनपद के स्वयं सहायता समूह से भी आह्वान, असहाय व्यक्ति दिखे तो शेल्टर होम तक पहुंचाएं

**ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी इस भीषण ठंड में अपनी टीम के साथ रात को गली-गली में घूम कर गरीबों और असहयों, जिनके पास रात गुजारने का कोई इंतजाम नहीं हैं, उन्हें जनपद में स्थापित शेल्टर होम्स में भेजकर उनकी मदद कर रहे हैं। नवंबर और दिसंबर कि इस भीषण सर्दी में जहां दिनभर के कामकाज के बाद हर कोई अपने घरों में आराम कर रहा होता है। वहीं ललितपुर में जिलाधिकारी श्री अक्षय त्रिपाठी देर रात शहर की सड़कों पर निकलते हैं, और गली-गली में घूम कर यह सुनिश्चित करते हैं कि कहीं कोई गरीब और असहाय व्यक्ति खुले आसमान के नीचे सोने को मजबूर तो नहीं। और अगर ऐसा कोई व्यक्ति नजर आता है तो उसे खुद अपने वाहन में बिठाकर आश्रय स्थल में छोडने् जाते हैं। इसके साथ ही अधिकारियों को भी निर्देशित करते हैं कि रेंडम आधार पर गली-गली घूम कर ऐसे व्यक्तियों की मदद करें। इस संबंध में जिलाधिकारी ने जनपद के स्वयं सहायता समूहों से भी अपील की है कि उन्हें ऐसा कोई असहाय व्यक्ति मिलता है तो उसे निकट के शेल्टर होम तक पहुंचा दें।



इसके अलावा प्राचार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया है कि चिकित्सालय में मरीजों के साथ आने वाले तीमारदारों को यदि रुकने में कोई समस्या होती है तो उन्हें भी इन शेल्टर होम में भेज दें। इसकी निगरानी के लिए उन्होंने अपर उप जिलाधिकारी मोहम्मद नासिर को नामित किया है। जिलाधिकारी ने रोज की तरह विगत रात्रि शहर में भ्रमण किया और ठंड से बचाव के इंतजाम देखें, इस दौरान उन्होंने जहांगीरों से बात की और उन्हें शीत लहर से बचाव के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि शीतलहर से बचाव हेतु नगर पालिका, नगर पंचायतों एवं विकासखंड स्तर पर बेहतर प्रबंधन, व्यवस्थाओं के सुद्रणीकरण एवं आश्रय स्थलों का चिन्हांकन कर अलाव जलवाने जाएं। गरीब, असहाय, निर्बल व वृद्ध व्यक्तियों को शीतलहर बचाव हेतु जागरूक करें व रेनबेसरों को यात्रियों व राहगीरों के ठहरने हेतु तैयार रखें। असहाय व्यक्तियों को शीतलहर से बचाने के लिए जिलाधिकारी ने नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में 14 शेल्टर होम खुलवा दिए, जिनमे महिला एवं पुरुष के लिए अलग-अलग व्यवस्थाएं की गई हैं। इन रेन बसेरों में पर्याप्त बेड, रजाई-गद्दे,अलाव सहित बुनियादी सुविधाएं भी मुहैया कराई जा रही हैं। साथ ही सुरक्षा की दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। साथ ही डूडा विभाग से 100 बिस्तर वाला शेल्टर होम डाइट के सामने बनवाया गया है, इस शेल्टर होम में गद्दा, कंबल, बेडशीट एवं तकिया सहित किचन बाथरूम आदि सभी सुविधाएं उपलब्ध है इसके लिए केवल एक फोटो पहचान पत्र दिखाना होगा। जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से अपील की है कि शीतलहर से बचाव हेतु रेडियो सुने, टीवी देखें, रात्रीय मौसम पूर्वानुमान के लिए समाचार पत्र पढ़ें और शीतलहर से बचाव हेतु जिला प्रशासन द्वारा जारी एडवाइजरी का अनुपालन करें।

इस दौरान एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, एसडीएम सदर चंद्रभूषण प्रताप, अपर एसडीएम मो.नासिर, क्षेत्राधिकार सदर अभय नारायण राय, ईओ दिनेश कुमार एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मेलबर्न टेस्ट में जसप्रीत बुमराह रच सकते हैं इतिहास, निशाने पर कई दिग्गजों का महारिकॉर्ड



बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज के तहत तीन मैच खेला जा चुके हैं। जिसमें से दोनों टीमों ने एक-एक मैच जीतकर सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली है जबकि एक मैच ड्रॉ रहा। वहीं अब चौथा टेस्ट दोनों टीमों के बीच 26 दिसंबर से मेलबर्न क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मुकाबले में बुमराह के पास अनोखा रिकॉर्ड बनाने का मौका होगा।

बुमराह अगर इस मैच में 6 विकेट हासिल कर लेते हैं तो वह टेस्ट क्रिकेट में अपने 200 विकेट पूरे कर लेंगे। बुमराह ने अभी तक खेले गए 43 टेस्ट की 83 पारियों में 194 विकेट लिए हैं। बुमराह मेलबर्न में इस आंकड़े को छू लेते हैं तो वह भारत के लिए सबसे तेज 200 टेस्ट विकेट लेने के मामले में रविंद्र जडेजा के साथ संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर आ जाएंगे। वहीं बतौर तेज गेंदबाज भारत के लिए सबसे तेज 200 टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज बनेंगे। फिलहाल ये रिकॉर्ड कपिल देव के नाम है, जिन्होंने 50वें टेस्ट में ये मुकाम हासिल किया था।

बुमराह ने तीनों फॉर्मेट को मिलाकर खेले गए 202 मैच की 240 पारियों में 432 विकेट लिए हैं। अगर वह 3 विकेट हासिल कर लेते हैं भारत के लिए सबसे ज्यादा इंटरनेशनल विकेट लेने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में इशांत शर्मा को पछाड़कर नौवें नंबर पर आ जाएंगे। इशांत ने इंटरनेशनल क्रिकेट में 199 मैच की 280 पारियों में 434 विकेट झटके हैं।

बुमराह अगर 5 विकेट ले लेते हैं तो कामयाब होते हैं तो वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में 150 विकेट लेने वाले भारत के दूसरे और दुनिया के पांचवें गेंदबाज बन जाएंगे। अभी तक रविचंद्रन अश्विन, नाथन लियोन, पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क की इस आंकड़े तक पहुंचे हैं। बुमराह ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में 33 टेस्ट की 63 पारियों में 145 विकेट लिए हैं।

# रिटायरमेंट के बाद चेन्नई पहुंचे आर अश्विन, ढोल नगाड़ों के साथ जबरदस्त स्वागत



भारत के दिग्गज स्पिनर आर अश्विन ने बुधवार को गाबा टेस्ट के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। 38 वर्षीय खिलाड़ी रिटायरमेंट के अगले दिन ही स्वदेश पहुंचे और फिर गुरुवार को चेन्नई में घर पर पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत हुआ। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बीच में अश्विन के संन्यास के फैसले ने सभी को हैरान कर दिया। भारत को ऑस्ट्रेलिया में अभी दो टेस्ट और खेलने हैं। पांच मैचों की सीरीज फिलहाल 1-1 की बराबरी पर है।

अश्विन के घर पहुंचने ही उनका ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत हुआ। इस दौरान उनके घर पर लोगों की भीड़ उमड़ी हुई थी। स्पिनर के चेहरे पर हल्की मुस्कुराहट थी। उनपर फूलों की बारिश हो रही थी। उन्हें फूलों का हार भी पहनाया गया। अश्विन सबसे पहले अपने पिता से मिले, पिता ने उन्हें गले लगाया और उनकी पीठ थपथपाई। वह उसके बाद मां से मिले, इस दौरान उनकी मां ने उन्हें गले से लगाया और भावुक हो गई। अश्विन ने कुछ लोगों को ऑटोग्राफ भी दिया।

वहीं अश्विन के घर पहुंचने का वीडियो काफी वायरल हो रहा है। हर कोई अश्विन की सादगी का कायल हो गया है। लोग उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। फिलहाल, अश्विन भे ही इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट ले लिया लेकिन वह आईपीएल सहित क्लब क्रिकेट में खेलते हुए नजर आएंगे।

# इस पूर्व खिलाड़ी ने ऑस्ट्रेलियाई टीम को दी चेतावनी, टॉप ऑर्डर फिर से बढ़ा सकता है चिंता

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व खिलाड़ी इयान हीली ने भारत के खिलाफ 26 दिसंबर से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट मैच से पहले ऑस्ट्रेलिया के टॉप ऑर्डर के तीन बल्लेबाजों की फॉर्म को गंभीर चिंता का विषय करार देते हुए उन्हें अपने बेसिक्स पर ध्यान देने की सलाह दी। ऑस्ट्रेलिया ने बारिश से प्रभावित तीसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में ट्रैविस हेड और स्टीव स्मिथ के शतकों की मदद से 445 रन बनाए, लेकिन दूसरी पारी में उसके बल्लेबाज लड़खड़ा गए, जिसे उसने सात विकेट पर 89 रन बनाकर घोषित किया था।

हीली ने एसईएन एन रेडियो से कहा कि, मुझे नहीं लगता है कि ऑस्ट्रेलिया मेलबर्न टेस्ट से पहले उन पर किसी तरह का दबाव बनाएगा लेकिन वे फॉर्म में नहीं है। वे गंभीर रूप से फॉर्म से बाहर हैं।



सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा और नाथन मैकस्वीनी के साथ तीसरे नंबर के बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। हीली ने कहा कि, चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली से पूछा जाना चाहिए कि क्या ये तीनों बल्लेबाज फॉर्म में वापसी कर सकते हैं। क्या उन्हें विश्वास है कि हमारे टॉप क्रम के तीन बल्लेबाज फॉर्म में वापसी करेंगे।

उन्होंने कहा कि मेलबर्न टेस्ट मैच फॉर्म में वापसी करने के लिए इन तीनों बल्लेबाजों के लिए सर्वश्रेष्ठ मौका होगा। हीली ने कहा कि, मेलबर्न के विकेट से बल्लेबाजों को भी मदद मिलती है और यहां उनके पास फॉर्म में वापसी करने का सर्वश्रेष्ठ मौका होगा। इसके लिए उन्हें अपने बेसिक्स पर ध्यान देना होगा।

# एयरपोर्ट पर ऑस्ट्रेलियाई मीडिया पर भड़के विराट कोहली, परिवार की प्राइवेसी को लेकर फूट पड़ा गुस्सा

विराट कोहली टीम इंडिया के साथ ऑस्ट्रेलिया दौरे पर हैं। वहीं गाबा टेस्ट ड्रॉ होने के बाद अब भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 26 दिसंबर से बॉक्सिंग डे टेस्ट खेला जाएगा। वहीं जब विराट कोहली टीम इंडिया के साथ चौथे टेस्ट के लिए मेलबर्न एयरपोर्ट पहुंचे तो उन्होंने अपना आपा खो दिया। दरअसल, ऑस्ट्रेलिया मीडिया के अनुसार जब टीम इंडिया मेलबर्न एयरपोर्ट पहुंची तो कुछ रिपोर्टर्स और कैमरामैन कोहली के परिवार की तस्वीरें खींच रहे थे। कई बार मना करने के बावजूद वह नहीं माने।

विराट कोहली शुरुआत से ही साफ कर चुके हैं कि वह अपने बच्चों को लाइमलाइट में नहीं रखना चाहते। वह जब भारत में होते हैं तो मीडिया से पहले ही इसकी रिक्वेस्ट करते हैं और इंडिया की मीडिया खिलाड़ी की इस रिक्वेस्ट का सम्मान भी करती है। लेकिन ऑस्ट्रेलियाई मीडिया के साथ ऐसा नहीं है। ऑस्ट्रेलियाई मीडिया के अनुसार, रिपोर्टर ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड से बात कर रहे थे, जो मेलबर्न में चोटिल जोश हेजलवुड की जगह खेल सकते हैं। जब कोहली और उनके परिवार के सदस्य पास में ही देखे गए। भारतीय बल्लेबाज के भड़कने से पहले कैमरे कोहली की तस्वीर लेने के लिए मुड़े। कोहली पबलिक प्लेस पर अपने परिवार के वीडियो को फिल्माए जाने पर आपत्ति जताते दिखे। कोहली ने चैनल नाइन के रिपोर्टर को मीडिया के अन्य सदस्यों के सामने तीखी बहस में डांटा। तनावपूर्ण बातचीत के बाद कोहली वहां से चले गए और फिर वापस मुड़कर कुछ और बातें कीं।



## आर अश्विन के पिता ने किया बड़ा खुलासा, कहा मेरे बेटे की बेइज्जती हो रही थी

आर अश्विन ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच हुए गाबा टेस्ट के बाद अश्विन ने अपने संन्यास की घोषणा की। वहीं अश्विन के अचानक संन्यास लेने के बाद कई सवाल भी खड़े हुए। किसी को भी इसका कारण समझ नहीं आ रहा था। हालांकि, अश्विन ने भारत लौटने पर उनके पिता ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अश्विन की बेइज्जती हो रही थी और वह इसे लंबे समय तक बर्दाश्त नहीं कर सकते थे। दरअसल, सीएनएन न्यूज18 से अश्विन के पिता रविचंद्रन ने कहा कि उन्हें भी आखिरी समय पर संन्यास के बारे में पता चला। उन्होंने कहा कि, हमें भी आखिरी मिनट ही पता चला। मुझे नहीं पता उसके दिमाग में क्या चल रहा था। उसने बस फैसला सुना दिया। मैंने उसे मान लिया। इसे लेकर मेरी कोई भावना नहीं है।

# बॉसिंग डे टेस्ट में ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर भारत का रिकॉर्ड, 33 साल से है खुशी का इंतजार

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज का चौथा मैच 26 दिसंबर से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा। ये बॉक्सिंग डे टेस्ट है। अरसे से एमसीजी में हर साल बॉक्सिंग डे टेस्ट खेला जा रहा। बॉक्सिंग डे टेस्ट वो मैच है, जो 26 दिसंबर यानी क्रिसमस के अगले दिन शुरू होता है। वहीं इससे पहले गाबा में खेला गया तीसरा टेस्ट ड्रॉ हुआ था।

मेलबर्न क्रिकेट स्टेडियम में बॉक्सिंग डे टेस्ट में भारतीय टीम के रिकॉर्ड की बात करें तो, भारत ने अभी तक ऑस्ट्रेलिया में 9 बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच खेले हैं। दोनों टीमों के बीच ऑस्ट्रेलिया में पहला बॉक्सिंग डे टेस्ट 1985 में खेला गया था, जो ड्रॉ रहा। तब भारत की कमान कपिल देव के पास थी और ऑस्ट्रेलिया के कप्तान एलन बॉर्डर थे। उसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने लगातार भारत से पांच बॉक्सिंग डे टेस्ट जीते। वहीं,



2014 में एमएस धोनी की अगुवाई में एमसीजी में खेला गया मुकाबला ड्रॉ पर छूटा। भारत को यहां बॉक्सिंग डे टेस्ट में 33 सालों तक जीत की खुशी नसीब नहीं हुई।

33 साल के लंबे इंतजार के बाद भारत ने फिर डबल मचाया। भारत ने एमसीजी में अपने पिछले दो मैचों में विजयी परचम फहराया है। ऐसे में टीम इंडिया इस बार जब यहां उतरेगी तो हौसले बुलंद होंगे। भारत ने 2018 में विराट कोहली के नेतृत्व में ऑस्ट्रेलिया को बॉक्सिंग डे टेस्ट में 137 रनों हराया था। भारत ने 2020 में एमसीजी में ऑस्ट्रेलिया को 8 विकेट से रौंदा। तब भारत की बागडोर अजिंक्य रहाणे संभाल रहे थे। कोहली 2020 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर एक टेस्ट खेलने के बाद पैरेंटल लीव पर भारत लौट आए थे। उसके बाद बाकी तीन मैचों में रहाणे ने कप्तानी की थी।

# बेबी जॉन की रिलीज से पहले, वरुण धवन ने जैकी श्रॉफ के साथ काम करने का अपना अनुभव साझा किया कहा वे हमारे सबसे अच्छे अभिनेताओं में से एक हैं

बहुप्रतीक्षित फिल्म बेबी जॉन में वरुण धवन और जैकी श्रॉफ एक-दूसरे से भिड़ते नजर आएंगे। फिल्म की रिलीज से पहले, वरुण धवन हाल ही में मुंबई में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने सह-कलाकार की प्रशंसा करते नजर आए। अभिनेता ने खुलासा किया कि वह दिग्गज स्टार के साथ काम करके रोमांचित थे और उनके अद्भुत अनुभव के बारे में बात करना बंद नहीं कर सके। वरुण ने कहा, वह बहुत शांत स्वभाव के व्यक्ति हैं, उनके साथ काम करना अद्भुत रहा।

बेबी जॉन अभिनेता ने आगे कहा, जिस तरह से वह ऑफ-स्क्रीन लोगों के साथ व्यवहार करते हैं वह बहुत अद्भुत है। मुझे उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला है, वह हमारे यहां मौजूद सबसे अच्छे अभिनेताओं में से एक हैं। वरुण धवन ने सह-कलाकार के रूप में जैकी श्रॉफ की व्यावसायिकता की भी प्रशंसा की। उन्होंने खुलासा किया, मुझे उनके साथ कुछ एक्शन भी करना था और उन्होंने मुझे पूरी आजादी दी। कैलीस और मैंने जैकी सर के साथ काम करके बहुत अच्छा समय बिताया।



फिल्म के निर्माता एटली के मन में शुरू से ही इस भूमिका के लिए जैकी श्रॉफ थे। वरुण ने खुलासा किया, इस भूमिका के लिए कास्टिंग के पहले दिन से, एटली सर चाहते थे कि जैकी सर यह भूमिका निभाएं। और मुझे कहना होगा, वह उम्मीदों से परे चले गए हैं। यह फिल्म जैकी श्रॉफ 3.0 होगी! उन्होंने जोड़ा।

बेबी जॉन में जैकी श्रॉफ खलनायक बब्बर शेर का किरदार निभाते नजर आएंगे। ट्रेलर में उनके खतरनाक अंदाज को दर्शकों ने पहले ही काफी पसंद किया है। इवेंट में प्रोड्यूसर एटली ने कहा कि जैकी श्रॉफ इस साल के विलेन होंगे, जैसे पिछले साल एनिमल के लिए बॉबी थे। जैसे-जैसे बेबी जॉन की रिलीज नजदीक आ रही है, फैंस जैकी श्रॉफ को इस अवतार में देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह फिल्म इसी साल क्रिसमस पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बेबी जॉन के अलावा, जैकी श्रॉफ कॉमेडी फिल्म हाउसफुल 5 में दर्शकों को गुदगुदाते नजर आएंगे। यह फिल्म 6 जून 2025 को सिनेमाघरों में आने वाली है।

# हैदराबाद में भगदड़ के दौरान घायल हुए श्री तेज से मिलने पहुंचे अल्लू अर्जुन के पिता अल्लू अरविंद

पुष्पा 2 स्टार अल्लू अर्जुन के पिता अल्लू अरविंद ने आज 4 दिसंबर को भगदड़ में घायल हुए बच्चे से मुलाकात की। अर्जुन के पिता ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और बच्चे की स्थिति का जायजा लिया। 4 दिसंबर से अस्पताल में भर्ती बच्चे की स्थिति जानने के लिए तेलंगाना की स्वास्थ्य सचिव क्रिस्टीना जेड चोंगथु और हैदराबाद के पुलिस आयुक्त सी.आनंद भी उनके साथ थे। बाद में उन्होंने मीडिया को बच्चे की स्थिति के बारे में बताया।

पुलिस आयुक्त सी.वी. आनंद ने कहा कि चोट ने बच्चे के मस्तिष्क को बुरी तरह प्रभावित किया है। उन्होंने कहा, जब वह भगदड़ में घायल हुआ, तो उसके मस्तिष्क तक ऑक्सीजन नहीं पहुंच पाई और इस वजह से उसकी स्थिति बुरी तरह प्रभावित हुई है। डॉक्टरों की टीम कह रही है कि उसे ठीक होने में समय लगेगा। बच्चा अभी वेंटिलेटर पर है और लगातार जांच चल रही है। अल्लू अर्जुन के पिता ने पीड़िता के पिता और परिवार के सदस्यों से भी मुलाकात की।



आपको बता दें कि 4 दिसंबर को पुष्पा 2 की स्क्रीनिंग के दौरान हैदराबाद में एक बड़ा हादसा हुआ था। अल्लू अर्जुन जैसे ही सिनेमाघर से बाहर निकले, अचानक हजारों लोगों की भीड़ जमा हो गई। इस भीड़ में लोग अल्लू अर्जुन से मिलने के लिए इस तरह कूदने लगे कि भगदड़ मच गई। इस भगदड़ में एक महिला की मौत हो गई और उसका बेटा बुरी तरह घायल हो गया। हैदराबाद पुलिस ने इस मामले में अल्लू अर्जुन को भी गिरफ्तार किया था। अभिनेता ने 13 दिसंबर को एक रात जेल में बिताई और अगले दिन जमानत पर रिहा हो गए।

हालांकि, गिरफ्तारी से फिल्म के कलेक्शन पर कोई असर नहीं पड़ा, बल्कि अल्लू अर्जुन की गिरफ्तारी के बाद कलेक्शन में बढ़ोतरी हुई। इसका नेट इंडियन कलेक्शन फिलहाल 953.3 करोड़ रुपये है, जिसमें इसका बड़ा योगदान इसके डब हिंदी वर्जन का है। 1,400 रुपये इसका ओवरऑल कलेक्शन है और अब मेकर्स इसके अगले पार्ट पुष्पा 3ः द रैम्पेज पर काम कर रहे हैं।

# सोनाक्षी सिन्हा लगती हैं अपनी उम्र से ज्यादा बड़ी..., ये बोलकर रणबीर कपूर ने कर दिया किया था रिजेक्ट? एक्ट्रेस ने जाहिर किया दर्द

बॉलीवुड के दिलों की धड़कन रणबीर कपूर का नाम एक बेहतरीन कलाकार के रूप में शामिल है। भले ही उनकी फिल्मों की कहानी गड़बड़ा जाए, लेकिन अभिनेता हमेशा अपनी एक्टिंग से इसकी भरपाई कर देते हैं। शायद यही वजह है कि उनकी पीढ़ी की कई नई अभिनेत्रियाँ रणबीर के साथ काम करना चाहती हैं। उन्होंने जिस भी अभिनेत्री के साथ काम किया, उनकी केमिस्ट्री बहुत अच्छी साबित हुई। चाहे वह आलिया भट्ट के साथ ब्रह्मास्त्र हो, दीपिका पादुकोण के साथ ये जवानी है दीवानी हो या कोंकणा सेन के साथ वेक अप सिड हो, रणबीर की केमिस्ट्री बेहतरीन रही है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि रणबीर कपूर ने एक बार सोनाक्षी सिन्हा के साथ काम करने से इनकार कर दिया था? जी हाँ, यह एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म थी जिसने पिछले दिनों सुर्खियाँ बटोरी थीं और अब ऐसा लगता है कि सोनाक्षी सिन्हा ने इस बात की पुष्टि की है, लेकिन अप्रत्यक्ष रूप से।

***सोनाक्षी सिन्हा ने क्या कहा?***

जूम को दिए गए एक इंटरव्यू में सोनाक्षी ने कहा कि इंडस्ट्री में पुरुषों से ज़्यादा आंका जाता है। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि अतीत में एक अभिनेता ने उनके साथ फिल्म करने से इनकार कर दिया था क्योंकि उसे लगा कि सोनाक्षी उससे बड़ी दिखती हैं। उन्होंने आगे कहा कि वह खुद को भाग्यशाली मानती हैं कि उन्हें उस कलाकार के साथ काम नहीं करना पड़ा क्योंकि वह खुद ऐसे लोगों के साथ काम करने में दिलचस्पी नहीं रखती हैं। सोनाक्षी सिन्हा ने उस समय कहा कि, अरे मैं तुमसे 5-6 साल छो जिन लोगों को नहीं पता, उनके लिए बता दें कि कुछ साल पहले यह अफवाह सुर्खियों में थी कि रणबीर ने उम्र के कारण सोनाक्षी के साथ फिल्म करने से मना कर दिया था। हालांकि, अब तक दोनों पक्षों ने इस मामले पर कुछ नहीं कहा था। लेकिन अब सोनाक्षी के इस इंटरव्यू ने नेटिज़ेंस को यह विश्वास दिला दिया है कि वह अभिनेता कोई और नहीं बल्कि रणबीर कपूर हैं।



***सोनाक्षी ने इंडस्ट्री की उम्मीदों पर विचार किया***

अभिनेत्री ने आगे कहा, यह बहुत स्पष्ट है कि इंडस्ट्री में हीरो से ऐसी कोई उम्मीद नहीं की जाती है, उन्हें अपनी उम्र के कारण शर्मिंदगी का सामना नहीं करना पड़ता है। अभिनेत्री को आखिरी बार संजय लीला भंसाली की फिल्म हीरामंडीः द डायमंड बाजार में देखा गया था। उन्होंने अभी तक अपनी आगामी परियोजना के विवरण का खुलासा नहीं किया है।

# पाकिस्तानी सट्टेबाजी वेबसाइट से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने मल्लिका शेरावत और पूजा से पूछताछ की

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कुछ पाकिस्तानी नागरिकों के स्वामित्व वाली एक सट्टेबाजी वेबसाइट से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बॉलीवुड स्टार मल्लिका शेरावत और पूजा बनर्जी नामक एक टीवी कलाकार का बयान दर्ज किया है, जिसने पुरुषों के टी20 विश्व कप मैचों का अवैध प्रसारण भी किया था। जांच एजेंसी ने पिछले सप्ताह पोर्टल मैजिकविन के खिलाफ जांच के तहत दिल्ली, मुंबई और पुणे में इस मामले में नए सिरे से तलाशी ली थी। सूत्रों ने कहा कि एजेंसी ने शेरावत और टीवी कलाकार पूजा बनर्जी से इस मामले में कुछ सवालों के जवाब ईमेल या आधिकारिक प्रतिनिधि के माध्यम से देने को कहा था।

उन्होंने कहा कि 48 वर्षीय शेरावत ने पिछले सप्ताह ईडी के अहमदाबाद कार्यालय में एक अधिकृत प्रतिनिधि और ईमेल के माध्यम से अपने जवाब भेजकर अपना बयान दर्ज कराया, जबकि बनर्जी ने जांच अधिकारी (आईओ) के समक्ष गवाही दी और धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत अपना बयान दर्ज कराया।



शेरावत ने कई हिंदी फिल्मों में काम किया है, जबकि बनर्जी ने टीवी सीरीज कुमकुम भाग्य में अहम भूमिका निभाई है। सूत्रों के अनुसार, दोनों ने मैजिकविन से संबंधित कुछ प्रचार गतिविधि की है और प्रथम दृष्टया वे इस मामले में आरोपी नहीं पाए गए हैं। एजेंसी जल्द ही इस मामले में कुछ और अभिनेताओं और मशहूर हस्तियों से पूछताछ कर सकती है। मनी लॉन्ड्रिंग का मामला गुजरात में अहमदाबाद पुलिस की साइबर क्राइम यूनिट द्वारा दर्ज की गई एफआईआर पर आधारित है।

एजेंसी के अनुसार, मैजिकविन एक सट्टेबाजी वेबसाइट है, जिसे गेमिंग पोर्टल के रूप में छिपाया गया है, जिसका वास्तव में स्वामित्व पाकिस्तानी नागरिकों के पास है। इसने कहा कि इस वेबसाइट का संचालन ज्यादातर दुबई में काम करने वाले या बसे भारतीय नागरिकों द्वारा किया जाता है। इसने कहा, वेबसाइट पर दिखाए जा रहे सट्टेबाजी के खेल मूल रूप से फिलीपींस और अन्य देशों में खेले जाते हैं, जो सट्टेबाजी गतिविधियों की अनुमति देते हैं।

ईडी ने दावा किया कि उसकी जांच में पाया गया कि खिलाड़ियों/दांव लगाने वालों द्वारा बैंक खातों में जमा किए गए पैसे को शेल और म्यूल बैंक खातों के माध्यम से डायवर्ट किया गया था और मालिकों के लाभ वाले हिस्से को क्रिप्टो परिसंपत्तियों में निवेश किया गया था, नकद में निकाला गया था या हवाला चैनलों के माध्यम से दुबई भेजा गया था।

खिलाड़ियों/दांव लगाने वालों की जीत की रकम को भुगतान गेटवे के साथ बनाए गए विभिन्न शेल कंपनियों के मर्चेंट खातों के माध्यम से उनके बैंक खातों में स्थानांतरित कर दिया गया था। इन राशियों को घरेलू मनी ट्रांसफर के माध्यम से भी खिलाड़ी के बैंक खाते में स्थानांतरित किया गया था, यह कहा। इन सट्टेबाजी वेबसाइटों द्वारा उत्पन्न लाभ खिलाड़ियों द्वारा किए गए कुल जमा का 50 प्रतिशत से अधिक है, यह कहा।

अवधनामा

लखनऊ, शुक्रवार, 20 दिसम्बर 2024



## हाईकोर्ट से अमोल कीर्तिकर को झटका



**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट से शिवसेना (यूबीटी) के नेता अमोल कीर्तिकर को झटका लगा है। कोर्ट ने मुंबई उत्तर पश्चिम सीट पर लोकसभा चुनाव में शिवसेना के रवींद्र वायकर की जीत को चुनौती देने वाली उनकी याचिका खारिज कर दी है। उधर, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आज आरएसएस संस्थापक हेडगेवार के स्मारक का दौरा किया। बॉम्बे हाईकोर्ट ने गुरुवार को शिवसेना (यूबीटी) के उम्मीदवार अमोल कीर्तिकर की उस याचिका को खारिज कर दिया,जिसमें उन्होंने शिवसेना नेता रवींद्र वायकर के लोकसभा चुनाव में जीत को चुनौती दी थी। कीर्तिकर ने याचका में अनुरोध किया था कि वायकर की जीत को अमान्य घोषित किया जाए और इसे रद्द किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने खुद को मुंबई उत्तर पश्चिम सीट से विजेता घोषित करने की मांग की थी। जस्टिस संदीप मरणे की एकल पीठ ने कीर्तिकर की याचिका को खारिज किया। उद्धव ठाकरे गुट के नेता कीर्तिकर ने अपनी याचिका में दावा किया था कि मतगणना के दिन उन्होंने दोबारा मतगणना की मांग थी, क्योंकि उन्हें मतगणना में कुछ गड़बड़ी का शक था। वायकर इस लोकसभा सीट पर महज 48 मतों के अंतर से वायकर से चुनाव हार गए थे। वायकर को 452,644 वोटम मिले थे, जबकि कीर्तिकर को 452,596 वोट मिले थे। वायकर का दावा था कि चुनाव प्रक्रिया में कुछ गंभीर गड़बड़ियां हुई हैं, जिससे चुनाव नतीजे प्रभावित हुए।

उन्होंने यह भी कहा था कि 333

# मुंबई में पर्यटक नौका हादसे में अब भी एक व्यक्ति और बच्चा लापता

**हादसा**

नौसेना और तटरक्षक बलों की मदद से तलाशी अभियान चलाया। महाराष्ट्र में मुंबई तट के पास बुधवार को एक बड़ा हादसा हो गया।



**मुंबई।** पुलिस ने बताया कि लापता दोनों लोगों की पहचान 43 वर्षीय हंसराज भाटी और सात वर्षीय जोहान मोहम्मद निसार अहमद पठान के तौर पर की गई है। नौसेना और तटरक्षक बलों की मदद से तलाशी अभियान चलाया। महाराष्ट्र में मुंबई तट के निकट नौसेना पोत के पर्यटक नौका को टक्कर मारने वाली घटना के एक दिन बाद भी दो यात्रियों का कुछ पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस हादसे में 113 में से 13 लोगों की जान चली गई। वहीं 98 लोगों को बचा लिया गया है। पुलिस ने बताया कि लापता दोनों की पहचान 43 वर्षीय हंसराज भाटी और सात वर्षीय जोहान मोहम्मद निसार अहमद पठान के तौर पर की गई है। नौसेना और तटरक्षक बलों की मदद से तलाशी अभियान चलाया। महाराष्ट्र में मुंबई तट के पास बुधवार को एक बड़ा हादसा हो गया। यहां नौसेना के एक पोत के एक नौका से टकराने की वजह से 13 लोगों की मौत हो गई जबकि 101 अन्य लोगों को बचा लिया गया। नौसेना के मुताबिक, नौसेना का पोत इंजन परीक्षण के लिए जा रहा था, लेकिन तभी शाम चार बजे इसने नियंत्रण खो दिया और करंजा के पास यह नीलकमल नामक नौका से टकरा गया। यह नौका यात्रियों को गेटवे ऑफ इंडिया से लोकप्रिय पर्यटन स्थल एलीफेंटा द्वीप पर लेकर जा रही थी। नौसेना ने तटरक्षक बल और समुद्री पुलिस ने खोज और बचाव प्रयास तुरंत शुरू किए। बचाव अभियान में नौसेना के चार हेलीकॉप्टर, नौसेना की 11 नौकाएं, तटरक्षक बल की एक नौका और समुद्री पुलिस की तीन नौकाओं की मदद ली गई। नौसेना और अन्य जहाजों की मदद से जिंदा बचे लोगों को आसपास की जेटी पर पहुंचाया गया और फिर उन्हें अस्पतालों में भर्ती कराया गया। मृतकों में सात पुरुष, चार महिलाएं और दो बच्चे शामिल हैं। नौसेना के गंभीर रूप से घायल दो कर्मियों को नौसेना अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सीएम फडणवीस ने इस त्रासदी में मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से पांच-पांच लाख रुपये की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुर्घटना में प्रत्येक मृतक के परिजनों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे। नौसेना नौका के चालक और इस त्रासदी के लिए जिम्मेदार अन्य लोगों के खिलाफ दक्षिण मुंबई के कोलाबा पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## रेलवे महाकुंभ में जनरल कोच में 200-250 किमी तक बिना टिकट ट्रैवल की खबर अफवाह



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ मेले के दौरान जनरल डिब्बे में बिना टिकट यात्रा से जुड़ी खबरों पर रेल मंत्रालय ने बुधवार को सफाई दी है। भारतीय रेलवे ने स्पष्ट किया कि यात्रियों को फ्री यात्रा की अनुमति देने वाली खबरें पूरी तरह से आधारहीन और अफवाह हैं। पहले खबर आई थी कि यात्री प्रयागराज से 200 से 250 किमी की दूरी तक की यात्रा मुफ्त में कर सकते हैं। रेल मंत्रालय ने कहा- भारतीय रेलवे के संज्ञान में आया है कि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि महाकुंभ मेले के दौरान यात्रियों को मुफ्त यात्रा करने की अनुमति दी जाएगी, हम इन रिपोर्ट्स का खंडन करते हैं, क्योंकि वे पूरी तरह से निराधार और भ्रामक हैं। मंत्रालय ने कहा कि भारतीय रेलवे के नियमों के तहत बिना वैध टिकट के यात्रा करना दंडनीय अपराध है।यात्रियों के लिए अतिरिक्त टिकट काउंटर लगाए जाएंगे रेलवे ने कहा- भारतीय रेलवे ने महाकुंभ के दौरान यात्रियों के लिए कई व्यवस्थाएं की हैं। यात्रियों की बड़ी संख्या को देखते हुए खास तौर पर यात्रा के दौरान रेलवे ने विशेष होल्डिंग क्षेत्र, अतिरिक्त टिकट काउंटर और अन्य जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था की है।

# आम आदमी पार्टी के विधायक नरेश बाल्यान का मकोका केस राऊज एवेन्यू कोर्ट में ट्रांसफर

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने आम आदमी पार्टी के विधायक नरेश बाल्यान के मकोका केस को पूरी तरह से द्वारका कोर्ट से राऊज एवेन्यू कोर्ट में ट्रांसफर किया है। दिल्ली पुलिस ने अपनी याचिका में मांग की थी कि इस केस के सभी आरोपियों की सुनवाई एक ही अदालत में हो इसलिए केस को ट्रांसफर किया जाए। दिल्ली पुलिस ने दलील दी कि नरेश बाल्यान की रिमांड के लिए राऊज एवेन्यू कोर्ट में जाना पड़ता है जबकि अन्य आरोपियों की सुनवाई द्वारका कोर्ट में होती है। इसके बाद हाईकोर्ट ने केस को ट्रांसफर करने का फैसला दिया। बता दें, 30 नवंबर को क्राइम ब्रांच ने नरेश बाल्यान को 2023 के जबरन वसूली मामले में गिरफ्तार किया था।

BJP विधायक राम शिंदे महाराष्ट्र विधान परिषद के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए, एकनाथ शिंदे चाहते थे शिवसेना को यह पद मिले भाजपा विधायक राम शिंदे महाराष्ट्र विधान परिषद के निर्विरोध अध्यक्ष



चुने गए हैं। राम शिंदे धांगड़ समुदाय से हैं। वे कारजट जामखेड़ से विधायक थे, लेकिन 2019 और 2024 में वह NCP (शरद गुट) के रोहित पवार से हार गए थे। नामांकन दाखिल करने के बाद राम शिंदे ने कहा था कि कांग्रेस ने कोई भी नामांकन दाखिल नहीं करने की बात कही है। इसलिए यह चुनाव निर्विरोध होगा। राम शिंदे के नामांकन दाखिल करने के वक्त ष्टरू देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार उनके साथ थे, लेकिन एकनाथ शिंदे नहीं थे। दरअसल, एकनाथ शिंदे यह पद शिवसेना के लिए चाहते थे। शिवसेना की नीलम गोरखे इस पद की दावेदार थीं। विधान परिषद के चेयरमैन पद के लिए चुनाव नहीं हो पाया था, क्योंकि 2022 और 2023 में शिवसेना और ह्ष्क्क में बंटवारा हो गया था। संभल सांसद जियाउर्रहमान बर्क पर बिजली चोरी के आरोप में स्न्ढ्ढक्र दर्ज की गई है। बिजली विभाग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। जिसमें बताया कि बर्क के घर बिजली चोरी पाई गई। बिजली विभाग की टीम को धमकाया गया। इसलिए उनके खिलाफ बिजली चोरी एक्ट की धारा 135 के तहत स्न्ढ्ढक्र दर्ज की गई है। बिजली विभाग की जांच में खुलासा हुआ है कि सांसद बर्क के घर 16 किलोवाट के हिसाब से बिजली की खपत हो रही थी, लेकिन कनेक्शन 4 किलोवाट का था। पढ़ें पूरी खबर... राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ आज महायुति नेताओं के साथ नागपुर में विशेष बैठक करने वाला है।

# जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में एनकाउंटर, 5 आतंकी ढेर

**हथियार**

पहले ये लोग आतंकियों का सामान ढोने का काम करते थे, अब उन्हें गांवों में ही हथियार, गोला बारूद और खाना-पीना दे रहे हैं।



**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले के कद्दर इलाके में सेना और पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन में 5 आतंकियों को ढेर कर दिया। हालांकि, आतंकियों के शव मिलने बाकी हैं। मुठभेड़ में दो जवान भी घायल हुए हैं। गुरुवार सुबह सेना और पुलिस को इलाके में आतंकियों के छिपे होने की जानकारी मिली थी। इसके बाद जॉइंट सर्च ऑपरेशन चलाया गया। तलाशी के दौरान आतंकियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। सेना ने भी जवाबी कार्रवाई की।उधर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिल्ली में मीटिंग कर सकते हैं। सितंबर-अक्टूबर में हुए विधानसभा चुनावों के बाद यह पहली बैठक होगी। इसमें उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सेना, अर्धसैनिक बलों, जम्मू-कश्मीर प्रशासन, खुफिया एजेंसियों और गृह मंत्रालय के सीनियर अफसर शामिल होंगे।

इससे पहले 16 जून को भी शाह ने हाई लेवल मीटिंग की थी। इसमें उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया था कि आतंकवाद को कुचलें और आतंकियों की मदद करने वालों पर भी सख्ती बरतें। दिसंबर में एनकाउंटर की पहली घटना, नवंबर में 8 आतंकी मारे गए थे जम्मू-कश्मीर में सेना और आतंकियों के एनकाउंटर की यह पहली घटना है। पिछले महीने नवंबर में 10 दिनों में 9 एनकाउंटर हुए थे। जिसमें 8 आतंकी ढेर हो गए थे। जम्मू में जैश और लश्कर का 20 साल पुराना नेटवर्क एक्टिव जम्मू रीजन में सेना ने 20 साल पहले पाकिस्तान परस्त आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के जिस लोकल नेटवर्क को सख्ती से निष्क्रिय कर दिया था, वो पूरी ताकत से फिर एक्टिव हो गया है। पहले ये लोग आतंकियों का सामान ढोने का काम करते थे, अब उन्हें गांवों में ही हथियार, गोला बारूद और खाना-पीना दे रहे हैं। बीते दिनों जिन 25 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है, उन्होंने पूछताछ में इसके सुराग दिए हैं। यह नेटवर्क जम्मू के 10 में से नौ जिलों राजौरी, पुंछ, रियासी, ऊधमपुर, कठुआ, डोडा, किश्तवाड़, जम्मू और रामबन में जम चुका है। जम्मू-कश्मीर के पूर्व ष्ठत्रक्क एसपी वैद्य के मुताबिक, आर्टिकल 370 हटने के बाद से ही पाकिस्तान आर्मी और ढ्ढस्ढ्ढ ने जम्मू को टारगेट करना शुरू कर दिया था। उसने दो साल में इस नेटवर्क को सक्रिय किया। इन्हीं की मदद से आतंकियों ने 2020 में पुंछ और राजौरी में सेना पर बड़े हमले किए।

## हरियाणा के हिसार में तापमान 0.6°:MP-राजस्थान के 9 शहरों में पारा 4 डिग्री से नीचे

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर और पाकिस्तान की तरफ से चल रही ठंडी हवा के कारण उत्तर भारत के राज्यों में तापमान में गिरावट दर्ज हुई। हरियाणा के हिसार में तापमान 0.6 डिग्री तक रिकॉर्ड किया गया। वहीं, पंजाब के फरीदकोट में भी लगातार दूसरे दिन पारा 0 डिग्री के करीब रिकॉर्ड हुआ। उधर, हिमाचल के 6 जिले शीतलहर की चपेट में हैं। मौसम विभाग ने कहा कि आज कुल्लू और लाहौल-स्पीति की ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी हो सकती है। उत्तर भारत में चल रही सर्द हवाओं का असर मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भी देखने को मिला। दोनों राज्यों के 9 शहरों में तापमान 4 डिग्री के नीचे बना हुआ है। राजस्थान के सीकर तापमान माइनस 0.4 डिग्री तक पहुंचा। जम्मू-कश्मीर के कई हिस्सों में पारा माइनस से नीचे चल रहा है।

## महिलाओं के विरोध के बीच ईरानी नेता खामेनेई के बदले सुर

## महिला एक नाजुक फूल, घरेलू नौकरानी नहीं: खामेनेई



**तेहरान** खोमेनेई का यह बयान उस वक्त आया है जब ईरान में महिलाएं अपने अधिकारों को लेकर सड़कों पर उतरकर आवाज बुलंद कर रही हैं। सख्त हिजाब कानून को लेकर महिलाएं ईरानी शासन के खिलाफ विरोध में हैं। खामेनेई ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि महिला को घर में फूल की तरह माना जाना चाहिए। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने कहा कि महिला एक नाजुक फूल है, वह कोई घरेलू नौकरानी नहीं है। महिला को घर में एक फूल की तरह माना जाना चाहिए। फूल की देखभाल की जानी चाहिए। खोमेनेई का यह बयान उस वक्त आया है जब ईरान में महिलाएं अपने अधिकारों को लेकर सड़कों पर उतरकर आवाज बुलंद कर रही हैं। सख्त हिजाब कानून को लेकर महिलाएं ईरानी शासन के खिलाफ विरोध में हैं।

खामेनेई ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि महिला एक नाजुक फूल है, कोई नौकरानी नहीं। महिला को घर में फूल की तरह माना जाना चाहिए। फूल की देखभाल की जानी चाहिए। इसकी ताजगी और मीठी खुशबू का लाभ उठाया जाना चाहिए और हवा को सुगंधित करने के लिए इसका इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

खामेनेई ने लिखा कि महिला और पुरुष एक-दूसरे के लिए बनाए गए हैं। कुरान में लिखा गया है कि अल्लाह ने तुम्हारे लिए तुम्हीं में से जोड़े बनाए हैं। पुरुष और महिलाएं अच्छे और शुद्ध जीवन की तलाश में समान हैं, जो कि मानव जाति के निर्माण का उद्देश्य है और कोई भी दूसरे से श्रेष्ठ नहीं है। कुरान में कहा गया है कि जो कोई भी नेक काम करता है, चाहे वह पुरुष हो या महिला और वह आस्तिक है, हम उसे एक अच्छा और शुद्ध जीवन देंगे। पुरुष और महिलाओं की लैंगिक भूमिका को लेकर खामेनेई ने कहा कि परिवार में महिलाओं और पुरुषों की भूमिकाएं अलग-अलग होती हैं। पुरुष परिवार के खर्चों के लिए ज़िम्मेदार होता है, जबकि महिला बच्चे पैदा करने के लिए जिम्मेदार होती है। इसका मतलब यह नहीं है कि वे श्रेष्ठ हैं। वे अलग-अलग गुण हैं। पुरुषों और महिलाओं के अधिकारों की गणना इनके आधार पर नहीं की जाती है। हालांकि बौद्धिक और आध्यात्मिक क्षमताओं के मामले में दोनों में असीम संभावनाएं होती हैं और इस मामले में वे एक दूसरे से अलग नहीं हैं।

खामेनेई ने कहा कि दुनिया के पूंजीपति महिलाओं के मुद्दे पर हस्तक्षेप करते हैं।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमलों को लेकर अमेरिकी सांसद का हल्लाबोल


**वॉशिंगटन।** सांसद श्री थानेदार ने अमेरिका के वित्त मंत्रालय और विदेश मंत्रालय से बांग्लादेश पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार अल्पसंख्यकों के जमात-ए-इस्लामी को रोकने में नाकाम रही है, जो अल्पसंख्यकों को निशाना बनाती है। अमेरिका के सांसद श्री थानेदार ने बांग्लादेश में मानवाधिकार उल्लंघन के मामलों पर चिंता जताई। उन्होंने अपने वित्त मंत्रालय और विदेश मंत्रालय से मांग की कि ढाका में अल्पसंख्यकों के खिलाफ जघन्य अपराध करने वालों पर प्रतिबंध लगाए जाएं। श्री थानेदार ने कहा, मैं अमेरिका के वित्त मंत्रालय और विदेश मंत्रालय से अपील करता हूं कि वे बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ जघन्य कृत्यों को अंजाम देने वालों पर प्रतिबंध लगाएं।

# अमेरिका समेत पश्चिमी देशों से तनातनी के बीच रूस का बड़ा दांव

**मॉस्को।** रूस के चीफ ऑफ जनरल स्टाफ वालेरी गेरासिमोव ने अमेरिका पर वैश्विक संघर्षों को भड़काने और हथियार नियंत्रण संधियों को खत्म करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि रूस को अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों पर भरोसा नहीं है। इसलिए अब वह चीन, भारत, ईरान, उत्तर कोरिया और वेनेजुएला के साथ संबंध विकसित करेगा। अमेरिका समेत पश्चिम देशों से तनातनी के बीच रूस ने बड़ा दांव चला है। रूस अब भारत के साथ संबंधों को और मजूबत करने की तैयारी में हैं। रूस के चीफ ऑफ जनरल स्टाफ वालेरी गेरासिमोव ने अमेरिका पर वैश्विक संघर्षों को भड़काने और हथियार नियंत्रण संधियों को खत्म करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मॉस्को का पश्चिम के प्रति न्यूनतम स्तर का भरोसा रखना असंभव है। उन्होंने कहा कि हथियार नियंत्रण समझौते में पश्चिम देशों के दोहरे मानदंड के चलते तमाम बाधाएं आ रही हैं। मॉस्को और पश्चिमी देशों के बीच विश्वास कम होने से हथियार नियंत्रण समझौते का मुद्दा अंतरराष्ट्रीय संबंधों के लिहाज से अप्रासंगिक हो गया है।

**बढ़ावा**

यूरोप और एशिया में अमेरिकी मिसाइलों की तैनाती आक्रामक हथियारों को बढ़ावा दे रही है।



गेरासिमोव ने कहा कि हथियार नियंत्रण का मुद्दा अब पुराने समय की बात बन गया है। क्योंकि पश्चिम के दोहरे मानदंडों के कारण आज न्यूनतम स्तर के विश्वास पर लौटना असंभव है। रूस को अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों पर भरोसा नहीं है। इसलिए अब वह चीन, भारत, ईरान, उत्तर कोरिया और वेनेजुएला के साथ संबंध विकसित करेगा। इस बीच रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि विश्वास के बिना पारस्परिक नियंत्रण के लिए प्रभावी तंत्र बनाना असंभव है। इस मामले में कई देशों ने पर्याप्त प्रतिक्रिया उपायों के बारे में सोचना शुरू कर दिया है। यूरोप और एशिया में अमेरिकी मिसाइलों की तैनाती आक्रामक हथियारों को बढ़ावा दे रही है। साथ ही फिलीपींस में अमेरिकी सेना का दखल रूस के लिए विशेष चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि हमने रूस की सीमाओं के पास अमेरिका के नेतृत्व वाले नाटो सैन्य गठबंधन की गतिविधियों में वृद्धि देखी है। पिछले महीने यूक्रेन के अमेरिका की ओर से दी गई लंबी दूरी की मिसाइलों से रूसी क्षेत्र पर हमला करने के बाद अमेरिका यूक्रेन में संघर्ष में खुले तौर पर भागीदार बन गया है। रूस और अमेरिका विश्व की सबसे बड़ी परमाणु शक्तियां हैं। दोनों ने हथियार नियंत्रण संधियों के खत्म होने पर एक-दूसरे को दोषी ठहराया था। इन संधियों का उद्देश्य हथियारों की दौड़ को धीमा करना और परमाणु युद्ध के जोखिम को कम करना था। रूस और चीन को अमेरिका सबसे बड़ा खतरा मानता है। साथ ही 1972 की एंटी-बैलिस्टिक मिसाइल संधि और 1987 की इंटरमीडिएट-रेंज न्यूक्लियर फोर्सेस (आईएनएफ) संधि के टूटने के लिए रूस को दोषी ठहराता है।

अमेरिका ने 2019 में खुद को ढ्ढहस्न्न संधि से अलग कर लिया था। उसने रूस पर संधि उल्लंघन का आरोप लगाया था। इसके बाद अमेरिका 2002 में एंटी-बैलिस्टिक मिसाइल संधि से अलग हो गया था। वहीं 2023 में रूस ने न्यू स्टार्ट संधि में भाग नहीं लिया था। यह संधि रणनीतिक परमाणु हथियारों को सीमित करती है।

## भारतवंशी कैटलिन को मिस इंडिया यूएसए 2024 का खिताब

**परमाणु**

ब्लिंकन ने कहा कि कोई भी अमेरिकी प्रशासन ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने की अनुमति नहीं देगा।

**चेन्नई।** चेन्नई में जन्मीं भारतवंशी कैटलिन सैंड्रा नील ने न्यूजर्सी में सौंदर्य प्रतियोगिता 'मिस इंडिया यूएसए' 2024 जीत ली है। कैटलिन (19) डेविस के कैलिफोर्निया विवि में द्वितीय वर्ष की छात्रा हैं। उन्होंने कहा, मैं अपनों पर सकारात्मक प्रभाव छोड़ना चाहती हूं और महिला सशक्तीकरण तथा साक्षरता पर ध्यान रखना चाहती हूं। वह 14 वर्षों से अमेरिका में रह रही हैं और वेब डिजाइनर के अलावा मॉडलिंग, एक्टिंग में भी करियर चाहती हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने दावा किया है कि नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान को परमाणु बम हासिल करने से रोक सकते हैं। उनके पास ईरान से बातचीत करने का अवसर है। उन्होंने कहा सैन्य क्षेत्र में असफल होने के बाद ईरान परमाणु हथियार को लेकर विचार कर रहा है। मुझे नहीं लगता है कि अनिवार्य है। ट्रंप ने अपने पिछले कार्यकाल में ईरान के साथ परमाणु समझौते से अमेरिका को अलग कर लिया था। ब्लिंकन ने कहा कि कोई भी अमेरिकी प्रशासन ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने की अनुमति नहीं देगा। रूसी खुफिया एजेंसी ने कहा कि उसने मॉस्को में लेफ्टि. जनरल इगोर किरिलोव की हत्या केस में एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। उसे उज्बेकिस्तानी नागरिक बताया गया है, जिसे यूक्रेन की खुफिया सेवा ने भर्ती किया था। 1995 में जन्मे संदिग्ध ने मंगलवार को जनरल के अपार्टमेंट के बाहर स्कूटर में विस्फोटक लगाया था। उसे हत्या के बदले में एक लाख डॉलर का इनाम देने का वादा भी किया था। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके भारत यात्रा के बाद चीन की यात्रा पर जाएंगे। उनके स्वागत की तैयारियां चल रही हैं। एक वरिष्ठ चीनी अधिकारी ने यह जानकारी दी। दिसानायके इस सप्ताह की शुरुआत में तीन दिवसीय यात्रा पर भारत आए थे। राष्ट्रपति का पदभार संभालने के बाद यह उनकी पहली विदेश यात्रा थी। चीनी पीपुल्स पॉलिटिकल कंसल्टेटिव कॉन्फ्रेंस (सीपीपीसीसी) की राष्ट्रीय समिति की उपाध्यक्ष किन बोयोंग ने बुधवार को दिसानायके से मुलाकात की और कहा कि उनकी आगामी चीन यात्रा के दौरान उनके स्वागत की तैयारियां चल रही हैं। दिसानायके ने किन से कहा कि श्रीलंका ऋण पुनर्गठन में चीन की सहायता और श्रीलंका के सामने आई आर्थिक चुनौतियों के दौरान दिए गए ऋणों की सराहना करता है। नेपाल की विदेश मंत्री आरजू राणा देउबा बृहस्पतिवार को तीन दिवसीय यात्रा पर भारत आएंगी। विदेश मंत्रालय के अनुसार, जर्मनी की यात्रा पर गईं देउबा बुधवार को बर्लिन से नई दिल्ली के लिए रवाना हुईं। नई दिल्ली में अपने प्रवास के दौरान, वह ईजीआरओडब्ल्यू फाउंडेशन और काठमांडो विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित भारत-नेपाल सम्मेलन को संबोधित करेंगी।

## पाकिस्तान पर चला अमेरिका का चाबुक, बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम पर शिकंजा



**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने इसी मामले में चीन की छह और बेलारूस की एक कंपनी पर प्रतिबंध लगाया था। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि एनडीसी और तीन अन्य कंपनियां भारी तबाही वाले हथियारों के प्रसार में शामिल हैं। अमेरिका ने एनडीसी के अलावा जिन तीन संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाया है, उसमें कराची की अख्तर एंड संस प्राइवेट लिमिटेड, एफिलिएट्स इंटरनेशनल और रॉकसाइड एंटरप्राइज शामिल हैं। अमेरिका ने लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल तैयार कर रहे पाकिस्तान पर एक बार फिर शिकंजा कसा है। बाइडन प्रशासन ने बैलिस्टिक मिसाइल तैयार कर रहे निकाय नेशनल डेवलपमेंट कॉम्प्लैक्स (एनडीसी) समेत चार संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाया है। अमेरिका ने कहा कि एनडीसी के अलावा तीन अन्य कंपनियां मिसाइल कार्यक्रम में पाकिस्तान का सहयोग कर रही हैं। इससे पहले अमेरिका ने इसी मामले में चीन की छह और बेलारूस की एक कंपनी पर प्रतिबंध लगाया था। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि एनडीसी और तीन अन्य कंपनियां भारी तबाही वाले हथियारों के प्रसार में शामिल हैं।

# ट्रंप ने बाइडन सरकार के शटडाउन को टालने के समझौते का किया विरोध

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी पार्टी के सांसदों से अपील की है कि वे सरकार के शटडाउन को टालने के लिए प्रस्ताव को खारिज करें। ट्रंप ने कहा कि डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों को इस समझौते में दी गई रियायतें देश के साथ धोखा हैं। अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रिपब्लिकन पार्टी के सांसदों से बुधवार को अपील की कि वे सरकार के शटडाउन को टालने के लिए क्रॉस-पार्टी समझौते को खारिज कर दें। शटडाउन का मतलब है कि अगर सरकार को जरूरी फंडिंग नहीं मिलती, तो सरकारी दफ्तर बंद हो सकते हैं और कर्मचारी बिना वेतन के घर भेजे जा सकते हैं। दोनों दलों के सांसदों ने समझौते पर सहमति बनाई थी कि सरकार को मार्च तक चलाने के लिए फंडिंग दी जाएगी



और कर्मचारियों को बिना वेतन के घर नहीं भेजा जाएगा। लेकिन ट्रंप और उनके कई प्रमुख सहयोगी इस समझौते में अधिक खर्च को लेकर नाराज हैं। इनमें अरबपति कारोबारी एलन मस्क भी शामिल हैं। उनका कहना है कि इससे देश पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा।ट्रंप ने कहा कि डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों को इस समझौते में दी गई रियायतें देश के साथ धोखा हैं। उन्होंने रिपब्लिकन पार्टी के सांसदों से आग्रह किया कि वे समझदार और सख्त बनें। ट्रंप ने कहा कि रिपब्लिकन पार्टी के सांसद डरने के बजाय डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों की धमकी का सामना करें और उन्हें बताएं कि वे वास्तव में सरकार को शटडाउन की अनुमति नहीं देंगे।

डोनाल्ड ट्रंप का रिपब्लिकन पार्टी पर काफी प्रभाव है, जो अभी प्रतिनिधि सभा (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स) को नियंत्रित कर रही है। 20 जनवरी ट्रंप जब राष्ट्रपति के रूप में पदभार संभालेंगे, तो वह सीनेट को भी नियंत्रित करेंगे। ट्रंप के दखल के कारण यह लगभग तय है कि शटडाउन के लिए यह 1,547 पन्नों का विधेयक अब प्रतिनिधि सभा तक नहीं पहुंचेगा। ट्रंप और उनके समर्थक विधेयक को स्वीकार नहीं कर रहे हैं। विधेयक में आपदा राहत के लिए 100 अरब डॉलर, किसानों की मदद के लिए 30 अरब डॉलर, चीन में निवेश पर पाबंदी और सांसदों के वेतन में बढ़ोतरी का प्रस्ताव है।

# बाबा साहब का अपमान संविधान और लोकतंत्र का अपमानः राकेश



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** संसद में बुधवार को संविधान निर्माता भारत रत्न बाबासाहब भीमराव अंबेडकर पर गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा दिए गए आपत्तिजनक बयान पर देश में राजनीति गरमा गई है। गृहमंत्री अमित शाह के बयान को लेकर जौनपुर समाजवादी पार्टी ने जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य के नेतृत्व में सपा नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने पीडब्लूडी तिराहे पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को नमन करते हुए अंबेडकर तिराहे पर अंबेडकर पार्क में डॉक्टर भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।तत्पश्चात बाबासाहब की फोटो लेकर समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की। उक्त अवसर पर जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह ने बाबासाहब डा. भीमराव अंबेडकर का अपमान तो किया ही साथ ही साथ लोकतंत्र और भारत के संविधान का अपमान किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमित शाह को अविलंब बर्खास्त करें और देश से इस अपमान के लिए माफी मांगे।

पूर्व विधायक लालबहादुर यादव एवं पूर्व अध्यक्ष ज़िला पंचायत राजबहादुर यादव एवं उपाध्यक्ष श्यामबहादुर पाल ने कहा कि बाबासाहब का अपमान देश का अपमान है। अमित शाह देश के सबसे बड़ी सदन में बाबासाहेब के संविधान के कारण ही पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगर उन्हें बर्खास्त कर राष्ट्र से माफी नहीं मांगते तो हम समाजवादी इस आंदोलन को बड़े स्तर पर करेंगे और फिर सारी जिम्मेदारी गृहमंत्री अमित शाह की होगी। प्रदर्शन के अवसर पर ज़िला उपाध्यक्ष गण जितेंद्र यादव, इरशाद मंसूरी, हीरालाल विश्वकर्मा, ज़िला महासचिव आरिफ हबीब, वरिष्ठ नेता श्रवण जायसवाल, अनवारूल हक गुड्डू, ज़िला सचिव गण दीपक जायसवाल, गुलाब यादव, विनय कुमार यादव, विधानसभा अध्यक्ष गण नंदलाल यादव, वीरेंद्र यादव, सोचनराम विश्वकर्मा धीरज बिंद, नगर अध्यक्ष कमालुद्दीन अंसारी, प्रदेश सचिव भानु मौर्य, गुड्डू सोनकर जिलाध्यक्ष यूथ ब्रिगेड, अजय श्रीवास्तव, राजा नवाब सहित अन्य सपाई उपस्थित रहे।

# पीएम कमपोजिट विद्यालय का वार्षिक उत्सव मना



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर (सुरेरी)** विकास खंड रामपुर के ग्राम पंचायत भानपुर में स्थिति पीएम कमपोजिट विद्यालय में वार्षिकोत्सव मनाया गया कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी रामपुर अश्वनी कुमार सिंह ने सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रजवलित कर किया तत्तपश्चात फीता काट कर किया गया। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अच्छी शिक्षा ग्रहण करने के लिए कहे जिनके संबोधन के उपरांत विद्यालय के छात्रों ने हर्षोल्लास के साथ स्वागत गीत, राष्ट्रीय गीत, नित्य, नाटक, प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम का प्रस्तुत करण किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विद्यालय के अध्यापक संतोष यादव द्वारा समस्त अतिथियों का स्वागत सत्कार किया गया तथा अभिभावकों से अपील किया गया कि सभी अभिभावक बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें और अधिक से अधिक विद्यालय में नामांकन कराए विद्यालय के अध्यापक संतोष यादव ने विद्यालय में शिक्षा लिए अमर उजाला के पत्रकार बृजेश मिश्र का सम्मान किया गया इस दौरान विद्यालय रामसूरत मौर्या,केशव नाथ पटेल,उदय शंकर पटेल,रमेश कुमार गौड,राकेश कुमार,प्रफुल्ल कुमार वर्मा, सुनील दुबे, मीनू देवी,विकास यादव आजाद, सहायक अध्यापक संतोष यादव उपस्थित रहें।

# मुबारकपुर के सबा हास्पिटल के डॉ. शमीम के खिलाफ मुकदमा हुआ दर्ज

**अवधनामा संवाददाता**



**मुबारकपुर, आजमगढ़।** नायब तहसीलदार रत्नेश कुमार ने बुधवार को देर रात लगभग दस बजे मुबारकपुर थाना प्रभारी निरीक्षक को तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर डा, डाक्टर शमीम अहमद खिलाफ मुबारकपुर थाना में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

नायब तहसीलदार रत्नेश कुमार के नेतृत्व गठित टीम विगत दिनांक छः दिसम्बर दिन शुक्रवार को सबा हास्पिटल मुबारकपुर व पब्लिक स्कूल की जांच करने पहुंची थी। यह जांच टीम उपजिलाधिकारी सदर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुनील कुमार धन्वन्ता ने शिकायतकर्ता की शिकायत पर गठित की थी।

नायब तहसीलदार रत्नेश कुमार ने अपनी दी गई तहरीर में दर्शाया है कि जांच के दौरान सबा हास्पिटल मुबारकपुर व पब्लिक स्कूल के प्रबन्धक डाक्टर शमीम ने कोई सहयोग नहीं किया एवं अभद्र व्यवहार करते हुए डिग्री दिखाने के लिए कहा गया तो उन्होंने कहा कि बिना सूचना दिए आए हैं। उन्होंने जांच टीम से ही आई डी दिखाने को कहा।यही नहीं उन्होंने यह भी कहा कि सरकारी अस्पताल बदबू कर रहे हैं। उन्हें जांघ करने क्यों नहीं जाते। मेरा ही एक अस्पताल है और भी बहुत सारे अस्पताल है वहीं सबा हास्पिटल की नर्स सादिया ने कहा कि यह अस्पताल जिला में सबसे बेहतर अस्पताल है। जांच करने आए हैं तो आप भी अपनी आई डी दिखाये। जांच करने से दो दिन पहले नोटिस देकर आयें। इस तरह सबा हास्पिटल मुबारकपुर व पब्लिक स्कूल की जांच के दौरान पूर्व पालिकाध्यक्ष डाक्टर शमीम के खिलाफसरकारी कार्य में बाधा, जांच टीम के साथ अभद्रता और धमकाने का आरोप लगाया है। मुबारकपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है पूर्व में स्कूल व अस्पताल में बुलडोजर की कार्रवाई जाॅइंड मजिस्ट्रेट द्वारा किया जा चुका है स्कूल और अस्पताल की के जमीन की गहनता के साथ जांच जारी है जांच के बाद ही अगर कोई तथ्य सामने आया तो गम्भीर कार्यवाही की सम्भावना है।

## मानक के विपरीत हो रहे शंकर लाल भार्गव रोड के कार्य को कराया बंद

**प्रयागराज।** शंकर लाल भार्गव पुलिस बूथ चौराहे से विश्वकर्मा मंदिर तक पटरी में बिना जी एस बी गिट्टी के इंटरलॉकिंग ठेकेदार द्वारा बिछाई जा रही थी जिससे नाराज भाजपा पार्षद किरन जायसवाल, रुद्रसेन जायसवाल, मुकेश लारा और लोगों ने कल कार्य बंद करा दिया था। आज पी डी ए के अधिकारियों की भ्रटाचार पर आंख मूंद लेने से इस स्थान को छोड़ ठेकेदार ने राम जानकी मंदिर के पास फिर बिना गिट्टी के मलवा डाल कर इंटरलॉकिंग लगाना शुरू कर दिया। जिससे आक्रोशित लोगों ने पार्षद किरन जायसवाल और रुद्र सेन जायसवाल, मुकेश लारा को फोन कर कार्य स्थल पर बुलाया। मौके पर किरन जायसवाल ने पी डी ए के अधिशासी अभियंता को फोन कर आने को कहा लेकिन व्यस्तता बता कर केवल उनकी बात सुनी। पार्षद ने बताया बीच बीच में अधूरी नाली को कंपलीट कर कट स्टोन जो पास है उसे लगाया जाए पानी निकलने के लिए समुचित व्यवस्था हो सके।

# जगत तारन में 15 दिवसीय एड आन कोर्स का समापन



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज के वाणिज्य विभाग ने गुरुवार को कॉमर्स हॉल में एंटरप्रेन्योरशिप एंड सोशल मीडिया मार्केटिंग विषय पर 15 दिवसीय एड ऑन / सर्टिफिकेट कोर्स का समापन कार्यक्रम आयोजित किया। समापन कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्या प्रो. आशिमा घोष, विभाग समन्वयक डॉ. संगीता अग्रवाल और कोर्स कॉर्डिनेटर डॉ. अर्पिता घोष ने मुख्य अतिथि सीए ममता गुप्ता को पौधा और उपहार देके किया। कोर्स कॉर्डिनेटर डॉ. अर्पिता घोष ने पूरे 15 दिन के कोर्स का विवरण विस्तृत रूप से सबके सामने प्रस्तुत किया। उसके पश्चात प्राचार्या प्रो. आशिमा घोष ने एड ऑन कोर्स को सराहा तथा विभाग और छात्राओं को शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि सीए ममता गुप्ता ने छात्राओं को जॉब तथा उद्योग क्षेत्र के विभिन्न अनिवार्य तथ्यों से अवगत कराया उसके पश्चात पंजीकृत छात्राओं को सर्टिफिकेट और कोर्स में आयोजित प्रतियोगिता में विजेता छात्राओं को उपहार देके सबको शुभकामनाएं दी। एड ऑन कोर्स प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रिया सिंह पुत्री सुनील कुमार सिंह, द्वितीय स्थान संयुक्त रूप से सौम्या अग्रहरि पुत्री पवन कुमार अग्रहरि तथा नैन्सी गुप्ता पुत्री रवि शंकर गुप्ता और तृतीय स्थान कृति शुक्ला पुत्री नारायण धर शुक्ला ने प्राप्त किया। समापन कार्यक्रम का संचालन डॉ. आयुषी अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग के सभी फैकल्टी मेंबर्स उपस्थित रहे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन का कार्य सुमित शर्मा ने किया।

# सक्षम और संपन्न लोग भी कंबल वितरण जैसे पुनीत कार्य में हिस्सा ले : डीएम

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** विकास खंड परिसर बरसठी में व्यापक स्तर पर कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र तथा पुलिस अधीक्षक डॉ0 अजय पाल शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक द्वारा ग्राम वासियों में कंबल का वितरण किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि इस पुनीत कार्य का हिस्सा बनकर हर्ष की अनुभूति हो रही है, उन्होंने अपील किया कि जिस प्रकार बढ़ते ठंड के प्रकोप के दृष्टिगत शासन के द्वारा कंबल वितरण किया जा रहा है, इसी प्रकार जनपद के प्रबुद्धजन, सक्षम और संपन्न लोग भी कंबल वितरण जैसे पुनीत कार्य में हिस्सा ले और इसे आगे बढ़ाएं जिससे कि गरीब असहाय लोगों को भी संबल और सुविधाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सभी योजनाओं को यथार्थ के धरातल पर पात्रता के आधार पर वंचित एवं पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। जिलाधिकारी के द्वारा उपस्थित लोगों से फार्मर रजिस्ट्री करवाने की अपील की गई और उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री से होने वाले फायदे के बारे में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख अनीता शुक्ला, जिला अध्यक्ष रामविलास पाल, जिला पंचायत सदस्य प्रीति पाल, सुरेंद्र शुक्ला, मनोज सिंह, उप जिलाधिकारी मडियाहू, खंड विकास अधिकारी सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद ने सड़कों पर उतर किया प्रदर्शन



**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद उ0प्र0 के प्रान्तीय आह्वाहन पर परिषद के पदाधिकारियों व सदस्यों ने रोडवेज परिसर में धरना प्रदर्शन कर परिसर से पैदल निकलकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुँचकर सात सूत्रीय मांग पत्र मुख्यमंत्री के संबोधित जिला प्रशासन को सौंपकर राजकीय मार्ग पर निजी बसों के संगठीत अवैध व अनाधिकृत संचालन, निगम की बहुमूल्य संपत्तियों व इसके कारोबार को निजी हाथों में सौंपने, मृतक आश्रितों को नियुक्ति प्रदान न करने, गंभीर वेतन विसंगति को दूर न करने, 19 कार्यशाला को निजी हाथों में सौंपने, कार्यालय अधीक्षक संवर्ग, भंडार अधीक्षक, प्रधान कोषाध्यक्ष आदि पदों से सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक पद पर पदोन्नति न करने, संविदा परिचालको व अन्य पदों की भर्ती आउट सोर्सिंग के माध्यम से करने सहित संविदा चालकों परिचालकों, वाह्य स्रोत तकनीकी कर्मचारी के मानदेय में वृद्धि न होने सहित अन्य मुद्दों पर विरोध प्रदर्शन किया। परिषद के पदाधिकारियों का कहना है कि मांगे पूरी नहीं हुई तो परिषद बृहद आंदोलन को बाध्य होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता वेद प्रकाश पाण्डेय, परमात्मा प्रजापति, धीरेन्द्र सिंह, सुमंत कुमार द्वारा की गई। इस दौरान आजमगढ़, डॉ अंबेडकर, प्रशासनिक, क्षेत्रीय कार्यशाला शाखा से कार्यक्रम में क्षेत्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, क्षेत्रीय मंत्री पीएन सिंह, गिरीजेश त्रिपाठी, द्वारिका नाथ पांडेय, दिनेश यादव, राजेश कुमार, उमाशंकर यादव, रमाशंकर यादव, के एम सोनकर, अतुल पाठक, सत्यानंद पांडेय, शेर बहादुर यादव, अवधेश सिंह, अमित राय, आशीष शर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

# इंसेक्ट फ्री महाकुम्भ के लिए वेक्टर कंट्रोल यूनिट तैनात

**अवधनामा संवाददाता**

- महाकुम्भ 2025 के दौरान श्रद्धालुओं को मच्छर और मक्खियों से मिलेगी निजात
- 24 घंटे अलर्ट रहेगी वेक्टर कंट्रोल यूनिट
- पहली बार सभी पार्किंग स्थलों में होगा सेनिटाइजेशन

**प्रयागराज।** महाकुम्भ 2025 में देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप महाकुम्भ को स्वस्थ और स्वच्छ महाकुम्भ बनाने के लिए बेहद खास इंतजाम किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मेला क्षेत्र को इंसेक्ट फ्री (मच्छर-मक्खी मुक्त) रखने के लिए वेक्टर कंट्रोल यूनिट को तैनात किया गया है। वेक्टर कंट्रोल यूनिट वेल प्लान्ड तरीके से महाकुम्भ नगर के चप्पे-चप्पे को इंसेक्ट फ्री बनाने का काम करेगी, जिससे श्रद्धालुओं को डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से छुटकारा दिलाया जा सकेगा, जो मच्छरों के काटने से होती हैं। इसके साथ ही, मक्खियों के कारण होने वाली अनहाईजीनिक समस्याओं और बीमारियों से भी निजात मिल सकेगी।

महाकुम्भ में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य को देखते हुए योगी सरकार कई अहम पहल कर रही है। वेक्टर कंट्रोल यूनिट का गठन इसी का एक उदाहरण है। वेक्टर कंट्रोल यूनिट के द्वारा मेले में व्यापक स्तर पर सैनिटाइजेशन किए जाने की तैयारी है। महाकुम्भ के नोडल जॉइंट डायरेक्टर (वेक्टर कंट्रोल) डॉ वीपी सिंह ने बताया कि महाकुम्भ के दौरान चप्पे-चप्पे पर कीटनाशक का छिड़काव किए जाने की तैयारी है। उन्होंने बताया कि मेला क्षेत्र को 5 जोन में बांटा गया है। हर जोन में 5 सेक्टर हैं। कुल मिलाकर हमारे पास 25 सेक्टर हैं। प्रत्येक सेक्टर का इंचार्ज असिस्टेंट मलेरिया ऑफिसर (एएमओ) होगा। सभी सेक्टर्स में कुल मिलाकर 35 सैनिटेशन सर्किल हैं। प्रत्येक सर्किल में हमारे मलेरिया इंस्पेक्टर रहेंगे जो मौके पर रहकर वर्कर्स के माध्यम से स्प्रे गतिविधियों को संचालित कराएंगे।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक जोन में एक सब स्टोर है, जहां पर तीन दिन का स्टॉक होगा और यहां से अलग-अलग सर्किल को कीटनाशक उपलब्ध होता रहेगा। इसके अतिरिक्त डिस्ट्रिब्यूशन के लिए 25 मैजिक गाड़ियां हायर की गई हैं। हर सेक्टर में एक गाड़ी रहेगी, जिसका उद्देश्य कीटनाशक पहुंचाने के साथ ही मेला क्षेत्र में मुआयना करने का होगा। इस गाड़ी में दो वर्कर और एक सुपरवाइजर रहेंगे। यही टीम इस बार पहली बार मेला क्षेत्र में पार्किंग स्थलों में भी छिड़काव करेगी। सरकार ने इस बार पार्किंग स्थलों में भी शौचालय वगैरह की सुविधा प्रदान की है। इसलिए इन स्थानों पर कीटनाशक का छिड़काव महत्वपूर्ण है, जिसके लिए हम अपने स्टाफ को मोबिलिटी प्रदान कर रहे हैं।

वेक्टर कंट्रोल के असिस्टेंट नोडल और डीएमओ डॉ आनंद कुमार सिंह ने बताया कि मेला की विशेष कार्याधिकारी आकांक्षा राना के निर्देश पर इस बार हमने इमरजेंसी प्लान भी तैयार किया है। इसके लिए हमने 45 वर्कर्स की टीम तैयार की है जो 15-15 वर्कर्स के रूप में प्रत्येक शिफ्ट में अलग-अलग जोन में मौजूद रहेंगे। यह स्टोर के काम में लगेंगे, लेकिन इमरजेंसी की स्थिति में बाकी टीमों को डिस्टर्ब किए बिना इन्हें एक्टिव कर दिया जाएगा और ये मौके पर जाकर स्थिति को काबू करने का प्रयास करेंगे। इन सभी वर्कर्स को इमरजेंसी में मशीनें संचालित करने की खास ट्रेनिंग दी जाएगी। उन्होंने बताया कि कुम्भ की एक किमी. की पेरीफेरी में 150 वर्कर्स काम करेंगे।


## उत्तर रेलवे

### ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/फ्रेट, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-MEM-MX-142-24-1 (Parking-Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 18.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 03.01.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 03.01.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-CIL-MX-148-24-1 (Parking-Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 18.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 03.01.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 03.01.2025 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-SKN-MX-147-24-1 (Parking-Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 18.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 03.01.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 03.01.2025 समय 10:50 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

3884/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## हर दुकान दस्तक अभियान में 800 किग्रा प्लास्टिक जब्त, 25000 का जुर्माना



**प्रयागराज।** कल व्यापार मंडल के साथ बैठक के बाद नगर निगम प्रयागराज जोन 2 के जोनल अधिकारी श्याम कुमार सिंह के नेतृत्व में आज कोठापर्चा से लोकनाथ चौक तक हर दुकान दस्तक अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान खोया मंडी के नीलम ट्रेड्स पर छापा मारकर 504 किलो सिंगल यूज़ प्लास्टिक जब्त किया गया और 25000 का चालान किया गया। इसके साथ ही अभियान के दौरान सभी दुकानों पर सामने कूड़ेदान रखवाए गए। इस दौरान एसएफआई श्रीमती पूजा सिंह जी व एसएफआई सुनील प्रसाद, आईईसी टीम श्रृष्टि वेस्ट मैनेजमेंट के साथियों ने मिलकर इस अभियान को सफल बनाया। आईईसी एक्सपर्ट कृष्ण कुमार मौर्य ने बताया कि यह अभियान शहर के अलग अलग हिस्सों में महाकुंभ को स्वच्छ सुंदर और प्लास्टिक मुक्त बनाने हेतु चलाए जा रहे है।

## गंगा डिग्री कॉलेज की जीत में रामानंद चमके



**प्रयागराज।** रामानंद यादव के बहुमुखी खेल (32 रन एवं तीन विकेट) से गंगा डिग्री कॉलेज ने भवम क्लब को 39 रन से हराकर देव स्पोर्ट्स अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। देव स्पोर्ट्स अकादमी मैदान गोहरी, न्यू शांतिपुरम में गुरुवार को खेले गए मैच में गंगा डिग्री कॉलेज ने 30 ओवर में छह विकेट पर 214 (दिलीप कुमार 46, अंकित कुमार 41 नाबाद, विवेक सिंह राणा 35, रामानंद यादव 32, दीपांशु केसरी 2/47, शिवांश पांडेय 1/35) बनाए। जवाब में भवम क्लब की टीम 29.4 ओवर में 175 रन (रोशन कुशवाहा 39, सचिन पटेल 37, अभ्युदय प्रताप सिंह 36, रामानंद यादव 3/36, अजय कुमार, विवेक सिंह राणा, अंकित कुमार, अंशु केसरी, हिमांशु और अनुराग एक-एक विकेट) पर सिमट गई।

## अनस ने डीएसए क्लब को जिताया

**प्रयागराज।** अनस अहमद के हरफनमौला खेल (73 रन, 36 गेंद, छह चौके, पांच छक्के एवं दो विकेट) की बदौलत डीएसए क्लब ने ब्लू इलेवन को 109 रन से हराकर चैलेंजर का क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। दौलत हुसैन कॉलेज मैदान पर गुरुवार को खेले गए मैच में डीएसए क्लब ने 30 ओवर में 8 विकेट पर 269 रन (अनस अहमद 73 नाबाद, विशेष आनंद 51, सत्यम सागर 36, फरहान अंसारी 33, दिव्यांशु सिंह 24, शाश्वत उपाध्याय 21, आदित्य पांडेय 2/38, विराट सिंह 2/38) बनाकर ब्लू इलेवन को 25.2 ओवर में 160 रन (विराट सिंह 47, अनुज जायसवाल 25, शाश्वत उपाध्याय 3/16, अनस अहमद 2/32, विशेष आनंद 2/47) पर समेट दिया। अनस अहमद को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## छात्रा ने विद्यालय का नाम किया रोशन

**जौनपुर (महराजगंज)** क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय ठेंगहा महराजगंज की होनहार छात्रा परी मिश्रा पुत्री राहुल मिश्र निवासी ग्राम ठेंगहा के द्वारा विद्याज्ञान प्रारंभिक प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल किया वहीं इस खुशी के मौके पर विद्यालय परिवार के अजीत कुमार पाल प्रधानाध्यापक, नागेन्द्र कुमार मिश्र, सहायक अध्यापक सुषमा पाल,लाल जी राव, आराधना उपाध्याय द्वारा बिटिया का मुंह मीठा कराया गया व उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। वहीं छात्रा के परिवार जनों का कहना है कि विद्यालय की मेहनत से यह सफलता मिली तथा अध्यापक एवं अध्यापिकाओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

# जोरदार नारेबाजी के साथ सपाइयों ने गृहमंत्री का पुतला फूंकने का किया प्रयास

**अवधनामा संवाददाता**



**बलिया।** गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब भीमराव आंबेडकर पर दिये गये बयान से आक्रोशित सपाइयों ने टीडी कॉलेज चौराहे में जोरदार प्रदर्शन करते हुए गृह मंत्री का पुतला फूंकने का प्रयास किया। इस दौरान सपा जनों तथा पुलिस के बीच पुतले की छीना-झपटी तथा धक्का-मुक्की हुई। प्रदर्शन कर रहे समाजवादी छात्रसभा के नेताओं ने जमकर नारेबाजी भी की। पुलिस फोर्स द्वारा पुतला छीनने का भरपूर प्रयास किया गया। प्रदर्शन के दौरान हंगामे की स्थिति बनी रही। जानकारी हो कि गृहमंत्री अमित शाह द्वारा डॉ भीमराव आंबेडकर पर दिए बयान को लेकर विपक्षी पार्टियां आक्रामक हो गयी है। इससे सियासत का पारा उपर चला गया है। पूरे प्रदेश में जगह-जगह विरोध प्रदर्शन हो रहा है। इसी क्रम में गृह मंत्री द्वारा बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान किए जाने की बात करते हुए समाजवादी छात्र सभा के नेताओं जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान सपा नेताओं द्वारा पुतला फूंकने की जानकारी होने पर भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई थी। जैसे ही सपा नेता पुतला फूंकने के लिए निकले, पुलिस बल ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। पुलिस बल ने पुतला छीनने का प्रयास किया। इस दौरान समाजवादी छात्र सभा के नेताओं सड़क पर लेट कर प्रदर्शन करने लगे। काफी देर तक पुलिस व समाजवादी छात्र सभा के नेताओं के बीच पुतले को लेकर छीना-झपटी हुई। इस दौरान धक्का मुक्की के कारण स्थिति हंगामेदार हो गई। पुलिस द्वारा पुतला छीन लिए जाने के बाद सपा नेताओं ने नारेबाजी शुरू कर दी। समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष प्रवीण सिंह ने कहा कि जब तक बाबा साहब के सम्मान में प्रधानमंत्री माफ़ी नहीं माँगते और अमित शाह को बर्ख़ास्त नहीं करते है। तब तक हम समाजवादियों का संघर्ष जारी रहेगा। वहीं रोहित चौबे और जलालुद्दीन जेडी ने कहा कि यह देश के संपूर्ण दलित समाज और संविधान का अपमान है। इसे कही से भी माफ नहीं किया जा सकता है। इस मौके पर धनजी यादव, गुड्डू चौधरी, मन्नू कुमार, दिग्विजय पासवान, चंदन यादव सहित अन्य मौजूद रहे।


## कार्यालयः अधिशासी अभियंता
## जोन-7 इन्दिरा नगर, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ।

प0सं0- 176/एल0जे0एस0/ईई-7 दिनांक- 19-12-2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से नीचे दिये गये विवरण के अनुरूप कार्य कराने हेतु निविदायें दिनांक 26-12-2024 के सायंकाल 4:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 26-12-2024 को 1:00 बजे तक निविदा मूल्य का नगद भुगतान कैश काउन्टर पर करके निविदा प्राप्त किये जा सकते है। भरी हुई सील्ड निविदायें उसी दिन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में सायंकाल 3:30 बजे तक निविदा बाक्स में प्राप्त की जायेगी। निविदा बाक्स से प्राप्त सभी निविदायें उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष सांय 4:00 बजे खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | निविदा का मूल्य | धरोहर धनराशि |
|---|---|---|---|
| 01 | जोन-7 इन्दिरा नगर के अन्तर्गत ए ब्लाक स्थित सी0 डब्लू0 आर0 में अधिष्ठापित क्षतिग्रस्त 250 के0वी0ए0 11/0.433 के0 वी0ए0 ट्रांस्फार्मर मरम्मत का कार्य। | 300.00 | 6000.00 |

नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में दी गई हैं, जिन्हे देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी अधिशासी अभियंता जोन-7 इन्दिरा नगर लखनऊ के कार्यालय में सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी/महाप्रबन्धक में निहित है।

**अधिशासी अभियन्ता जोन-7**
**जलकल विभाग**

# रीजेंसी हॉस्पिटल ने ठंड में बुजुर्गों की देखभाल को प्राथमिकता देने का किया आग्रह

अवधनामा संवाददाता



**कानपुर।** ठंड की शुरुआत हो चुकी है। ठंड आने से कई सारी समस्याएं भी आती है। खास करके उनके लिए जो बूढ़े लोग हैं, ठंडी का मौसम उनके लिए मुश्किल भरा हो सकता है। बूढ़े लोगों को हाइपोथर्मिया, हृदय संबंधी तनाव और मौसमी बीमारियों जैसे फ्लू होने का ज्यादा खतरा होता है। धीमा मेटाबॉलिज्म, कम मांसपेशियों और कम ब्लड सर्कुलेशन के कारण उनके शरीर को शरीर का तापमान सामान्य बनाए रखने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जिससे ठंड उनके लिए मुश्किल भरी हो सकती है।

डॉ. अभिनीत गुप्ता, एसोसिएट डायरेक्टर, कार्डियोलॉजी, इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी, रीजेंसी हेल्थ कानपुर ने सर्दियों के दौरान सक्रिय देखभाल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, ÷सर्दियाँ बुजुर्गों के लिए एक मुश्किल मौसम हो सकती है, लेकिन सही उपायों के साथ हम उन्हें इसके गंभीर प्रभावों से बचा सकते हैं। गर्म कपड़े पहनाने, पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने और शारीरिक गतिविधि को प्रोत्साहित करने जैसी आसान आदतें उनके लिए लाभदायक साबित हो सकती हैं। टीकाकरण भी बहुत जरूरी है, क्योंकि इससे फ्लू जैसी गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता हैं। सबसे बढ़कर हमें ऐसा माहौल बनाना चाहिए जहाँ वरिष्ठ नागरिकों को सहारा मिले, उनकी देखभाल की जाए और वे बिना किसी डर के इस मौसम का आनंद उठा सकें। सर्दियों में बुजुर्गों, खास तौर पर हृदय संबंधी बीमारियों से पीड़ित लोगों में हार्ट अटैक का खतरा काफी ज्यादा होता है। ठंडी हवा के कारण ब्लड वेसल्स सिकुड़ जाती हैं, जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है और हृदय पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। ऐसी परिस्थितियों में बाहर मध्यम मेहनत वाली गतिविधि भी बहुत ज्यादा थकान का कारण बन सकती है। इसके अलावा तापमान में कमी से हाइपोथर्मिया भी हो सकता है। हाइपोथर्मिया एक खतरनाक बीमारी है। इस बीमारी में शरीर का मुख्य तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला जाता है।

इस बीमारी की जटिलताओं को रोकने के लिए कंपकंपी, थकान और अस्पष्ट बोली जैसे लक्षणों का तुरंत समाधान किया जाना चाहिए। सर्दियों के मौसम में फ्लू ज्यादा होता है। बुजुर्गों की इम्यूनिटी कमजोर होती है इसलिए फ्लू उनके लिए ज्यादा खतरा पैदा करता है। आंकड़े बताते हैं कि फ्लू से संबंधित हॉस्पिटल में भर्ती होने और मौत का एक बड़ा प्रतिशत 65 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों में होता है। टीकाकरण फ्लू से बचाव के लिए सबसे प्रभावी उपायों में से एक है, फिर भी इसके महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। सर्दियों में देखभाल के लिए एक समग्र दृष्टिकोण आवश्यक है। परिवारों और देखभाल करने वालों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि घर गर्म और ड्राफ्ट-मुक्त हों, साथ ही बुजुर्गों को शारीरिक रूप से सक्रिय रहने के लिए प्रोत्साहित करें, भले ही वे हल्की इनडोर एक्सरसाइज या योग करे लेकिन वे शारीरिक रूप से सक्रिय रहे। विटामिन और पोषक तत्वों से भरपूर संतुलित डाइट इम्यूनिटी को बढ़ाने और संपूर्ण स्वास्थ्य को अच्छा बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बुजुर्गों को हाइड्रेटेड रहने के लिए खूब पानी पीना चाहिए, भले ही उन्हें ठंड के महीनों में प्यास न लगे। त्वचा की सही देखभाल को अक्सर अनदेखा किया जाता है लेकिन यह महत्वपूर्ण है, क्योंकि शुष्क सर्दियों की हवा बूढ़े लोगों की त्वचा में जलन और परेशानी पैदा कर सकती है।

## सोना-चांदी के भाव गिरे

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार कमजोर वैश्विक रुख के बीच आभूषण विक्रेताओं की सुस्त मांग के कारण राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को सोने और चांदी की कीमतों में भारी गिरावट आई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 800 रुपये टूटकर 78,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। बुधवार को पिछले कारोबारी सत्र में यह 79,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। व्यापारियों ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल द्वारा ब्याज दरों में कटौती के निर्णय के बाद रुख अपनाने से सर्राफा कीमतों में गिरावट आई। उन्होंने कहा कि फेड अब 2025 के अंत तक केवल दो तिमाही-प्रतिशत-बिंदु दर में कटौती का अनुमान लगाता है, जो कि सितंबर में उनके चार दर कटौती के अनुमान से कम है। चांदी भी गुरुवार को 2,000 रुपये टूटकर 90,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। पिछले बंद भाव 92,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ था। बुधवार को 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 800 रुपए घटकर 77,900 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया

## सलमान खान के साथ मनाएं 'भाई का बड्डे'

### बीइंग ह्यूमन क्लोदिंग लेकर आया है 25 से 27 दिसंबर तक फ्लैट 50 प्रतिशत की छूट

**मुंबई।** इस दिसंबर, बीइंग ह्यूमन क्लोदिंग अपने फैंस और फैशन प्रेमियों को साल का सबसे बड़ा जश्न मनाने के लिए आमंत्रित कर रहा है 'भाई का बड्डे- वेटलिफ्टिंग तो बनता है'! सलमान खान, जो बीइंग ह्यूमन क्लोदिंग का चेहरा हैं, अपने जन्मदिन को खास बनाने के लिए 25 से 27 दिसंबर तक सभी कलेक्शन पर फ्लैट 50 प्रतिशत की विशेष छूट दे रहे हैं। सलमान खान की बड़ी शख्सियत को देखते हुए, उनका जन्मदिन फैंस के लिए किसी त्योहार से कम नहीं है। इस साल, बीइंग ह्यूमन क्लोदिंग इस जश्न को एक शॉपिंग एक्स्ट्रावेगांज़ा में बदल रहा है, जो स्टाइल और उद्देश्य को जोड़ता है। ग्राहक लेटेस्ट कलेक्शन पर शानदार छूट का आनंद ले सकते हैं और अपने पसंदीदा स्टार का खास दिन बीइंग ह्यूमन स्टाइल में मना सकते हैं। आयान अग्निहोत्री, बीइंग ह्यूमन क्लोदिंग के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, कहते हैं, यह कैंपेन सिर्फ एक सेल नहीं है यह सलमान मामू के समर्थकों से जुड़ने और उनके अटूट समर्थन के लिए धन्यवाद कहने का तरीका है। यह खास दिन हमारे ब्रांड के 4 नए बॉडी स्प्रे लॉन्च करने का सबसे सही मौका है, जो सचमुच 'भाई' की करिश्माई अपील को दर्शाते हैं। विवेक संधवार, सीओओ, बीइंग ह्यूमन क्लोदिंग, कहते हैं, 'भाई का बड्डे वेटलिफ्टिंग तो बनता है' केवल सलमान खान के जन्मदिन का जश्न नहीं है; यह दानशीलता और खुशी की भावना का उत्सव है। इस कैंपेन के जरिए, हम अपने ग्राहकों को बीइंग ह्यूमन क्लोदिंग के जश्न के केंद्र में लाने के लिए उत्साहित हैं। जश्न को और भी खास बनाने के लिए, बीइंग ह्यूमन क्लोदिंग इस सीजन में 4 नए परफ्यूम स्प्रे पेश कर रहा है। सलमान खान की करिश्माई पर्सनैलिटी और टाइमलेस अपील से प्रेरित, ये परफ्यूम हर फैन की स्टाइल को




ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं। उपहार देने या अपने वार्डरोब में ताजगी लाने के लिए ये परफ्यूम बिल्कुल परफेक्ट हैं।अपनी तारीखें तय करें 25 से 27 दिसंबर तक और नजदीकी बीइंग ह्यूमन स्टोर पर जाएं या ऑनलाइन खरीदारी करें और इस शानदार ऑफर का लाभ उठाएं।

## के2 (KAYw) ज़ेनॉक्स सेंट्रल उत्तर प्रदेश में अपनी बाजार उपस्थिति को करेगी मजबूत, सेल्स में 20 प्रतिशत वृद्धि का रखा लक्ष्य

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** भारत की सबसे युवा और तेज़ी से बढ़ती टीएमटी बार (द इंटेलीजेंट स्टील) विनिर्माता कंपनी के2 ज़ेनॉक्स सेंट्रल उत्तर प्रदेश में अपनी विस्तार नीति पर तेज़ी से आगे बढ़ रही है। क्षेत्र में अपने इस्पात उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए, कंपनी ने अगले एक वर्ष के भीतर अपनी टीएमटी बार उत्पादन क्षमता को 20 प्रतिशत तक बढ़ाने की योजना बनाई है। सेंट्रल उत्तर प्रदेश में कंपनी के पास पहले से ही डीलरों और वितरकों का एक मज़बूत नेटवर्क है। के2 ज़ेनॉक्स अपने मिस्त्री मीट, निर्माण के शूरवीर, बिल्डर्स मीट जैसे प्रोग्राम के माध्यम से अपने नेटवर्क का और अधिक विस्तार करेगी। यह रणनीतिक वृद्धि कंपनी की बाजार उपस्थिति को बढ़ाएगी और बिक्री को लगभग 20% तक बढ़ाएगी। के2 ज़ेनॉक्स के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने कहा, KAYw ज़ेनॉक्स एक प्रीमियम उत्पाद है जिसे आधुनिक निर्माण आवश्यकताओं का समर्थन करने के लिए तैयार किया गया है। इसके उत्पादन ने पहले ही देश भर के कई बाजारों में अपनी महत्वपूर्ण पैठ बना ली है और आगे यह नए बाजारों में विस्तार के लिए अग्रसर है। सेंट्रल उत्तर प्रदेश अभूतपूर्व विकास के अवसरों और तेज गति से बुनियादी ढांचे के विकास के साथ आगे बढ़ रहा है और यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है। अपनी विस्तार रणनीति की घोषणा करते हुए और क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाली इनपुट सामग्री की बढ़ती मांग को पूरा करते हुए, हमें अत्यधिक खुशी हो रही है।

## भारत गौरव पुरस्कार से सम्मानित हुई राज्यसभा सांसद डा. संगीता बलवंत



**गाजीपुर अवधनामा संवाददाता।** द इंपीरियल होटल नई दिल्ली में भारत गौरव पुरस्कार फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में गाजीपुर से राज्यसभा सांसद डा. संगीता बलवंत को भारत गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया। भारत गौरव पुरस्कार फाउंडेशन उन भारतीय नागरिकों की उत्कृष्ट उपलब्धियों को मान्यता देने और छुपी हुई प्रतिभाओं के लिए एक प्रतिष्ठित मंच के रूप में कार्य करता हैं जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में एक अमिट छाप छोड़ी है। भारत गौरव पुरस्कार समाज के प्रति लचीलापन, नवाचार और सेवा की भावना का प्रतीक है। सांसद डा. संगीता बलवंत ने बताया कि इस पुरस्कार का उद्देश्य पुरस्कार विजेताओं को देश की सेवा में अपने प्रयासों को दोगुना करने के लिए प्रेरित करना है, साथ ही अपने उदाहरण से लाखों अन्य लोगों को उनका अनुकरण करने और हमारे सपनों के नए भारत के निर्माण में अपना योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करना है। भारत गौरव पुरस्कार फाउंडेशन हर साल 21 भारत गौरव पुरस्कार और 05 लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार प्रदान करता है।

## आरबीआई ने सब्सिडी खर्च बढ़ाए जाने पर जताई चिंता

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गुरुवार को सब्सिडी पर राज्यों की ओर से बढ़ते खर्च पर चिंता जताई और इस तरह के खर्चों को तर्कसंगत बनाने का आह्वान किया। केंद्रीय बैंक ने राज्य वित्त- 2024-25 के बजट का अध्ययन रिपोर्ट में कहा कि राज्यों को अपने सब्सिडी खर्चों को नियंत्रित और तर्कसंगत बनाने की आवश्यकता है ताकि इस तरह के खर्च से अधिक उत्पादक व्यय प्रभावित न हों। राज्यों की ओर से दी जाने वाली सब्सिडी में कृषि ऋण माफी, मुफ्त/सब्सिडी वाली सेवाएं (जैसे कृषि और घरों को बिजली, परिवहन, गैस सिलेंडर) और किसानों, युवाओं और महिलाओं को नकद हस्तांतरण शामिल हैं। सब्सिडी, जिसे कभी-कभी राजनीतिक चर्चा में मुफ्त उपहार कहा जाता है, का राजनीतिक दल, विशेष रूप से चुनावों से पहले जीत हासिल करने के लिए सहारा लेते हैं।

# रियलमी ने रियलमी 14एक्स 5जी पेश किया

अवधनामा संवाददाता




**लखनऊ।** भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने आज रियलमी 14एक्स 5जी पेश किया। यह इसके स्मार्टफोन पोर्टफोलियो में अत्याधुनिक स्मार्टफोन है। रियलमी 14एक्स 5जी में सेगमेंट का पहला आईपी69 डस्ट एवं वॉटर रज़िस्टैंस और मिलिटरी-ग्रेड शॉक रज़िस्टैंस दिया गया है, जो 6000 एमएएच की शक्तिशाली बैटरी और 45 वॉट की चार्जिंग के साथ आता है। इसमें सोनिकवेव वॉटर इजेक्शन और रेनवॉटर स्मार्ट टच जैसी विशेषताएं दी गई हैं।

रियलमी ने इस स्मार्टफोन के साथ किफायती मूल्यों में अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और गुणवत्तापूर्ण उत्पाद प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाया है। रियलमी 14एक्स 5जी के लॉन्च के साथ यह ब्रांड मिड रेंज स्मार्टफोन सेगमेंट में मुमकिन का दायरा बढ़ा रहा है। रियलमी प्रवक्ता ने कहा, ''हम रियलमी 14एक्स 5जी लॉन्च करके उत्साहित हैं। यह किफायती मूल्य में मजबूती के पारंपरिक मानकों से बेहतर स्मार्टफोन पेश करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उद्योग की अग्रणी आईपी69 रेटिंग 15,000 रुपये के मूल्य वर्ग में पेश करके हम शक्तिशाली बैटरी और अनेक इनोवेटिव फीचर्स लेकर आए हैं, जो रियलमी 14एक्स 5जी में यूज़र्स के लिए अतुलनीय अनुभव सुनिश्चित करते हैं। यह उन्हें एक बहुत टिकाऊ और भरोसेमंद स्मार्टफोन प्रदान करेगा। इसका डायमेंसिटी 6300 प्रोसेसर शक्तिशाली परफॉर्मेंस और सुगम कनेक्टिविटी प्रदान करता है, जिसकी मदद से रियलमी 14एक्स 5जी उत्पादकता और मनोरंजन की भिन्न-भिन्न जरूरतों को आसानी से पूरा कर सकता है। हमें विश्वास है कि हमारे पोर्टफोलियो का यह नया स्मार्टफोन युवाओं को बहुत पसंद आएगा और वो सभी दायरों को पीछे छोड़कर दुनिया की खोज करने में समर्थ बनेंगे।' रियलमी 14एक्स 5जी ड्यूरेबल स्मार्टफोन की आम अपेक्षाओं से बढ़कर बेहतरीन मूल्य में शानदार स्मार्टफोन पेश करने के रियलमी के अज़्म-ओ-हौसले का उदाहरण है। इसमें मीडियाटेक डायमेंसिटी 6300 5जी चिपसेट दिया

**14,999 रुपये के शुरुआती मूल्य में 6000एमएएच बैटरी के साथ सेगमेंट का पहला आईपी 69 स्मार्टफोन**

गया है, जो सुगम यूज़र अनुभव प्रदान करता है। इसके इनोवेटिव डायमंड डिज़ाईन की प्रेरणा क्रिस्टल और रत्नों से ली गई है। इसमें सोनिकवेव वॉटर इजेक्शन और रेनवॉटर स्मार्ट टच जैसे फीचर्स हैं, जो रियलमी 14एक्स 5जी के यूज़र्स को बेजोड़ अनुभव प्रदान करता है। यह चुनौतीपूर्ण वातावरण में भी यूज़र्स और डिवाईस के बीच का इंटरैक्शन बहुत प्रभावशाली बना देगा। रियलमी 14एक्स 5जी तीन आकर्षक रंगों क्रिस्टल ब्लैक, गोल्डन ग्लो और ज्वेल रेड में उपलब्ध होगा। इसका 6जीबी+128जीबी का वैरिएंट 14,999 रुपये में तथा 8जीबी+128जीबी का वैरिएंट 15,999 रुपये में रियलमी.कॉम, फ्लिपकार्ट और मेनलाईन चैनलों पर मिलेगा।

## ओरा फाइन ज्वेलरी लेकर आया है, एक्सक्लूसिव एम एस धोनी सिग्नेचर एडिशन कलेक्शन - मेन ऑफ प्लेटिनम

**मुंबई।** ओरा फाइन ज्वेलरी जो कि अल्टीमेट डायमंड डेस्टिनेशन है, उसने बड़े शान से एक नए एक्सक्लूसिव कलेक्शन - एमएस धोनी सिग्नेचर एडिशन बाय मेन ऑफ प्लैटिनम के लॉन्च की घोषणा करी। यह खास ज्वेलरी रेंज महेंद्र सिंह धोनी की सफलता के शानदार सफर की सराहना करती है, जो सहनशीलता और महानता के प्रतीक हैं। इस लिमिटेड-एडिशन रेंज में प्लैटिनम मोमेंटम ब्रेसलेट शामिल है, जो उनकी सहनशीलता से प्रेरित हो खुद में मजबूती और एक अनोखा आकर्षण लिए है। साथ ही इसमें प्लैटिनम क्यूब फ्यूजन ब्रेसलेट है, जिसमें एक आकर्षक ड्यूल-टोन का प्रभाव बड़े ही मनोरम अंदाज में दिखाई देता है। इतना ही नहीं इसमें प्लैटिनम हार्मनी चेन और प्लैटिनम ग्रिड कड़ा भी शामिल है, जो सटीक पैटर्न में रोज़ गोल्ड के ऐक्सेंट्स के साथ बड़े ही उम्दा तरीके से तैयार किया गया है। हर एक पीस दृढ़ संकल्प की मजबूती, साहसिक नेतृत्व वाला अंदाज और प्रामाणिकता को पहले से कहीं ज्यादा समेटे हुए है।इस कलेक्शन का हर एक पीस, क्रिकेट के महान खिलाड़ी का आइकोनिक सिग्नेचर लिए हुए है, जिसे देखते ही उनके अडिग दृढ़ संकल्प और स्थिर आत्मविश्वास की याद आ जाती है, जो उनकी धरोहर हैं। लॉन्च के बारे में बात करते हुए ओरा फाइन ज्वेलरी के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री दीपु मेहता ने कहा, एम एस धोनी सिग्नेचर एडिशन उन सभी जीते जागते बेशकीमती उत्सव का प्रतिबिंब है, जिन्हें हमने महान क्रिकेटर के करियर के दौरान जिया हैं। जिसमें उनकी सहनशीलता, उनका दम और प्रामाणिकता दिखाई दी थी। क्योंकि प्लैटिनम भी दुर्लभता और टिकाऊपन का प्रतीक है, इसलिए यह कलेक्शन उनकी महानता को सलाम करता है। हम एम एस धोनी के साथ साझेदारी करके इस आइकोनिक रेंज को अपने ग्राहकों तक पहुंचाने के लिए बेहद रोमांचित हैं। मेन ऑफ प्लैटिनम के एमएस धोनी सिग्नेचर एडिशन अब देशभर में ORRA फाइन ज्वेलरी के स्टोर्स पर उपलब्ध है। तो आइए इस कलेक्शन को देखें और अपने अंदर की महानता को पहचान कर उस खुबसूरती को और निखारे।

## भारतीय कारोबारियों से मिले ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर

**नई दिल्ली।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने लंदन स्थित अपने आधिकारिक आवास 10 डाउनिंग स्ट्रीट में 13 भारतीय कंपनियों के प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी की। ब्रिटिश सरकार ने मुलाकात को द्विपक्षीय साझेदारी बढ़ाने और निवेश प्रवाह को बढ़ावा देने के लिए एक सुव्यवस्थित पहल बताया। यह मुलाकात पिछले महीने जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ स्टार्मर की बैठक के बाद हुई। सम्मेलन के दौरान दोनों नेताओं ने आर्थिक विकास, सुरक्षा व रक्षा, प्रौद्योगिकी, जलवायु, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग के अवसरों के साथ एक महत्वाकांक्षी व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई थी। नई दिल्ली स्थित ब्रिटिश उच्चायोग की ओर से जारी बयान के अनुसार, भारतीय निवेशकों और मुख्य कार्यकारी अधिकारियों ने प्रस्तावित भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते के तहत रोजगार सृजन और विकास के अवसरों पर चर्चा करने के लिए वरिष्ठ कैबिनेट मंत्रियों से भी मुलाकात की।

## विकास लाइफकेयर लिमिटेड ने एडवांस्ड सिस्टम लेबोरेटरी (एएसएल), डीआरडीओ के साथ बायो-डिग्रेडेबल प्लास्टिक के लिए टेक्नोलॉजी ट्रांसफर एग्रीमेंट किया

**नई दिल्ली।** विकास लाइफकेयर लिमिटेड (बीएसई 542655, एनएसई) ने हैदराबाद स्थित डीआरडीओ के एडवांस्ड सिस्टम्स लेबोरेटरी (एएसएल) के साथ टेक्नोलॉजी ट्रांसफर एग्रीमेंट किया है। यह कोलेबरेशन डीआरडीओ द्वारा विकसित की गई बायोडिग्रेडेबल बैग्स के लिए ग्रेन्यूल्स नाम के सफल तकनीक पर केंद्रित है, जो सिंगल यूज़ वाले पॉलीथीन बैग्स के लिए एक बेहतर विकल्प प्रदान करता है। जबकि डीआरडीओ मुख्य रूप से रक्षा और टेक्टिकल टेक्नोलॉजी में अपने काम के लिए जाना जाता है, यह एनवायरनमेंटल सस्टेनेबिलिटी और इंडस्ट्रियल एडवांसमेंट सहित इंपॉर्टेंट सिविलियन एप्लिकेशन वाले क्षेत्रों में रिसर्च और डेवलपमेंट भी करता है। डीआरडीओ द्वारा विकसित और वीएलएल को लाइसेंस प्राप्त बायोडिग्रेडेबल ग्रैन्यूल्स टेक्नीक महत्वपूर्ण आर्थिक लाभ प्रदान करती है। यह ट्रेडिशनल पॉलीथीन बैग के लिए एक इफेक्टिव ऑप्शन देता है, जो पर्यावरण के लिए पैकेजिंग समाधानों की बढ़ती वैश्विक मांग के पसंद के अनुसार है। इंडियन प्लास्टिक पैकेजिंग मार्केट के 2024-2029 के दौरान 3.09 प्रतिशत की सीएजीआर दर्ज करते हुए 21.77 बिलियन अमरीकी डॉलर से 2029 तक 25.35 बिलियन अमरीकी डॉलर के आकार तक पहुँचने का अनुमान है। यह ग्रोथ बायोडिग्रेडेबल ऑप्शन जैसे इनोवेटीव और सस्टेनेबल पैकेजिंग सॉल्यूशन की बढ़ती मांग बताती है, जो डीआरडीओ के साथ विकास लाइफकेयर लिमिटेड के सपोर्ट से काफी लाभान्वित हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त, बायोडिग्रेडेबल ग्रैन्यूल्स का उपयोग लॉन्ग टर्म एनवायरनमेंटल क्लीनिंग एक्सपेंस को कम करता है, एक सर्कुलर इकॉनमी का समर्थन करता है और स्टेबिलिटी और ग्लोबल कॉम्पटीटिवनेस की दिशा में भारत के प्रयासों में योगदान देता है। इस समझौते के तहत, डीआरडीओ वीएलएल को भारत में इन बायो-डिग्रेडेबल ग्रैन्यूल्स के निर्माण और अगले 10 वर्षों के लिए डोमेस्टिक और इंटरनेशनल लेवल पर इनका मार्केटिंग करने के लिए एक नॉन-एक्सक्लूसिव लाइसेंस प्रदान करता है। टेक्नोलॉजी ट्रांसफर में डीआरडीओ से सपोर्ट शामिल है, ÷डिटेल्ड ड्रॉइंग्स, स्पेसिफिकेशन, मटेरियल सोर्सिंग, सैंपल्स, टेस्टिंग प्रोटोकॉल, और सीमलेस इंप्लीमेंटेशन को सुनिश्चित करने के लिए सभी डॉक्यूमेंट शामिल हैं। यह कॉरपोरेशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम को दिखाता है, जो प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने के ग्लोबल एफर्ट्स में एक परिवर्तनकारी मील का पत्थर है।

वीएलएल प्लास्टिक कचरे के रीसाइकिल में सक्रिय रूप से शामिल था, ताकि एक्सटेंडेड प्रोड्यूसर रिस्पांसिबिलिटी (ईपीआर) के जनादेश को पूरा किया जा सके और एक सर्कुलर इकॉनमी में योगदान दिया जा सके। इस आधार पर निर्माण करते हुए, वीएलएल अब डीआरडीओ के साथ अपने सहयोग के माध्यम से बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक टेक्नोलॉजी में आगे बढ़ते रहने प्रयासों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। यह बदलाव ट्रेडिशनली प्लास्टिक के लिए टिकाऊ विकल्प प्रदान करने की दिशा में एक रणनीतिक कदम का प्रतिनिधित्व करता है, जो पर्यावरण संबंधी चिंताओं के बारे में अच्छे से बात करता है। विकास लाइफकेयर लिमिटेड (वीएलएल) एक आईएसओ 9001 2015 प्रमाणित कंपनी है, जो पारंपरिक रूप से प्लास्टिक, सिंथेटिक और नेचुरल रबर के लिए पॉलिमर और रबर कम्पाउंड्स और स्पेशल एडिटिव्स के निर्माण और व्यापार में लगी हुई है। पॉलिमर और रबर कमोडिटी (थोक खपत) कम्पाउंड्स और मास्टर-बैच (ईवीए, पीवीसी, पीपी, पीई आदि जैसे इंडस्ट्रियल और पोस्ट कंज्यूमर्स वेस्ट मटेरियल से अप-साइकिल किए गए कम्पाउंड्स का निर्माण), भारत सरकार की पर्यावरण संरक्षण पहलों में योगदान देना और सैकड़ों हज़ारों टन प्लास्टिक उत्पादों और पैकेजिंग सामग्री का उपभोग करने वाले समूहों के प्रोड्यूसर्स की अनिवार्य ईपीआर दायित्वों को पूरा करना।

## शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला जारी

**नई दिल्ली।** फेडरल रिजर्व की ओर से 2025 में ब्याज कटौती की रफ्तार धीमी रखने के एलान के बाद अमेरिकी शेयर बाजार में बड़ी गिरावट दिखी। इसके असर से गुरुवार को भारतीय बेंचमार्क सूचकांक भी कमजोर पड़ गए। गुरुवार को सेंसेक्स 964.15 (1.20 प्रतिशत) अंकों की गिरावट के साथ 79,218.05 पर बंद हुआ। दूसरी ओर, निफ्टी 247.15 (1.02 प्रतिशत) अंक टूटकर 23,951.70 पर पहुंच गया। इस दौरान रुपया डॉलर के मुकाबले 0.12 (0.14 प्रतिशत) की गिरावट के साथ 85.08 के सर्वकालिक निचले स्तर पर चला गया। अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा अगले साल ब्याज दरों में कटौती कम करने के संकेत के बाद वैश्विक शेयर बाजारों में भारी बिकवाली के कारण गुरुवार को शेयर बाजार का सेंसेक्स करीब 965 अंक टूटकर 80,000 के स्तर से नीचे आ गया। विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा, विदेशी पूंजी निकासी के बीच कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, बैंकिंग और आईटी शेयरों में भारी गिरावट से निराशा और बढ़ गई।

# सनातन रक्षा यात्रा 2.0 लखनऊ पहुंची, हुआ भव्य स्वागत

### सनातन सांस्कृतिक संघ द्वारा सनातन रक्षा यात्रा 2.0 कर रही है भारतीय विरासत और मूल्यों की रक्षा का आह्वान

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सनातन सांस्कृतिक संघ के तत्वावधान में आज यहां पहुंची सनातन रक्षा यात्रा 2.0 का सनातनी भाइयों एवं बहनों ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर अपना अभूतपूर्व स्वागत किया गया। सनातन सांस्कृतिक संघ की अध्यक्षा हरिप्रिया भार्गव के नेतृत्व में चलाए जा रहे इस जन आंदोलन का उद्देश्य भारत के सामने खड़ी सांस्कृतिक और धार्मिक चुनौतियों से निपटने के लिए समस्त सनातनियों को एकजुट करना है। यात्रा कानपुर से निकलकर लखनऊ पहुंची। जहां यात्रा का हजारों लोगों ने स्वागत किया। रक्षा यात्रा के शुभारंभ के अवसर पर मौजूद पत्रकारों से बात करते हुए हरिप्रिया भार्गव ने बताया इस रथ यात्रा में कम से कम ढाई तीन हजार लोग शामिल हैं।

हम लगभग 50 बसों और 50 गाड़ियों के साथ आगे बढ़ रहे हैं। हमारे साथ बाइक पर भी लोग चल रहे हैं। सब लोग मिलकर एक साथ इस यात्रा को इस उद्देश्य के साथ निकाल रहे हैं कि बांग्लादेश में सनातनी भाई बहनों के साथ जो नरसंहार हो रहा है, वहाँ के सनातनी मंदिरों, जिनालय, गुरुद्वारों का जो विध्वंस किया जा रहा है, गौ माता की जो हत्या हो रही है, वो भी खुले आम, इस सबके खिलाफ हम सबको मिलकर आवाज उठानी है, और यही आवाज सरकार तक पहुँचाने के लिए हम यह रक्षा यात्रा निकाल रहे हैं। हम अपनी बात गवर्नर के माध्यम से राष्ट्रपति तक पहुँचाना चाहते हैं, ताकि सरकार इस दिशा में कड़े कदम उठाए। यात्रा के अगले कार्यक्रम के बारे में हरिप्रिया भार्गव ने बताया कि यह रक्षा यात्रा में शामिल सभी लोग अयोध्या में पहुंच कर सामूहिक मंत्रोच्चार और पूजा पाठ के साथ रामलला के दर्शन करेंगै। हरिप्रिया भार्गव ने कहा कि हमारी श्रृद्धा है कि जब हम लोग मिलकर पूरे भक्तिभाव से प्रार्थना करेंगे, तो निश्चित रूप से बांग्लादेश में हो रहा नरसंहार रुकेगा और सभी सनातनी बहन भाईयों और गौमाता की रक्षा होगी। क्या भारत सरकार इस मामले में चिंतित नहीं है या पहल नहीं कर रही है, पत्रकारों के इस सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा भारत सरकार पहले से कार्य कर रही है। वो पहल कर रहे हैं। हम सारे सनातनी भाई-बहन मिलकर अपनी ओर से पहल कर रहे हैं। अपना एक संदेश जन-जन तक पहुँचा रहे हैं ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इससे जुड़ें और मिलकर, एक होकर अपनी आवाज सभी लोगों एवं सरकार तक पहुँचाएं। इस रक्षा यात्रा में झांसी, ललितपुर, कानपुर, उरई और लखनऊ आदि सभी जगहों के लोग बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। रक्षा यात्रा में कई सारी गाड़ियों में कम से कम 3000 लोग आगे की ओर बढ़ रहे हैं। पत्रकारों के माध्यम से सभी सनातनियों को संबोधित करते हुए हरिप्रिया भार्गव ने कहा अभी मेरा सभी से एक ही अनुरोध है कि सभी लोग उठो, बाहर निकलो और एक साथ मिलकर चलो। आओ हम सभी मिलकर इस यात्रा को सफल बनाएं और जो हिंदू सनातनी भाई-बहन सोए हुए हैं, उन सबसे मेरा आह्वान है कि अब सोने का वक्त नहीं है, अब जाग जाओ और अपने-अपने घरों से निकलकर सनातन की रक्षा के लिए अपनी आवाज उठाओ।

# फिल्म तंडेल का नया गाना शिव शक्ति 22 को काशी के दिव्य घाटों पर होगा लॉन्च

अवधनामा संवाददाता



**वाराणसी।** युवा सम्राट नागा चैतन्य की बहुप्रतीक्षित फिल्म तंडेल, जिसका निर्देशन चंदू मोंडेती ने किया है और जिसका निर्माण बनी वासु ने प्रतिष्ठित गीता आर्ट्स बैनर के तहत किया है, जिसे अल्लू अरविंद प्रस्तुत कर रहे हैं, जिसमें बहुत ही प्रतिभाशाली साई पल्लवी मुख्य महिला भूमिका में हैं। रॉकस्टार देवी श्री प्रसाद ने संगीत दिया है, और पहला एकल बुज्जी थल्ली 30 मिलियन से अधिक व्यू के साथ पहले से ही सभी संगीत चार्ट में शीर्ष पर है।

आज, निर्माताओं ने 22 दिसंबर को काशी के दिव्य घाटों पर फिल्म के दूसरे एकल- शिव शक्ति को लॉन्च करने की घोषणा की। यह गीत संगीत की दृष्टि से आकर्षक और दृश्यात्मक रूप से आश्चर्यजनक होने की उम्मीद है, जो श्रीकाकुलम की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और प्राचीन श्री मुखलिंगम शिव मंदिर को दर्शाता है। निर्माता एक शानदार अनुभव का वादा करते हैं जो त्यौहार को उसकी पूरी महिमा में मनाएगा। इस जथारा गाने की कोरियोग्राफी शेखर मास्टर ने की थी।

शिव शक्ति का पोस्टर इस रहस्य को और बढ़ाता है, जिसमें नागा चैतन्य और साई पल्लवी शक्तिशाली शिव और शक्ति मुद्राओं में कैद हैं, जो एक-दूसरे को गहन ध्यान से देख रहे हैं। भारी भीड़ से घिरे, उनके पारंपरिक परिधान और जथारा का जीवंत माहौल गाने के आध्यात्मिक विषय को जीवंत कर देता है। इस गाने को बड़े बजट में बड़े पैमाने पर शूट किया गया था, जिससे यह नागा चैतन्य का अब तक का सबसे महंगा ट्रैक बन गया। फिल्म में एक उल्लेखनीय क्रू भी है, जिसमें राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता संगीतकार देवी श्री प्रसाद ने संगीत दिया है, शमदत ने सिनेमैटोग्राफी संभाली है, और राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता नवीन नूली संपादक हैं। श्रीनागेंद्र तंगला कला विभाग के प्रमुख हैं। तंडेल 7 फरवरी को रिलीज के लिए तैयार हो रही है।

फिल्म में नागा चैतन्य और साई पल्लवी मुख्य भूमिकाओं में हैं, जबकि चंदू मोंडेती लेखक और निर्देशक हैं। अल्लू अरविंद द्वारा प्रस्तुत और प्रतिष्ठित गीता आर्ट्स बैनर के तहत बनी वासु द्वारा निर्मित, इस फिल्म में एक असाधारण तकनीकी दल है। संगीत देवी श्री प्रसाद द्वारा रचित है, छायांकन शमदत द्वारा किया गया है और संपादन नवीन नूली द्वारा किया गया है। कला निर्देशन श्रीनागेंद्र तंगला द्वारा संभाला गया है, जबकि वामसी-शेखर पीआरओ के रूप में काम करते हैं, और मार्केटिंग का प्रबंधन फर्स्टशो द्वारा किया जाता है।

# जिला कारागार देवरिया में कैदियों से मिले जज, डीएम व एसपी

## कैदियों की समस्या सुन निराकरण का दिया आश्वासन

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जनपद न्यायाधीश कुशीनगर सुशील कुमार शशि, जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज, चीफ ज्यूडिशल मजिस्ट्रेट कविता सिंह, पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शैलेंद्र मणि त्रिपाठी के द्वारा गुरुवार को देवरिया जेल का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया।

जेल परिसर के विभिन्न बैरक में जाकर सभी उच्चाधिकारियों ने जनपद कुशीनगर के कैदियों से मुलाकात की तथा उनसे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी, उनकी स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। इस क्रम में बैरकों, पाकशाला, चिकित्सालय आदि का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान कैदियों के लिए खान पान की उचित व्यवस्था एवं चिकित्सीय व्यवस्था की गुणवत्ता का भी निरीक्षण उच्चाधिकारियों द्वारा किया गया। इस दौरान कैदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना एवं तत्काल समस्याओं के निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित भी किया। निरीक्षण के दौरान कैदियों से संवाद कर साफ सफाई, स्वास्थ्य सुविधाएं, जेल मेन्यू के अनुसार भोजन, जमानत की स्थिति सहित निरुद्ध कैदियों से वकील होने/ना होने की जानकारी भी ली गई। महिला बैरक में बच्चो को बिस्कुट भी वितरण किए गए। सभी उच्चाधिकारियों ने देवरिया जेल में कुशीनगर के कैदियों से मुलाकात कर उनके मामले के विधिक पहलुओं व समस्याओं के बारे में पूछताछ की। उनके जमानत के संदर्भ में जानकारी ली तथा उनका समाधान भी बताया। जिन कैदियों को अपने मामले में वकील की जरूरत थी, उन्हें नोट करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में वैसे कैदी जिनके कोई रिश्तेदार नहीं है उनके जमानत की पैरवी के संदर्भ में सरकारी वकील की व्यवस्था के बारे में भी बताया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक प्रेम सागर शुक्ल, जेलर राजकुमार, उप जेलर आदित्य कुमार, शिवनाथ पांडे, मोतीलाल, चिकित्सक डा हरिपाल विश्वकर्मा, डॉ राहुल त्रिपाठी, फार्मासिस्ट रमेश दुबे, मोहन तिवारी सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



जिला कारागार देवरिया का निरीक्षण करते अफसर

# फार्मर रजिस्ट्री कैंप का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** विकासखंड गौरीगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत ओरीपुर में गुरुवार को एग्रीस्टेक योजना के तहत कृषि व राजस्व विभाग द्वारा किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी के लिए पंचायत भवन में कैंप का आयोजन किया गया। जिसका जिलाधिकारी निशा अनंत ने स्थलीय निरीक्षण कर फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाने के कार्य का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को किसानों से समन्वय कर अधिक से अधिक किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित किसानों से अपील करते हुए कहा कि आप लोग अपनी फार्मर रजिस्ट्री आईडी जरूर बनवाएं और सरकारी योजनाओं का लाभ पाएं। उन्होंने बताया कि कृषि एवं राजस्व विभाग के कर्मचारियों द्वारा राजस्व गांवों में कैंप लगाकर किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री आईडी बनाए जाने का कार्य किया जा रहा है फार्मर रजिस्ट्री से किसानों को फसली ऋण एवं फसल बीमा क्षतिपूर्ति तथा आपदा राहत प्राप्त करने में सुगमता होगी साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों हेतु बार-बार भौतिक सत्यापन से छुटकारा मिलेगा। उन्होंने बताया कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ प्राप्त करने वाले किसानों के लिए फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य है। उन्होंने जिले के सभी किसानों से नजदीकी जन सेवा केंद्र व राजस्व गांव में आयोजित होने वाले कैंप में उपस्थित होकर अपनी फार्मर रजिस्ट्री अवश्य करा लेने की अपील की है।

## ट्रक की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

**कप्तानगंज, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** कस्बे के डीसीएफ चौक पर गैस लदी ट्रक की चपेट में आने से 65 वर्षीय साइकिल सवार वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए जिनको स्थानीय लोगों ने सीएचसी में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने मृत्यु घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मौका देख ड्राइवर फरार हो गया। गुरुवार की सुबह लल्लू शर्मा उम्र 65 वर्ष ग्राम सभा पकड़ियार थाना घुघली जनपद महाराजगंज जो कप्तानगंज कस्बे के सेंट जेवियर स्कूल में परिचालक का काम करते थे साइकिल से डीसीएफ चौक पर पहुंचे थे इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही गैस लदी ट्रक की चपेट में आ गए जिससे वह मौके पर गंभीर रूप से घायल हो गए स्थानीय लोगों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कप्तानगंज में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने मृत्यु घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एस एचओ धनवीर सिंह ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कार्यवाही की जा रही है।



## प्रसव के दौरान नवजात बच्ची की मौत का आरोप

**मथौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र नगर पंचायत मथौली स्थित एक निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान नवजात बच्ची की मौत का आरोप लगाकर पीड़ित व्यक्ति ने थाने में तहरीर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अस्पताल संचालक व एक आशा को थाने लाकर पूछताछ की जा रही है। हाटा कोतवाली क्षेत्र के परसौनी निवासी अर्जुन यादव पुत्र रूपेश यादव अपनी पत्नी गुड़िया को उसके मायके नगर पंचायत मथौली के वार्ड नंबर 10 वीर सावरकर नगर (फरदहा) में अपने ससुर संतोष यादव के यहां रह रहा था। तहरीर में जिक्र किया है कि बुधवार की रात उसकी पत्नी को प्रसव पीड़ा हुआ तो नजदीकी सीएचसी ले जा रहे थे कि इसी बीच गांव की एक आशा के कहने पर मेन चौराहे के उत्तर एक निजी अस्पताल ले गए जहां प्रसव के दौरान नवजात बच्ची की आधे घंटे में मौत हो गई जबकि महिला की स्थिति गंभीर होने पर सीएचसी ले गए जहां इलाज के उपरांत बेडरेस्ट कर दिया गया। परिजन गुरुवार की सुबह प्रसव वाले अस्पताल पहुंचकर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा कर कप्तानगंज थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया। सूचना पर थानाध्यक्ष धनवीर सिंह मयफोर्स पहुंचकर जांच में जुट गए। थानाध्यक्ष ने बताया कि उक्त प्रकरण में सीएमओ को मेरे द्वारा लापरवाही का रिपोर्ट भेजी जाएगी।

## प्रतिबंधित मांस के साथ एक गिरफ्तार

**मथौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** कस्बे के वार्ड नंबर 10 वीर सावरकर नगर (फरदहा) नहर के पूरब सिवान में प्रतिबंध नीलगाय के मांस के साथ पुलिस ने एक को गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार की शाम 6 बजे पुलिस को सूचना मिली कि नगर पंचायत मथौली के वार्ड नंबर 10 फरदहां नहर के पूरब सिवान में नीलगाय मांस के साथ एक व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्ति का नाम सैदुल्लाह पुत्र समतुल्लाह है। इसके कब्जे से करीब 10 किग्रा मांस बरामद हुई है। पुलिस उक्त मामले में आवश्यक कार्रवाई में जुट गई।

## 52 दिवसीय लंगर का शुभारंभ आज से

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** श्री गुरु गोबिंद सिंह लंगर आयोजन समिति की ओर से नगर स्थित चाणक्यपुरी मोहल्ले में साहिब श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में श्री पटना साहिब रेल यात्रियों के लिए 52 दिवसीय लंगर का शुभारंभ शुक्रवार से किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए कार्यक्रम के संयोजक बाबा मनोहर सिंह ने बताया कि विगत नव वर्षों से श्री पटना साहिब रेल यात्रियों के लिए लंगर का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी 20 दिसंबर से 10 फरवरी तक दसवें पातशाह श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का प्रकाश पर्व मनाने हेतु श्री पटना साहिब जाने वाले तीर्थ यात्रियों के लिए लंगर का आयोजन किया जा रहा है छल्होंने बताया कि शुक्रवार को पूर्वान्ह 11 बजे श्री गुरुग्रंथ साहिब जी के सहज पाठ के भोग पड़ेंगे। उसके बाद विचार गोष्ठी का आयोजन होगा और दोपहर 1 बजे से रेलवे स्टेशन अमेठी से लंगर वितरण का शुभारंभ होगा बताया कि समिति के सेवादार इस कार्यक्रम में पूरे मनोयोग से लगे हुए हैं। सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। बताया कि सिक्ख परंपरा में लंगर का विशेष महत्व है जिसकी शुरुआत पहले गुरु श्री गुरुनानक देव जी ने की थी।

## हैण्डबाल प्रतियोगिता में 4 क्वार्टर फाइनल मुकाबले

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** नगर स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में चल रही प्रदेश स्तरीय समन्वय सीनियर पुरुष हैण्डबाल प्रतियोगिता में गुरुवार को चार क्वार्टर फाइनल मुकाबले हुए। उपक्रीड़ाधिकारी मो मोसर्रफ खॉ ने बताया कि प्रथम क्वार्टर फाइनल में झांसी मण्डल ने 22-14 से मीरजापुर मण्डल, द्वितीय क्वार्टर फाइनल में आजमगढ़ मण्डल ने 25-22 से मेरठ मण्डल तृतीय क्वार्टर फाइनल में अयोध्या मण्डल ने 26-23 से वाराणसी मण्डल तथा चतुर्थ क्वार्टर फाइनल में लखनऊ मण्डल ने 21-11 से गोरखपुर मण्डल को पराजित किया। अन्तर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक परमेन्द्र सिंह तौहीद खान संयुक्त सचिय उ0प्र0 हैण्डबाल संघ अमित पाण्डेय उपक्रीडाधिकारी मो मोसर्रफ खॉ व शमीम अहमद ने आये हुए अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया।

## किसान सिंचाई कार्य करें पूर्ण

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** शारदा सहायक खण्ड-41 के अधिशासी अभियन्ता (नोडल) मनीष रंजन ने बताया कि जनपद में नहरों की सिल्ट सफाई के उपरान्त शाहमऊ रजबहा अमेठी रजबहा टिकरी रजबहा औरंगाबाद रजबहा चिलबिला रजबहा डीह रजबहा नागापुर रजबहा गोपालपुर रजबहा जायस रजबहा इन्हौना रजबहा एवं कल्याणपुर रजबहा में पानी का संचालन हो रहा है। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त जौनपुर शाखा तथा इससे सीधे निकलने वाली अल्पिकाओं में आवश्यकतानुसार पानी का संचालन हो रहा है एवं नहरों के कमाण्ड क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले समस्त किसान नहर संचालन के दौरान सिंचाई कार्य कर लें एवं जल का अपव्यय न करें। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि सिंचाई से सम्बन्धित शिकायतों मांगों के दृष्टिगत सिंचाई विभाग के टोल फ्री नं0 18001805450 पर किसान अपनी समस्या से भी अवगत करा सकते हैं।

## उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता पर करें निस्तारण

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु श्रम बन्धु व्यापार बंधु एवं औद्योगिक/व्यापारिक सुरक्षा फोरम तथा एमओयू क्रियान्वयन समिति की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में आज औद्योगिक क्षेत्र की मूलभूत व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की गई जिस पर जिलाधिकारी ने इकाइयों/व्यापारिक बन्धुओं से प्राप्त समस्त प्रकरणों को संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने/कराने के साथ ही उन्हें अवगत कराने के निर्देश दिए। बैठक में आज जिलाधिकारी के समक्ष उद्यमियों की सुरक्षा व्यवस्था औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर में भूखंड संख्या 8 सेक्टर 21 पर अनाधिकृत व्यक्तियों से अवैध कब्जा खाली कराए जाने होटल जेएस रेजिडेंसी के प्रकरण औद्योगिक क्षेत्र त्रिशुंडी में पार्किंग व्यवस्था गौरीशंकर डेयरी के विद्युत कनेक्शन तथा औद्योगिक क्षेत्र उतेलवा में आवंटित भूखंडों पर कब्जा दिलाए जाने के प्रकरण पर चर्चा की तथा संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए।

# सपाइयों ने गृहमंत्री अमित शाह का फूंका पुतला



**कप्तानगंज, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** सदन में गृह मंत्री अमित शाह द्वारा अंबेडकर पर बोले गए बयान पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कड़ा विरोध जताते हुए कप्तानगंज तहसील गेट पर प्रतीकात्मक पुतला जलाया जताते हुए सरकार विरोधी नारे लगाए। गुरुवार की दोपहर में सपा नेता एके बादल के नेतृत्व में आधा दर्जन कार्यकर्ताओं ने कप्तानगंज तहसील गेट पर पहुंच केंद्र सरकार के गृह मंत्री अमित शाह द्वारा सदन में बोले गए अंबेडकर पर बयान को गलत ठहराते हुए जमकर नारेबाजी की। उनका कहना था कि गृह मंत्री द्वारा अंबेडकर पर बोला गया बयान सरासर गलत है गृह मंत्री को देश के सामने माफी मांगना चाहिए जब तक वह माफी नहीं मांगते हैं तब तक हम लोग चुप नहीं बैठेंगे। भाजपा सरकार जन विरोधी है आज इस सरकार के चलते जनता में त्राई मचा हुआ है चारों तरफ बेरोजगारी दिख रही है सरकार रोजगार तो दे नहीं रही बशर्ते उन पर लाठियां बरसा रही है। महंगाई जोरों पर है प्रदेश व केंद्र की भाजपा सरकार केवल ढोंग कर रही है। इस दौरान इंद्रेश यादव, रमन शाही, देवेंद्र यादव, रमेश यादव, शैलेश कुमार, निरूरी राजभर आदि लोग मौजूद रहे।

## चेकिंग के दौरान विद्युत कर्मियों से दुर्व्यवहार करने का आरोप

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मलुकही गांव में चेकिंग के दौरान विद्युत कर्मियों से गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा दुर्व्यवहार करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में जेई ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है। बता दें कि विद्युत उप केंद्र मथौली के अवर अभियंता राजेश कुमार अपने टीम के साथ मलुकही गांव में बुधवार दोपहर बाद चेकिंग कर रहे थे। चेकिंग के दौरान इसरायल पुत्र खलील का मीटर चेकिंग किया गया तो उनका 57616 रुपए बिल बकाया बताया। जिसपर जेई ने पोल से सप्लाई कटवा दिया। इससे नाराज होकर गुड्डुन नामक व्यक्ति ने लाइट जोड़ने को कहा, जेई ने कहा कि बिल जमा करा दीजिए फिर लाइट जोड़ दी जाएगी, लेकिन युवक बार बार प्रेशर बनाता रहा। लाइट न जोड़ने पर विद्युत कर्मियों को गाली गुप्ता देते हुए मारपीट पर उतारू हो गया। वीडियो बनाने पर एक कर्मी का मोबाइल तोड़ दिया और जान से मारने की धमकी देने लगा। जेई राजेश कुमार ने बताया कि उक्त मामले में कप्तानगंज थाने में तहरीर देकर आवश्यक कार्रवाई की मांग किया गया है।

# अवैध रूप से संचालित एच.एस. हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर सील

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** कसया नगर के देवरिया मार्ग पर फर्जी तरीके से बड़े पैमाने में विदेश जाने वालों का मेडिकल बनाया जा रहा अवैध रूप से संचालित एच.एस. हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सील कर दिया। इससे पूर्व रामकोला में शर्मा क्लिनिक और वर्मा पैथोलॉजी एंड एक्सरे सेंटर को सील किया गया। स्वास्थ्य विभाग की इस कार्रवाई से अवैध अस्पताल संचालित करने वाले कारोबारियों में खलबली मची हुई है।

गौरतलब हो कि कसया नगर के देवरिया मार्ग पर एच.एस. हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर अवैध रूप से संचालित हो रहा था। अवैध हॉस्पिटल, क्लिनिक और पैथोलॉजी को लेकर मुख्य चिकित्साधिकारी सुरेश पटरिया को लगातार शिकायत मिल रही थी। शिकायत को गंभीरता से लेते स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉ अवधेश कुशवाहा, सीएचसी अधीक्षक मार्कडेय चतुर्वेदी, प्रशांत, विजय गिरी आदि की टीम बुधवार की शाम कसया नगर के देवरिया मार्ग स्थित एच.एस. हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर पहुंचे, जहां प्रशिक्षित कोई डाक्टर मौके से नहीं मिला। केवल व्यवस्थापक दीपक कुमार और संचालक प्रदीप कुमार ही मिले। बिना रजिस्ट्रेशन, अवैध तरीके से एच.एस. हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर को संचालित कर रहे थे। जांच टीम ने अस्पताल संचालन से संबंधित कागजात की मांग की तो किसी ने कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नही किया। जांच टीम को यही स्थिति रामकोला में शर्मा क्लिनिक और वर्मा पैथोलॉजी एंड एक्सरे सेंटर में भी मिला। टीम ने जब संचालक से हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन मांगा तो संचालक प्रदीप कुमार रजिस्ट्रेशन दिखाने में असमर्थ रहे। हॉस्पिटल में फर्जी तरीके से बड़े पैमाने में विदेश जाने वालों का मेडिकल बनाया जा रहा था, जिसका एक रजिस्टर टीम के हाथ लगा। जिसमें केवल पासपोर्ट का नम्बर लिखा हुआ था। जांच टीम ने जब हॉस्पिटल का रजिस्टर मांगा तो संचालक व व्यवस्थापक रजिस्टर नहीं दे पाए। जांच के दौरान हॉस्पिटल का कोई भी वैध कागजात संचालक द्वारा प्रस्तुत नही किया गया।




## दुग्धेश्वर नाथ मंदिर मार्ग के चौड़ीकरण की एमएलसी नें सदन में उठाई मांग

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** रुद्रपुर के पौराणिक बाबा दुग्धेश्वर नाथ मंदिर पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रमुख मार्ग के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण की मांग को लेकर एमएलसी डॉ. रतनपाल सिंह ने विधान परिषद में नियम 115 के अंतर्गत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव प्रस्तुत किया। डॉ. सिंह ने सदन को अवगत कराया कि बाबा दुग्धेश्वर नाथ मंदिर में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं, और महाशिवरात्रि के अवसर पर लगने वाले ऐतिहासिक मेले में लाखों लोग शामिल होते हैं। इस मंदिर से जुड़ा मार्ग मनोदय चित्र मंदिर और सहन कोट देवी मंदिर को जोड़ते हुए स्टेट हाइवे-111 से ODR निवही रुद्रपुर-वाहावार तक जाता है, जो दो जिलों की सीमाओं को जोड़ता है। डॉ. रतनपाल सिंह ने जनहित और श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस मार्ग के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण के लिए आवश्यक धनराशि स्वीकृत करने की मांग की। उन्होंने सदन से अपेक्षा की कि इस महत्वपूर्ण विषय पर शीघ्र कार्रवाई हो ताकि क्षेत्रीय विकास और धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहन मिल सके। श्री सिंह नें देवरिया पकड़ी बराव मोहरा मार्ग के चौड़ीकरण का मुद्दा भी उठाया है।



## भारत में बैंकिंग भविष्य को लेकर हुई चर्चा



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में डिजिटल फर्स्ट बैंक्स और भारत में बैंकिंग भविष्य को लेकर राउंड टेबल चर्चा में सदर सांसद शशांक मणि ने अपना पक्ष रखा। इस चर्चा में पॉलिसी मेकर, उद्योग जगत के लीडर और एक्सपर्ट्स ने बैंकिंग व्यवस्था को और मजबूत बनाने पर मंथन किया। श्री मणि ने बताया कि पैनल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के डिजिटल इंडिया मिशन की सफलता को ध्यान में रखते हुए बैंकों द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं को बेहतर बनाने और एक समावेशी वित्तीय इकोसिस्टम प्रदान करने जैसी भविष्य की चुनौतियों पर चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि इस राउंड टेबल चर्चा में पैनल के सभी सदस्यों के साथ सार्थक चर्चा हुई उन्होंने बताया कि ऐसी चर्चा से देवरिया जैसे टियर 3 जिलों में बैंकिंग प्रणाली को और मजबूत करने के लिए सहायता मिलेगी तथा मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प को गति मिलेगी।

## काकोरी ट्रेन एक्शन से हिल गई थी अंग्रेजी हुकूमत की नींव

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** देश की आजादी की लड़ाई के लिये हुए काकोरी ट्रेन एक्शन के महानायक अमर शहीद रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान, और रोशन ठाकुर के बलिदान दिवस पर भाजपा किसान मोर्चा देवरिया नगर मण्डल द्वारा रामलीला मैदान स्थित शहीद स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम में किसान मोर्चा पदाधिकारियो ने पुष्प अर्पित कर काकोरी एक्शन के नायकों को याद किया। इस अवसर पर उपस्थित किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन के माध्यम से स्वाधीनता आंदोलन को जनांदोलन बनाने वाले काकोरी एक्शन के नायकों को देश युगों-युगों तक याद रखेगा। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई को जारी रखने के लिये क्रांतिकारियों ने काकोरी में ट्रेन को रोककर अंग्रेजो के खजाने को अपने कब्जे में ले लिया। पूर्व मीडिया प्रभारी अम्बिकेश पाण्डेय ने कहा कि आजादी की लड़ाई में काकोरी ट्रेन एक्शन का महत्वपूर्ण योगदान है, काकोरी ट्रेन एक्शन के अमर शहीदों का बलिदान भुलाया नही जा सकता। इस अवसर पर मुख्य रूप से राहुल कुमार, डॉ विनोद पाण्डेय, धन जी वर्मा, सागर विश्वकर्मा, श्रीराम यादव, सुमन्त चतूर्वेदी, विजय कुशवाहा उपस्थित रहे।



# सपा के फ्रंटल संगठनों ने गृहमंत्री का पुतला फूंका, देवरिया में पुलिस से छीनाझपटी

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** संसद में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आपत्तिजनक बयान से आक्रोशित समाजवादी पार्टी के फ्रंटल संगठनों ने देवरिया में पुतला दहन कर विरोध जताया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने अमित शाह मुर्दाबाद और गृह मंत्री इस्तीफा दो के नारे लगाए। गुरुवार को सपा के फ्रंटल संगठनों ने अमित शाह के बयान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया था, जिसके बाद जिला प्रशासन और पुलिस महकमा पूरी तरह से सतर्क था।

शहर के सुभाष चौक पर शहर कोतवाल दिलीप सिंह मय फोर्स तैनात थे। वहीं, सीओ सिटी संजय रेड्डी भी महर्षि देवरहा बाबा स्वायत्तशासी राज्य मेडिकल कॉलेज के उत्तरी छोर पर पुलिस बल के साथ मौजूद थे। इसी दौरान, कचहरी चौराहे से पोस्टमार्टम हाउस जाने वाली सड़क पर सपा के फ्रंटल संगठनों के कार्यकर्ता अचानक गली से निकले और गृह मंत्री अमित शाह का पुतला लेकर पहुंच गए। जब तक पुलिस अधिकारी दिलीप सिंह और संजय रेड्डी मौके पर पहुंचे, कार्यकर्ताओं ने पुतला फूंक दिया था। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पुतला छीनकर उसे बुझाया। इस विरोध प्रदर्शन में समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष रणवीर यादव, सलोवा जिलाध्यक्ष दिव्यांश श्रीवास्तव, यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष खुर्शीद आलम अंसारी और अन्य कार्यकर्ता जैसे मुराद, सूरज, आयुष, दयाशंकर यादव, अमित, अजीत यादव सिंटू, मनीष सिंह सैंथवार, धीरज, हरिकेश यादव, रुपेश, अनिल, प्रेम प्रकाश शामिल थे।




## डीएम ने की धान खरीद की समीक्षा, दिए दिशा-निर्देश

**देवरिया।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में धान खरीद की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीएम ने धान खरीद की गति को तेज करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में अब तक 6754 किसानों से 40,901 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है, जो कि वार्षिक खरीद लक्ष्य 1,06000 का 39 प्रतिशत है। जनपद में धान की खरीद 28 फरवरी 2025 तक की जाएगी। उत्तर प्रदेश सरकार ने सामान्य प्रजाति के धान किए का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 और ग्रेड ए प्रजाति का 2320 रुपए तय किया है। इस वर्ष 118 धान क्रय केंद्रों के माध्यम से किसानों की उपज खरीदी जा रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि धान खरीद के 48 घंटे की भीतर पीएफ़एमएस (पब्लिक फाइनेंसियल मैनेजमेंट सिस्टम) के माध्यम से किसानों का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने धीमी गति से धान क्रय करने वाले केंद्रों के गत वर्षो का आंकड़ा तलब किया, जिससे स्पष्ट हो सके कि पूर्व के वर्षो में इन केंद्रों पर कितनी खरीद हुई है।

## वन नेशन वन इलेक्शन छोटे दलो को समाप्त करने की साजिश

**भटनी (देवरिया)।** भाजपा सरकार वन नेशन व वन इलेक्शन बिल पारित कराकर छोटे -छोटे दलो को समाप्त करने की साजिश कर रही है। वन नेशन व वन इलेक्शन देश के संघीय ढांचे को खत्म कर देगा। लोकतान्त्रिक बहुलता के स्वरूप को ही समाप्त कर देगा। उक्त आशय की जानकारी एक विज्ञप्ति के माध्यम से राष्ट्रीय समानता दल के प्रदेश अध्यक्ष संजयदीप कुशवाहा ने देते हुए भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि सरकार का वित्तीय बोझ कम करने का तर्क पूरी तरह लोकतंत्र के साथ बेमानी है ।चुनाव मे सरकार चार हजार करोड़ रुपया खर्च करती है जो महाकुंभ जैसे धार्मिक आयोजनों पर खर्च होने वाली राशि का एक छोटा सा टुकडा है। चुनाव मे राजनैतिक दलो और प्रत्याशियों द्वारा करोड़ों रुपये खर्ज किये जाते है। कुशवाहा ने कहा कि इस पर सरकार बहस नही करती है। केवल वन नेशन वन इलेक्शन लागू करना चाहती है। यह देश व लोकतंत्र दोनो के साथ धोखा है।

# ए प्लस व ए रैंकिंग वाले विभागों की डीएम ने की सराहना



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। नवंबर माह में विकास कार्यों के अंतर्गत जनपद को 6th रैंक प्राप्त हुई है। डीएम ने A+ और A रैंकिंग प्राप्त करने वाले विभागाध्यक्षों के कार्यों की सराहना की साथ ही जिन विभागों की रैंकिंग B, C एवं E थी, उन्हे निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण काम कराते हुए लक्ष्य प्राप्त करने के साथ साथ ग्रेडिंग एवं रैंकिंग सुधारने के निर्देश संबंधित विभागाध्यक्षों को दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को शासन से जुड़ी जनकल्याणकारी एवं विकासपरक योजनाओं एवं परियोजनाओं को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण करने का निर्देश दिया। नवंबर माह में जनपद कुशीनगर की रैंकिंग विकास कार्यों में सम्मिलित रूप से छठी रही है, इसलिए सभी अधिकारी विशेष ध्यान दें कि किसी अधिकारी की शिथिलता या लापरवाही से जनपद की रैंकिंग प्रभावित नहीं हों। पूरी तत्परता एवं कर्तव्यनिष्ठ होकर काम करने की आवश्यकता है। जिन विभागों का लक्ष्य दिसंबर में निर्धारित है या जो आवेदन आपके विभागीय पोर्टल पर आवेदकों के लंबित उन्हे शीघ्र समयांतर्गत निस्तारित करे जिससे कि रैंक और अधिक बेहतर हो सकें। उन्होंने कहा कि नवंबर माह की रैंकिंग के अंतर्गत राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, निर्माण कार्य सीएमआईएस, डे एनआरएलएम बैंक लिंकेज के अंतर्गत बी रेटिंग तथा मध्याह्न भोजन एवं छात्रों की उपस्थिति बेसिक शिक्षा विभाग, सामूहिक विवाह कार्यक्रम समाज कल्याण विभाग, नई सड़कों के निर्माण लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत सी ग्रेड की रेटिंग, राज्य पर्यटन योजना के अंतर्गत डी ग्रेड की रेटिंग प्राप्त हुई है। इसके अलावा फैमिली आईडी (नियोजन), कन्या विवाह सहायता योजना के अंतर्गत ई रैंक प्राप्त हुई। उन्होंने जिला विकास अधिकारी एवं जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी तथा श्रम प्रवर्तन अधिकारी को शीघ्र लक्ष्य की प्राप्ति करने के निर्देश दिए। जनपद में चल रहे फॉर्मर रजिस्ट्री हेतु कैंपों में ही जिलाधिकारी ने फैमिली बनाने के निर्देश दिए। कहा कि आयोजित कैंपों को मल्टी परपस उद्देश्यों के उपयोग करें। अधिक से अधिक योजनाओं से लोगों को संतृप्त किया जाए। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया की राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के अंतर्गत आए आवेदनों को बीडीओ और एसडीएम की सहायता से शीघ्र निस्तारित कराए। उन्होंने जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी को फैमिली आईडी बनाने तथा उसके बनाने से आम जनमानस को होने वाले लाभ के बारे में जागरूक करने हेतु निर्देशित किया। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने विद्युत आपूर्ति तथा विद्युत बिलों के सुधार के लंबित मामलों की जानकारी संबंधित अधिकारी से ली गई।

### डीएम ने की सीएम डैशबोर्ड पर विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

## जिला पर्यावरण समिति की बैठक हुई संपन्न

जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक की गई। बैठक दौरान प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा वर्षा काल 2025- 26 हेतु वृक्षारोपण स्थल की कार्यवाही, 2024 वर्षा काल में आरोपित किए गए पौधों की जीवितता प्रतिशत रिपोर्ट, उनकी सुरक्षा हेतु तार फेंसिंग, आयरन ट्री गार्ड, बंबू ट्री गार्ड, वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत रोपित किए गए पौधों, बनाए गए स्मृति वनों, आयुष वनों, मित्र वन, कुश वन आदि की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वृक्षारोपण स्थलों की जियो टैगिंग शत प्रतिशत हो जानी चाहिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही परिलक्षित न हों, सभी अधिकारी इसका विशेष ध्यान रखें।

# "सुशासन सप्ताह 2024-प्रशासन गांव की ओर" अभियान का जिले में हुआ आग़ाज़

अवधनामा संवाददाता



शासन के निर्देश पर जिले के 6350 असहाय व गरीबों को मिली कम्बल की सौगात

**बहराइच।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी जी के जन्म दिवस के अवसर पर 19 दिसम्बर से 24 दिसम्बर 2024 तक की अवधि में जनपद में ''सुशासन सप्ताह 2024-प्रशासन गांव की ओर'' अभियान का आयोजन किया जा रहा है। सुशासन सप्ताह के प्रथम दिन शासन द्वारा शीतलहरी/ ठण्ड/पाला के दौरान निराश्रित/असहाय/कमजोर वर्ग के असुरक्षित/गरीब व्यक्तियों/परिवारों को राहत पहुँचाने के उद्देश्य से शासन के निर्देश व डीएम मोनिका रानी के कुशल मार्गदर्शन में जिले की समस्त तहसीलों की ग्राम पंचायतों एवं नगर निकायों के वार्डो में नामित नोडल अधिकारियों के पर्यवेक्षण में वृहद कम्बल वितरण कार्यक्रम संचालित हुआ।

डीएम मोनिका रानी ने बताया कि तहसील सदर बहराइच अन्तर्गत 813, कैसरगंज में 1075, महसी में 880, मिहींपुरवा (मोतीपुर) में 1035, नानपारा में 825 एवं तहसील पयागपुर में 850 कुल 5478 ज़ीरो पावर्टी स्कीम/पेंशन योजना जैसे वृद्धावस्था/विकलांग/विधवा पेंशन के लाभार्थियों को विशेष तरजीह देते हुए सभी गरीब व असहाय व्यक्तियों को नोडल अधिकारियों के पर्यवेक्षण में कम्बल का वितरण किया गया। कम्बल वितरण कार्यक्रम विशेषता यह रही कि कम्बल प्राप्त करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को फोटो सहित सम्पूर्ण विवरण आपदा प्रहरी ऐप पर डाउनलोड भी किया गया है। डीएम ने बताया कि तहसीलों के अतिरिक्त जनपद में अवस्थित नगर निकायों यथा नगर पालिका परिषद नानपारा अन्तर्गत 236, नगर पंचायत जरवल में 25, कैसरगंज में 185, रिसिया में 266, मिहींपुरवा में 80 व नगर पंचायत रूपईडीहा 80 कुल 872 गरीब व असहाय व्यक्तियों को कम्बल का वितरण किया गया।

डीएम मोनिका रानी ने बताया कि शासन के निर्देश पर ''सुशासन सप्ताह 2024-प्रशासन गांव की ओर'' अभियान अन्तर्गत लोक शिकायतों के निराकरण हेतु तहसील मुख्यालय/विकास खण्ड स्तर पर विशेष शिविर का आयोजन, भारत सरकार की केन्द्रीय लोक शिकायत निवारण प्रणाली (सीपीजीआरएएमएस) में लम्बित लोक शिकायतों का निराकरण, स्टेट पोर्टल (आईजीआरएस) में प्राप्त लोक शिकायतों का निराकरण किया जाने के साथ ''ऑनलाइन सर्विस डिलीवरी'' की सेवाओं में वृद्धि कराये जाने हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया जायेगा तथा विभिन्न योजनाओं से पात्र लोगों को लाभान्वित भी किया जायेगा। डीएम ने बताया कि इसके अतिरिक्त 23 दिसम्बर 2024 को जनपद में एक सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी की अध्यक्षता में एक गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा, जिसमें जनपद के अन्तर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं का भी प्रदर्शन किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम के साथ ही उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जनपद में व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। डीएम ने बताया कि भारत रत्न स्वर्गीय अटल जी के जन्म दिवस 25 दिसम्बर को विकास भवन में आयोजित वृहद कार्यक्रम में मा. जनप्रतिनिधियों द्वारा जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जायेगा।

# गायब रीना का पता आज तक नहीं लगा सकी पुलिस

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** अट्ठाइस माह पूर्व दवा के लिए निकली विवाहिता रीना गायब हुई। पति ने रिपोर्ट दर्ज कराई।तबसे लेकर आज तक प्रदेश के उच्चाधिकारियों से लेकर जिला व थाना का चक्कर लगाते लगाते पीड़ित थक गया है लेकिन उसकी पत्नी का पता नही लग सका।पति का आरोप है कि उसकी पत्नी मानव तस्कर गिरोह का शिकार हुई है और उनसे पुलिस मिली हुई है। मामला धनपतगंज थाना क्षेत्र के ग्राम फत्तेपुर का है।यहाँ के नंदलाल मौर्या की पत्नी रीना28 बीते पांच अगस्त 2022 को दोपहर धनपतगंज अस्पताल से दवा लेकर अपने मायके बल्दीराय थाना क्षेत्र के हैघनाकला के लिए निकली थी जो मायके नही पहुँची। खोजबीन हुई तो देहली बाजार में सीसी टीवी फुटेज में 2 बजकर 44 मिनट पर देखी गई थी तथा सवा तीन बजे बघौना बाजार में ऑटो पर बैठी देखी गई थी।पति ने 6 अगस्त को धनपतगंज थाने में गायब होने की सूचना दर्ज कराई थी।तबसे पति दौड़ता रहा। उसका कहना है कि विवेचना बल्दीराय ट्रांसफर हो गई है। प्रमुख सचिव,डीजीपी,एसपी,महिला आयोग आदि जगह पीड़ित पति प्रार्थना पत्र देते देते थक गया है लेकिन कोई सुनवाई नही हो रही है। पीड़ित पति का कहना है कि ग्यारह साल पूर्व उसकी शादी हुई।एक आठ साल का बेटा सम्राट है जो मेरे पास है। रीना के बैंक में बचत खाते में साठ हजार रुपये हैं,दो लाख रुपए का फिक्स डिपॉजिट है, घर पर उसके सारे जेवरात हैं।अगर किसी के साथ गई होती तो अब तक बैंक खाते खाली कर चुकी होती। इसलिए मेरी पत्नी मानव तस्कर गिरोह का शिकार हुई है।जिसकी पुलिस को जानकारी है और वह उनसे मिले हुए है।इन सारी बातों का उल्लेख करते हुए उसने सभी अधिकारियों को पत्र लिखा है।वह बराबर एसपी के पास व थाना पर जाता है फोन से भी संपर्क करता है लेकिन नतीजा जीरो है।

## संक्षिप्त समाचार

### आउट ऑफ स्कूल बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने पर बनी रणनीति



ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

**बहराइच।** जनपद में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह के निर्देश पर बेसिक शिक्षा विभाग ने आउट ऑफ स्कूल बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए कवायत शुरू कर दी है इस क्रम में राजकीय इंटर कॉलेज बहराइच में ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर का तीन दिवसीय प्रशिक्षण गतिमान है। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस प्रशिक्षक पवन शुक्ला ने तीन दिवसीय प्रशिक्षण की रूपरेखा तथा निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के मुख्य प्राविधानों की जानकारी दी। प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस प्रशिक्षक राजेश कुमार मिश्रा ने भाषा शिक्षण के पाठ्यक्रम तथा भाषा शिक्षण की रणनीति की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण को मास्टर ट्रेनर राजेश कुमार मिश्र, डायट प्रवक्ता गोविन्द किशोर, पवन कुमार शुक्ल, ने प्रशिक्षण दिया द्य इस अवसर पर जिला समन्वयक निर्माण राकेश कुमार सिंह, लिपिक अतुल सिंह, अतुल त्रिपाठी, जीतेन्द्र सिंह, सुनील, हरी राम, संजय विनोद त्रिपाठी, आशीष विजय प्रताप, सत्य प्रकाश विशाल गाँधी, रघुवीर, इजरारुल हक आदि शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

### धड़ल्ले से चल रहा है खनन



**सुल्तानपुर।** थाना कोतवाली देहात की प्रतापगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के अहिमाने रेलवे क्रासिंग के किनारे हफ्तों से धड़ल्ले से अवैध खनन चल रहा है। अवैध खनन करने वाले मालिकों की माफियागिरी का बोलबाला है। क्षेत्र के कुछ लोग नाम ना छापने की शर्त पर बताया की ट्रैक्टर ट्राली की आवाज से दिनभर खेती किसानी करने के बाद में रात का सोना भी दुश्वार बना हुआ है। दिन का आलम यह है कि रास्ते पर इतनी मिट्टी उड़ रही है कि चलना भी दुश्वार हो गया है। अवैध खनन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। कार्रवाई ना होने की दर से रात दिन मिट्टी की खुदाई कर रहे है।शिकायत मिलने पर भी नही करती पुलिस कोई कार्रवाई खनन माफियाओं द्वारा पुलिस से मिलकर अवैध खनन का कार्य कराया जा रहा था। सूचना देने पर पुलिस तो पहुंचती है , लेकिन कार्रवाई नही की जाती है। रोड पर गिरी मिट्टी का से बाइक से निकलना भी दुर्लभ बना हुआ हैं। कहीं ना कहीं अवैध खनन माफियाओं के हौसले सातवें आसमान पर दिखाई दे रहे है। यह घटना इस बात को उजागर करती है कि प्रशासन के सख्त निर्देशों के बावजूद, अवैध खनन माफिया अपनी गतिविधियों को पुलिस और प्रशासन की मिलीभगत से अंजाम दे रहे हैं, जो कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर सवाल उठाता है।

### छात्र छात्राओं ने रैली निकाल जल संरक्षण के बारे में जागरूक किया



**टूंडला।** श्री दीप सिंह इंटर कॉलेज रजावली फिरोजाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई ने ग्राम जवाहरपुर में एकदिवसीय शिविर लगाकर एवं रैली निकालकर ग्रामीणों को जल संरक्षण के बारे में जागरूक किया। जागरूकता रैली का विद्यालय के अध्यक्ष मुनेश पाल सिंह ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जल है तो कल है, हम सभी को जरूरत के हिसाब से ही जल का उपयोग करना चाहिए क्यों कि पृथ्वी पर सीमित मात्रा में ही मीठे जलश्रोत है, इसका अनावश्यक दोहन करने से हमारी आने वाली पीढ़ी के सामने जल संकट की समस्या पैदा होगी। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी यतेंद्र सिंह तथा विद्यालय उपाध्यक्ष दिनेश पाल सिंह एवं प्रधानाचार्य गिरीश चंद्र शर्मा एवं प्रवक्ता आनंद कुमार,रविंद्र पाल सिंह, श्रीमती विनय मैडम पूजा समाजसेवी विक्रम सिंह, अशोक कुमार सिंह लल्लू सिंह नीटू सिहं आदि मौजूद रहे।

### किसान सम्मान दिवस का आयोजन 23 दिसम्बर को

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि स्व. चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर दि. 23 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे से कृषि विज्ञान केन्द्र पर जिला स्तरीय किसान सम्मान दिवस आयोजित होगा, इस अवसर पर किसान मेले के आयोजन में जनपद में सर्वाधिक फसल उत्पादन करने वाले कृषकों को पुरूस्कृत करते हुए मेले में उपस्थित कृषकों को कृषि उत्पादन में स्थाई एवं नियमित वृद्धि, कृषकों के आर्थिक एवं सामाजिक स्तर में उन्नयन तथा शासन द्वारा किसानों के हितार्थ संचालित योजनाओं की जानकारी एवं उसका लाभ, लघु सिंचाई, सहकारिता बैंक, कृषि यंत्र निर्माता, खाद-बीज, कृषि रक्षा रसायन आदि विभागों द्वारा प्रदर्शनी में स्टॉल लगाकर संचालित योजनाओं की जानकारी का प्रचार-प्रसार करते हुए योजनाओं के अन्तर्गत दी जाने वाली सुविधाएं किसानों को उपलब्ध करायी जायेगी।

# 5 साल के मासूम की गला रेतकर की हत्या, कल हुआ था घर से लापता

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** जिले में पांच वर्षीय मासूम का शव घर से 100 मीटर दूर खंडहर में मिलने से हड़कंप मच गया है। गला रेतकर उसकी हत्या की गई है। मृतक मासूम बुधवार दोपहर से लापता था। पुलिस ने घटनास्थल पर जांच करते हुए शव को कब्जे में लिया है। घटना गोसाईंगंज थानाक्षेत्र के सोनवातारा गांव की है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गोसाईंगंज के गांव सोनवा तारा निवासी अरविंद का पांच वर्षीय पुत्र अखिल बुधवार दोपहर 12 बजे घर से लापता हो गया। कुछ देर तक जब बच्चा नजर नहीं आया तो परिजनों ने तलाश शुरू किया लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला।

गुरुवार सुबह घर से सौ मीटर की दूरी पर स्थित श्याम लाल के खंडहर नुमा मकान में उसकी डेड बॉडी पाई गई। बच्चे के गले पर धारदार हथियार के निशान मिले हैं। स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुटी हुई है। ग्रामीणों की सूचना पर गोसाईंगंज पुलिस और फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड की टीम घटना स्थल पर पहुंचकर जांच कर रही है। बताया जा रहा है मृतक मासूम कक्षा एक का छात्र था, उसके पिता परदेस में प्राइवेट नौकरी करता है। उधर सीओ जयसिंहपुर रमेश कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे हैं। थानाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने बताया जांच कर रहे हैं, शव को पोस्टमार्टम में भेजा जा रहा है। परिजनों से तहरीर मिलते ही कार्रवाई की जाएगी। मृत बच्चे के दादा पूर्णवासी की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की है।

# 12 वर्षीय बेटे के साथ विवाहिता लापता

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** जिस तरह 12 वर्षीय बच्चे को पड़ोसी ने अगवा करके घर में ही मौत के घाट उतार दिया।36 घंटे तक पीड़ित परिजन पुलिस से मदद मांगते रहे,किंतु मामले को खाकी ने गंभीरता से नहीं लिया।यह नगर कोतवाली के गांधीनगर मोहल्ले का मामला था।आज भोर में हत्या की खबर मिलने से इलाके मे सनसनी फैल गई।इसी तरह थाना कोतवाली देहात के खुशियाल पुर, उतुरी निवासी संगम लाल मिश्रा की पत्नी और एकमात्र 12 वर्षीय पुत्र बीती सत्रह तारीख को घर से प्रातः 9 बजे रामगंज स्थित दुकान पर जाने के लिए निकले थे,लेकिन वहां नहीं पहुंचे।परिजनों ने काफी खोज बीन किया न मिलने पर थाना कोतवाली देहात में तहरीर दिया।पुलिस ने बीते 18 नवंबर को रोजनामचे में 0024 पर गुमशुदगी दर्ज कर हाथ पर हाथ धरे बैठी है।इधर परिजन किसी अनहोनी को लेकर खौफजदा हैं। मां - बेटे को घर से गायब हुए एक माह से अधिक बीत गए हैं,परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। उक्त सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली देहात से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पुलिस चौकी प्रतापगंज पर नए प्रभारी प्रदीप यादव नियुक्त हुए हैं उनसे जानकारी करिए। उपनिरीक्षक प्रदीप यादव से जानकारी करने पर बताया कि जिस नम्बर से गायब हुई महिला ने अपने भाई से बात किया था,उसका सी डी आर मंगाया गया है,मिल जाने पर टिम उसे बरामद करने जायेगी।

# सीडीओ ने की सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित विभागों की समीक्षा

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी शत्रौहन वैश्य की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित विभागों की समीक्षा बैठक का आयोजन कलैक्ट्रेट सभागार कक्ष में आयोजित किया गया, इस समीक्षा में पाया गया कि आयुष्मान कार्ड बनाने की स्थिति अत्यंत खराब है, जिसमें जिले की रैंकिंग प्रभावित हो रही है। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि नये सिरे से शिविर लगाकर गोल्डन कार्ड बनवाऐं जाए, इसी तरह विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए पाया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत की स्थिति ठीक नही है, उन्होने कहा कि कार्यों में शीघ्र ही सुधार लायें वरना कार्यवाही के लिए तैयार रहें, वहीं समाज कल्याण अधिकारी व उप निदेशक कृषि को निर्देशित किया कि किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत लम्बित आवेदकों का निस्तारण शीघ्रता से कराऐं, इसी तरह जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए कहा कि नए कनेक्शनों की संख्या बढायें, वहीं डीपीआरओ को मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि 15वें वित्त आयोग में धनराशि खर्च न होने के कारण जिलें की रैंकिंग घटी है, सचिवों को प्रतिदिन अपने स्तर से निर्देशित करें कि अपने कार्यों में सुधार करायें तभी रैंकिंग में सुधार आएगी, उन्होने बीएसए को निर्देशित किया कि विद्यालयों का शत-प्रतिशत कायाकल्प कराऐं, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि अण्डा उत्पादन में बढोत्तरी करें, गौशालाओं में छुटटा गौवंशों को अभियान चलाकर संरक्षित करें, जबकि पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी को निर्देशित करते हुए उन्होने कहा कि शादी अनुदान योजना में लम्बित आवेदनों का शीघ्रता से निस्तारण करें। अंत में उन्होने सभी विभागों को निर्देशित किया कि जिन विभागों की रैंकिंग खराब है, वह सभी अपनी रैंकिंग व ग्रेडिंग में सुधार लाऐं, अन्यथा लापरवाह अधिकारियों पर कार्यवाही होगी। बैठक के दौरान एडीएम नमामि गंगे मोहन लाल गुप्ता, मुख्य चिकित्साधिकारी डा राम बदन राम, परियोजना निदेशक सुभाष चन्द्र त्रिपाठी, अर्थ एवं संख्याधिकारी एमपी सिंह, बीएसए आशीष पाण्डे सहित सम्बन्धित अधिकारी आदि उपस्थित रहें।

# प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने से व्यक्तित्व में होगा निखार: डीएम



खेल प्रतियोगिताओं में भागीदारी करने से स्वास्थ्य के साथ मस्तिष्क का भी होगा विकास: जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने पं. जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 40वीं जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता बेसिक के शुभारम्भ समारोह को सम्बोधित करते हुये कहा कि प्रतिस्पर्धा अपने आपको सिद्ध करने के लिए होती है, कोई भी प्रतिस्पर्धा हो अपने आपको सिद्ध करने के लिए बहुत ही आवश्यक है, फिर वह चाहे खेल की प्रतिस्पर्धा हो या जीवन के किसी भी परिस्थिति में हम कुछ भी करते हैं, हमें हर बात में अपने आपको सिद्ध करना होता है। उन्होने प्रसन्नता व्यक्त करते हुये कहा कि परिषदीय विद्यालयों के बच्चों के इस नये रूप में देख कर मुझे अपने बचपन के दिन याद आ गये, सुदूर ग्रामीण अंचलों के बच्चों ने जो सांस्कृतिक प्रस्तुति दी वह बेहद ही उत्साहवर्धन थी। उन्होने कहा कि बच्चों ने कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी वह मुझे अपने बचपन की ओर खींच कर ले गयी, जैसे-जैसे कार्यक्रम आगे बढ़ रहा था, वैसे-वैसे मैं अपने बचपन के जीवन में विचरण कर रहा था, बीता हुआ जीवन सभी को अच्छा लगता है। श्री सिंह ने प्रतिभागी बच्चों से कहा कि हार में ही जीत छिपी है, हार से ही जीत का रास्ता निकलता है, हार से हम सीखते हैं कि हमारी कमियां क्या रहीं और उस आधार पर हम आगे की रणनीति बनाते हैं, यही सबसे बड़ी प्रेरणा है, बच्चे इसी भावना के साथ खेल को आगे बढ़ायें और अपनी कमियों को दूर करें। उन्होने कहा कि यह लगातार तैयारी का परिणाम है, जो इतना अच्छा कार्यक्रम बच्चों ने प्रस्तुत किया, दूर-दराज के ग्रामीण अंचलो से बच्चे निकल कर आते हैं, जहां इतने संसाधन भी नहीं होते फिर भी इन बच्चों ने बेहतर कार्यक्रम प्रस्तुत किये हैं, इससे लगता है कि बच्चों के अंदर प्रतिभा की कोई कमी नहीं हैं, बस इनको अवसर प्रदान करने की जरूरत हैं।


# कार्यालय जिला पंचायत, महराजगंज

पत्रांक :- 215/जि0पं0म0/2024-25 | दिनांक : 18 दिसम्बर, 2024

## निविदा सूचना

जिला पंचायत महराजगंज के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/सिंचाई विभाग/लोक निर्माण विभाग/समस्त जिला पंचायतो में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त योजनान्तर्गत स्वीकृत परियोजनाओ की मुहरबन्द निविदा दिनांक 11.01.2025 पूर्वान्ह 12.00 बजें दिन तक आमंत्रित किया जाता है जो दिनांक 11.01.2025 को ही अपरान्ह 03.00 बजें उपस्थित टेण्डरदाताओं एवं टेण्डर समिति के समक्ष जिला पंचायत कार्यालय महराजगंज में खोला जायेगा। निविदा जिला पंचायत महराजगंज के निर्धारित निविदा फार्म पर ही मान्य होगे। निविदा फार्म निविदा प्रकाशन की तिथि से दिनांक 10.01.2025 को अपरान्ह 3.00 बजे तक अभियन्त्रण अनुभाग में निर्धारित मूल्य जमा कर क्रय किये जा सकते है। प्रत्येक निविदादाता को अपने निविदा फार्म के साथ अनुमानित मूल्य का दो प्रतिशत जमानत की धनराशि बजरियें राष्ट्रीय बचत-पत्र/एफ0डी0आर0/जिला पंचायत की रसीद/राष्ट्रीयकृत बैकों द्वारा निर्गत सावधि जमा पत्र जो अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत महराजगंज के पदनाम से बंन्धक होगा मूल रूप में निविदा फार्म के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। कार्यो का विवरण निम्न है :-

| क्र. सं. | कार्यो का विवरण | अनुमानित लागत (लाख रू. में) | जी.एस.टी. छोड़कर (लाख रू. में) | अर्नेस्टमनी की धनराशि (लाख रू. में) | कीमत निविदा फार्म | जी.एस.टी. 18 प्रतिशत | कुल शुल्क | कार्य पूर्ण करने की निर्धारित अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विकास खण्ड - पनियरा के ग्राम सभा जर्दी में परमात्मा जयसवाल के खेत से नेवास पासवान के खेत तक अवशेष सी0सी0निर्माण कार्य। | 7.18 | 6.084 | 0.12168 | 900 | 162 | 1062 | दो माह |
| 2 | विकास खण्ड- परतावल के ग्राम सभा गोधवल के टोला बरगदहिया प्रा0 पाठ0 से रानीपुर की ओर सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 10.00 | 8.474 | 0.16948 | 900 | 162 | 1062 | दो माह |

1. निर्माण नियमावली 1984 के अनुसार निर्माण का परिवर्तन/निरस्तीकरण का अधिकार सक्षम प्राधिकारी की अनुमति से ही मान्य होगा। पंजीकृत ठेकेदार को निर्माण नियमावली/अनुबन्ध के अतिरिक्त कोई क्लेम/आपत्ति मान्य नहीं होगा।
2. निविदा वेवासाईट www.maharajganj.nic.in पर भी देखी एवं download की जा सकती है।
3. निविदा में भाग लेने वाले ठेकेदारों को सुझाव दिया जाता है कि कृपया परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर लें एवं आगणन तथा शेष नियम एवं शर्ते आदि के सम्बन्ध में जानकारी हेतु कार्यदिवस में कार्यालय से सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते है।
4. निविदा स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी में निहित होगा।
5. बिना कार्यदेश जारी हुये कार्य प्रारम्भ करने पर भुगतान की जिम्मेदारी जिला पंचायत की नहीं होगी एवं इसके लिये ठेकेदार पूर्णरूप से स्वयं जिम्मेदार होगा।

**अभियन्ता, जिला पंचायत, महराजगंज।** | **अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, महराजगंज।** | **मा. अध्यक्ष, जिला पंचायत, महराजगंज।**



## उत्तर रेलवे

### खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 13.01.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 14502024 दिनांक 18.12.2024 |
| 2 | निविदा सख्या | 41-Sr. DEN-IV-LKO/2024-2025 |
| 3 | कार्य का नाम | वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर (चतुर्थ) के अधिकार क्षेत्र मे चन्द्रौली और हरपालगंज की कोलोनियों में सहायक कार्यो (प्लांबिंग पाइप और बोर और पम्प के साथ पम्प हाउस आदि) के साथ साथ पुराने जर्जर स्टील ओवर हैड टैंक के बदले में दो (चन्द्रौली और हरपालगंज पर 1,00,000 लीटर) आरसीसी ओवर हैड वॉटर टैंक का निर्माण का कार्य। |
| 4 | अनुमानित लागत | Rs. 1,34,64,858.66 |
| 5 | धरोहर राशि | Rs. 2,17,300.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 30.12.2024 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 13.01.2025 को 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

नोट : निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 3879/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# नगर आयुक्त ने की अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरूआत

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** नगर आयुक्त ऋषि राज के आदेशों के अनुपालन में शहर में अतिक्रमण की समस्या को समाप्त करने के लिए एक बड़ा अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया है। इस अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक स्थानों, सड़कों और फुटपाथों पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाना है, जो यातायात की रुकावट और नागरिकों को परेशानी का कारण बन रहे हैं। इसी क्रम में आज दिनांक 19 दिसम्बर 2024 को कर विभाग के कर निर्धारण अधिकारी नीरज पटेल जी, नोडल अधिकारी एसबीएम सन्दीप भार्गव जी, प्रभारी स्वच्छ भारत मिशन अरविन्द भारती, प्रवर्तन दल की टीम एवं समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों की देख-रेख में शहर के नैनी चौराहें के पास सर्विस रोड पर अतिक्रमण हटाओं अभियान चलाया गया, इस दौरान नगर निगम फिरोजाबाद की टीम द्वारा अतिक्रमण एवं सफाई उपरान्त गन्दगी करने पर सोनू पुत्र शहजाद से 5000/- रू0, अरसान पुत्र अब्दुल रसीद से 5000/- रू0, मिर्जा रसीद पुत्र आसिफ से 5000/- रू0, अमील पुत्र आफताब से 2500/-रू0, असीम पुत्र रहीसउद्दीन से 5000/- रू0, तालीफ पुत्र सलीम से 2000/- रू0 एवं राशीद पुत्र नवावउद्दीन से 1000/- रू0 का जुर्माना वसूल किया गया। इस तरह नगर निगम फिरोजाबाद द्वारा आज अतिक्रमण हटाओं अभियान के दौरान कुल 25,500/- रू0 का जुर्माना वसूल किया गया। इस दौरान कर निर्धारण अधिकारी द्वारा बताया गया कि नगर निगम फिरोजाबाद द्वारा इसी तरह से प्रतिदिन वृहद स्तर पर अतिक्रमण हटाओं अभियान चलाकर विभिन्न अतिक्रमण जैसे अवैध निर्माण, सड़क किनारे खोमचे, और अन्य बाधाएं हटाई जाएंगी। नोडल अधिकारी एसबीएम ने अपील करते हुये कहा कि कृपया अतिक्रमण हटाओं अभियान में अधिकारियों का सहयोग करें और सार्वजनिक स्थानों पर अवैध अतिक्रमण करने से बचें। निगम का उद्देश्य एक स्वच्छ, सुरक्षित और व्यवस्थित शहर बनाना है। अभियान में कर विभाग की टीम, स्वास्थ्य विभाग की टीम, प्रवर्तन दल की टीम की प्रमुख रूप से सहभागिता रहीं।

# चन्द्रपुरवा में ट्रॉमा सेंटर की मांग तेज



**अवधनामा संवाददाता**

**सुमेरपुर।** जनपद के सुमेरपुर क्षेत्र में ट्रॉमा सेंटर की स्थापना को मांग को लेकर स्थानीय समाजसेवियों ने उप मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक से मिलकर ट्रॉमा सेंटर के लिए उचित स्थान का चयन करते हुए हाइवे किनारे चंद्रपुरवा में ट्रामा सेंटर बनाए जाने की मांग की है ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके। समाजसेवी पुनीत पालीवाल, महेश सिंह राणा, प्रदीप निषाद ने उप मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक को अवगत कराया है कि कुरारा क्षेत्र के रिठौरा डांडा में ट्रॉमा सेंटर की स्थापना की योजना बनाई जा रही है, लेकिन यह स्थान डूब क्षेत्र (बाढ़ग्रस्त) और ऊबड़-खाबड़ जमीन वाला है, जो जिले के लिए अनुपयुक्त है। वहीं, सुमेरपुर के चन्द्रपुरवा में ग्राम समाज की पर्याप्त समतल भूमि (गाटा संख्या 443) उपलब्ध है, जो निर्विवाद और हर दृष्टि से उपयुक्त है। चन्द्रपुरवा का भौगोलिक स्थान भी हमीरपुर मुख्यालय, मौदहा, सुमेरपुर, मुस्करा और कुरारा ब्लॉक के बीच में स्थित है, जिससे सभी ब्लॉकों के लोगों को इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। यहां से महज 3 किमी दूर ग्रीन हाईवे (रमईपुर से कबरई) भी स्वीकृत है, जिससे आने-जाने में भी आसानी होगी। उन्होंने ट्रॉमा सेंटर की उपयुक्त स्थापना के लिए, चन्द्रपुरवा में ट्रॉमा सेंटर बनाने की अपील की और कहा कि इससे न केवल हमीरपुर जिले के लोगों को बल्कि बांदा जनपद के जसपुरा ब्लॉक के लोगों को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने यह भी अवगत कराया है कि यह स्थान रेलवे स्टेशन के नजदीक और नेशनल हाईवे-34 पर स्थित है, जो दुर्घटना और आपातकालीन चिकित्सा के मामलों में तत्काल इलाज के लिए उपयुक्त होगा उन्होंने मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री से इस मांग को गंभीरता से लेने और चन्द्रपुरवा में ट्रॉमा सेंटर की स्थापना की स्वीकृति प्रदान करने की अपील की है। उनका कहना है कि हमीरपुर जिला बुंदेलखंड का पिछड़ा इलाका है, जहां स्वास्थ्य सेवाओं का अभाव है। ऐसे में चन्द्रपुरवा में ट्रॉमा सेंटर की स्थापना से पूरे जिले को चिकित्सा सेवाओं में बड़ी राहत मिलेगी।

# अवैध व बिना पंजीयन के नही चलेगें अल्ट्रासाउंड सेंटरः डीएम

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** पीसीपीएनडीटी एक्ट के अंतर्गत जनपदीय सलाहकार समिति की बैठक जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम जनपद में संचालित विभिन्न अल्ट्रासाउंड सेंटर के संचालन एवं नवीनीकरण आदि के संबंध में विचार विमर्श किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी एसडीएम अपने क्षेत्र में संचालित जनपद के सभी अल्ट्रासाउंड सेंटर का प्रत्येक माह निरीक्षण करके उसकी रिपोर्ट उपलब्ध कराए। जनपद में किसी भी दशा में अवैध /बिना पंजीयन के अल्ट्रासाउंड सेंटर नहीं संचालित होने चाहिए। जिलाधिकारी ने आगे कहा कि यदि कहीं पर भी इस प्रकार के अवैध केंद्र संचालित हो तो उसके बारे में लोग उन्हें सीधा सूचना दे सकते हैं। कहा कि सभी केंद्र नियमानुसार संचालित होने चाहिए। किसी भी अल्ट्रासाउंड सेंटर में भ्रूण का लिंग परीक्षण किसी भी दशा में नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो भी अल्ट्रासाउंड सेंटर नियमों के अनुरूप नही चल रहे हैं उन पर कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में सर्वे करें अवैध/फर्जी डायग्नोस सेंटर /पैथोलॉजी /नर्सिंग होम आदि को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि लोगों की जान के साथ खिलवाड़ करने वाले ऐसे सभी फर्जी /अवैध डायग्नोज/ पैथोलॉजी सेंटर पर कार्रवाई की जाए जो मानक एवं नियमों के अनुरूप नहीं है। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ गीतम सिंह, सीएमएस महिला अस्पताल, सीएमएस पुरुष अस्पताल, डिप्टी कलेक्टर खालिद अंजुम तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## दुद्धी विकास खंड के छात्रों ने हिण्डाल्को स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में किया शैक्षणिक भ्रमण

**सोनभद्र/रेणुकूट।** दुद्धी विकास खंड के शिक्षाधिकारी महेन्द्र मौर्या के नेतृत्व में कक्षा 6 से 8 के तकरीबन 70 छात्रों ने हिण्डाल्को के ट्रेनिंग सेंटर- हिण्डाल्को स्कूल ऑफ एक्सीलेंस का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया। जिसका उद्देश्य कौशल विकास और आधुनिक तकनीकी ज्ञान को बढ़ावा था। बच्चों को आधुनिक तकनीकियों में निपुण बनाना और रोजगारपरक शिक्षा के लिए अभी से तैयार करने के उद्देश्य से कार्यशाला के दौरान दुद्धी विकास खंड के छात्र-छात्राओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और प्लांट की मशीनों के संचालन व उत्पादन प्रक्रिया को लेकर विभिन्न पहलुओं पर गहन जानकारी और तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं को अत्याधुनिक लैब में आधुनिक तकनीकी ज्ञान से परिचित कराया गया। हिण्डाल्को स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के सुमंत कुमार, श्री सुधीर मिश्रा, एस पी जोस तथा सूरज दास ने हिण्डाल्को की विशेषज्ञ टीम के साथ मिलकर छात्रों को सुरक्षा, नवीन तकनीकों और औद्योगिक प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी।

# एक जनवरी से होगा खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** जिला एथलेटिक्स एशोसिएशन के माध्यम से दिनांक 17 व 18 दिसम्बर को जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिले के समस्त विद्यालयों के14 वर्ष तथा 16 वर्ष के बालक तथा बालिकाओं ने प्रतिभाग किया मुख्य अतिथि विनय कुमार सिंह राष्ट्रीय खिलाडी) के द्वारा विजेता खिलाड़ियों को पारितोषक वितरित किया गया 14 वर्ष तथा 16 वर्ष आयु वर्ग में कुरारा तथा सरीला ओवर आल चैम्पियन शिप जीती प्रतियोगिता में हृदेश दीक्षित कृष्णा लवकुश राम सिंह ऋषिकान्त आदित्य सिंह सत्यशी खेवरिया गौरी यादव तनवी पाल तनु दीक्षा 14 वर्ष में प्रथम स्थान प्राप्त किया प्रेम कुमार चन्द्रशेखर राजेश शशिकान्त वंशी घर पुष्कर भावना किरन अनामिक नैन्सी मीतांशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया साथ ही 20वी नेशनल इण्टर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2025 के लिये चयन समिति द्वारा खिलाड़ियों का चयन किया गया चुने हुये खिलाडियो का प्रशिक्षण शिविर 01 जनवरी 2025 से आयोजित होगा एशोसियेशन के समस्त पदाधिकारी व समस्त सदस्य गण व वरिष्ठ खिलाडी मौजूद रहें।

# निकायों द्वारा प्रस्तावित कार्यो की डीएम ने समीक्षा बैठक



**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** नगरीय निकायो में 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत प्राप्त धनराशि की कार्ययोजना व उसके प्रस्तावों की स्वीकृति के संबंध में एक आवश्यक बैठक जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी निकायों द्वारा प्रस्तावित कार्यों के बारे में विस्तृत समीक्षा की तथा जरूरी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत जो धनराशि प्राप्त हुई है निकायों द्वारा उनका उपयोग नियमानुसार तथा जनहित में ही किया जाए। इसके अंतर्गत मूलभूत नागरिक सुविधाओं जैसे जलापूर्ति,सीवरेज तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन,जल निकासी, स्वच्छता,सड़कों, फुटपाथ आदि को विकसित करने तथा उसके रखरखाव में ही नियमानुसार खर्च की जाए। उन्होंने कहा कि 15वे वित्त आयोग के अंतर्गत कराए जाने वाले सड़क निर्माण कार्य, इंटरलॉकिंग कार्य सहित अन्य कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप तथा गुणवत्तापूर्ण ही कराया जाए,इसमें कोई लापरवाही न बरती जाए। कहा कि नाला, सड़क आदि बनाने से पूर्व उसे अतिक्रमण मुक्त अवश्य कराया जाय। कहा कि कोई भी सामग्री/ वस्तु खरीदने से पूर्व उसकी उपयोगिता को भलीभांति जांच लिया जाय। सभी प्रकार के कार्यो में वित्तीय नियमो का पूर्णतः पालन किया जाय। इस मौके पर सीडीओ चंद्र शेखर शुक्ला, एडीएम न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव, अध्यक्ष नगर पालिका हमीरपुर, अध्यक्ष नगर पालिका राठ, अध्यक्ष नगर पालिका मौदहा, अध्यक्ष नगर पंचायत कुरारा, अध्यक्ष नगर पंचायत सुमेरपुर,अध्यक्ष नगर पंचायत गोहांड,सभी नगरीय निकायों के अधिशासी अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## एनसीएल कर रही 'यंग अचिवर्स प्रोग्राम' का आयोजन

**सोनभद्र/सिंगरौली।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) स्कूली छात्रों हेतु 'यंग अचिवर्स प्रोग्राम' का आयोजन कर रही है। इस कार्यक्रम का आयोजन 20 से 21 दिसम्बर, 2024 को डी. पी. एस., निगाही एवं डी. ए. वी., बीना (कार्यक्रम स्थल-संस्कार भवन) में किया जाएगा। इस दौरान प्रतिष्ठित पर्वतारोही सत्यरूप सिद्धांत एवं मेघा परमार विद्यार्थियों को अपने अनुभवों के माध्यम से उनके सपनों को साकार बनाने और हौसलों को उड़ान देने का मंत्र भी देंगे। सत्यरूप सिद्धांत विश्व के महाद्वीपों की सात सबसे ऊंची चोटियों और सात ज्वालामुखी शिखरों पर चढ़कर विश्व रेकॉर्ड बनाने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति हैं। हाल ही में इन्हें ÷ब्रिगेडियर ज्ञान सिंह राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार 2024÷ से भी नवाजा गया है। इसी कड़ी में सुश्री मेघा परमार माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली मध्य प्रदेश की पहली महिला हैं। इसके अतिरिक्त वह 147 फीट (45 मीटर) की टेक्निकल स्कूबा डाइविंग कर नया विश्व रिकॉर्ड भी बना चुकी हैं। एनसीएल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता का विकास करते हुए नयी पीढ़ी विशेषकर स्कूली छात्रों को निर्धारित लक्ष्य को तन्मयता से पूरा करने हेतु अभिप्रेरित एवं प्रोत्साहित करना है।

# नुमाइश पंडाल में आल इंडिया मुशायरा कल

- एसएसपी संजय कुमार करेंगे शमा रोशन, देश के नामचीन शायर करेंगे शिरकत

**अवधनामा ब्यूरो**



मुशायरे की तैयारियों की जानकारी देते संयोजक सईद नक़वी, सह संयोजक गुफरान अहमद व रौनक इटावी, नदीम अहमद, फरहान शकील

**इटावा।** ज़िले की ऐतिहासिक प्रदर्शनी में 21 दिसम्बर दिन शनिवार को रात 7 बजे होने वाले अखिल भारतीय मुशायरे की सफलता एंव तैयारियों को लेकर इस्लामिया इंटर कालेज में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अखिल भारतीय मुशायरे के संयोजक सईद नक़वी सदस्य प्रदर्शनी समिति व सह संयोजक गुफरान अहमद प्रधानाचार्य इस्लामिया कालेज ने बताया कि प्रदर्शनी में 21 दिसम्बर दिन शनिवार को रात 7 बजे होने वाले अखिल भारतीय मुशायरे की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस बार मुशायरे में देश के नामचीन शायरों को बुलाया गया है। मुशायरे की अध्यक्षता नामचीन शायर मंजर भोपाली एंव संचालन शायर अबरार काशिब करेंगे। मुख्य अतिथि डीएम अवनीश राय होंगे और एसएसपी संजय कुमार मंच पर शमा रोशन करके मुशायरे का शुभारंभ करेंगे। ऑल इंडिया मुशायरे में जिन नामचीन शायरों को दावत दी गई है सभी की मुशायरे में आने की स्वीकृति प्राप्त हो गई है। मुशायरा पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी अपने समयनुसार शुरू हो जाएगा। बैठक में संयोजक व सह संयोजक द्वारा स्वागत समिति के सदस्य नदीम एड.रौनक इटावी, डा.शमसुद्दीन सईदी, शावेज़ नक़वी, वहाज अली खान निहाल, फरहान शकील, राहत हुसैन रिज़वी, इफ्तिखार मिर्जा, दानिश मिर्जा, कामरान खान, सुहेल अहमद, सलीम वारसी को मुशायरे की सफलता के लिए जिम्मेदारी सौंप दी गई है। संयोजक सईद नक़वी व सह संयोजक गुफरान अहमद ने बताया कि अखिल भारतीय मुशायरे में शायरा अना देहलवी, सबा बलरामपुरी, चांदनी शबनम, शायर मेहताब आलम, इकबाल अशर, कुंवर जावेद, आदिल रशीद, डा.नदीम शाद, सुनील कुमार तंज, सुंदर मालेगांव, मीसम गोपालपुरी, अतुल अजनबी, वसीम राजूपुरी, आसिम मखनपुरी, असर नसीराबाद अपने बेहतरीन कलाम पेश कर मुशायरे को सफलता की मंजिल तक ले जाएंगे वहीं इस्लामिया कालेज के शिक्षक समी उद्दीन जुबैरी बेदम शाह वारसी और इस्लामिया कालेज के छात्र हाफिज अफ्फान निसार सीमावी का कलाम बेहतरीन अंदाज में पेश करेंगे। संयोजक सईद नक़वी व सह संयोजक गुफरान अहमद ने जनपद वासियों से मुशायरे में शिरकत करने की अपील की है।

# संक्षिप्त समाचार

## महिला क्रिकेट का आयोजन 21 व 22 दिसम्बर को



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** इटावा महोत्सव एवं प्रदर्शनी के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय महिला क्रिकेट का आयोजन महात्मा ज्योतिबा फूले स्पोर्ट्स स्टेडियम में दिनाँक 21 व 22 दिसम्बर को होना सुनिश्चित हुआ है। कार्यक्रम संयोजक सौरभ पाठक ने बताया कि महिलाओ की खेल के प्रति रुचि बढ़ाने हेतु शिक्षा, सुरक्षा, एडवोकेट व स्वास्थ्य आदि विभागों की महिलाओं व घरेलू महिलाओ की आठ टीमों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। जो प्रतिदिन स्टेडियम में कड़ा अभ्यास भी कर रही है और इस आयोजन के बारे में शिक्षिका टीम की कैप्टन अर्चना चौधरी ने कहा कि महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए इस तरह के आयोजन होना स्वागत योग्य है इस तरह के कार्यक्रमों में महिलाओ को बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिये। टीमों को प्रमिला पाठक गौरव पाठक राजेश जादौन अजयपाल सिंह यादव आदि प्रशिक्षित कर रहे है।

## सपा नेताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को दिया



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अंबेडकर के खिलाफ लोकसभा कार्रवाई के दौरान संसद भवन में देश के गृहमंत्री अमित शाह की गई टिप्पणी को अभद्र और बाबा साहब का अपमान बताते हुए गुरुवार को सपा नेताओं ने नारे बाजी कर किया विरोध प्रदर्शन। सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू और महासचिव वीरू भदौरिया के नेतृत्व में सपा नेताओं ने प्रदर्शन और नारे बाजी करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी विक्रम राघव को सौंपा। सपा नेताओं ने गृहमंत्री पर कार्यवाही की मांग करते हुए बर्खास्त करने की मांग की। सपा नेताओं ने कहा कि गृहमंत्री की टिप्पणी से देश की बड़ी आबादी की भावनाएं आहत हुई है। ज्ञापन देने वालों में उपाध्यक्ष उत्तम सिंह प्रजापति, अनवार हुसैन, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सर्वेश शाक्य, वरिष्ठ नेता उदयभान सिंह यादव, जिला कोषाध्यक्ष बृजेंद्र यादव, राजपाल सिंह यादव, नफीसुल हसन अंसारी, विकास गुप्ता विक्की जिला प्रवक्ता, जिला अध्यक्ष लोहिया वाहिनी किशन यादव, मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड जिला अध्यक्ष नरेंद्र पाल, युवजन सभा सभा जिला अध्यक्ष आदित्य गोविंद यादव, ब्रजवीर यादव लाला, एड.राजू यादव, अमित सोनी आदि नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सांसद ने इटावा रेलवे स्टेशन पर अजमेर शरीफ जाने वाली सियालदह एक्सप्रेस आदि के ठहराव की मांग की



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** समाजवादी पार्टी के इटावा लोकसभा सांसद जितेंद्र दोहरे ने रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव से मिलकर अपने लोक सभा क्षेत्र इटावा की रेलवे से संबंधित समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने इटावा में विभिन्न ट्रेनों के ठहराव की मांग की। सांसद जितेंद्र दोहरे ने इटावा रेलवे स्टेशन पर अजमेर शरीफ जाने वाली सियालदह एक्सप्रेस और तथा राजधानी एक्सप्रेस के ठहराव की मांग की। भरथना रेलवे स्टेशन पर कोरोना काल में बंद हुई संगम एक्सप्रेस, महानंदा एक्सप्रेस, मुरी एक्सप्रेस के पुनःठहराव की मांग भी की। उन्होंने रेल मंत्री को दिए पत्र में मांग की है कि अपने औरैया रेल मार्ग से नहीं जुड़ा है अतःऔरैया वासियों की सुविधा के लिए औरैया से उरई होकर ग्वालियर जाने के लिए रेलगाड़ी की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग भी की।

# प्रदर्शनी का राज्यपाल ने किया अवलोकन

**अवधनामा ब्यूरो**



- प्रदर्शनी में लगाये गये उत्पादों की राज्यपाल ने की प्रशंसा, व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करने के दिये निर्देश
- आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को आंगनबाड़ी किट का राज्यपाल ने किया वितरण, जनपद सोनभद्र के संस्कृति व पर्यटन क्षेत्र का व्यापक स्तर पर किया जाये प्रचार-प्रसारः राज्यपाल

**सोनभद्र।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज सेवाकुंज आश्रम कारीडाडा चपकी में पहुंचकर वृक्षारोपण की, इसके पश्चात राज्यपाल ने एनआरएलएम बाल विकास पुष्टाहार विभाग, जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास द्वारा संचालित योजनाओं के अन्तर्गत लगाये गये स्टालों का अवलोकन की, अवलोकन के दौरान राज्यपाल जी ने कहाकि प्रदर्शनी में लगाये गये उत्पादो का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाये। राज्यपाल जी को सेवाकुंज आश्रम पहुंचने पर डोमकच, झूमर, करमा नृत्य व आदिवासी स्वागत गीत की प्रस्तुति कर स्वागत किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान कर किया गया, इसके पश्चात जनजाति विद्यालयों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम सुन्दर प्रस्तुति की गयी और स्थानीय कलाकार द्वारा जनजाति नृत्य करमा की प्रस्तुति की गयी, इसके पश्चात राज्यपाल द्वारा अनुसूचित जातिध्जनजाति व परम्परागगत वनवासी 200 पट्टा धारकों को खतौनी का वितरण किया गया, इसके पश्चात राज्यपाल जी द्वारा 200 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को आंगनबाड़ी किट का वितरण किया गया। राज्यपाल जी ने उपस्थित जनमानस को सम्बोधित करते हुए कहा कि करमा, डोमकच,झूमर नृत्य की बच्चों द्वारा सुन्दर व मनोहारी प्रस्तुति की गयी, बच्चों द्वारा एक ताल में बहुत ही सुन्दर की जा रही मनोहारी प्रस्तुति को सराहा, राज्यपाल जी ने कहा कि जनपद सोनभद्र पर्यटन की दृष्टि से भरा हुआ है, यहां नदिया, तालाब, अलग-अलग प्रकार के पेड़ पौधें, सलखन फासिल्स पार्क, इंको प्वाइंट जैसे पर्यटक स्थल जनपद में हैं, जनपद सोनभद्र के पर्यटन की पहचान दूसरे प्रदेश में पहुंचे, इसको लेकर व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाये, इसके लिए सम्बन्धित विभाग के अधिकारी समन्वय बनाकर व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करायें, उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में करोड़ों की संख्या में अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए आते हैं, प्रयागराज में भी महाकुंभ मेला का आयोजन होने जा रहा है, जिसमें विश्व भर से 30-40 करोड़ की संख्या लोग आने वाले हैं, इस महाकुंभ मेला में जनपद सोनभद्र के सांस्कृतिक विरासत, पर्यटन का प्रदर्शन मेला में किया जाये, इसके लिए अधिकारी आपस में समन्वय बनाकर रणनीति बनायें, जिससे कि जनपद सोनभद्र की संस्कृति व विरासत की पहचान करोड़ों लोगों में पहुंच सकें और जनपद सोनभद्र के विषय में लोग जान सकें। देश के प्रधानमंत्री जी ने पुलिस विभाग को स्टूडेंट पुलिस कैरट शुरू करने हेतु पत्र जारी किया किया था, राज भवन में इसे शुरू किया गया है बच्चों में अनुशासन तो आए, माता पिता को नशा से मुक्त दिलाए, स्कूल में स्वच्छता हो, जो लखनऊ में आयोजन हो रहा सोनभद्र में हो, उस क्रम में राजभवन में इस तरह का प्रशिक्षण की शुरूआत की गयी, जिसमें 50 बच्चों के एसपीसी की ट्रेनिंग दी जा रही है और बैण्ड बाजे की भी ट्रेनिंग दी जा रही है, जिससे प्रभावित होकर 150 बच्चें राजभवन में आ रहे हैं, भिक्षावृत्ति से मुक्त होने वाले बच्चों को भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जनपद सोनभद्र में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एसपीसी व बैण्डबाजे की ट्रेनिंग बच्चों हेतु प्रारंभ की जाये, जनपद सोनभद्र के जिलाधिकारी राजभवन में कार्य किये हैं, इन कार्यो के विषय में इन्हें विशेष जानकारी है, इसलिए मैं चाहती हूॅ कि जनपद सोनभद्र में इस तरह का प्रशिक्षण दिया जाये कि यहां के बच्चें भी लखनऊ में 26 जनवरी को होने वाली झांकी में सम्मिलित होकर प्रदर्शन करें, जनपद का नाम रौशन करें, लखनऊ, काशी, गोरखपुर के बच्चे सम्मिलित हो सकते हैं, तो जनपद सोनभद्र के बच्चे इस तरह के बच्चें भी सम्मिलित हों, इसके लिए इच्छाशक्ति के साथ कार्य करने की जरूरत है, देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने कहा है कि इण्डिस्ट्रज द्वारा प्राप्त होने वाला मुनाफा सीएसआर फण्ड को पब्लिक के लिए उपयोग के लिए किया जाये, इण्डस्ट्रिज से सहयोग लेकर जनपद के बच्चों को राजभवन ले जाकर घुमाया जाये, जिससे कि वह नई चीजों को देख व जान सकें, जनपद सोनभद्र के बच्चें प्रदेश स्थापना दिवस 24 जनवरी को राजभवन में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में 100 से 150 की संख्या में राजभवन में आयें और राजभवन को देंखे, 7, 8 व 9 फरवरी को राजभवन में फ्लावर शो की लगने वाली प्रदर्शनी में जनपद सोनभद्र के समूहों द्वारा भी प्रदर्शनी लगायी जाये और अपने जनपद के उत्पादों का प्रदर्शन किया जाये, पूरे प्रदेश के किसान अपने अपने उत्पाद फल, सब्जी सब लेकर आते हैं प्रतियोगिता होती है जिसमें पुरस्कार भी मिलता है, उन्होंने कहा कि अन्न के विषय में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने पूरे विश्व में प्रचार-प्रसार किया, अन्न का उपयोग हर व्यक्ति को करना चाहिए, यह स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायक है, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को आज 200 आंगनबाड़ी किट का वितरण किया जा रहा है।

# आशीष यादव ने मिस्टर इंडिया का खिताब जीतकर देश का नाम किया रोशन

- आशीष यादव 20 जनवरी को कम्पटीशन में भाग लेने के लिए थाईलैंड जाएंगे

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** नगर के फ्रेंड्स कालोनी निवासी आशीष कुमार यादव ने ग्लोबल मॉडल इंडिया कम्पटीशन में प्रतिनिधित्व करते हुए जीएमआई मिस्टर इंडिया 2024 का खिताब जीतकर न सिर्फ जनपद बल्कि पूरे भारत देश का नाम रोशन किया।

शहर के एक होटल में पत्रकारों से बातचीत के दौरान मिस्टर इंडिया आशीष यादव ने कहा राष्ट्रीय स्तर के कम्पटीशन में हमने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए वो विजय प्राप्त की है वह मेरे परिवार, इटावा सहित पूरे देश के लिए गर्व की बात है। 20 जनवरी 2025 को भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए थाईलैंड जाएंगे और वहां कम्पटीशन में प्रतिभाग करेंगे। यह मेरे बचपन का सपना था जब भी राष्ट्रगान बजता था तो एक आंसू जरूर निकलता था और हम सोचते थे कि कब हम तिरंगा लेकर विदेश जाएंगे, अब मेरा वह सपना पूरा होने जा रहा है। थाईलैंड में मेरे कैरियर की शुरुआत इसके बाद 22 और देश हैं जहां हमे भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा।

उन्होंने कहा कि मेरी इस कामयबी के पीछे मेरे माता पिता का बहुत बड़ा योगदान है, उन्होंने मेरी ऐसी परवरिश की कि हमे आज अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा जो लोग चाहते हैं कि वह भी इस कम्पटीशन में भारत का नाम रोशन करें तो वह मेहनत करें कामयाबी जरूर मिलेगी। इससे पूर्व मिस्टर इंडिया विजेता आशीष कुमार यादव का रेलवे स्टेशन पर परिजनों, मित्रों द्वारा उनका इटावा आगमन पर भव्य स्वागत किया गया।

# ओपेन हाउस मीटिंग का किया गया आयोजन




**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/ विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल में वरिष्ठ प्रबंधन द्वारा सभी कर्मचारियों हेतु ओपेन हाउस मीटिंग का आयोजन किया गया। यह बैठक प्रशासनिक भवन के भू-तल सभागार में की गई, जिसकी सभी नें बहुत सराहना की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य सभी कर्मचारियों से चर्चा करना एवं उनकी चुनौतियों व सुझावों पर मंथन करना था। इस बैठक में सभी कर्मचारियों नें बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और अपने-अपने विचारों को वरिष्ठ प्रबंधन के समक्ष चर्चा हेतु प्रस्तुत किया। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (विंध्य चिकित्सालय) डॉ. बी.सी. चतुर्वेदी, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक (आर एल आई) त्रिलोक सिंह, महाप्रबंधक(प्रचालन) राजशेखर पाला, महाप्रबंधक(हरित रसायन एवं बीई) सुजय कर्माकर, मानव संसाधन प्रमुख(विंध्याचल) राकेश अरोड़ा, अपर महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्ष, यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारीगणों के साथ-साथ अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# जांच में गर्दन फंसते ही प्रधान ने शुरू कराया निर्माण बीडीओ ने रोका

**अवधनामा संवाददाता**



**भरुआ सुमेरपुर।** ग्राम पंचायत बड़ागांव में कार्य कराने के पूर्व धनराशि निकालकर डकार लेने की शिकायत के बाद जांच में मामला सही पाए जाने के बाद रिकवरी के आदेश होते ही प्रधान ने आनन फानन कार्य कराकर बचने का प्रयास किया। शिकायतकर्ता की शिकायत पर बीडीओ ने टीम भेजकर कार्य ठप करा दिया है। ग्राम पंचायत बड़ागांव में प्रधान हरदौल निषाद ने रामविशाल के दरवाजे से शिवराम के दरवाजे तक सीसी मार्ग का निर्माण दिखाकर धनराशि का आहरण गत मई माह में कर लिया था। इसकी शिकायत गांव निवासी रमेश निषाद ने मुख्यमंत्री सहित उच्च अधिकारियों से की थी। शिकायत पर जिलाधिकारी ने दो सदस्यीय टीम भेजकर जांच करायी तो जांच में पाया गया कि इस रास्ते का निर्माण पूर्व में क्षेत्र पंचायत के द्वारा कराया गया था। ग्राम पंचायत ने कोई निर्माण नहीं कराया है। इसी तरह अन्य कार्य भी मौके पर नहीं पाये गये।जांच टीम ने मौके पर किसी तरह का कार्य न होने की पुष्टि के बाद जांच आख्या प्रस्तुत की थी। जांच टीम ने पंचायत में कुल 6 लाख 56 हजार 302 रुपये की धनराशि के गबन की पुष्टि की थी। जांच टीम ने पाया है कि प्रधान ने शासनादेश के विरुद्ध भाई, भतीजों, पुत्रों के नाम भुगतान किए हैं। आख्या के बाद प्रधान सहित तत्कालीन सचिव आदि को दोषी माना गया और सभी से रिकवरी की संस्तुति की गई। शिकायतकर्ता ने जांच आख्या मुख्यमंत्री को भेजकर कार्यवाही की मांग की थी। मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद ने जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को जांच आख्या के आधार पर मुकदमा दर्ज करने को आदेशित किया। इसी बीच रिकवरी और मुकदमे से बचने के लिए ग्राम प्रधान ने आनन फानन में कार्य शुरू कराया था। इसको खंड विकास अधिकारी ने शिकायतकर्ता रमेश निषाद की शिकायत पर टीम भेजकर कार्य ठप करा दिया है। इससे प्रधान हरदौल निषाद व जांच में फंसे सचिव ओमप्रकाश प्रजापति, कंसल्टेंट इंजीनियर अनूप सिंह, अवर अभियंता महेश चन्द्र आदि में हडकंप मच गया है। ग्राम प्रधान ने आरोपों को निराधार बताते हैं।

# बगैर चर्चा के पारित हुआ अनुपूरक बजट

**यूपी विधानसभा**

■ सदन अनिश्चितकाल के लिए स्थगित, पूरे दिन रहा शोर-शराबा

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** विधानसभा में भी बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के अपमान के मुद्दे पर सपा ने बृहस्पतिवार को सदन में जोरदार हंगामा किया। चौथे दिन सदन की कार्यवाही हंगामे की भेंट चढ़ गई। हालांकि, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने भारी शोर-शराबे की बीच सभी विधायी कार्य निपटाने के बाद सदन की कार्यवाही को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया।

सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सपा सदस्य डॉ. आंबेडकर की फोटो हाथ में लेकर वेल में आकर नारेबाजी करने लगे। विधानसभा अध्यक्ष ने उनसे बार-बार अपनी सीट पर जाने की अपील की, लेकिन वे नहीं माने। सपा सदस्यों की नारेबाजी से प्रश्नकाल भी नहीं हो पाया। हालांकि, विधानसभा अध्यक्ष प्रश्न लगाने वाले सपा विधायकों से अपने सवाल पूछने का अनुरोध करते रहे। करीब एक घंटे तक चली कार्यवाही के दौरान जय भीम, बाबा साहब का मिशन अधूरा-अखिलेश यादव करेंगे पूरा, बाबा साहब का अपमान-नहीं सहेगा हिंदुस्तान जैसे नारे गूंजते रहे।

संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि डॉ. आंबेडकर का सबसे ज्यादा सम्मान भाजपा और एनडीए ने किया है। उनसे जुड़े सभी महत्वपूर्ण स्थलों को चिह्नित कर पीएम मोदी ने पंचतीर्थ की स्थापना की। डॉ. आंबेडकर के संविधान के मुताबिक ही पीएम मोदी और सीएम योगी की प्राथमिकताएं और कार्यशैली रहती है। इन लोगों ने तो संविधान की प्रस्तावना को ही बदल दिया था, जो नामुमकिन था। ये लोग सदन को चलने नहीं देना चाहते हैं।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना लगातार सपा सदस्यों से अपनी सीट पर जाने की अपील करते रहे। इसे अनसुना करने पर उन्होंने कहा कि आप बाबा साहब के नाम का इस्तेमाल अपने राजनीतिक फायदे के लिए कर रहे हैं। उनकी फोटो लेकर इस तरह प्रदर्शन करना संविधान की भावना के विपरीत है। डॉ. आंबेडकर ने भी कहा था कि सदन में सिर्फ जनता से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होनी चाहिए। वहीं कुछ सपा सदस्यों के इस बीच सदन से बाहर जाने पर उन्होंने चुटकी लेते हुए बाकियों से कहा कि इस आचरण से व्यथित होकर आपके ही साथी बाहर चले गए हैं। कांग्रेस की आराधना मिश्रा मोना सवाल पूछना चाहती थीं, लेकिन शोरगुल से उनकी आवाज दब गई। इस पर महाना ने कहा कि नेता विपक्ष तो पूरे विपक्ष के नेता हैं। आप उनके पास जाकर यह हंगामा बंद कराने को बोलिए। आराधना ने इसका प्रयास भी किया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ।

**अनुपूरक बजट पास, तीन विधेयक हुए पारित**

सदन में 17,865.72 करोड़ रुपये का द्वितीय अनुपूरक बजट सर्वसम्मति से पारित हो गया। उप्र राज्य क्रीड़ा विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक 2024 और उप्र अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग (संशोधन) विधेयक भी पारित हुआ। संसदीय कार्य मंत्री ने सीएजी रिपोर्ट भी सदन के पटल पर रखने की औपचारिकता की और सदन को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने का प्रस्ताव दिया।

# धार्मिक जुलूसों के दौरान मस्जिदों की सुरक्षा करे सरकारः एआईपीएलबी

■ जेपीसी वक्फ से जुड़े लोगों से नहीं ले रहा राय

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड की कार्यकारिणी बैठक में उलमा ने धार्मिक जुलूसों के दौरान मस्जिदों की सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित करने और धार्मिक विवादों पर रोक लगाने के लिए पूजा स्थल अधिनियम का सख्ती से पालन करने की मांग की। बैठक में वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा, इस्राइल-फलस्तीन युद्ध और सीरिया में राजनीतिक बदलाव पर भी चर्चा हुई। बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना साएम मेहंदी की अध्यक्षता में नक्खास स्थित शिया डिग्री कॉलेज में बृहस्पतिवार को हुई बैठक में बोर्ड के महासचिव मौलाना यासूब अब्बास ने कहा कि मस्जिदें सिर्फ इबादतगाह ही नहीं हैं, बल्कि हमारे धर्म और संस्कृति का प्रतीक भी हैं। इनका अनादर हमारी भावनाओं को ठेस पहुंचाता है। हाल के दिनों में मस्जिदों को निशाना बनाने के मामले देश की गंगा-जमुनी तहजीब के लिए खतरा हैं। उन्होंने कहा कि कानून का पालन कराते हुए मस्जिदों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकारों की जिम्मेदारी है। जुलूस निकालने की स्वतंत्रता सबको है, लेकिन किसी भी धार्मिक स्थल का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। बोर्ड के अध्यक्ष ने कहा कि एक दशक में असामाजिक तत्वों ने मस्जिदों की दीवारों पर पत्थरबाजी, अपमानजनक टिप्पणियां और मस्जिद के सामने भड़काऊ भाषण देने का चलन बढ़ा है। ऐसी हरकतें करने वाले संगठनों और कट्टरपंथियों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

बोर्ड अध्यक्ष ने वक्फ संपत्तियों के संरक्षण को सामूहिक जिम्मेदारी बताते हुए कहा कि यह हमारी पीढ़ियों की अमानत है। इसे हर हाल में सुरक्षित रखना होगा। उन्होंने वक्फ संशोधन विधेयक 2024 के लिए गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की कार्यवाही पर नाराजगी जताते हुए कहा कि जेपीसी उन संगठनों से राय ले रही है जिसका वक्फ से कोई मतलब नहीं है।

# एलडीए ने अवैध कॉलोनियों पर की कार्रवाई

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर गुरुवार को किसान पथ के आस-पास अवैध रूप से बसाई जा रही कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई हुई। इस दौरान प्रवर्तन जोन-1 की टीम ने लगभग 100 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से बसाई जा रही विद्या सिटी सहित तीन कॉलोनियों को पूरी तरह ध्वस्त कराया। प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि अजय वीर सिंह व अन्य की ओर से किसान पथ के पास जुग्गौर में दुधरा व कुम्हारनपुरवा के बीच लगभग 50 बीघा क्षेत्रफल में प्लाटिंग करते हुए अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। इसी तरह एस.पी. सिंह व अवध डेवलपर्स की ओर से किसान पथ पर ग्राम मेहौरा व सिकन्दरपुर खुर्द के बीच लगभग 30 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग और सूर्य प्रकाश सिंह व विद्या सिटी इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा. लि. की ओर से मेहौरा व सिकन्दरपुर खुर्द में नाले के किनारे लगभग 20 बीघा क्षेत्रफल में विद्या सिटी के नाम से अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराए बिना की जा रही तीनों अवैध प्लाटिंग के खिलाफ विहित न्यायालय ने ध्वस्तीकरण के आदेश दिये थे। गुरुवार को सहायक अभियंता उदयवीर सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता विपिन बिहारी राय, सुरेन्द्र द्विवेदी और विभोर श्रीवास्तव ने तीनों अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त करराया। इस दौरान स्थल पर विकसित की गयी सड़कें, नालियां, बाउण्ड्रीवॉल, साइट ऑफिस, स्टोर, प्रवेश द्वार, बिजली के खम्भे व भूखण्डों के डिमार्केशन के लिए की गयी चुनाई को पूरी तरह ध्वस्त किया गया। इसी क्रम में प्रवर्तन जोन-3 की जोनल अधिकारी वंदना पाण्डेय ने बताया कि अशोक कुमार, मोहम्मद शहाबुद्दीन, मोहम्मद जमाल, मोहम्मद मुईनुद्दीन सिद्दीकी, फिरोज अहमद व राजाराम की ओर से काकोरी के मौदा में लगभग 7 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही प्लाटिंग और मोहम्मद साकिब और मोहम्मद इजलाल की ओर से पारा के मुजफ्फरखेड़ा में सरोसा-भरोसा मार्ग पर लगभग 5 बीघा में की जा रही अवैध प्लाटिंग और मौदा में कलियाखेड़ा मार्ग पर 2 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कराया गया।

# श्याम बिहारी ने गोपेश्वर गौशाला का किया दौरा

■ गौशाला संचालक उमाकान्त गुप्ता के कामों की सराहना की

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने मलिहाबाद के गोपेश्वर गौशाला का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने गोपूजन कर गोवंश को गुड़ और हरा चारा खिलाया और गौशाला संचालक उमाकान्त गुप्ता के कामों की सराहना की। श्री गुप्ता ने कहा कि लखनऊ में गो आधारित प्राकृतिक खेती और पंचगव्य उत्पाद के प्रशिक्षण के केन्द्र के रूप में गौशाला में काम किया जा सकता है। गौशाला में सभी गोवंश स्वस्थ मिले और चारा-पानी की व्यवस्था है। गौशाला में गोपालकों और गो आधारित कृषि कर रहे किसानों को भामाशाह सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। यहां के बाद श्री गुप्ता की अध्यक्षता में तहसील स्तर पर गोवंश संरक्षण समिति सदस्यों के साथ बैठक की। इसी तरह आयोग के उपाध्यक्ष जसवन्त सिंह उर्फ अतुल सिंह ने मुख्यमंत्री के निर्देश पर गुरुवार को मोहनलालगंज के न्यू जेल कैम्पस के पास स्थित सिद्धपुरा गौशाला का निरीक्षण किया। गौशाला संचालक शैलेन्द्र कुमार ने गौशाला में बैल संचालित इलेक्ट्रिक जेनरेटर मशीन से बैलों को ट्रेडमील पर चला कर बिजली उत्पादन की प्रक्रिया की जानकारी दी। इसके अलावा संस्था बायो गैस का भी उत्पादन कर रही है, जिसे संस्था में रहने वाले लोग खाना बनाने में इस्तेमाल कर रहे हैं।

# महाकुम्भ 2025: दयाशंकर ने परिवहन मुख्यालय सभागार में की समीक्षा

■ फेसलेस सेवाओं और परिवहन निगम के ऐप का लोकार्पण मुख्यमंत्री से कराने के निर्देश

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने महाकुम्भ 2025 के चलते प्रदेश में सुगम और सुरक्षित परिवहन व्यवस्था के लिए गुरुवार को परिवहन मुख्यालय सभागार में समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की वार्षिक जयंती पर फेसलेस सेवाओं और परिवहन निगम के ऐप का लोकार्पण मुख्यमंत्री से कराने के निर्देश दिये। बैठक में मंत्री ने महाकुम्भ के मद्देनजर निगम की बसें निगम के बस स्टैण्ड से संचालित कराने और बस स्टेशन व बसों की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये। उन्होंने यात्रियों के लिए पेयजल और स्वच्छ शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने और प्राइवेट बसों के संचालन के लिए अस्थायी बस स्टैण्ड की स्थापना कराने को कहा, जहां श्रद्धालुओं के आवागमन की सभी व्यवस्थाएं जैसे पेयजल, शौचालय, डारमेट्री की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। निगम और निजी बस स्टैण्ड पर हेल्प डेस्क और पब्लिक एड्रेस सिस्टम से श्रद्धालुओं को सूचना देने की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। मंत्री ने निगम की सभी बसों में भक्तिपूर्ण संगीत चलाने और पार्किंग स्थल से कुम्भ क्षेत्र में बुजुर्ग व दिव्यांग श्रद्धालुओं को लाने-ले-जाने के लिए ई-बसें सुनिश्चित करने को कहा। प्रयागराज को जोडने़ वाले सभी रास्तों पर इंटरसेप्टर वाहनों की ड् यूटी लगाने और कुम्भ जाने वाले सभी वाहनों को सड़क सुरक्षा के लिए जागरुक करने को कहा। उन्होंने कहा कि कुम्भ में लगे अधिकारी और कर्मचारी अपनी ड्यूटी कर्तव्य पूरा करने के बजाए ईश्वर की महान कृपा मानते हुए करें। इससे जहां श्रद्धालु उन्हें आशीर्वाद देंगे वहीं ड्यूटी में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों को पुण्य मिलेगा। बैठक में अपर मुख्य सचिव परिवहन वेंकटेश्वर लू, परिवहन आयुक्त चन्द्रभूषण सिंह, विशेष सचिव के.पी. सिंह, अपर परिवहन आयुक्त पी.एस. विद्यार्थी, अपर परिवहन आयुक्त प्रवर्तन ए.के. सिंह के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश के सभी जिलाधिकारी-अपर जिलाधिकारी, क्षेत्रीय प्रबंधक, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, उपपरिवहन अधिकारी, संभागीय परिवहन अधिकारी-सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी उपस्थित थे।

## तौफीक जाफरी अस्पताल में भर्ती

**लखनऊ।** आल इंडिया मुस्लिम मजलिस के संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष तौफीक जाफरी की तबियत पिछले दिनों खराब होने के बाद वे डाक्टरों की सलाह पर बलरामपुर अस्पताल में भर्ती हैं। पार्टी के प्रदेश महासचिव मोहम्मद इरफान कादरी ने बताया कि श्री जाफरी अस्थमा से पीड़ित थे और उनका ब्लड प्रेशर काफी बढ़ गया था। उन्हें आईसीयू में रख कर इलाज किया जा रहा है। परिवारों के सदस्यों व समर्थकों ने श्री जाफरी के जल्द स्वास्थ्य लाभ के लिए दुआ की अपील की है।

## 20 मार्गो के चालू कार्यों हेतु दो करोड़ अवमुक्त

**लखनऊ।** उ0प्र0 सरकार द्वारा राज्य सड़क निधि योजना के अन्तर्गत देवीपाटन मण्डल के जनपद बलरामपुर के कुल 20 मार्गो के स्वीकृत एवं चालू कार्यो हेतु 02 करोड़ 18 लाख 31 हजार रूपए की अवशेष धनराशि अवमुक्त की गयी है। इन 20 चालू कार्यो में सभी कार्य जनपद बलरामपुर के हैं। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है।

# एलडीए ने जनता अदालत का किया आयोजन

■ अवैध निर्माण से संबंधित 42 प्रार्थना पत्रों में 15 का मौके पर निस्तारण

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण में गुरुवार को प्राधिकरण दिवस/जनता अदालत का आयोजन किया गया। इस मौके पर नामांतरण, रजिस्ट्री, फ्री-होल्ड व अवैध निर्माण से संबंधित कुल 42 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 15 का मौके पर निस्तारण किया गया। वहीं शेष प्रकरणों में उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने समय-सीमा निर्धारित करते हुए अधिकारियों को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। लविप्रा सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि प्राधिरकरण उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने जनता अदालत में खुद उपस्थित होकर जनसामान्य की समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुना। जनता अदालत में पहुंची कानपुर निवासी नीलम सिंह ने मानसरोवर योजना के सेक्टर-ओ स्थित भूखण्ड संख्या सी-3/181 की रजिस्ट्री के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया। भूखण्ड में लगभग 100 वर्गमीटर अतिरिक्त भूमि है, जिसकी गणना के अनुसार वह पूरी धनराशि जमा कर चुकी हैं, लेकिन अब तक रजिस्ट्री नहीं हुई। उपाध्यक्ष ने संबंधित अधिकारी व बाबू को मौके पर बुला कर जवाब तलब किया। पता चला कि भूखण्ड की मूल पत्रावली उपलब्ध न होने से निबंधन की कार्रवाई लम्बित है। उपाध्यक्ष ने बाबू को फटकार लगाते हुए निर्देश दिये कि आवंटी के पास उपलब्ध रसीदों व दस्तावेज के आधार पर 15 दिन के भीतर डुप्लीकेट फाइल बना कर रजिस्ट्री कराई जाए। इसी तरह चरणजीत कौर ने कानपुर रोड योजना के सेक्टर-एफ स्थित भवन संख्या एलडी-173 की रजिस्ट्री के लिए आवेदन किया। पता चला कि आवंटी से अब तक पूरी धनराशि जमा नहीं करायी गयी है।

उपाध्यक्ष ने मौके पर सम्पत्ति की गणना करा आगे की कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। इसी तरह प्रियदर्शिनी योजना के सेक्टर-सी निवासी कृष्ण कुमार ने पार्क का ट्यूबवेल खराब होने की वजह से हो रही समस्या को लेकर प्रार्थना पत्र दिया। इस पर जोन-4 के अधिशासी अभियंता को मौके पर टीम भेज कर कार्रवाई कराने के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर अपर सचिव सी.पी. त्रिपाठी, संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह, सोमकमल सीताराम, विशेष कार्याधिकारी राजीव कुमार, वंदना पाण्डेय, रंजना अवस्थी, शशिभूषण पाठक, रविनंदन सिंह सहित अन्य अधिकारी व अभियंता उपस्थित थे।

# अजय राय ने स्व. प्रभात पाण्डेय की अंत्येष्टि समारोह में शामिल होकर दी श्रद्धांजलि

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** कांग्रेस कार्यकर्ता स्वर्गीय प्रभात पाण्डेय के अंत्येष्टि संस्कार में गोरखपुर जा रहे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय को गुरुवार को पुलिस ने बस्ती टोल पर रोकने का प्रयास किया। बुधवार को कांग्रेस के विधानसभा घेराव के दौरान प्रभात पाण्डेय की मृत्यु हो गयी थी। स्वर्गीय प्रभात पाण्डेय के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे अजय राय सहित कांग्रेस नेताओं को पुलिस ने रास्ते में कई जगह रोकने का प्रयास किया, लेकिन अजय राय स्वर्गीय पाण्डेय के पैतृक आवास पहुंच कर अंत्येष्टि समारोह में शामिल हुए और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री राय ने कहा कि निर्लज्ज बेशर्म और संवेदनहीन योगी सरकार हमेशा से ही अपनी खामियों का ठीकरा लोकतांत्रिक मूल्यों की हत्या कर दूसरों पर फोडने़ का काम करती है। स्वर्गीय पाण्डेय युवा कांग्रेस के पूर्व सचिव और हमारे साथी थे। उनके अंतिम संस्कार में शामिल होने से रोकना बहुत संवेदनहीन कदम है। योगी सरकार ने राजनैतिक मतभेदों को मनभेद में बदल दिया है और विपक्षी दलों के नेताओं के साथ दुश्मनों जैसा व्यवहार कर रही है। श्री राय ने कहा कि एक तरफ स्वर्गीय पाण्डेय का अंतिम संस्कार किया जा रहा था दूसरी तरफ भाजपा के लोग नारेबाजी कर इंसानियत को शर्मसार कर रहे थे। श्री राय ने कहा कि यह भाजपाइयों के चारित्रिक और नैतिक पतन की पराकाष्ठा है। इसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है। पुलिसिया बर्बरता से हुई परिवार के सदस्य की मौत, कांग्रेसियों में मायूसी~ अविनाश पाण्डेय कांग्रेस मुख्यालय में हुई श्रद्धांजलि सभा, आज प्रदेश भर में होगी श्रद्धांजलि सभा प्रभात पाण्डेय के निधन पर गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई। श्रद्धांजलि सभा में सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसियों ने शामिल होकर स्वर्गीय प्रभात पाण्डेय की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर कांग्रेस महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय ने प्रदेश के कार्यकर्ताओं से शुक्रवार को अपने-अपने जनपद मुख्यालयों में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर शाम को किसी शहीद स्थल पर मोमबत्तियां जला कर स्वगीय पाण्डेय की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करने का निर्देश दिया। दुख की इस घड़ी में पूरा कांग्रेस परिवार स्वर्गीय पाण्डेय के परिजनों के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय पाण्डेय को न्याय दिलाने के लिए अपनी लड़ाई लगातार जारी रखेगी। श्रद्धांजलि सभा में राष्ट्रीय सचिव तौकीर आलम, सत्यनारायण पटेल, कांग्रेस महासचिव व युवा कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारू, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी, विधायक वीरेन्द्र चौधरी, आलोक प्रसाद, अनिल यादव, अरशद खुर्शीद, युवा कांग्रेस पूर्वी अध्यक्ष विशाल सिंह, युवा कांग्रेस मध्य अध्यक्ष अंकित तिवारी सहित अन्य ने स्वर्गीय पाण्डेय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किये।

# आर.डी.एस.ओ. में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक समीक्षा बैठक का आयोजन



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** आर.डी.एस.ओ. के महानिदेशक उदय बोरवणकर की अध्यक्षता में आर.डी.एस.ओ. में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में महानिदेशक ने पिछली तिमाही में राजभाषा के प्रचार-प्रसार और राजभाषा में किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

महानिदेशक ने बैठक के दौरान सभी अधिकारियों से अधिकाधिक कार्य राजभाषा में करने का आग्रह किया। आर.डी.एस.ओ. के मुख्य राजभाषा अधिकारी डॉ0 वीणा कुमारी वर्मा ने समिति की बैठक में उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए राजभाषा संबंधी क्रियाकलापों एवं उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया। तत्पश्चात, भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान के नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, लखनऊ द्वारा आयोजित छमाही बैठक में आर.डी.एस.ओ. को अप्रैल-सितंबर, 2024 के दौरान राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रदत्त द्वितीय पुरस्कार को महानिदेशक के कर-कमलों द्वारा राजभाषा विभाग को प्रदान किया गया। साथ ही महानिदेशक द्वारा राजभाषा पत्रिका मानकरश्मि का विमोचन किया गया। राजभाषा अधिकारी अखिलेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा विषयगत तिमाही की राजभाषा से संबंधित प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुेत की गयी। आर.डी.एस.ओ. के प्रवीण कुमार यादव, सहायक डिज़ाइन इंजीनियर/ रेलपथ निदेशालय द्वारा टर्न आउट के माध्यम से लंबी वेल्डेड रेल की निरंतरता विषय पर प्रस्तुकति राजभाषा में दी गयी। साथ ही, बिरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आरडीएसओ स्काउट गाइड के बच्चों द्वारा जनजातीय गौरव पर लघु नाटिका का मंचन किया गया, जिसकी सभी सदस्योंच ने सराहना की। तकनीकी प्रस्तुति एवं लघु नाटिका के मंचन से प्रसन्न होकर महानिदेशक ने उन्हें मानराशि से सम्मानित करने की घोषणा की।

# ग्राम पंचायतों के लिए क्लाइमेट स्मार्ट योजना का विमोचन



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** पंचायतीराज, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज मंत्री ओम प्रकाश राजभर, मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश सरकार मनोज कुमार सिंह ने आज 43 ग्राम पंचायतों के लिए क्लाइमेट स्मार्ट कार्ययोजना और उत्तर प्रदेश की लगभग 58,000 ग्राम पंचायतों के लिए क्लाइमेट स्मार्ट ग्राम पंचायत कार्य योजना विकास हेतु फ्रेमवर्क और मानक संचालन प्रक्रिया का विमोचन लखनऊ स्थित ताज होटल में किया गया। साथ ही, अयोध्या के लिए सिटी क्लाइमेट एक्शन प्लान भी औपचारिक रूप से विमोचन किया गया। इस अवसर पर ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि यह विमोचन सतत और क्लाइमेट स्मार्ट उत्तर प्रदेश बनाने की दिशा में पहला कदम है। उन्होंने नीति में जलवायु लचीलापन और कार्यवाही को एकीकृत करने के महत्व पर जोर दिया, ताकि संतुलित विकास और पर्यावरणीय सामंजस्य सुनिश्चित हो सके। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उत्तर प्रदेश को क्लाइमेट स्मार्ट बनाने में अपना योगदान देने के लिए आह्वान किया और पंचायती राज विभाग की पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। राजभर ने कहा कि जलवायु परिवर्तन सुदूर चुनौती नही है।

# पीएनबी ने किया फेडरेशन ऑफ कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन्स ऑफ इंडिया के साथ एमओयू

अवधनामा ब्यूरो





**लखनऊ।** पीएनबी ने कृषि अवसंरचना को मजबूत करने के लिए फेडरेशन ऑफ कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन्स ऑ देश के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) ने देश भर में कृषि अवसंरचना और कोल्ड चेन विकास को प्रोत्साहित करने के लिए फेडरेशन ऑफ कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन्स ऑफ इंडिया के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। इस रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से पीएनबी का लक्ष्य कृषि समुदाय को सशक्त बनाने और भारत की कृषि मूल्य श्रृंखला को बेहतर बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए पर्याप्त व्यावसायिक विकास को बढ़ावा देना है। एक कार्यक्रम के दौरान एमओयू का आदान-प्रदान किया गया, जो भारत में फसल कटने के बाद होने वाले नुकसान को कम करने और कृषि मूल्य श्रृंखला को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ। इस समझौता ज्ञापन पर एमडी एवं सीईओ, अतुल कुमार गोयल, कार्यपालक निदेशक, कल्याण कुमार, मुख्य महाप्रबंधक सुनील कुमार चुघ, महाप्रबंधक (कृषि), के.एस. राणा के साथ फेडरेशन ऑफ कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन्स ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल और बैंक तथा फेडरेशन के अन्य प्रतिनिधियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर अपने व्याख्यान में, पीएनबी के एमडी एवं सीईओ अतुल कुमार गोयल ने भारतीय कृषि में बदलाव लाने के लिए आधुनिक भंडारण अवसंरचना की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने फसल कटाई के पश्चात होने वाले नुकसान को कम करने और किसानों के लिए बेहतर मूल्य प्राप्ति सुनिश्चित करने में कोल्ड स्टोरेज सुविधाओं के महत्व पर जोर दिया, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। पीएनबी के कार्यपालक निदेशक कल्याण कुमार ने किसानों और कृषि व्यवसायों के लिए एक स्थाई और कुशल पारिस्थितिकी तंत्र बनाने में कोल्ड चेन के बुनियादी ढांचे की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि निर्बाध कोल्ड चेन साल्यूशन्स न केवल मूल्य संवर्धन बढ़ाएंगे अपितु कृषि उपज की बाजारों तक पहुंचाने में भी सुधार करेंगे।